3 राजधानी
केजीएमयू, बलरामपुर बनेंगे कोविड अस्पताल

6 अभिमत
डिजिटल जगत की प्रतिरोधक क्षमता

10 स्पोर्ट्स
सरिता ने खिताब बरकरार रखा

11 विदेश
डॉ. आंबेडकर के सम्मान में अमेरिकी संसद में प्रस्ताव

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 174
लखनऊ, शुक्रवार, 16 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



कोवड-19 से स्वस्थ होकर घर लौटीं तबस्सुम

विविध-12

www.dailypioneer.com

# यूपी बोर्ड परीक्षाएं टलीं, 15 मई तक सभी स्कूल-कॉलेज बंद

## ● टीम 11 के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने लिया निर्णय

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण को देखते हुये कक्षा एक से 12वीं तक के स्कूल में 15 मई तक बंद रहेंगे। इस अवधि में कोई परीक्षा भी आयोजित नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 20 मई के बाद आयोजित कराने का सरकार ने निर्णय लिया है। नई समय सारिणी के लिए मई के पहले सप्ताह में विचार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यह आदेश टीम 11 के साथ बैठक में दिया। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि पंचायत चुनावों में जुटे कर्मचारियों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुपालन हो। मतदान कर्मियों के लिए मास्क, ग्लब्स, सैनिटाइजेशन आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। सीएम ने कहा कि जिस तरह से कोविड 19 का संक्रमण फैल रहा है कि उससे दूसरे राज्यों से प्रवासी श्रमिकों की वापसी संभावित है। इसलिए सभी जनपदों में कोविड प्रोटोकॉल के हिसाब से क्वारन्टीन सेंटर संचालित हों। क्वारन्टीन सेंटरों में



चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ भोजन, शयन आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में कोविड मरीजों के लिए बेड तथा ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। हर दिन इस स्थिति की जनपदवार समीक्षा की जाए। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक जनपद में कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। प्रभारी मंत्रीगण अपने सम्बंधित जिलों की हर दिन समीक्षा करें। बेड की संख्या में और बढ़ोत्तरी के लिए तेजी से प्रभावी कार्यवाही की जाए। कोविड चिकित्सालयों में चिकित्साकर्मियों एवं मेडिकल संसाधन की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जाए। टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए। प्रदेश स्थित केन्द्रीय संस्थानों की प्रयोगशालाओं में उपलब्ध आरटीपीसीआर क्षमता का उपयोग करते हुए आरटीपीसीआर टेस्ट की संख्या बढ़ाई जाए। इन संस्थानों की आवश्यकताओं के अनुरूप मैनपावर का भी प्रबन्ध किया जाए। कोविड जांच के लिए ट्रूनेट मशीनों का उपयोग करना उपयोगी होगा।

### विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की परीक्षाएं 15 मई तक स्थगित

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में चल रही परीक्षाओं को 15 मई तक स्थगित करने के आदेश दिए हैं। इस बाबत विशेष सचिव अब्दुल समद ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। विशेष सचिव के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि सलेबस से सम्बंधित कक्षाएं ऑनलाइन संचालित होगी। परिसर में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति नही होगी। जबकि शिक्षकों की उपस्थिति के संदर्भ में कुलपति व प्रधानाचार्य निर्णय ले सकेंगे। वहीं समूह ख, ग व घ के कर्मियों को रोस्टर के अनुसार 50 फीसदी कर्मियों को ही परिसर बुलाने के आदेश दिए गए हैं। शेष 50 फीसदी कर्मी घर से ही कार्य करेंगे।

## दो हजार से ज्यादा एक्टिव केस वाले जिलों में रात 8 से सुबह 7 तक कर्फ्यू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुये दस शहरों में नाइट कर्फ्यू के समय में बदलाव किया गया है। जिन जिलों में दो हजार से ज्यादा एक्टिव केस है वहां अब रात आठ बजे से सुबह सात बजे तक पाबंदियां रहेंगी। इसमें लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, गोरखपुर, झांसी, बरेली और बलिया शहर हैं।

कोविड 19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बनी टीम 11 के साथ वर्चुअल मीटिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2000 से अधिक एक्टिव केस वाले सभी जिलों में रात 8 बजे से सुबह 7 बजे तक कोरोना कर्फ्यू प्रभावी किया जाए। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करें। लोगों को मास्क और सैनिटाइजेशन के महत्व को समझाएं। उन्होंने कहा कि इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन कार्यरत रहेगी। उन्होंने इन जनपदों की चिकित्सा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में चिकित्सा कर्मियोंए कोविड बेडए दवाओंए मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन



लखनऊ में संक्रमणरोधी रसायन का छिड़काव करता कर्मचारी

की पर्याप्त उपलब्धता हमेशी बनी रहे। उन्होंने एम्बुलेंस सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत आपूर्ति बनी रहे। मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति करने वाले टैंकरों का मूवमेंट ट्रैक करते हुए यह सुनिश्चित कराया जाए कि ऑक्सीजन प्लाण्ट से गन्तव्य स्थल तक इन वाहनों का मूवमेंट कहीं भी बाधित न हो। इसके लिए परिवहन विभाग तथा पुलिस विभाग का भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मेडिकल ऑक्सीजन की सुचारु आपूर्ति के सम्बन्ध में एक कण्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। इससे ऑक्सीजन की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित कराने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड मरीजों के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली रेमडेसिविर सहित अन्य सभी दवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से अहमदाबाद से रेमडेसिविर इंजेक्शन की अतिरिक्त डोज प्राप्त हो गयी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कण्ट्रोल रूम द्वारा रेमडेसिविर की जनपदवार उपलब्धता एवं आपूर्ति के सम्बन्ध में नियमित संवाद व सम्पर्क रखा जाए। उन्होंने निर्देशित ( शेष पेज 9 )

### भारत में रिकॉर्ड दो लाख से अधिक मामले, 1038 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड दो लाख से अधिक मामले सामने आने के बाद संक्रमण के कुल मामले 1,40,74,564 पर पहुंच गए हैं जबकि इस बीमारी का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 14 लाख के पार चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 2,00,739 मामले आए जबकि 1,038 लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 1,73,123 हो गई है। तीन अक्टूबर 2020 के बाद से एक दिन में मरने वाले लोगों की यह सर्वाधिक संख्या है। लगातार नौवें दिन संक्रमण के मामले एक लाख से अधिक दर्ज किए गए हैं। भारत में नौ दिनों में संक्रमण के 13,88,515 मामले आए हैं। संक्रमण के मामलों में लगातार 36वें दिन वृद्धि हुई है। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 14,71,877 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 10.46 प्रतिशत है जबकि स्वस्थ होने वाले लोगों की दर गिरकर 88.31 प्रतिशत रह गई है।

### सूबे में कोरोना के 22439 नए केस, 104 की मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को प्रदेश में कोरोना के 22439 नए केस सामने आए हैं। वहीं राजधानी लखनऊ में 5183 केस मिले हैं। बीते 24 घण्टे के अंदर में 104 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है। लखनऊ में 26 मरीजों की मौत हुई है। प्रदेश में वर्तमान में 129848 नए केस एक्टिव हैं। जबकि राजधानी में 35865 मरीज एक्टिव हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग का कार्य करते हुएए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,06,517 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,75,90,753 सैम्पल की जांच की गयी है। इसमें 89,964 सैम्पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 ( शेष पेज 9 )

### चतुर्थ कूष्मांडा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कूष्मांडा शुभदास्तु मे।

**नवरात्र** में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं। इसलिए इस देवी को कुष्मांडा कहा जाता है।

### विदेशी टीके के आपात उपयोग के आवेदन पर तीन दिन में फैसला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**सरकार** ने गुरुवार को कहा कि भारत का औषधि नियामक विदेश में निर्मित टीकों के सीमित आपात इस्तेमाल के लिए आवेदन मिलने के तीन दिन के भीतर इस पर फैसला कर लेगा। केंद्रीय औषधि प्राधिकरण, सीडीएससीओ आपात स्थिति में सीमित इस्तेमाल के वास्ते मंजूरी के लिए पंजीकरण प्रमाणपत्रों (कोविड-19 रोधी टीका के मामले में उत्पाद और उसके पंजीकरण, निर्माण स्थल) और आयात लाइसेंस के लिए आवेदन दिए जाने से तीन कामकाजी दिन के भीतर इस पर विचार करेगा। केंद्र सरकार ने मंगलवार को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) या अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन या जापान में नियामकों की मंजूरी प्राप्त कोरोना वायरस के सभी टीकों को त्वरित मंजूरी देने के फैसला किया था। इसके बाद सीडीएससीओ ने नियामकीय मंजूरी को लेकर विस्तृत निर्देश जारी किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को विदेश में निर्मित कोविड-19 ( शेष पेज 9 )

## नौका समेत 8 पाकिस्तानी पकड़े गए, 30 किग्रा हेरोइन बरामद

### ● तटरक्षक दल और गुजरात एटीएस का संयुक्त अभियान, मादक पदार्थ की कीमत 300 करोड़ रुपये

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारतीय** तट रक्षक दल और गुजरात आतंकरोधी स्क्वाड (एटीएस) के संयुक्त ऑपरेशन में गुरुवार को कच्छ जिले के झाकु तट से आठ पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 30 किलो हेरोइन बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 300 करोड़ रुपये है। भारतीय तट रक्षक दल (आईसीजी) की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि मंगलवार को इनपुट मिला की भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पर मादक पदार्थ की पाकिस्तानी नाव से बढ़ी खेप लाया जा रहा है। इस इनपुट के मिलने के बाद आईसीजी और गुजरात एटीएस के संयुक्त टीम का गठन कर ऑपरेशन की तैयार की गई। बयान के अनुसार संदिग्ध पाकिस्तानी नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की रात में देखा गया और जिसे आईएसजी ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि नाव से बरामद 20 किलो हेरोइन की कीमत करीब 300 करोड़ रुपये है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करी कर लाई जा रही यह हेरोइन को गुजरात तट पर उतारा जाना था। नाव में सवार आठ पाकिस्तानी नागरिकों के दल को झाकु में पकड़े जाने के बाद से संयुक्त टीम द्वारा पूछताछ जारी है। पिछले एक साल में तट रक्षक दल ने 1.6 टन से अधिक मादक पदार्थ पकड़ा है जिसकी कीमत करीब 5,200 करोड़ रुपये है। इस साल 18 मार्च को आईसीजी ने लक्ष्यद्वीप द्वीप से 300 किलो हेरोइन, पांच एके-47 और 1000 गोलियां एसएलबी रविहंसी के साथ बरामद किया था। जो मकरान तट से संदिग्ध है। इससे पहले आईसीजी ने सफलतापूर्वक एसएलबी अकारशाह दुआ को गिरफ्तार किया, जिसने कबूल किया कि उसने 200 किलो हाई ग्रेड की हेरोइन और 60 किलो हशीश ले आया था। जिसे आईसीजी ने पेट्रोलिंग के समय पकड़ा था।

### मेरठ में भाजपा पार्षद की संदिग्ध हालात में मौत

भाषा। मेरठ

**जिले** के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड-40 से भाजपा पार्षद मनीष उर्फ मिंटू (38) की बृहस्पतिवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कार में लाश मिली और पास ही तमंचा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। प्रथम दृष्ट्या पार्षद की मौत को आत्महत्या माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल में जुटी है। कंकरखेड़ा थाने के निरीक्षक तपेश्वर सागर ने बताया कि पावली खुर्द गांव के जंगल में एक क्रेटा कार चालू हालत में बुधवार देर रात से खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति की लाश कार में चालक सीट पर थी। उसको गोली लगी हुई थी। मौके पर ही एक तमंचा पड़ा हुआ था। सागर ने बताया कि कार से शराब की बोतल और खाली ग्लास भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक की जेब से एक मोबाइल बरामद हुआ। उसकी छानबीन की गई तो पता चला कि रात करीब 12:30 ( शेष पेज 9 )

## लोगों को उकसाने के आरोप में ममता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

भाषा। कूचबिहार

**केंद्रीय** बलों का घेराव करने के लिए लोगों को उकसाने के आरोप में यहां के एक पुलिस थाने में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इसमें आरोप लगाया गया है कि उनके उकसाने की वजह से सीतलकूची गोलीबारी की घटना हुई और उसमें चार लोगों की जान गई।

कूचबिहार में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष सिद्दिकी अली मिया ने बुधवार को अपनी शिकायत में दावा किया कि ममता बनर्जी द्वारा बनरेश्वर में एक रैली में दिए गए भाषण ने लोगों को चुनावों के चौथे चरण के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के खिलाफ हमले के लिए उकसाया। माथाभांगा पुलिस थाने में दर्ज अपनी शिकायत के साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी के भाषण की एक वीडियो क्लिप भी संलग्न की है। मिया ने कहा कि ममता बनर्जी के भड़काऊबयान से भड़के गांव वालों ने तैनात सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की



कोशिश की। प्राथमिकी में मिया ने कहा, महिलाओं सहित गांव वालों ने केंद्रीय बलों पर शरीरिक नुकसान पहुंचाने के इरादे से हमला किया, यह जानते हुए भी कि यह तैनात सुरक्षाकर्मियों की मौत का कारण भी बन सकता है।

प्राथमिकी की एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास मौजूद है। भाजपा नेता मिया से जब संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों के भीतर पुलिस यदि कुछ कार्रवाई नहीं करती है तो वह ममता बनर्जी को गिरफ्तार करने की मांग के साथ व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, चार लोगों की मौत के लिए सिर्फ ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। वह हमारे जिले के मतदाताओं के प्रति जवाबदेह हैं। उल्लेखनीय है कि 10 अप्रैल को ( शेष पेज 9 )

### इमामबाड़ा पर्यटकों के लिए बंद, एएसआई संरक्षित सभी स्मारक 15 तक नहीं खुलेंगे

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ, नई दिल्ली

**कोरोना** के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश के आदेश पर बड़ा इमामबाड़ा, छोटा इमामबाड़ा, पिक्चर गैलरी एवं शाहनजफ इमामबाड़ा पर्यटकों के लिए अगले आदेश तक बंद कर दिया गया है। दूसरी ओर केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन राज्यमंत्री (स्वतन्त्र प्रभार) प्रहलाद सिंह पटेल ने एएसआई द्वारा संरक्षित सभी स्मारकों को 15 मई तक बंद रखने का फैसला लिया है। पटेल ने ट्वीट कर ये जानकारी दी। इस दौरान 3693 स्मारक आगामी 15 मई तक रहेंगे। हालांकि जिन स्थलों पर पूजा होती है उन स्थलों पर निरंतर पूजा होती रहेगी लेकिन वहां पर दर्शनार्थियों को जाने की इजाजत नहीं होगी। पटेल ने बताया कि कोरोना का प्रकोप बहुत तेजी से बढ़ रहा है जिसके चलते ये बड़ा कदम उठाना पड़ा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि मेरा सभी लोगों से आग्रह है कि जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले।

## कुंभ में 1700 संक्रमित मिले

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून, ऋषिकेश

**हरिद्वार** कुंभ मेला क्षेत्र में 10 से 14 अप्रैल के बीच 1700 से अधिक लोगों के कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के बीच आशंका जताई जा रही है कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक जमावड़ा कोविड-19 के मामलों में आ रहे जबरदस्त उछाल को और तेज कर सकता है। स्वास्थ्यकर्मियों ने मेला क्षेत्र में इन पांच दिनों में 2,36,751 कोविड जांच कीं, जिनमें से 1701 लोगों की रिपोर्ट में उनके महामारी से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई। हरिद्वार के मुख्य चिकित्साधिकारी शंभु कुमार झा ने कहा कि इस संख्या में श्रद्धालुओं और विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों की हरिद्वार से लेकर देवप्रयाग तक पूरे मेला क्षेत्र में पांच दिनों में की गई आरटी-पीसीआर और रैपिड एंटीजन जांच दोनों के आंकड़े शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी और आरटी-पीसीआर जांच के नतीजे आना बाकी हैं और इस परिस्थिति को देखते हुए कुंभ मेला क्षेत्र में संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 2000 के पार निकलने की पूरी आशंका है। हरिद्वार, टिहरी और ऋषिकेश सहित देहरादून जिले के विभिन्न भागों में 670 हेक्टेयर क्षेत्रफल में महाकुंभ क्षेत्र फैला हुआ है। सोमवार को सोमवती अमावस्या तथा बुधवार को मेष संक्रांति और बैसाखी के पर्व पर हुए दोनों शाही स्नानों में गंगा में डुबकी लगाने वाले 48.51 लाख श्रद्धालुओं में से ज्यादातर लोग बिना मास्क पहने और सामाजिक दूरी रखने जैसे कोविड से बचाव के नियमों का उल्लंघन करते नजर आए। इस दौरान पुलिस हर की पैड़ी ब्रह्मकुंड में समय की कमी के चलते अखाड़ों के साधुओं और संन्यासियों को कोविड से बचाव के दिशा-निर्देशों का पालन करवाने में असफल रही। 14 अप्रैल को मेष संक्रांति के शाही स्नान के पहले साधु संत आरटी-पीसीआर जांच के लिए तैयार नहीं हुए। हालांकि, अखाड़ों सहित कुंभ क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जांच और टीकाकरण अभियान में अब आने वाले दिनों में तेजी आने की संभावना है।

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,803 | ↑ 259 |
| निफ्टी | 14,581 | ↑ 76 |
| सोना | 46,301 | ↑ 159 /10g |
| चांदी | 67,168 | ↑ 206 /kg |

### क्विक न्यूज

#### केंद्र ने एनईईटी-पीजी 2021 को स्थगित किया

**नई दिल्ली।** कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने स्नातकोत्तर चिकित्सा संकाय में दाखिले से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा एनईईटी-पीजी 2021 को स्थगित करने का निर्णय किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। अगली तिथि के बारे में निर्णय बाद में किया जाएगा। एनईईटी-पीजी 2021 पूर्व कार्यक्रम के अनुसार 18 अप्रैल को निर्धारित थी। डा. हर्षवर्द्धन ने कहा, यह फैसला हमारे युवा चिकित्सा छात्रों की सेहत को ध्यान मे रखते हुए किया गया है।

## पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 71% से अधिक मतदान

### ● कुछ स्थानों पर छिटपुट झड़पों को छोड़कर शांतिपूर्वक डाले गए वोट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान बृहस्पतिवार को कोरोना संकट के बीच छिटपुट हिंसा व मारपीट के बीच संपन्न हुआ। प्रथम चरण के सभी 18 जिलों में तकरीबन 71 प्रतिशत मतदान हुआ है।

मतदान केंद्रों पर कोविड प्रोटोकाल का पालन न होने व मतपत्रों में गड़बड़ी और मतदानकर्मियों की मनमानी जैसी शिकायतें मिलती रहीं। मतदान सुबह सात बजे से शाम छह बजे तक होना निश्चित था लेकिन वोट डालने को अधिकतर मतदान केंद्रों पर देर शाम तक मतदाताओं की कतार लगी रही। गांव में सरकार चुनने के लिए सुबह से मतदान केंद्रों पर वोटरों की कतार लगी थी। प्रातः नौ बजे तक मात्र दस प्रतिशत वोटर ही मताधिकार का प्रयोग सके थे परंतु जैसे सूरज चढ़ता गया वैसे-वैसे मतदान की रफ्तार भी बढ़ती रही। आगरा जिले के फतेहाबाद क्षेत्र में स्थित रिहावली गांव में गुरुवार को प्रत्याशी समर्थकों के बीच फर्जी मतदान को लेकर टकराव हो गया। दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी.डंडे चले और फायरिंग भी हुई। मतदान केंद्र पर 40-50 उपद्रवियों ने पहुंचकर तोडफ़ोड़ शुरू कर दी। मतदान कार्मिकों ने दरवाजा बंद किया तो उपद्रवी खिड़की तोड़कर घुस गए। वह मतदान केंद्र में रखीं दो मतपेटिकाएं लूट ले गए। एक मतपेटी खाली थी दूसरी में 80 वोट पड़ चुके थे। अभी तक मतपेटियां नहीं मिली हैं। डीएम प्रभु एन सिंह ने मतदान निरस्त कर दिया। फतेहाबाद



प्रयागराज में एक मतदान केंद्र में पंचायत चुनाव के लिए लाइन में लगीं महिलाएं

के ही गांव रूपपुर में दो प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच मारपीट हुई। इसमें कई लोग घायल हो गए।

सदर क्षेत्र के नैनाना जाट में एक प्रधान प्रत्याशी समर्थक को कुछ लोग परेशान कर रहे थे। वह केरोसिन लेकर आ गया। पुलिस ने समझाकर मामला शांत कराया। जिले में मतदान प्रतिशत करीब 70.74 फीसद रहा है। झांसी जिले के ककरबई थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कैरोखर में एक बूथ पर जमकर उपद्रव हुआ। मतदान केन्द्र पर रखे बैलेट पेपर फाड़ डाले। कुर्सियां तोड़ डाली। आक्रोशित लोगों ने जमकर पथराव किया। जिससे केन्द्र पर अफरा-तफरी मच गई। वहीं कई घंटे मतदान बाधित रहा। घटना के बाद केन्द्र छावनी में तब्दील हो गया। करीब एक घंटे के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोबारा मतदान शुरू हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में चार चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण में अयोध्या, आगरा, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, प्रयागराज, बरेली, भदोही, महोबा, रामपुर, रायबरेली, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, हरदोई और हाथरस जिलों में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। पहले चरण में जिला पंचायत सदस्य के 779 पदों के लिए 11442 प्रत्याशी, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 19313 पदों के लिए 81747 उम्मीदवार, ग्राम प्रधान के 14789 पदों के लिए 114142 प्रत्याशी तथा ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों के 186583 पदों के लिए 126613 उम्मीदवार मैदान में हैं।

सहारनपुर में मतदान के दौरान प्रधान पद के प्रत्याशी भिड़ गए। जिसके बाद एक कार में तोडफोड़ कर दी। दूसरी में आग लगा दी। महोबा जिले की जैतपुर की ग्राम पंचायत मंगरोल कला में प्रधान प्रत्याशी समेत ( शेष पेज 9 )

# मरीजों को भर्ती करने में हीलाहवाली पर दर्ज होगा मुकदमा

## मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कमिश्नर, डीएम और सीएमओ को जारी किया आदेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जिलों में कोरोना संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती करने में हीलाहवाली करने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि डीएम और सीएमओ स्तर से भेजे जा रहे कोरोना संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती करने में हीलाहवाली करने वालों के खिलाफ नियमानुसार महामारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। इस बाबत चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कमिश्नर, डीएम और सीएमओ को आदेश जारी कर दिए हैं।

सीएम योगी ने हाल ही में मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा महाविद्यालयों में आक्सीजन की किल्लत न होने पाए, इसलिए आक्सीजन प्लांट की स्थापना को लेकर जोर दिया था। उनके निर्देश पर प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा महाविद्यालयों में आक्सीजन जेनरेशन प्लांट की स्थापना की गई है। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बांदा और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद, अयोध्या, बस्ती, बहराइच में भी आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। इसके लिए चार दिन पहले ही चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रति मेडिकल कॉलेज और चिकित्सा महाविद्यालय को 14 लाख 37 हजार की धनराशि की दर से करीब एक करोड़ 15 लाख जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि कोरोना संक्रमितों को तत्काल भर्ती कर उनकी जीवन रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर हीलाहवाली किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी।

प्रदेश में आठ राजकीय मेडिकल कॉलेजों और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। इसमें राज्य सरकार राजकीय मेडिकल कॉलेज आजमगढ़, बांदा और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या, बस्ती, बहराइच में आक्सीजन प्लांट की स्थापना खुद करा रही है। जबकि राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर, अंबेडकरनगर और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद में प्लांट की स्थापना केंद्र सरकार की नामित एजेंसी की ओर से किया जाएगा। आक्सीजन जेनरेटर प्लांट की स्थापना के लिए कक्ष का निर्माण संबंधित प्रधानाचार्य कराएंगे।

कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति का ही नतीजा है कि सरकार ने पहले ही गंभीर रोगियों के ईलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में वेंटिलेटर, एचएफएनसी और बाईपैप सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में खरीदे हैं। फिलहाल 5000 से अधिक वेंटिलेटर, 1600 हाई फ्लो नसल कैनूला और 1000 बाईलेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर उपलब्ध हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में अतिरिक्त रूप से हैं। हालांकि सरकार की ओर से और जरूरत पड़ने पर बढ़ाने की तैयारी है।

## हाईटेक व्यवस्था से कोरोना की जंग जीतने की रणनीति



**लखनऊ।** योगी सरकार के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का कॉन्सेप्ट आज प्रदेश में कोविड मैनेजमेंट में कारगार साबित हो रहा है। पूरे प्रदेश में यह कमांड एंड कंट्रोल सेंटर कोरोना की जंग जीतने में काफी मदद कर रहे हैं। लखनऊ के स्मार्ट सिटी स्थित कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में भी एक कॉल पर कोरोना से संबंधित सुविधाओं और रोकथाम की जानकारी मिल रही है।

लखनऊ में बने कोविड को लेकर बनाए गए आइसीसीसी में आप 0522-4523000 पर फोन कर अपनी समस्या का समाधान जान सकते हैं। आइसीसीसी ऐसा हाइटेक इंतजाम हैए जिसके जरिए जिले के सभी अस्पतालोंए मौजूदा वेटिंलेटर्स, मौजूदा ऑक्सीजन बेड्स से लेकर सारी जानकारी उपलब्ध है। कोविड के रोकथाम को लेकर लखनऊ की सभी गतिविधियों की यहां मॉनिटरिंग की जा रही है। यह कमांड सेंटर होम आइसोलेशन और नॉन कोविड अस्पताल में भर्ती मरीज के कोरोना संक्रमित हो जाने पर उन्हें कोविड.19 अस्पताल में भर्ती करवाने में और बेहतर ढंग से उनकी मदद कर रहा है। लखनऊ में बने इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की बात करें, तो यहां 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। यही नहींए कोविड अस्पतालों में खाली और भरे बेड की सूचनाएं इकट्ठा की जाती हैं। इसका मकसद कोरोना संक्रमित मरीजों की कॉल आइसीसीसी को प्राप्त होने पर उसे तुरंत भर्ती करवाने का इंतजाम करवाया जाना है। अगर मरीज होम आइसोलेशन में है, तो भी इस कंट्रोल सेंटर के माध्यम से उनका फीडबैक अनिवार्य रूप से लिया जा रहा है। यही नहीं सुबह शाम डॉक्टर उसको फोन करके उसका हालचाल लेते हैं।

लखनऊ स्थित कॉल सेंटर में करीब 200 से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। आसानी से समझा जाएए, तो सबसे पहले यहां कॉल सेंटर में बैठे लोगों के पास कॉल आती है। जिसके बाद यह लोग समस्या को देखते हुए उसकी कॉल को निर्धारित चैंबर में ट्रांसफर कर देते हैं। यही नहींए सेंटर में लगी स्क्रीन पर लगातार मौजूद बेडों की संख्या, खाली बेड, आइसोलेशन बेडों की मॉनिटरिंग होती है। एंबुलेंस की मॉनिटरिंग की जा सके इसके लिए बकायदा एक चैंबर इसकी मॉनिटरिंग के लिए अलग से स्थापित है। ताकि किसी भी मरीज को किसी प्रकार की कोई समस्या न आ सके।

मरीजों से प्राप्त फीडबैक का पूरा रिकार्ड इस इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में रखा जाएगा और फीडबैक के अनुसार अगर उसे अस्पताल में तुरंत भर्ती करने की जरूरत है, तो सेंटर की चिकित्सीय टीम तत्काल कॉल ट्रांसफर कर रही है। यही नहीं, अगर मरीज होम आइसोलेशन में है और उसकी हालत बिगड़ती है, तो कंट्रोल सेंटर तत्काल एंबुलेंस टीम और कोविड अस्पताल से समन्वय कर उसे भर्ती करवा रही है। लखनऊ में 40 के आसपास अस्पताल कोविड को लेकर तैयार किए गए हैं। जिनमें एसजीपीआई से लेकर केजीएमयू, इंट्रीगल तक शामिल हैं। पूरे लखनऊ में अगर बेडों की संख्या की बात करें, तो 13 अप्रैल तक आइसोलेशन बेड्स की संख्या 1671 जबकि एचडीयू-आईसीयू में बेडों की संख्या 2112 है। जिसे लगातार प्रदेश सरकार बढ़ा रही है।

## गांव-गांव, गली-गली हो रहा सैनिटाइजेशन



**लखनऊ।** कोविड संक्रमण के बढ़ते प्रसार के बीच प्रदेश में स्वच्छता और सैनिटाइजेशन की मुहिम भी तेजी से चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में साफसफाई और सैनिटाइजेशन का काम किया जा रहा है। अब तक लगभग 48611 राजस्व गांवों में गली गली ब्लीचिंग पाउडर, सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया गया है साथ ही फॉगिंग भी कराई जा रही है। नालियों की सफाई, कूड़ा प्रबंधन के अलावा आवश्यकतानुसार कीटनाशकों का भी छिड़काव हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग की निगरानी में करीब 66409 कर्मचारी इस विशेष अभियान में लगाये गए हैं। इस दौरान आमजनता को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बीते सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड प्रबन्धन की समीक्षा करते हुए स्वच्छता का विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए थे। ग्राम्य विकास और नगर विकास विभागों को इसे प्राथमिकता के साथ कराए जाने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल से अगस्त तक का महीना कई तरह की संक्रामक बीमारियों के प्रसार का समय होता है। डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस तथा अन्य संक्रामक बीमारियों के मामले में अक्सर वृद्धि होती है। ऐसे में स्वच्छता और सैनिटाइजेशन जरूरी है। पिछले एक पखवाड़े में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान का तुरंत सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलें हैं जबकि संचारी रोगों में काफी कमी दर्ज की गई।

## सकुशल मतदान पर मतदाताओं को सीएम की हार्दिक बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण का आज सकुशल मतदान सम्पन्न होने पर मतदाताओं को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कोरोना कालखण्ड की विषम परिस्थितियों के बावजूद मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक निर्वाचन प्रक्रिया में सम्मिलित होकर लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने का कार्य किया है। उन्होंने निर्वाचन ड्यूटी से जुड़े कार्मिकों की सराहना करते हुए यह अपेक्षा की कि मतदान के आगामी चरणों में भी समस्त कार्मिक निष्ठा और लगन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।



बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते हजरत गंज मे बंद दुकानें व पसरा सन्नाटा

## भाजपा सरकार में न स्वास्थ्य की सुरक्षा और न ही जानमाल की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की संवेदनहीनता से कोरोना महामारी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। लोग बेमौत मर रहे हैं, श्मशान घाटों में शवों की कतारें लग रही हैं। कोरोना के अलावा अन्य गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भी इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पतालों में भी बेड, दवाइयों का टोटा है। हर तरफ अव्यवस्था है और आपदा को अवसर बना जेब भरने में लगे सत्ता संरक्षितों के अलावा अपराधियों की भी पौ बारह हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में न स्वास्थ्य की सुरक्षा है और नहीं जानमाल की। सरकार अपनी नाकामियों की वजह से दूसरों की जान जोखिम में अवश्य डाल रही है। अस्पतालों में आक्सीजन और वेंटीलेटर की भी कमी है। डाक्टर भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं। इस बार व्यवस्था और उपचार के नाम पर शासन प्रशासन के हाथपांव फूले हैं। जिन्हें महामारी से बचाव तथा प्रबंधन का काम सौंपा गया है वे खुद अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। न उनके फोन उठते हैं, न वे समय से मरीजों की देखभाल करते हैं। अजीब हाल है कि कानपुर में कोरोना संक्रमितों से भी चुनाव ड्यूटी कराई गई है। किसी ने दो दिन तो किसी ने चार दिन काम किया। इस लापरवाही से गांवों में संक्रमण फैल रहा है। एक ही दिन में इटावा में विधायक समेत 19 लोग संक्रमित मिले है। मेरठ में जिला उद्यान अधिकारी सहित चार लोगों की मौत हुई। गोरखपुर में 10 मरे जबकि एक दिन में 572 नए केस मिले।

## कोरोना संक्रमण को लेकर दुरस्त रखें सभी इंतजामः मुख्य सचिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य सचिव** राजेन्द्र कुमार तिवारी ने वीडियो कान्फ्रेंन्सिंग के माध्यम से कोविड 19 के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी सम्बन्धित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए कोविड चिकित्सालयों में रेमिडीसीवर इंजेक्शन और आक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने कहा कि प्रदेश के किसी भी जनपद में आवश्यक दवाईयों के साथ साथ आक्सीजन व बेड की कमी न होने पाये। जनपदवार कोविड मरीजों के लिए बेड, उपकरण, दवाओं तथा आक्सीजन की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जनपदों से जो भी डिमाण्ड आ रही है, तत्काल उसे उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जायेए आपूर्ति हेतु समय से सभी आर्डर अवश्य प्लेस कर दिये जायें।

उन्होंने कहा कि कोविड बेड की संख्या में बढ़ोत्तरी के लिए तेजी से कार्यवाही सुनिश्चित कराते हुए उनके लिए आवश्यक चिकित्सक, पैरा मेडिकल स्टाफ तथा जरूरी अन्य मानव संसाधन व मेडिकल उपकरण आदि की भी व्यवस्था पहले से कर ली जाये।

उन्होंने कहा कि जो मरीज गंभीर हैं, उन्हें तत्काल हॉस्पिटल में भर्ती कराया जाये तथा इसमें किसी भी प्रकार की कोताही न हो। उन्होंने आक्सीजन प्लान्ट्स को भी 24 गुणा 7 संचालित कराने के लिए सभी आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये ताकि किसी भी चिकित्सालय में आक्सीजन की कमी न होने पाये। उन्होंने कहा कि इंटीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर 24 गुणा 7 सक्रिय रहे। एम्बुलेन्सों की गतिविधियों, कोविड चिकित्सालयों में बेड की उपलब्धता आदि को इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर से जोड़ा जाये। प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक तथा मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में बैठक कर परिस्थितियों के अनुरूप रणनीति तय करें।

## अब तक किए गए कोविड के 3.75 करोड़ टेस्ट

● प्रदेश की 24 करोड़ जनसंख्या में से लगभग 19.38 करोड़ लोगों तक सरकारी मशीनरी पहुंची है

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि हर जनपद के गांव तथा शहर में क्वारेंटाईन सेन्टर बनाये जा रहे हैं। जहां पर प्रवासियों को इन सेन्टरों में रखा जायेगा। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक टेस्ट करके संक्रमित व्यक्ति को समुचित इलाज मिले। उन्होंने बताया कि कोविड.19 के संक्रमण के दृष्टिगत टेस्ट अधिक से अधिक की जा रही है। प्रदेश में सर्विलांस का नया प्रयोग कर प्रत्येक परिवार तक पहुंच कर उनका हालचाल लेते हुए कोविड संक्रमण की जानकारी ली जा रही है। इस अभियान के तहत 15.63 करोड़ लोगों से संक्रमण की जानकारी ली गयी है तथा 3.75 करोड़ कोविड.19 के टेस्ट किये गये हैं। इतनी बड़ी संख्या में टेस्ट पूरे देश के किसी राज्य में नहीं हुए है। इस प्रकार सर्विलांस अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनसंख्या में से लगभग 19.38 करोड़ लोगों तक सरकारी मशीनरी पहुंची है। सर्विलांस के माध्यम से संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 2,03,413 क्षेत्रों में 5,34,246 टीम दिवस के माध्यम से 3,22,71,161 घरों के 15,63,94,254 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक आयु वालों का कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अब तक 86,24,856 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गयी तथा पहली डोज लेने वालों में से 14,26,472 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गयी हैं।

इस प्रकार कुल 1,00,51,328 वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी है। प्रसाद ने कहा कि सभी लोग से अपील है कि कोविड.19 के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन करे। घर से निकलने पर मास्क लगाकर ही निकले। मास्क न लगाना एक दण्डनीय अपराध है। जिस पर आप पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कोविड संक्रमण के नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

## त्रासदी छिपाने में संसाधन लगाने के बजाए ठोस कदम उठाए सरकारः प्रियंका

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए बृहस्पतिवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि त्रासदी छिपाने में अपना समय, संसाधन और ऊर्जा लगाने की बजाय योगी सरकार को संक्रमण फैलने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने लखनऊ के एक श्मशान घाट का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया किए उप्र की सरकार से एक निवेदन है कि अपना समय, संसाधन और ऊर्जा इस त्रासदी को छिपाने, दबाने में लगाना व्यर्थ है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 पो0– डी0एल0डब्लू0, वाराणसी–221004 निविदा सूचना सं0–01/ET&CD,Vns/ 2021-22** पंजीकृत सेवाप्रदाता/टूर आपरेटर्स/ट्रैवेल एजेंसियो से विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उनके अपने लेटर पैड पर निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं0–01/ET&CD,Vns/ 2021-22,** विभिन्न विद्युत उपकेन्द्रों के परीक्षण एवं परिचालन व कार्यालय आदि के कार्यों हेतु विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता के प्रयोगार्थ एक नग हल्का डीजल वाहन चालक सहित मासिक किराये पर 09 माह के लिए। निविदा प्रपत्र, बिक्री हेतु इस कार्यालय में 18.04.2021 से 18.05.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 12 बजे अपरान्ह तक रू0 200.00+**GST** अतिरिक्त पर प्रतिप्रपत्र उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र, विभागीय खातें (**SBI**) में शुल्क जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दो भागों में एक साथ प्रस्तुत की जायेंगी। प्रथम भागे में धरो. हर धनराशि रू0 2000.00 (रूपये दो हजार) एवं निविदा शुल्क 224 (दो सौ चौबिस) मात्र जी0एस0टी0 सहित अलग–अलग **'Executive Engineer, Electricity Test & Commissioning Division, Varanasi, A/C No. 10852134156, Brach-SBI, DLW Varanasi, IFS-CODE-SBIN0001868'** के पक्ष में केवल **RTGS/NEFT** के रूप में देय होगा, एवं **GST Declaration Certificate,** फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, पैन कार्ड व नियम एवं शर्ते होगी। दूसरे भाग में दरों का उल्लेख होगा। दोनों भागों के ऊपर निविदा संख्या, दिनांक एवं खोले जाने की तिथि व समय का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। निविदा खोलने की प्रक्रिया में प्रथम भाग पहले खोला जायेगा। इसे सही पाये जाने पर ही दूसरा भाग खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा 18.05.2021 को 14:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो उसी दिन 15:00 बजे उन्हीं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रति. निधियों के समक्ष खोली जायेगी। अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस मे खोली जायेगी। सफल निविदादाता को उपराक्त कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी के साथ एक अनुबन्ध करना होगा, अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में उपलब्ध हैं, जो कि निविदादाता पर लागू होगी। **(ऐनुल होदा) अधिशासी अभियन्ता** पत्रांक–227 दिनांक 18.04.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

# मुख्यमंत्री योगी ने दिया ध्यान तो मनरेगा से मिला सहारा

● 14 दिनों में मनरेगा में काम पाने वाले ग्रामीणों की संख्या 7,27,477 बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर से लोगों को बचाने के साथ ही सूबे की योगी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत गांवों ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने पर भी ध्यान दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि वर्तमान समय में सूबे के ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोग कोरोना से बचने के लिए रोजगार की तलाश में शहर ना आएं। ग्रामीणों को उनके गांव में ही सरकार रोजगार मुहैया करायेगी। मुख्यमंत्री की इस मंशा को जानने के बाद अब गांव में जल संरक्षण संबंधी कार्य मनरेगा के तहत कराए जाने लगे हैं। दूसरे राज्यों से आए प्रवासियों को भी ग्राम पंचायतों में तालाब, सड़क, पटरी, नाली आदि की खुदाई के कार्य में रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। सरकार के प्रयास के चलते ही अब हर दिन मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों में काम पाने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

ग्राम विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार गत 14 अप्रैल को सूबे के 74 जिलों में 9,51,583 ग्रामीण मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में कार्य कर रहे थे। जबकि गत एक अप्रैल को मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में कार्य करने वाले ग्रामीणों की सं या 2,24,106 थी। मात्र 14 दिनों में मनरेगा में कार्य करने वाले ग्रामीणों की सं या में 7,27,477 का इजाफा हुआ। इसके लेकर यह कहा जा रहा है कि ग्रामीणों को उनके गांवों के समीप ही रोजगार मुहैया कराने संबंधी प्रदेश सरकार की सोच के चलते मनरेगा में काम पाने वाले ग्रामीणों की सं या में इजाफा हुआ है। बीते साल भी जब कोरोना का संक्रमण शुरु हुआ था तब भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर मनरेगा ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने में सहारा बनी थी। बीते साल कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के बाद बड़ी संख्या में शहरों से गांव पहुंचे मजदूरों को रोजगार देने के लिए योगी सरकार एक योजना लेकर आई थी। इसके तहत तालाब, चेक डैम के निर्माण के साथ नदियों की सफाई का काम बड़े पैमाने पर शुरू कर मजदूरों के लिए रोजगार पैदा किया गया था। तब केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के तहत प्रदेश सरकार ने यह फैसला किया था कि 20 अप्रैल के बाद राज्य में मनरेगा योजनान्तर्गत कन्टेनमेन्ट क्षेत्र के बाहर कई कार्य प्रार भ किए जाएंगे।

इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा एक आदेश जारी किया गया। इस आदेश में यह कहा गया था कि कोविड-19 के कारण बडी संख्या में शहरों से ग्रामीण परिवारों की वापसी हुई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य दैनिक रोजगार परक गतिविधियों में संलग्न ग्रामीण परिवारों के समक्ष भी भरण पोषण की समस्या की संभावना उत्पन्न हुई है। ऐसे में शहरों से गांव वापस आये परिवार और गांव में रह रहे लोगों के परिवार यदि मनरेगा योजना के तहत कार्य करना चाहता है, तो उसे तत्कात जॉब कार्ड निर्गत कराया जाएगा। यदि शहर से लौटे किसी व्यक्ति का नाम परिवार के जॉबकार्ड मे नहीं है तो उसका नाम जॉब कार्ड में जोड़े जाने की तत्काल कार्यवाही की जायगी। इसी आदेश के तहत अब फिर से राज्य के हर जिले में ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने के लिए जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को शुरु किया गया है। बाहर से गांव में आये लोगों के तथा मनरेगा योजनाओं में कार्य करने के इच्छुक लोगों के जॉबकार्ड बनाए जा रहे हैं। और जॉबकार्ड धारक ग्रामीणों को मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में कार्य दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य के अधिकांश जिलों में बड़ी सं या में गांव-गांव में तालाब बनाए जा रहे हैं। बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सिंचाई कूपों का निर्माण के साथ चेकडैम एवं फार्म पांड का निर्माण कार्य किया जाने लगा है। कई जिलों में वर्षा जल संरक्षण हेतु भूगर्भ जल संचयन स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य हो रहा है। तालाबों की सिल्ट सफाई संबंधी कार्य में भी ग्रामीणों से कराया जा रहा है। इसके अलावा सिंचाई गुलों नहरों की सफाई से संबंधित कार्य के साथ वृक्षारोपण के लिए अग्रिम मृदा कार्य भी ग्राम रोजगार सेवकों की देख रेख में ग्रामीणों से करवाए जा रहें हैं।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# व्यापारी दुकानें बंद कर तोड़ेंगे कोरोना की चेन

## मुंशीपुलिया से अमौसी तक के व्यापारी 5 दिन तक व्यापार रखेंगे बंद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** में बढ़ते कोरोना पर लगाम लगाने के लिए व्यापारियों ने स्वयं शटर डाउन करने की तैयारी कर ली है। सैंकड़ों व्यापारियों ने सुरक्षा को देखते हुए 5 दिन तक व्यापार बंद करने का निर्णय लिया है। शुक्रवार से फैजाबाद रोड से लेकर अमौसी तक की दुकानें बंद रहेंगीं। इंदिरानगर से आलमबाग तक दुकानों का शटर डाउन रहेगा। व्यापारियों का कहना है के इन प्रयासों से उनकी सुरक्षा के साथ कोरोना के बढ़ते ग्राफ में भी कमी आएगी।

अमीनाबाद, चौक के दुकानदारों की बंदी के बाद राजधानी के अधिकतर व्यापारियों ने स्वेच्छा से दुकानें बंद करने का निर्णय लिया है। हास्पिटल, श्मशान और घरों में कोरोना के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। मरीजों को इलाज बेहतर ढंग से नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में बढ़ते कोरोना क ी चेन को तोड़ने के लिए व्यापारियों ने एक जुट होकर पांच दिन के लिए व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने राजधानी की सभी दुकानें बंद रखने की घोषणा की है। व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों से अपनी जिम्मेदारी से घर पर सुरक्षित रहने की अपील की है। 16 से 20 अप्रैल तक सभी दुकानें बंद रखी जाएंगी। फैजाबाद रोड से लेकर अमौसी तक दुकानें शुक्रवार से बंद रहेंगी। मुंशीपुलिया से लेकर एलडीए कालोनी, आलामबाग, इंदिरानगर, चिनहट, मटियारी, तकरोही और अमराई गांव के दुकानें भी बंद रहेंगी। आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी परिवार को अभिभावक होने के नाते सबसे पहली प्राथमिकता हैं, व्यापारियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो। हर हाल में कोरोना से स्वयं के साथ जनता को भी बचाना है। मुखिया होने के नाते यह निर्णय लिया है। उन्होंने कहा वर्तमान में जिस प्रकार से कोविड-19 का प्रकोप राजधानी मे बढ़ रहा है उसके लिए एकमात्र विकल्प है कि हम लोग अपने घरों में सुरक्षित रहें। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने सरकार से भी 7 दिन के लॉक डाउन की मांग की है। वहीं, लखनऊ अध्यक्ष हरजिंदर सिंह, महामंत्री संजय त्रिवेदी, महामंत्री विजय कनौजिया ने बताया 5 दिन की इस बंदी के दौरान आवश्यक वस्तुओं एवं दवा की दुकानों को खुला रखा जाएगा यह दुकाने बंदी में शामिल नहीं होंगी ताकि जनता को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो।

वहीं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल ने भी दुकानें बद करने का समर्थन किया है। प्रदेश महामंत्री अनिल सच्चर ने सीधे तौर पर दूसरे व्यापारियों को भी दुकानें बंद करने का आह्वान करते दिखे। किया है। प्रदेश महामंत्री अनिल सच्चर ने सीधे तौर पर दूसरे व्यापारियों को भी दुकानें बंद करने का आह्वान करते दिखे। उन्होंने कहा कि हास्पिटल में मरीजों को बेड नहीं मिल पा रहे हैं। स्वास्थ्य सुविधाएं चरमरा गई हैं, ऐसे में सामान्य समस्या होने पर भी डॉक्टर्स को नहीं दिखा पाएंगे।

**गाइडलाइन के साथ खुली रहेंगी दुकानें:** हालांकि शहर के कुछ व्यापारियों ने दुकानें बंद करने के बजाए सुरक्षा उपायों के साथ व्यापार करने का निर्णय लिया है। संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडे ने महामारी से जुड़ी व्यापारी समस्याओं को लेकर कपूरथला में आवश्यक बैठक की है। व्यापारियों की जर्जर आर्थिक स्थिति को देखते हुए व्यापार करने के दौरान सरकार द्वारा दी गई गाइडलाइन का सभी व्यापारी पूर्ण रुप से पालन करेंगे ।

**सरकार से राहत पैकेज की मांग की :** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व लखनऊ प्रशासन को व्यापारियों के व्यापार से जुड़ी हुई समस्याओं पर ध्यान देना चाहिए बाजारों में लॉकडाउन जैसी स्थिति पैदा हो गई है। व्यापार व व्यापारी की हालत बिल्कुल जर्जर हो गई है। जिसके लिए सरकार को समस्त , छोटे व मध्यम वर्गीय व्यापारियों के लिए व्यापार में हो रहे घाटे की पूर्ति के लिए पैकेज की व्यवस्था की जानी चाहिए । व्यापारी महामारी की जगह भुखमरी से न मरे, इसके लिए सरकार को व्यापारी हित मे विशेष राहत पैकेज की घोषणा करनी चाहिए ।





कोरोना के बबढ़ते संक्रमण को लेकर बंदी के बाद चौक सर्राफा और सिटी स्टेशन मार्केट में पसरा सन्नाटा।

## रिटायर पूर्व जिला जज की कोरोना संक्रमित पत्नी की इलाज के अभाव में मौत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर ने राजधानीवासियों में खौफ भर दिया है। मरीजों की बढ़ती तादाद के आगे सरकारी संसाधन नाकाफी साबित हो रहे हैं। स्थिति यह है कि लोग फोन पर फोन कर रहे हैं, मगर उन्हें इलाज मिलना मुश्किल हो रहा है। ताजा तस्वीर गोमतीनगर निवासी एक रिटायर्ड जज की है। इलाज के अभाव में कोरोना संक्रमण के चलते जज के पत्नी की मौत हो गई और उनके शव को श्मशान तक ले जाने के लिए कोई नहीं आया।

गोमती नगर विनम्र खंड निवासी पूर्व जिला जज रमेश चंद्रा दो दिन पहले कोरोना पॉजिटिव हो गए थे। उनकी पत्नी 64 वर्षीय मधु चंद्रा भी संक्रमित थीं। पूर्व जिला जज चंद्रा के मुताबिक डीएम से लेकर सीएमओ व कोविड.19 कंट्रोल रूम समेत अन्य अधिकारियों को कई फोन कर डाले। मगर हर बार यही का कहा जाता रहा कि बस पांच मिनट, कभी 10 मिनट, कभी सिर्फ 20 मिनट और तो कभी केवल आधे घंटे में आपके घर एंबुलेंस पहुंच रही है, लेकिन यह करते डेढ़ दिन बीत गए। एंबुलेंस नहीं पहुंची। पत्नी मधु चंद्रा की हालत इस दौरान बेहद नाजुक हो गई। उनका ऑक्सीजन स्तर 80 से नीचे पहले ही दिन जा चुका था जो कि लगातार गिर रहा था। हम लोग एंबुलेंस का इंतजार करते रहे मगर सुबह उनकी सांसें उखड़ गई यह कहते पूर्व जिला जज का गला रुंध गया। उन्होंने बताया कि मौत के बाद सुबह से लाश उठाने के लिए संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को दर्जनों बार फोन कर चुका हूं लेकिन कोई जवाब नहीं मिल पा रहा है। अभी साढ़े 12 बजे यानी थोड़ी देर पहले एंबुलेंस भेजी गई है। वहीं पूरे प्रकरण पर सीएमओ डॉक्टर संजय भटनागर का कहना है कि उनके लिए लगातार प्रयास किया जा रहा था, लेकिन जब अस्पताल में बेड खाली होते हैं तभी मरीज शिफ्ट हो पाते हैं। ऐसे में बेड खाली न होने के बीच यह घटना हो गई।

### पुत्रवधू, ओएसडी सहित महापौर का स्टाफ कोरोना संक्रमित

**लखनऊ।** लखनऊ में तेजी से फैल रहे कोरोना महामारी के चपेट में महापौर का परिवार भी आ गया। पुत्रवधु कोरोना संक्रिमित हो गयीं हैं। महापौर के ओएसडी सहित पूरा स्टाफ कोरोना संक्रमित हो गया है। कार्यालय को सैनिटाइज कराने के बाद महापौर ने स्वयं को आइसोलेट कर लिया है। बृहस्पतिवार को महापौर संयुक्ता भाटिया की पुत्रवधू रेशु भाटिया संक्रमित हो गयी। पुत्रवधु को कोरोना होने से हड़कंप मच गया। जांच कराने के बाद महापौर के ओएसडी विनय सिंह सहित पीएसओ, दोनों गाड़ियों के ड्राइवर और अर्दली, सहायक रवि जैसवाल और कैंप कार्यालय में तैनात स्टाफ भी कोरोना संक्रमण की चपेट में आ गए। जिसको देखते हुए एतिहातन कैंप कार्यालय को बंद कर सैनिटाइज कराया जा रहा है। इसके चलते महापौर ने एतिहातन स्वयं को आइसोलेट कर लिया है। हालांकि राहत की बात यह रही कि महापौर की जांच रिपोर्ट निगेटिव आयी है। महापौर ने कहा पिछली बार की अपेक्षा इस बार कोरोना संक्रमण बहुत ही तीव्र गति से फैल रहा है, उन्होनें शहरवासियों से अपील की है कि इस भीषण संक्रमण काल में यदि बहुत आवशयक न हो तो घर से निकलने से बचे। कोरोना गाइडलाइंस का पालन करते हुए मास्क और दो गज की दूरी को फिलहाल अपने जीवन का अंग बना लें। नगर निगम और जिला प्रशासन हर संभव व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयास कर रहा है।

## मोहनलालगंज में दूसरे दिन भी मिले 27 संक्रमित

### सीएचसी में अब विण्डो काउंटर के जरिए मिलेंगी ओपीडी की सेवाएं

संवाददाता। मोहनलालगंज

**सीएचसी** पर गुरुवार को दूसरे दिन भी 75 लोगों की कोरोना टेस्ट रिपोर्ट पाजिटिव आई है। जिनमें से तकरीबन दर्जनभर संक्रमित मऊ और आधा दर्जन संक्रमित निगोहां के बताए जा रहे हैं। जबकि कुढ़ा ,कनकहा ,गोपालखेड़ा ,हरिकंशगढ़ी ,जबरौली ,सूर्यबलीखेड़ा ,हुलासखेड़ा और मोहनलालगंज कस्बे में भी आधा दर्जन से अधिक संक्रमित चिन्हित किए गए हैं। सीएचसी अधीक्षिका ने बताया रिपोर्ट में दर्जनभर ऐसे संक्रमित लोग हैं जिनके मोबाइल नंबर और पते गलत दर्ज हैं। लिहाजा उनका पता नहीं लग पा रहा है। शेष मामले बाहरी लोगों के हैं।

वहींतेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण के मद्देनजर मोहनलालगंज सीएचसी में जुटने वाली भीड़ से संक्रमण फैलने का खतरा कम करने के लिए ओपीडी की सेवाएं विण्डो काउण्टर के जरिए संचालित करने की शुरुआत की गई है। जबकि कोरोना टेस्टिंग के लिए भी सीएचसी के पिछले हिस्से में अलग विण्डो काउण्टर खोला गया है।

मोहनलालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की ओपीडी में मरीजों की भीड़ जुटने की वजह से कोरोना संक्रमण फैलने का खतरा बना हुआ था। कुछ सीएचसी कर्मी संक्रमित भी हो चुके हैं जिससे न केवल स्टाफ की समस्या खड़ी हो रही है बल्कि ओपीडी में आ रहे आम लोगों के लिए भी एक-दूसरे से संक्रमित होने का जोखिम भी है। लिहाजा सीएचसी प्रशासन ने ओपीडी की सभी सेवाएं विण्डो काउण्टर के जरिए शुरु करा दी हैं। सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले ने बताया ओपीडी में डाक्टरों के लिए दो विण्डो काउण्टर खोले गए हैं। इसके अतिरिक्त पंजीकरण ,दवा वितरण ,एआरवी वैक्सीनेशन के लिए भी अलग-अलग विण्डो काउण्टर बनाए गए हैं। जहां से मरीज डाक्टर का परामर्श लेकर बाहर खड़े रहकर ही उपचार प्राप्त कर सकते हैं। अधीक्षिका ने बताया कोरोना टेस्टिंग के लिए लोगों की भीड़ उमड़ने की वजह से सीएचसी के पिछले हिस्से में अलग कोविड टेस्टिंग काउण्टर भी खोला गया है।

**आनलाइन चेक कर सकते हैं कोविड टेस्ट रिपोर्ट:** मोहनलालगंज सीएचसी पर कोरोना टेस्ट के लिए सैम्पल देने के बाद अब लोगों को कोविड टेस्ट रिपोर्ट जानने के लिए सीएचसी आने की जरुरत नहीं है। बल्कि लोग अपने पहचान पत्र का नंबर डालकर आनलाइन पोर्टल से भी अपनी टेस्ट रिपोर्ट की जानकारी हासिल कर सकते हैं। सीएचसी अधीक्षिका डॉ. ज्योति कामले ने बताया सीएचसी में कोविड सैम्पल काउण्टर से लेकर जगह-जगह पोस्टर चस्पा कर लोगों को इसके बारे में जानकारी दी जा रही है।



### बढ़ते संक्रमण को लेकर प्रशासन सतर्क

**मोहनलालगंज।** नगर पंचायत में तेजी से फैल रहे कोरोना संक्रमण को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। एसडीएम विकास सिंह के निर्देश पर लगातार मिल रहे संक्रमित मरीजों की लिस्ट बनाकर बैरीकेडिंग और नियमित सेनेटाइजेशन का अभियान शुरु किया गया है। यही नहीं आधा दर्जन पब्लिक रिएड्रेसिंग सिस्टम लगाकर लोगों को कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने के लिए जागरुक करने की भी शुरुआत की गई है। मोहनलालगंज नगर पंचायत में बुधवार को अचानक कई कोरोना संक्रमित मिलने के बाद तहसील प्रशासन हरकत में आ गया है। संक्रमित मरीज और उसके परिवार को होम क्वारंटीन कराते हुए बैरीकेडिंग कराई जा रही है। सीएचसी की टीमें कान्टैक्ट ट्रेसिंग के जरिए परिवार के अन्य लोगों की कोविड टेस्टिंग कर रही हैं। नगर पंचायत की ओर से नियमित सेनेटाइजेशन की भी शुरुआत की गई है। ईओ विनय कुमार द्विवेदी ने बताया साफ-सफाई कराकर मैलाथियान और एण्टी लार्वा स्प्रे भी कराया जा रहा है। नगर पंचायत के लोगों को मास्क पहनने ,हैण्ड सेनेटाइज करने और सामाजिक दूरी का पालन करने के लिए कस्बे में सभी प्रमुख चौराहों पर आधा दर्जन लाउडस्पीकर लगाकर जागरुक किया जा रहा है।

**सेनेटाइजेशन में ब्लाक की टीमें सुस्त:** मोहनलालगंज के आधा दर्जन से अधिक पंचायतों में कोरोना संक्रमित मिलने के बावूजद भी ब्लाक की टीमें क्वारंटीन लोगों की निगरानी और नियमित सेनेटाइजेशन में लापरवाही बरत रही हैं। बुधवार को महज दो गांव में सेनेटाइजेशन कर सकीं टीमें गुरुवार को भी सभी गांव में सेनेटाइजेशन के लिए नहीं पहुंच सकीं। वहीं पंचायतों में जागरुकता अभियान चलाने को लेकर भी जिम्मेदार संजीदा नही हैं। जिसे लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है।

**क्या कहते हैं एसडीएम:** एसडीएम विकास सिंह ने बताया सभी संक्रमित मरीजों को क्वारंटीन कराकर सीएचसी के जरिए उनका फालोअप कराया जा रहा है। पुलिस को भी लिस्ट भेजकर निगरानी और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए कहा गया है। नगर पंचायत से बैरीकेडिंग और सेनेटाइजेशन कराया जा रहा है। लाउडस्पीकर के जरिए लोगों को जागरुक किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में भी सेनेटाइजेशन और कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। क्वारंटीन परिवारों को आवश्यकतानुसार खाद्य सामग्री और दवाओं की आपूर्ति भी कराने के लिए कहा गया है।

## केजीएमयू व बलरामपुर बनेंगे कोविड हॉस्पिटल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कोरोना** संक्रमित मरीजों की संख्या में बेतहाशा बढ़ोतरी को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राजधानी स्थित किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी व बलरामपुर अस्पताल को पूर्ण रूप से कोविड अस्पताल में परिवर्तित किये जाने के आदेश दिए हैं। दोनों अस्पताल कोविड अस्पताल के रूप में परिवर्तित हो जायेंगे तो 2500 से 3000 बेडों की व्यवस्था लखनऊ में हो जायेगी। उन्होंने कहा कि राजधानी लखनऊ में अन्य जनपदों के मरीजों का आगमन स्वभाविक है। अत: यहां अतिरिक्त व्यवस्था करने की आवश्यकता है। केजीएमयू और बलरामपुर हॉस्पिटल को पूर्णत: डेडिकेटेड हॉस्पिटल के रूप में तैयार किया जाए। यह कार्य चरणबद्ध ढंग से हो। नॉन कोविड मरीजों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा जाए।

लखनऊ में टीएस मिश्र हॉस्पिटल, इंटीग्रल और हिन्द मेडिकल कॉलेजों को डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में क्षमता विस्तार किए जाने की आवश्यकता है। अगले दो दिनों ने यहां अतिरिक्त बेड्स उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने एरा मेडिकल कालेज, टीएस मिश्रा मेडिकल कालेज, इण्टीग्रल मेडिकल कालेज, मेयो मेडिकल कालेज तथा हिन्द मेडिकल कालेज को पूरी तरह डेडीकेटेड कोविड हास्पिटल घोषित करने के निर्देश दिये। उन्होंने अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य, लखनऊ के नोडल अधिकारी अपर मुख्य सचिव पंचायतीराज एवं ग्राम्य विकास तथा प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा को बेड तथा एम्बुलेंस की संख्या में वृद्धि करने के लिए कारगर रणनीति तैयार करने के लिए निर्देशित किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने प्रयागराज, गोरखपुर, वाराणसी तथा कानपुर में भी बेडों की संख्या बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा है कि जहां भी निजी अस्पताल हो उनकों भी नियंत्रण में लेकर उन्हें भी कोविड अस्पतालों में परिवर्तित किया जाए। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री ने कोविड.19 के टेस्ट और बढ़ाने के निर्देश दिये हैं। जिसके क्रम में आज 2 लाख टेस्ट किये गये है जिसे बढ़ाकर 2.50 लाख किया जा रहा है। आज लगभग 80 हजार आरटीपीसीआर के टेस्ट हुए है जिसको बढ़ाकर 1.50 लाख टेस्ट प्रतिदिन किये जाने के निर्देश दिये हैं। इसके साथ साथ मुख्यमंत्री ने सभी जिलाधिकारियों को भी निर्देशित किया है कि निजी लैब की क्षमता को बढ़ाते हुए अधिक से अधिक टेस्ट किये जाएं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक में कहा कि आम जनता अफवाहों से बचे। प्रदेश में आक्सीजन की पर्याप्त आपूर्ति है। आक्सीजन की आपूर्ति के लिए कण्ट्रोल रूम बनाया गया है। निरन्तर आक्सीजन की आपूर्ति के संबंध में समीक्षा की जा रही है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 25 हजार रेमेडीसिवर इंजेक्शन अहमदाबाद से मंगायी जा चुकी है। इसके अलावा और भी प्रयास हो रहा है कि देश में कही भी रेमेडीसिवर इंजेक्शन उपलब्ध हो तो उसको लाकर प्रदेश के मरीजों के लिए उपलब्ध कराया जाए।

### 19 से केजीएमयू में कार्डियो व गायनी की इमरजेंसी छोड़ अन्य को नही मिलेगा इलाज

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार की तरफ से किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी को कोविड हॉस्पिटल में तब्दील किए जाने के आदेश जारी करने के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने आदेश जारी कर कहा है कि 19 अप्रैल से केवल इमरजेंसी में कार्डियो व गायनी को छोड़ अन्य सारी सेवाएं बंद कर दी जाएंगी। ऐसे में नान कोविड मरीजों को इलाज नहीं उपलब्ध कराया जाएगा। मरीज अपने इलाज के लिए अन्य अस्पतालों की तरफ रुख कर सकते हैं।किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के कोविड हॉस्पिटल में तब्दील किये जाने के बाद सबसे ज्यादा खामियाजा नान कोविड में शामिल एक्सीडेंटल वाले मरीजों के परिजनों को भुगतना पड़ेगा। क्योंकि ट्रामा सेंटर के बन्द होने से एक्सीडेंटल केस में तत्काल चिकित्सा सुविधा मिलनी मुश्किल हो जाएगी। इनके अलावा अन्य रोगों के मरीजों का उपचार भी मुश्किल होगा। केजीएमयू के बन्द होने से मरीजों का भार जिला चिकित्सालयों पर पड़ना तय है। फिलहाल पूरे मसले पर विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह का कहना है कि विश्वविद्यालय में कार्डियोलॉजी एवं गायनीकोलॉजी आकस्मिक सेवाओं के अतिरिक्त अग्रिम आदेश तक समस्त आकस्मिक एवं वाह्य रोगी सेवाएं बंद की जा रही हैं।

## चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने किया कैंसर संस्थान का निरीक्षण

**लखनऊ।** चिकित्सा शिक्षा मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज कैंसर संस्थान का निरीक्षण किया। उन्होंने कैंसर संस्थान में ऑक्सीजन पाइप लाइन बिछाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर हाल में 18 अप्रैल तक यह कार्य पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने बताया कि केजीएमयू के ट्रामा सेंटर को पूरी तरह से कोविड हॉस्पिटल के रूप में परिवर्तित किया जा रहा है। ट्रामा के कोविड हॉस्पिटल में परिवर्तित हो जाने के उपरांत हार्ट के पेशेंट का इलाज लारी में, गायनेकोलॉजी से संबंधित केस क्वीन मैरी में तथा कैंसर से संबंधित समस्याओं को कैंसर संस्थान में देखा जाएगा। इसके अतिरिक्त अन्य विभागों संबंधित मरीजों को डॉ राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। चिकित्सा शिक्षा मंत्री ने कहा कि रेमडेसिवीर के किसी प्रकार की कालाबाजारी के मामले संज्ञान में आने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बृजेश पाठक ने विधायक निधि से दी एक करोड़ की धनराशि

**कानून** मंत्री बृजेश पाठक ने अपनी विधायक निधि से एक करोड़ की धनराशि कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर जिला प्रशासन को दी है। डीएम को लिखे पत्र में उन्होंने कहा है कि सभी वार्डों में अस्थाई रूप से आर्टीपीसीआर टेस्ट के लिए केंद्र बनाने, बारातघर, कल्याण मंडप, गेस्ट हाउस को एल वन, एल 2 हॉस्पिटल बनाने, सेनिटाइजेशन कराए जाय।

## श्मशान पर नहीं रुक रहा शवों के आने का सिलसिला

**लखनऊ।** भैसाकुंड श्मशान घाट पर सामान्य दिनों अगर अगर बीस शव आ जाते थे तो महापात्र परेशान हो जाते थे और कहते थे कि आज बहुत भीड़ है। सात दिनों से बड़ी संख्या में सामान्य शवों के पहुंचने से महापात्र भी आश्चर्यचकित हैं, वह खुद ही सवाल कर रहे हैं यह कैसे हो रहा है और यह पहली बार देखने को मिल रहा है। कोविड संक्रमित शवों की तरह ही अब नॉन कोविड शवों की संख्या कम नहीं हो रही है। महापात्र राजेंद्र मिश्र कहते हैं कि अभी तक सामान्य दिनों में 15 से बीस शव ही आते थे। पिछले साल कोरोना काल में तो यह संख्या भी घट गई थी और अधिकांश शव कोविड के विद्युत शव दाह गृह पर ही आते थे, लेकिन इस बार मामला बिगड़ा है। महापात्र का यह सवाल ही इस हकीकत पर भी मुहर लगा रहा है कि कोरोना संक्रमण की जांच न होने और इलाज मिलने के अभाव में भी लोग घरों में दम तोड़ रहे हैं। घर वाले भी नॉन कोविड शव बताकर उनका दाह संस्कार सामान्य श्मशानघाट पर कर रहे हैं। महापात्र कहते हैं कि अधिकांश पर्चे पर लिखकर आ रहा है कि हार्ट अटैक से या सामान्य मौत। उन्होंने बताया कि पिछले सात दिनों में चालीस से लेकर 55 तक नॉन कोविड शव आ रहे हैं। गुल्लालाघाट पर भी सामान्य दिनों में सात से आठ शव ही पहुंचते थे लेकिन पिछले सात दिनों में नॉन कोविड शवों की संख्या में कई गुना वृद्धि हुई है। बुधवार को ही नॉन कोविड शव 61 हो गए थे। महापात्र विनोद पांडेय का कहना है कि पहली बार इतने शव आ रहे हैं। वैसे गुल्लालाघाट पर सामान्य दिनों में सात से आठ शव ही आते थे और कभी कभी यह संख्या दस के करीब हो जाती थी लेकिन हर दिन चालीस से पैतालिस शव आ रहे हैं और बुधवार को 61 नॉन कोविड शव आ गए और गुरुवार को ये आंकड़ा 70 के आसपास रहा।

**लचर व्यवस्था से घरों पर तोड़ रहे दम:** सरकारी तंत्र के लचर इंतजाम से लोग घरों में ही दम तोड़ रहे हैं। ऐसे लोगों की कोरोना जांच न होने से उनकी मौत का कारण भी स्पष्ट हो पा रहा है। जांच रिपोर्ट कई दिन बाद आने से पहले ही लोगों का दम निकल रहा है। ऐसे में कोविड से मौत का प्रमाण न होने से उसे नगर निगम भी कोविड संक्रमित शव नहीं मान रहा है और कोविड शवों के अंत्येष्टि स्थल पर जाने से रोका जा रहा है।

## सरोजनीनगर में आठ बजते ही पुलिस ने बंद कराई दुकानें

**संवाददाता।** सरोजनीनगर। कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सरकार द्वारा शाम आठ बजे से कर्फ्यू लगाने के निर्देश पर सरोजनीनगर व बंथरा पुलिस ने आठ बजते ही दुकानें बंद करा दी। दुकानदार व ग्रामीण सरकार के इस आदेश के पक्ष में लेकिन उन्हें अपना परिवार चलाने की चिन्ता भी है। यही कारण है कि दुकानें बंद करने में पुलिस को कोई मशक्कत नहीं करनी पड़ी। सरकार द्वारा गुरूवार को रात आठ बजे से सुबह सात बजे तक कर्फ्यू लगाने की घोषणा होते ही पुलिस सतर्क हो गई और लाउडस्पीकर लगाकर क्षेत्र में शाम आठ बजे ही दुकानें बंद करने का निर्देश दिया। शाम आठ बजते ही अधिकतर दुकानों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं। हालांकि सरोजनीनगर क्षेत्र की साप्ताहिक चिल्लावां बाजार में कोरोना का खौफ नही दिखा। यहां मास्क न लगाने वालों की संख्या अधिक थी। भारी भीड़ जुटने वाली इस बाजार में एक भी पुलिसकर्मी नजर नही आया।

## ऋतु सुहास बनीं कोविड कमांड सेंटर की सह प्रभारी

**लखनऊ।** कोविड कमांड सेंटर से कोई मदद न मिलने की सूचनाएं लगातार सामने आने के बाद जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश ने संयुक्त सचिव ऋतु सुहास को कोविड कमांड सेंटर का सह प्रभारी बनाया है। उनके साथ तहसीलदार राजेश शुक्ल को भी लगाया गया है। साथ ही कोविड से जुड़ी समस्याओं को लेकर आठ हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए गए हैं।

# शिक्षा जगत में हो रहे परिवर्तन पर ध्यान केन्द्रित करें छात्र

● रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली का 18वां दीक्षांत समारोह सम्पन्न

● राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्चुअल सहभागिता करते हुए नब्बे मेधावियों को आनलाइन उपाधियां प्रदान कीं



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**महात्मा** ज्योतिबा फुले रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली के एमबीए हाल में गुरुवार को आयोजित 18वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने वर्चुअल सहभागिता करते हुए नब्बे मेधावियों को आनलाइन उपाधियां प्रदान की। इस अवसर पर उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि वर्तमान वैश्विक महामारी कोरोना की दूसरी लहर बहुत तेजी से बढ़ रही है हम सभी को इस महामारी के संक्रमण से बचने के लिए सभी जरूरी उपाय करना चाहिए।

उन्होंने छात्र छात्राओं से कहा कि वे वैश्विक चुनौतियों के समय में शिक्षा जगत में हो रहे परिवर्तन पर अपना ध्यान केन्द्रित करते हुए अर्जित किए हुए ज्ञान को जनकल्याण के लिये यथार्थ के धरातल पर रूपान्तरित करने की कला को विकसित करें। राज्यपाल ने कहा कि युवा संसाधन के रूप में अवसर है आप देश के सांस्कृतिक व भौतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखते हुए देश को आगे ले जाने के लिए अपना योगदान कर सकते हैं। राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले के नाम पर स्थापित है जिन्होंने शिक्षा के साथ साथ समता, समरसता, सौहार्द एवं सामाजिक न्याय पर अत्यधिक बल दिया था। आप सभी को उनके महान आदर्शों का पालन करना चाहिये। राज्यपाल ने प्रसन्नता व्यक्त की कि रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश का एक ऐसा विश्वविद्यालय है जिसने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को अंगीकार करते हुए वृहद रूप से क्रियान्वयन प्रारम्भ किया तथा अपने दृढ़ निश्चय, दूर दृष्टि, लगन, कर्मठता एवं कार्यप्रणाली से इस विश्वविद्यालय ने देश एवं प्रदेश में अपनी एक अलग पहचान बनायी है। राज्यपाल ने अपेक्षा की कि संक्रामक रोगों और वैश्विक बीमारी के परिदृश्य को देखते हुए विश्वविद्यालय रोगों के निदान, कारणों, वैक्सीनोलोजी व अन्य प्रासंगिक रोगों का निदान हेतु नेतृत्व करेंगें, उन्होंने कहा कि कोरोना के विरूद्ध प्रतिरक्षण की हमारी लड़ाई जारी है अत: समस्त छात्र छात्राओं उनके अभिभावको तथा विश्वविद्यालय परिवार की जिम्मेदारी बनती है कि कोरोना से बचाव हेतु ग्राम स्तर पर जन जागरूकता अभियान चलायें तथा अधिक से अधिक लोगों को टीकाकरण हेतु प्रेरित करें।

## शिक्षार्थी मुक्त विश्वविद्यालयों से गुणात्मक शिक्षा प्राप्त करें: राज्यपाल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्यपाल** आनंदीबेन पटेल ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के बरेली क्षेत्रीय केन्द्र के निजी भवन का आनलाइन लोकार्पण किया। इस अवसर पर अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि बरेली स्थित मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केन्द्र का निजी भवन बन जाने से विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों को प्रभावी ढ़ग से लागू करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह विश्वविद्यालय भारत रत्न राजर्षि पुरुषोत्तम टण्डन मुक्त के नाम से स्थापित है जिन्होंने मातृभाषा के माध्यम से जन जन तक शिक्षा पहुंचाने में अपना जीवन लगा दिया। राज्यपाल ने कहा कि यह विश्वविद्यालय प्रदेश का एक मात्र ऐसा विश्वविद्यालय है जो मुक्त शिक्षा के माध्यम से प्रदेश के कोने-कोने में शिक्षा हर वर्ग तक पहुंचाने में सफल रहा है शिक्षार्थी मुक्त विश्वविद्यालय के माध्यम से स्थान, समय एवं आयु की प्रतिबद्वताओं से मुक्त होकर गुणात्मक शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। आनंदीबेन पटेल ने कहा कि उत्तर भारत सरकार ने 2035 तक उच्च शिक्षा नामांकन को 50 प्रतिशत पहुंचाने का लक्ष्य रखा है जो केवल परम्परागत विश्वविद्यालय से सम्भव नहीं है ऐसी स्थिति में मुक्त विश्वविद्यालय का दायित्व और भी बढ़ जाता है जो अपनी विशिष्ट प्रणाली के माध्यम से शिक्षार्थियों के द्वारा तथा गुणात्क उच्च शिक्षा पहुँचा सकता है। इस अवसर पर कुलपति प्रो सीमा सिंह, विश्वविद्यालय के सभी शिक्षकगण, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण आनलाइन जुड़े हुए थे।

# बीमारी की भयावहता को छुपाया जा रहा : संजय सिंह

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**आम** आदमी पार्टी के यूपी प्रभारी व राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा है कि एक दिन पहले राजधानी से दिल दहला देने वाली तस्वीरें सामने आईं। बैकुंठ धाम में लाशें बिछी हुई हैं। सैकड़ों की संख्या में लाशें जल रही हैं। ये तस्वीरें विचलित कर देने वाली हैं। कोरोना से लोगों की जान बचाने की जगह प्रदेश सरकार श्मशान को लाशों से ढांकने की तैयारी में जुटी हुई है। सरकार को चुनाव की चिंता है, चिता की नहीं।

उन्होंने कहा कि हालात इतने बिगड़ चुके हैं इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि सरकार के कानून मंत्री ने खुद पत्र लिखकर व्यवस्था पर सवाल उठाने पड़े। उनकी पैरवी के बाद भी उनके विधानसभा क्षेत्र के पद्मश्री से सम्मानित डॉ योगेश प्रवीन को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिली और उनकी मौत हो गई। इसी तरह पूर्व जिला जज रमेश चंद्रा पत्नी के इलाज के लिए रोते रहे, मगर उन्हें इलाज न मिल सका और मौत हो गई। किसी को अपने मरीज को अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस नहीं मिल पा रही है तो किसी को अपने स्वजन का शव श्मशान घाट तक ले जाने के लिए वाहन नहीं मिल पा रहा है। लखनऊ के जिलाधिकारी का वीडियो वायरल हुआ, जिसमें उन्होंने साफ तौर पर कहा, लोग रोड पर मर रहे हैं। यह हालत है राजधानी लखनऊ की, तो अन्य जिलों की स्थिति समझी जा सकती है। प्रदेश के अंदर आज पूरी कवायद और कोशिश इस बात की हो रही है कि कैसे इस बीमारी की भयावहता को छुपाया जाए, कैसे कोरोना के संक्रमण की रिपोर्ट को दबाया जाए, कैसे हॉस्पिटल में बेड नहीं मिलने की खबर को बाहर न निकलने दिया जाए।

# रणदीप भाटी गैंग के शूटर मनोज भाटी का भाई गिरफ्तार

● त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाभी के पक्ष में मतदाताओं को बांटने के लिए ले जा रहा था पैसा व शराब

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**एसटीएफ** ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अपराधी रणदीप भाटी गिरोह के शूटर मनोज भाटी के सगे भाई मुकेश उर्फ मुक्की को गौतम बुद्ध नगर से गिर तार किया। वह अपनी सगी भाभी सुन्दरी देवी के पक्ष में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदाताओं को लुभाने के लिए पैसे व शराब बांटने जा रहा था।

एसटीएफ को सूचना मिली कि 14.4.2021 को थाना दादरी के धारा 307 आईपीसी के मुकदमे में फरार चल रहा मुकेश उर्फ मुक्की, सिकन्द्राबाद, दनकौर रोड पर आयेगा। इस सूचना पर विश्वास कर एसटीएफ नोएडा टीम द्वारा थाना दादरी, गौतमबुद्धनगर पुलिस के सहयोग से त्वरित कार्रवाई करते हुए मुकेश उर्फ मुक्की को गिर तार कर लिया। उसके पास से एक तमंचा, कारतूस, 5 पेटी देसी शराब और 10000 रुपए बरामद हुए। मुकेश उर्फ मुक्की ने पूछताछ पर बताया कि उसकी उम्र लगभग 32 वर्ष है। बताया कि उसके सगे भाई का नाम मनोज भाटी उर्फ मनोज नंगला है, जो रणदीप भाटी गैंग का सक्रिय सदस्य एवं शूटर है, जिस पर लगभग 40 से अधिक अपराधिक मुकदमें दर्ज हैं। उसका भाई मनोज भाटी उर्फ मनोज नंगला वर्तमान में जनपद गौतमबुद्धनगर की लुक्सर जेल में बन्द है। बताया कि उसके सगे भाई मनोज भाटी उर्फमनोज नंगला की पत्नी व उसकी सगी भाभी सुन्दरी देवी, वार्ड न बर 4 से जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ रही है और चुनाव के समय थाना दादरी की पुलिस द्वारा 11.4.2021 को दबिश दी गयी थी, जिसमें वह पुलिस पार्टी पर फायर करके भाग गया था।

## समाज कल्याण विभाग के प्रशिक्षण केन्द्रों से 63 प्रतिभागी सफल

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदरी भवन लखनऊए आदर्श परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊ प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा, वाराणसी एवं हापुड़ में की गयी है। कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत रखते प्रशिक्षण केन्द्रों में क्लास रूम प्रशिक्षण 2020-21 में प्रभावित रहा है। तथापि प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा आन लाइन मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। यह जानकारी देते हुए निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने देते हुए बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र हापुड द्वारा एक अभिनव प्रयोग करते हुये सभी वर्गो के अभ्यर्थियों को मॉक साक्षात्कार हेतु आफ लाइन के साथसाथ आन लाइन प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जिसके परिणामस्वरूप पीसीएस परीक्षा 2020 में 63 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल रहे है।

# बैंकर ग्रामीण विकास संस्थान के प्रशिक्षण कार्यक्रमों में महामारी के बावजूद बढ़ोतरी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बैंकर** ग्रामीण विकास संस्थान (बर्ड) लखनऊ, नाबार्ड का एक प्रमुख प्रशिक्षण संस्थान है जो राष्ट्रीय प्राथमिकता के कार्यक्रमों के कार्यान्वयन तथा विशेष रूप से कृषि और ग्रामीण क्षेत्रों में संस्थागत ऋण की आपूर्ति में सुधार हेतु कार्यरत संस्थानों और अन्य हितधारकों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण का कार्य करता है। बर्ड ने वर्ष 2020-21के दौरान कोविड के कारण लगाए गए अवरोधों को ध्यान में रखते हुए नए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला पेश की है, साथ ही राष्ट्रीय प्राथमिकताओं को पूरा करने के लिए प्रशिक्षण की आवश्यकता को भी पूरा किया है। लॉकडाउन के एक महीने के भीतर बर्ड ने अपने हितधारकों के प्रशिक्षण हेतु ऑनलाइन मोड प्रार भ किया। वर्ष 2020-21 के दौरान लॉकडाउन के बावजूद बर्ड ने 243 प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से 9119 प्रतिभागियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान कीं।

भारतीय अर्थव्यवस्था पर कोविड.19 महामारी के प्रभाव को कम करने के लिए केंद्र सरकार द्वारा घोषित आत्मनिर्भर पैकेज के संबंध में बर्ड ने बैंकरों के लिए सेक्टर विशिष्ट कस्टमाईज्ड प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित की। इस पैकेज के घटकों के बारे में जागरूकता उत्पन्न करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए ताकि नीतिगत निर्णय को क्षेत्र स्तर पर उतारा जा सके। वर्ष 2020-21 के दौरान बर्डको देश भर में 10,000 कृषक उत्पादक संगठनों को बढ़ावा देने के लिए प्रधान मंत्री द्वारा घोषित लैगशिप कार्यक्रम हेतु केंद्र स्तरीय नोडल प्रशिक्षण संस्थान के रूप में नामित किया गया था।

## स्वास्थ्य सेवाएं सेना के हवाले करे सरकार: अनिल सिंह

**सरोजनीनगर।** शिवसेना प्रदेश प्रमुख ठा. अनिल सिंह ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन भेज कर राजधानी की स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल होने पर भारतीय सेना के हवाले करने की माँग की। शिवसेना प्रदेश प्रमुख ठा. अनिल सिंह ने राजभवन पर उदासीनता का आरोप लगाते हुऐ उसे भाजपा कार्यालय बताया और कहा कि राजभवन में अब लोकतंत्र नहीं बचा है इसी लिये वहाँ अब विपक्ष का प्रवेश वर्जित है। श्री सिंह ने कहा कि पिछले वर्ष कोबिड की वजह से दो कैबिनेट मन्त्री चेतन चौहान सहित ने दम तोड़ा लेकिन उसके बाद भी राजभवन ने अपनी खामोशी नही तोड़ी और अब राजधानी सहित पूरा प्रदेश कोरोना की चपेट की ओर बढ़ रहा है लेकिन प्रदेश के मुख्यमन्त्री बंगाल में चुनाव प्रचार में लगे रहे और अब मुख्यमन्त्री स्वयं सहित पूर्व मुख्यमन्त्री भी कोरोना पाजेटिव हो गए हैं वही प्रदेश के एक कैबिनेट मंत्री ब्रजेश पाठक लखनऊ की स्वास्थ्य सेवा पर प्रश्न चिन्ह लगा रहे हैं तो प्रदेश की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं को स्वयं ही समझा जा सकता है।

### अमौसी एयरपोर्ट की पार्किंग में नई दरें लागू, तीन गुना तक बढ़ा शुल्क

**सरोजनीनगर।** चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के संचालन की जिम्मेदारी संभालने के तकरीबन पांच माह बाद अडानी ग्रुप ने गुरुवार से नई दरें लागू कर दी। तीन से चार गुना तक बढ़ पार्किंग शुल्क से सबसे अधिक टैक्सी चालकों में रोष व्याप्त है। अडानी ग्रुप द्वारा नई पार्किंग दरे लागू की गई है। अब यहां 30 मिनट के लिए कार पार्किंग का शुल्क 30 रूपये देना होता था। लेकिन अब इसे बढ़ा कर 90 रूपये कर दिया गया है। जबकि दो पहिया वाहनों के लिए अभी तक 10 रूपये निर्धारित था लेकिन अब इसे बढ़ाकर 90 रूपये कर दिया गया है। यही नही बाइक का पार्किंग शुल्क अभी तक 20 लगता था लेकिन अब से चार गुना बढ़ा कर 80 रूपये किया जा रहा है। दो घंटे तक चार पहिया वाहन खड़े पर 150 रूपए एवं 24 घंटे खड़ा करने पर 590 रूपये पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। जबकि पिकअप एवं ड्राप के लिए 10 मिनट तक कोई चार्ज नही लिया जाएगा।

### वाद-विवाद प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सीएमएस छात्र को



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (द्वितीय कैम्पस) के कैम्ब्रिज सेक्शन के कक्षा-5 के छात्र युवराज सिंह ने बग्स इण्डिया आर्गनाइजेशन, ग्वालियर, के तत्वावधान में ऑनलाइन आयोजित वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्जित कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। यह प्रतियोगिता 'ऑनलाइन वर्सेज ऑफलाइन क्लासेज' विषय पर आयोजित हुई। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता में सीएमएस कैम्ब्रिज सेक्शन के इस मेधावी छात्र ने अपने ज्ञान-विज्ञान व अभिव्यक्ति क्षमता अभूतपूर्व प्रदर्शन कर निर्णायक मण्डल समेत सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया एवं अपने रचनात्मक विचारों व तर्कक्षमता की अभूतपूर्व छाप छोड़ी। प्रतियोगिता के आयोजकों ने युवराज के ज्ञान व धाराप्रवाह अभिव्यक्ति क्षमता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की और प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। श्री शर्मा ने बताया कि सीएमएस सदैव ही विभिन्न रचनात्मक एवं सृजनात्मक प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपने छात्रों की बहुमुखी प्रतिभा को निखारने एवं जीवन में आगे ही आगे बढ़ने हेतु प्रोत्साहित करता रहता है।

### दस हिस्ट्रीशीटर छह माह के लिए तड़ीपार

**लखनऊ।** पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ ने कड़ी कार्रवाई करते हुए अपराध करने वाले 10 मनबढ़ एवं दबंग व्यक्तियों को उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम 1970 के तहत पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की सीमा से छह माह के लिए जिला बदर किया गया है। जानकारी के अनुसार दीपक पहाड़ी उर्फदीपक वर्मा उम्र करीब 21 वर्ष पुत्र राकेश कुमार वर्मा निवासी राम प्रसाद खेड़ा थाना मानकनगर , पंकज मिश्रा उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र बिंदेश्वरी प्रसाद मिश्रा निवासी बी 38 स्लीपर ग्राउंड थाना मानकनगर , विकास कुमार यादव उम्र करीब 35 वर्ष पुत्र राम दयाल निवासी मकदूमपुर थाना गोमतीनगर विस्तार , वीरेन्द्र उम्र करीब 26 वर्ष पुत्र हनोमान निवासी कुबहरा थाना नगराम ,लक्ष्मी उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र हनोमान निवासी कुबहरा थाना नगराम ,पारस निगम उम्र करीब 38 वर्ष पुत्र अशोक निगम निवासी जरहरा थाना इंदिरानगर , सिराज उम्र करीब 33 वर्ष पुत्र मो. उमर निवासी ग्राम बेहटा थाना गुडंबा , अरूण शुक्ला उर्फपंडित उम्र करीब 24 वर्ष पुत्र हरिनाम शुक्ला निवासी आरती नगर दुर्गा देवी के मकान में किराए पर थाना आलमबाग ,बबलू उर्फभूकंप उम्र करीब 25 वर्ष पुत्र विजय कुमार निवासी गढ़ी कनौरा थाना आलमबाग, मो. आरिफउम्र करीब 25 वर्ष पुत्र शरीफनिवासी ग्राम बेहटा थाना गुडंबा कमिश्नरेट लखनऊ को छह माह के लिए जिलाबदर किया गया है।

### युवक ने धारदार हथियार से अपना गला रेता

**लखनऊ।** गल्ला मण्डी त्रिवेणीनगर में रहने वाले 22 वर्षीय अरूण राठौर ने गुरूवार को धारदार हथियार से खुद का गला रेत लिया। परिजनों ने लहूलुहान देखा तो अस्पताल ले गये। पुलिस को बताया तो इंस्पेक्टर मामले को हल्के में लेकर बैठे रहे। तब तक मामले की जानकारी उत्तरी जोन के अफसरों को हो चुकी थी। जिसके बाद उसकी जान बची। हरदोई का रहने वाला अरूण गल्ला मण्डी के त्रिवेणीनगर इलाके में पिता गुलजारी राठौर के साथ किराये के मकान में रहकर मजदूरी करता है। उसके पिता गुरूवार सुबह काम के सिलसिले में निकले थे पर अरूण नहीं गया था। उसने दोपहर में किसी धारदार हथियार से अपना गला रेत लिया। पिता घर पहुंचे तो उन्होंने बेटे को लहूलुहान देख अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को मामले की भनक लगी तो दो पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। बाद में खुदकुशी के प्रयास की जानकारी एडीसीपी उत्तरी प्राची सिंह एसीपी अलीगंज अखिलेश कुमार सिंह को हुई तो उन्होंने पीड़ित को तत्काल ट्रामा सेन्टर में इलाज के लिए ले जाने के निर्देश दिये। तब पुलिस हरकत में आयी। अरूण को वहां पहुंचाया गया। फिर उसकी जान बची। अपर पुलिस आयुक्त ने बताया कि पीड़ित के परिजनों का कहना है कि अरूण नशे का आदी था। उसकी दिमागी हालत भी बेहतर नहीं थी। जिसके चलते उसने ये कदम उठाया है।

### कार सवार बदमाशों ने किशोरी का किया अपहरण

**लखनऊ।** मड़ियांव के दाऊदनगर से कार सवार बदमाश एक किशोरी को घर के बाहर से उठा ले गए। पुलिस को सूचना देने के बाद तलाश में जुटे परिवारीजनों को किशोरी बाराबंकी में आरोपियों के घर के बाहर बदहवास हालात में मिली। पुलिस प्रेम प्रसंग का मामला बता रही है। वहीं किशोरी के पिता ने चार आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराई है। मड़ियांव के दाऊदनगर निवासी किशोरी के पिता ने बताया कि मंगलवार सुबह करीब 10.30 बजे उसकी बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी स्कार्पियो से आए चार बदमाश किशोरी को कार से उठा ले गए। किशोरी की तलाश कर रहे परिवारीजनों को वह बदहवास हालात में आरोपियों के घर के बाहर मिली। किशोरी के पिता ने आरोपी जबरी खुर्द, कुर्सी, बाराबंकी निवासी रिहान, समीर, मोनू और हसीब के खिलाफनामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर मड़ियांव मनोज कुमार सिंह का कहना है कि किशोरी को बरामद कर उसका मेडिकल करा दिया गया है। कोर्ट में बयान होने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर खाते से उड़ाए छह हजार

**लखनऊ।** जालसाजों ने डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर एक युवक के खाते से छह हजार रुपए निकाल लिया। पीड़ित ने मड़ियांव थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। रेवरीए हरैया, अतरौली हरदोई निवासी प्रशांत पाण्डेय हरिओम नगर मड़ियांव में परिवार के साथ रहते है। प्रशांत के अनुसार उनका इंडसइंड बैंक में बचत खाता है। उनके बचत खाते से शनिवार को 4500 व रविवार को 1500 रुपये जालसाजों ने डेबिट कार्ड का क्लोन बनाकर निकाल लिया। बैलेंस चेक करने पर उन्हें ठगी का पता चला। इंस्पेक्टर के मुताबिक रिपोर्ट दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

### सैल्समैन ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** राजधानी के नाका इलाके में शराब की दुकान में काम करने वाले सेल्समैन ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बाराबिरवा कृष्णानगर निवासी गौरव गुप्ता ने नाका पुलिस को सूचना दिया की राजेंदर नगर में उनकी देशी शराब की दुकान है जिसमे वीरेंद्र 50 जायसवाल सेल्समैन है, बताया जा रहा है कि उसने अज्ञात कारणों के चलते छत वाले पंखे से रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि मृतक के हसनगंज का रहने वाला है और उसके एक पुत्र और एक पुत्री है।

### परिचित ने युवती के खाते से उड़ाए हजारों रुपये

**लखनऊ।** परिचित ने ठगी करते हुए एक युवती के खाते से करीब 74 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़िता ने गोमतीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जानकारी के अनुसार गोमतीगनर विस्तार सेक्टर छह निवासी भावना एक रेस्टोरेंट में काम करती थीं। उनके साथ हिमांशु नैथिनियल भी काम करता था। जिसने लाकडाउन के बाद काम करना छोड़ दिया था। भावना और हिमांशु के बीच दोस्ती थी। जिस वजह से हिमांशु को भावना के मोबाइल और एटीएम कार्ड के पासवर्ड पता थे। 10 मार्च को हिमांशु ने भावना से मुलाकात की थी। मुलाकात के दौरन बातचीत में उसने भावना का मोबाइल फोन ले लिया था। इस बीच आरोपी ने युवती के अकाउंट से चार बार में 76 हजार रुपये अपने खाते में ट्रांसफर कर लिए। इतना ही नहीं उसने बैंक की तरफ से आए ट्रांजेक्शन मैसेज भी हटा दिए थे। लेकिन भावना को पता नहीं चला। कुछ दिन पहले पासबुक अपडेट कराने पर भावना को खाते में हुए ट्रांजेक्शन का पता चला।

# आक्सीजन सहित जीवन रक्षक दवाइयों की पूर्ति नहीं कर पा रही सरकार: कांग्रेस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कांग्रेस** ने योगी सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि पिछली कोरोना वेब से कोई सीख न लेते हुए राज्य सरकार जनता को आज मरणासन्न अवस्था में छोड़ चुकी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राजधानी से सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सहित स्वास्थ्य मंत्री सिर्फ हवाई दावों के जरिए कोरोना के दूसरे वेब से निपटने की बातें कर रहे हैं। सरकार की निरंकुशता ही है कि आक्सीजनए दवाएंए एल-3 बेड और पर्याप्त अस्पतालों को उपलब्ध कराने की बजाए वह शवदाह गृह की बाउण्ड्री वाल को टिन शेड से ढक रही है ताकि प्रदेश की जनता मौतों की वीभत्सता और सरकार की नाकामियों को न देख सके। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अशोक सिंह ने कहा कि सरकार ने अगर पिछले वर्ष की कोरोना वेब से सबक लिया होता और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा लगातार कोरोना महामारी को रोकने एवं उसके समुचित इलाज हेतु व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने को लेकर योगी सरकार को सचेत किया था लेकिन बावजूद इसके अब तक सरकार की तरफ कोरोना महामारी से निपटने के लिए न तो गंभीर प्रयास किये गये और न ही कोई समुचित कार्ययोजना ही बन पाई है जिसका नतीजा है कि आज प्रदेश की जनता कोरोना की वीभत्सता में तिल तिल कर अपनी जान गंवाने के लिए मजबूर है। प्रवक्ता ने कहा कि सरकार अब कोरोना की भयावहता को लेकर हड़बड़ाहट में अपनी विफलताओं को छुपाने के लिए आदेश पर आदेश जारी कर रही है किन्तु आम जनता को कोरोना से बचाने के लिए समुचित इलाज और अस्पतालों में एल.3 बेडों, आक्सीजन, रेनडेसिवर इंजेक्शन आदि की व्यवस्था करने में कतई संजीदा नहीं है। यह उप्र की जनता के लिए बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है।

## विवादित प्लाट बेच कर हड़पे 29 लाख

**लखनऊ।** इन्दिरानगर स्थित विवादित प्लाट बेच कर दो लोगों से 29 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। पीड़ित ने इन्दिरानगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। वैशाली इंक्लेव निवासी अनुज मिश्रा ने नवंबर 2013 में प्रेसीडेंसी इंक्लेव में 2100 वर्ग फीट का प्लाट खरीदा था। यह प्लाट सतीश वर्मा का था। जिसकी कीमत 29 लाख रुपये के करीब थी। अनुज को कुछ वक्त बाद रुपयों की जरूरत थी। ऐसे में उन्होंने प्लाट झांसी निवासी डा. नरेंद्र को बेच दिया था। जिसके बदले उन्हें 29 लाख रुपये मिले थे। कुछ वक्त बाद डा. नरेंद्र ने बताया कि प्लाट विवादित है। छानबीन करने पर अनुज को पता चला कि वर्ष 2010 से सतीश द्वारा बेचे गए प्लाट को लेकर सोसाइटी के बीच झगड़ा चल रहा है। यह बात सतीश को पता थी। इसके बाद भी आरोपी ने विवादित प्लाट बेच दिया था। इंस्पेक्टर इन्दिरानगर अजय त्रिपाठी के मुताबिक अनुज की तहरीर पर सतीश वर्मा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# सीएचसी को एल-वन अस्पताल बनाए जाने की मांग

● कोरोना संक्रमित मरीजों को प्राथमिक उपचार भी नहीं दे पा रही सीएचसी

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**तीस** बेड की सीएचसी पर कोरोना संक्रमित मरीजों के प्राथमिक उपचार की भी सुविधा नहीं होने से क्षेत्रीय लोग बेहद परेशान हैं। बेचैनी और घबराहट की शिकायत होने पर भी तीमारदार संक्रमित मरीजों को यहां से वहां लेकर भटकने को मजबूर हैं। जबकि पिछले वर्ष कोरोना लहर में सीएचसी को एल-वन हास्पिटल का दर्जा भी दिया गया था। मोहनलालगंज क्षेत्र में कोरोना संक्रमण ने तेजी से फैलना शुरु कर दिया है। बड़े पैमाने पर संक्रमित मरीजों को सीएचसी की टीमें होम आईसोलेट करा रही हैं। मरीजों को किसी भी तरह की परेशानी बढ़ने पर दिए गए फोन नंबर पर सम्पर्क करने की सलाह भी दी जाती है। लेकिन किसी भी वजह से बेचैनी और घबराहट की शिकायत होते ही सीएचसी पर कोरोना मरीजों के इलाज की सुविधा नहीं होने का कहकर उन्हें राजधानी के अस्पताल ले जाने की सलाह देकर पल्ला झाड़ लिया जाता है। लिहाजा तीमारदारों को कोरोना संक्रमित मरीज लेकर अस्पतालों के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। सही समय पर इलाज नहीं मिल पाने की वजह से बुधवार को दो मौतें भी हो चुकी हैं।

**क्या कहती हैं अधीक्षिका**

सीएचसी अधीक्षिका डॉ ज्योति कामले ने बताया अस्पताल में तीस बेड की भर्ती और आक्सीजन सिलिण्डर भी उपलब्ध है। लेकिन कोविड वैक्सीनेशन सेण्टर होने की वजह से सीएचसी को एल-वन अस्पताल बनाया जाना संभव नही है। ऐसा करने के लिए वैक्सीनेशन सेण्टर को ट्रांसफर करना पड़ेगा जिसके लिए हमारे पास अलग भवन की सुविधा नही है।

# लाइफ सपोर्ट कोविफार इंजेक्शन की तस्करी करने वाले तीन गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** द्वारा कोविड.19 में लाइफ सपोर्ट के लिए आवश्यक कोविफार इन्जैक्शन के 265 वायल को ऊंचे दामों पर तस्करी करते हुए तीन अभियुक्तों को कानपुर में गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों में मोहन सोनी निवासी 83 न्यू बस्ती ,खाडेपुर ,नौबस्ता, प्रशांत शुक्ला निवासी सूरजपुर, थाना गजनेर, जनपद कानपुर देहात, सचिन कुमार निवासी ताहरी, थाना छछरोली, जनपद यमुना नगर , हरियाणा शामिल हैं। इनके पास से 265 कोविफार इन्जेक्शन ,3 मोबाइल फोन, आधार कार्ड बरामद हुए। विगत काफी दिनों से कोविड .19 महामारी में लाइफ सपोर्ट हेतु आवश्यक कोविफार इन्जैक्शन (रैमडेसिविर) की लगातार स्थानीय बाजारों में कमी होने के कारण ड्रग तस्करों के द्वारा उक्त इंजेक्शन के दामों से काफी उंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। अभिसूचना संकलन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि कोविड .19 महामारी में लाइफ सपोर्ट हेतु आवश्यक कोविफार इन्जैक्शन की तस्करी कर ऊंचे दामों पर बेचने वाले आज किदवई नगर चौराहे पर किसी को ऊंचे दामों में उक्त इन्जैक्शन देने वाले है । इस सूचना पर उक्त तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उक्त इन्जेक्शन की कीमत 5400 रुपए है ए जिसकी बाजार में काफी कमी है जिसको हम लोग मनमाने दामों में बेचते है । पकड़े गए लोगों के विरूद्ध थाना बाबूपुरवा पर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

## रंजिश के चलते फायरिंग

**लखनऊ।** आमलबाग में पुरानी रंजिश के चलते दबंग ने लाइसेंसी रिवाल्वर से फायरिंग कर दी। गोली चलने से लोग सहम गए। इस मामले में दबंग के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है। जानकारी के अनुसार दुर्गापुरी निवासी विकास नलवानी के मुताबिक घर के निचले हिस्से में उनका चचेरा भाई रितेश नलवानी रहता है। जो नशे का आदी है।दोनों परिवारों को बीच पुरानी रंजिश है। बुधवार रात विकास घर पर थे। उसी दौरान रितेश नशे की हालत में घर पहुंचा।उसने लाइसेंसी रिवाल्वर निकाल कर विकास को मारने की नियत से गोली चला दी। हमले में वह बच गए। वहीं, पड़ोसी भी गोली चलने की आवाज सुन कर घरों से बाहर निकल आए। रितेश से गोली चलाने का कारण पूछने पर वह गाली गलौज करने लगा। उसे विकास को धमकाते हुए कहा कि अगली बार गोली तुम्हें मारुंगा। आरोपी की बात सुन कर विकास का परिवार सहम गया। विकास ने आलमबाग कोतवाली पहुंच कर वारदात की सूचना देते हुए रितेश की रिवाल्वर का लाइसेंस रद्द करने की मांग की।

# राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए होंगे 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन

● बेसिक शिक्षा विभाग ने जारी किए आवश्यक निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र 31 मई तक स्वीकार किये जायेगे। इस अवधि के मध्य राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु सभी जनपदों के अध्यापक अध्यापिका द्वारा अपना आवेदन पत्र आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित प्रेरणा वेब पोर्टल-वेबासाइट पर सीधे भेजा जायेगा। इस बाबत बेसिक शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी कर दिये है। जारी निर्देश के मुताबिक राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा इससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं, दिशा.निर्देश एवं समय सारणी इत्यादि के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी किये जायेगे। आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों का अभिलेखीय आधार पर परीक्षण करते हुए सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कराया जायेगा तथा इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा कि कोई भी अध्यापक आपराधिक पृष्ठभूमि का कदापि न हो। सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र कि सत्यापित किया गया कोई भी अध्यापक आपराधिक पृष्ठभूमि का नहीं है, भी उपलब्ध कराया जाये। आवेदन पत्रों पर विचार किये जाने हेतु जनपद अथवा मण्डल स्तर पर किसी समिति का गठन नहीं किया जायेगा, परन्तु इस सम्बन्ध में जनपदों से सत्यापनोपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करने हेतु सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में राज्य चयन समिति का गठन किया गया है। जिसमें सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा सदस्य, शिक्षा निदेशक बेसिक, सदस्य सचिव, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद सदस्य, संयुक्त शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय, शिक्षा निदेशक बेसिक, उप्र लखनऊ गणेश कुमार, सदस्य, सम्बन्धित मण्डल के मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, सदस्य, शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर एक विशेषज्ञ, सदस्य के रूप में नामित जायेगें। गठित राज्य चयन समिति द्वारा 1 जून 2021 से 30 जून 2021 के मध्य शिक्षकों द्वारा प्रेषित आवेदन पत्रों का मूल्यांकन, प्रस्तुतीकरण एवं हस्ताक्षर इत्यादि के माध्यम से विचार करते हुए प्रत्येक जनपद से एक अध्यापक अध्यापिका को राज्य अध्यापक पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु अपनी संस्तुति शासन को संदर्भित की जायेगी।

# कोरोना की जद में आया इलाहाबाद विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज**

**● सभी संघटक महाविद्यालयों में भी अधिकतर शिक्षक हो गए हैं पॉजिटिव**

**पिछले** कुछ दिनों से इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संघटक महाविद्यालयों में कोरोना संक्रमण तेजी से अपना पांव पसार रहा है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संघटक महाविद्यालयों में सौ से ज्यादा शिक्षक तथा नॉन टीचिंग स्टाफ और उनके परिवार वालों को कोरोना हो गया है। इविवि के सहायक जनसम्पर्क अधिकारी डा चित्तरंजन कुमार ने बताया कि राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर तथा डीन सीडीसी प्रो पंकज कुमार और उनकी पत्नी अनुराधा अग्रवाल कोरोना पॉजिटिव हैं। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो हर्ष कुमार भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बेहतर ईलाज के लिए उन्हें मेदांता ले जाया गया है। इविवि के ही दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो ऋषिकांत पांडेय पिछले एक हफ्ते से बेहतर इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। जनसम्पर्क अधिकारी डा जया कपूर तथा विश्वविद्यालय के चार से ज्यादा असिस्टेंट रजिस्ट्रार कोरोना संक्रमित हैं। वित्त अधिकारी डा सुनील कांत मिश्र के परिवार में कोरोना संक्रमण दस्तक दे चुका है। जिस कारण वे भी कोविड गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं। प्रो एस ललित प्रो भूमिका कर डा आशीष खरे डा प्रतिमा डा अमरेंद्र त्रिपाठी तथा डा लक्ष्मण गुप्ता समेत कई शिक्षक हाल में कोरोना पॉजिटिव हुए हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रो चंद्र देव पांडेय की पत्नी तथा पुत्र कोरोना के कारण नहीं रहे। गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष के पिता का देहांत भी कोरोना के कारण हुआ है। सीएमपी की अवकाश प्राप्त शिक्षिका डा हेमलता का देहांत कोरोना के कारण हो गया है। सहायक जनसंपर्क अधिकारी डा चित्तरंजन कुमार ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कोरोना की गंभीरता को देखते हुए 9 अप्रैल को कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आपात बैठक बुलाई गई थी। ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न होने वाली सारी परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया था। कोरोना संकट के कारण इलाहाबाद विश्वविद्यालय को 21 अप्रैल तक पूरी तरीके से बंद करने का भी निर्णय लिया गया है। एसएस खन्ना की प्राचार्य डॉक्टर लालिमा सिंह ने बताया कि उनके महाविद्यालय के नौ शिक्षक कोरोना पॉजिटिव हैं। ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य डा आनंद शंकर सिंह ने बताया कि उनके महाविद्यालय में डा सुमन अग्रवाल डा अंजना श्रीवास्तव डा विवेकानंद त्रिपाठी डा रचना सिंह समेत कुल नौ लोग कोरोना वायरस की चपेट में हैं। ईश्वर शरण की शिक्षिका डा सुमन अग्रवाल कुछ दिन पहले ही मेदांता से कोरोना वायरस का उपचार करवा कर लौटी हैं। आर्य कन्या की प्राचार्य डा रमा सिंह का कहना है कि उनके महाविद्यालय में डा कल्पना वर्मा डा मुदिता तिवारी डा ममता गुप्ता समेत छह शिक्षकों को कोरोना है। जगत तारण गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डा कमला दुबे समेत पांच शिक्षक कोरोना ग्रस्त हैं।

## बनारस में कोरोना विस्फोट, रिकॉर्ड 2484 संक्रमित मरीज मिले

**गुरुवार को संक्रमण से पांच लोगों की हुई मौत**

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

**वाराणसी** में कोरोना का भयंकर विस्फोट 24 घंटे में रिकॉर्ड तोड़ 2484 संक्रमित मरीज मिले बनारस में गुरुवार को 5 मरीजों की मौत के बाद आंकड़ा 11756 पहुंचा। कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार थमने का नाम ही ले रही। पुराने सारे रिकॉर्ड एक एक ध्वस्त होते जा रहे हैं।दस मार्च को जिले में जहाँ 50 सक्रिय मरीज थेए वही 16 अप्रैल को यह आंकड़ा 11756 हो गया। इससे पता चलता है कि संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है। जिले में गुरुवार को 2484 पॉजिटिव मिले।वही आज 5 मरीजो की मौत हो गई।इसी के साथ कोरोना से मरने वालों की संख्या 416 पहुंच हो गया है। अब एक्टिव मरीजो की संख्या 11756 हो गया है।जबकि 497 मरीज होमआइसोलेशन से डिस्चार्ज किये गए।

## राज्यपाल ने किया क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के भवन का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज**



कार्यक्रम को संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पायनियर

**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। कोविड 19 की विभीषिका को देखते हुए यह कार्यक्रम वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति प्रो सीमा सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कुलाधिपति एवं उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। डा दिनेश शर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि कोविड 19 की विभीषिका में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया और दूरस्थ शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में यथोचित परिवर्तन करके उसे समयानुकुल ढ़ालना है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न नवाचारों जैसे ट्रान्सजेन्डर एवं जेल के सजायाफ्ता कैदियों को नि:शुल्क शिक्षा गोद लिए गये गांवों की छात्राओं महिलाओं को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में पचास प्रतिशत शुल्क छूट देना आदि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करना है। उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्यक्रम बनाये और उन्हें लागू करें। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यववाद ज्ञापन राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा अरुण कुमार गुप्ता ने किया।

## कोरोना की रोकथाम के लिए पुलिस कमिश्नर ने मांगे सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**

**आज गुरुवार** को सुबह पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राकेश जैन से फ़ोन पर वार्ता की और कोविड 19 की रोकथाम के लिये सुझाव माँगे। राकेश जैन ने चिंता जताते हुए उन्हें बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों से वाराणसी जनपद की स्थिति दिनों.दिन बद से बदतर होती जा रही है। न तो गंभीर मरीजों को बेड मिल पा रहा हैए न तो ऑक्सीजनए न तो जीवन रक्षक इन्जेक्शन मिल पा रहा है। मनमाने तरीके से पैसा वसूलने के चक्कर में निजी अस्पतालों में बेड खाली न होने व आक्सीजन की कमी का बहाना बनाया जा रहा है। जीवन रक्षक इन्जेक्शन की कमी दिखाकर काला बाजारी की जा रही है। सरकारी अस्पतालों में भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। स्थिति ये है कि न तो बनाए गए कमाण्ड व कन्ट्रोल सेंटर का फोन उठता है न ही किसी जिम्मेदार अधिकारियों का फोन उठता हैए आखिर पीड़ित किससे सहायता ले। गंभीर मरीज तत्काल भर्ती व इलाज के अभाव में दम तोड़ दे रहे हैंए जिससे जनता में दहशत व्याप्त है।

काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता रविशंकर सिंह के अनुसार पुलिस कमिश्नर से राकेश जैन ने शहर के सभी बैंन्कवेट को अस्थाई कोविड हास्पिटल बनानेए कोविड हॉस्पिटल के खाली बेडों की प्रतिदिन जानकारी उपलब्ध करानेए सभी हास्पिटल में आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करानेए जिस हॉस्पिटल व वार्ड में कोरोना संक्रमित मरीज़ों को रखकर ईलाज किया जा रहा है, उस जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया जाने और उस सीसीटीवी कैमरे का लाइव प्रसारण हॉस्पिटल के बाहर किए जानेए जीवनरक्षक इन्जेक्शन की कालाबाज़ारी रोकनेए डॉक्टर्स व अधिकारियों की फोन पर उपलब्धता सुनिश्चित करनेए बिना मास्क के कोई घर के बाहर मिले तो उस पर 500₹ जुर्माना लगानेए कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करानेए व्यापार मंडलों को फिर से विश्वास में लेकर शुक्रवार रात्रि से सोमवार सुबह तक लॉकडाउन लगानेए एम्बुलेंस की उपलब्धता व किराया तय करने तथा मनमाने किराया वसूली पर रोक लगाने का सुझाव दिया। जिस पर पुलिस आयुक्त ने सुझाव पर गंभीरता से विचार कर अमल करने का विश्वास जताया।

## चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्र घंटा के दरबार में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**वाराणसी।** बसंती कि नवरात्र के तीसरे दिन चौक स्थित मां चंद्रघंटा देवी व ज्ञानवापी स्थित सतनारायण मंदिर के प्रांगण में गौरी के रूप में सौभाग्य गौरी के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका एवं दर्शन पूजन किया इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने सौभाग्य सौभाग्य गौरी को नारियल चुनरी प्रसाद कामा सिंदूर फूल माला आदि चढ़ाया इसके साथ ही चौक स्थित चित्र घंटा देवी के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने भोर से ही उनके मंदिर में पहुंचकर दर्शन पूजन किया और मां को माला फूलए नारियल एचुनरी एप्रसाद आदि चढ़ाया। दर्शन का दर्शन पूजन का क्रम भोर से शुरू हुआ जो सायं काल तक चला इस कलिकाल में करो ना संक्रमित होने के बाद पर कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। चित्र घंटा मंदिर में वहां के प्रधान पुजारी ने सायंकल महा आरती की तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे महिलाओं को सुरक्षा के लिए महिला पुलिस तथा थाना प्रभारी चौक आशुतोष कुमार तिवारी सुरक्षा के दौरान मुस्तैद थे।

## अम्बेडकर जयंती को टीका उत्सव के रूप में मनाया

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**



**बनारस** रेल इंजन कारखाना प्रशासन भवन के स्वागत हॉल में सादगी व कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करते हुए भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पीए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डीएएसए जंगपांगीए विशिष्ट अतिथि प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर वीएकेए सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलन के उपरांत माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया । विदित हो कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में बनारस रेल इंजन कराखाना ने डाए अम्बेडकर जयंती को कोविड.19 टीका उत्सव के रूप में मनाया । प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुजीत मल्लीकए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. देवेश के कुशल देखरेख में बरेका कर्मचारी क्लब में लाभार्थियों को कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाकर बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। उनके जीवन तथा विचारों से शिक्षा ग्रहण करके उनके आदर्शों को अपने आचरण में ढ़ालने का संकल्प बरेका अधिकारी व कर्मचारी द्वारा लिया गया तथा वक्ताओं द्वारा उनके जीवन स्मृतियों को याद किया गया । किस प्रकार से डॉएअम्बेडकर ने अपने दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति से देश को भारतीय संविधान के माध्यम से जो दिया है उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है । उन्होंने न केवल दलित एवं निम्न वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किया बल्कि सभी जातिए धर्मों में समानता लाने के साथ ही महिलाओं की प्रगति एवं मजदूरों के कल्याण के लिए भी कार्य किया । उन्होंने वंचितों को उनके अधिकार दिलाने व मनोवृत्ति में बदलाव लाने का पुरजोर वकालत की इस अवसर पर वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी टीओटी जीके मीणा, उप वित्त सलाहकार एके मिश्रा, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी आरके चौधरी, सहायक कार्मिक अधिकारी पीयूष मींज, जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार एवं कर्मचारी परिषद सदस्य नवीन कुमार सिन्हा आलोक वर्मा, अनुसूचित जाति जनजाति एसोसिएशन महासचिव सरदार सिंह, अध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन रामनारायण, कर्मचारी नेता अमित यादव, अंतरार्ष्टीय बास्केटबॉल खिलाड़ी राजू यादव, सर्वोध पटेल, मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक माधव बटबल, चंदन पांडेय सहित अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित किया ।

## संतुष्टि कॉलेज में बीएससी नर्सिंग कोर्स आरम्भ

**वाराणसी।** संतुष्टि कॉलेज में अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी लखनऊ व उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकेल्टी से 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स की सत्र 2020 से मान्यता प्राप्त हो गई है ।डॉक्टर रितु गर्ग ने बताया कि सत्र 2020. 21 के लिए 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए एडमिशन लिए जा रहे हैं। ऐसे सभी विद्यार्थी जो 12 क्लास फिजिक्स एकेमिस्ट्री एबायोलॉजी में 50: से अधिक अंक प्राप्त किए हैं वे सभी बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए पूरी तरह एलिजबिलिटी रखते हैं ।बीएससी नर्सिंग कोर्स करके कोई भी विद्यार्थी अच्छी सरकारी नौकरी व प्राइवेट नौकरी प्राप्त कर सकता है व किसी भी नर्सिंग स्कूल में टीचिंग करके भी अच्छी सैलरी प्राप्त कर सकता है ।आज की कोविड.19 में नर्सिंग एंड पैरामेडिकल क्षेत्र में लोगों का रुझान बढ़ा है व अधिक से अधिक लड़के और लड़कियां नर्सिंग एवं पैरामेडिकल क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिए काफी उत्सुक है ।ऐसे में यह बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण उनके लिए एक बहुत सुनहरा अवसर है जहां वे संतुष्टि कॉलेज से ये कोर्स करके अपने पैरों पर खड़े होकर अपने परिवार का भी अच्छे से भरण.पोषण कर सकते हैं।

## नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने महादेव घाट पर किया दीपदान

**वाराणसी।** नमामि गंगे काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मार्कण्डेय वर्मा के आकस्मिक निधन पर सैदपुर बूढ़े महादेव घाट गंगा तट पर दीप दान कर मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किया गया । संतोष मिश्रा ने कहा कि नमामि गंगे के लिए मारकंडे वर्मा ने अथक प्रयास किया तथा गंगा जी गंगा के लिए कार्य की।इस अवसर पर सभी नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिसमें मुख्य रूप से म्लोग उपस्थित रहे। दयाशंकर पाण्डेय (जिला महामंत्री भाजपा) सन्तोष मिश्रा (जिला सह संयोजक नमामि गंगे) नगर अध्यक्ष अशीष श्रीवास्तव, सुधीर पाटिलए नगर संयोजक मोहित मिश्रा, बीरू मिश्रा, शनि, भोला, सूर्यांश,अभिषेक, शाहिल संजू बाबा, गणपत एअजीत जायसवाल, शुभम् सिंह, किशन पाण्डेय।

## कोरोना के आंकड़ों को छिपा रही है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी**



**कांग्रेसजनों** द्वारा आज एक पत्रकार वार्ता चादपुर कैम्प कार्यालय पर हुआ। वार्ता को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा की यूपी की निकम्मी सरकार कोरोना आकड़ो को छिपा रही है व सरकार की नीति व नियत दोनों साफ नही है पूरी सरकार संवेदनहीन हो चुकी है।बड़ी भयावह स्थिति हैए शवदाह गृहों में लाशों की कतारें हैए अपनों को खोने वालों की चीखे है। आज कोरोना ने रौंद डाला हैए किसी को बेड नहींए किसी को एम्बुलेंस नहींए ऑक्सीजन नहींए गंभीर कोरोना मरीजों के लिए रेमडेसीवर इंजेक्शन नहीं। यह बदहाली प्रधानमंत्री जी क्षेत्र का है।स्थानीय सांसद पीएम चुनाव में व्यस्त हैएसीएम आइसोलेशन में है।जिलाधिकारी से लेकर कमिश्नर तक सिर्फ नियमो की दुहाई दे रहे है कंट्रोल रूम से कोई सहायता नही मिल रहा हैएआईसीयू बेड से लेकर आक्सीजन तक हाहाकार, रेडिमिसीवर इंजेक्शन पर्याप्त नही है कालाबाजारी हो रहा है। हॉस्पिटल से लेकर शमशान तक जीवन बचाने व लाश जलाने के लिए लाइने लगी है। कल बीएचयू में भौतिक विभाग का शोध छात्र अभय जयसवाल 32 वर्ष गिड़गिड़ाता रह गया लेकिन इलाज नही मिला अंतिम में उस छात्र की मृत्यु हो गयी।ऐसे सैकड़ो लोग है जिन्हें समुचित इलाज नही मिल रहा है। विधायक, राज्यमंत्री, मेयर, एमएलसी जिनको आगे आकर जनता की लड़ाई लड़नी चाहिए जनता को सुचारू व्यवस्था मुहैया कराना चाहिए वह सारे के सारे सिर्फ नियमो के अनुपालन की दुहाई व कोरोना की मार्केटिंग में व्यस्त है।पीएम केयर फंड के नाम पैसा वसूला गया वह पैसा का भी पता नही है।भाजपा के जीते विधायकएमंत्री जनप्रतिनिधि तो संवेदनहीन हो चुके है।जनता दरबदर भटक रही है पूरी व्यवस्था दम तोड़ चुकी है माननीय प्रियंका गाँधी जी के आवाह्न पर कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पूरी मदद के लिए खड़ा है हम पीछे नही हटेंगे जो भी मदद होगी करेंगे। पूर्व सांसद डॉ0 राजेश मिश्रा ने कहा की कुव्यवस्थाओं के कारण लोग दम तोड़ रहे है।सरकार हर मोर्चे पर विफ्ल है। पूरे काशी बदहाल के कगार के पर है श्मशान से लेकर हॉस्पिटल तक लाइन लगी है। चिकित्सा व्यवस्था शून्य है हर ओर हाहाकार है सरकार का निर्दयी चेहरा सबके सामने है आखिर कब तक यह सरकार अपने निक्कम्मेपन का परिचय देगीघ्यह लोग आपदा में उत्सव मना रहे है शर्म आना चाहिए। पूरी व्यवस्था ध्वस्त है कागजो पर सिर्फ व्यवस्था है धरातल पर आमजन बेहाल है। कांग्रेस पार्टी इस विपत्ति में आमजनमानस सँग खड़ी है हर सम्भव मदद हम सब करेंगे। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री अजय राय, पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, प्रमोद पांडेय, जिला अध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, मनीष मोरोलिया, ओमप्रकाश ओझा, जेपी तिवारी किसान नेता पंकज सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल की सबसे बड़ी किराना मंडी कोविड से बचाव के लिए 19 से 24 अप्रैल तक पूर्ण बंदी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**किराना** व्यापार समिति ने एक आपात सभा में कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों सहीत व्यापारियों ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण एवं भयावह स्थिति को देखते हुए अपनी किराना मंडी दिनांक 19 अप्रैल 2021 से 24 अप्रैल 2021 तक संपूर्ण लाँकडाउन बाजार बंदी का निर्णय लिया है। अध्यक्ष श्री मनोज कुमार पांण्डेय की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से स्वेच्छा से अपने व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया। संस्था के महामंत्री अशोक कसेरा ने कहा कि इस नए से कोविड चैन को तोड़ने में अवश्य सफ्लता प्राप्त होगी। यह व्यापारी हित और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक हो गया है। जान से ही जहान हैए जान हैए तो व्यापारी है और सब कुछ जिंदा रह कर ही हो सकता है।

## प्रख्यात न्यायविद, राजनीतिज्ञ व समाज सुधारक थे भीमराव आम्बेडकर: रंजन यादव



**पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज**

**महाप्रबंधक** कार्यालय भवन भूमितल परिसर में भारत रत्न डा भीम राव अम्बेडकर का 130वाँ जन्मदिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंजन यादव अपर महाप्रबंधक उमरे प्रयागराज ने सर्वप्रथम बाबा साहेब डा भीम राव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रृद्धांजलि अर्पित की। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति जन जाति के जोनल सचिव लालसा राम सहित सभी विभागाध्याक्ष अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। भीमराव राव अंबेडकर जिन्हें बाबा साहेब अंबेडकर के नाम से जाना जाता है। एक विपुल छात्र प्रख्यात न्यायविद अर्थशास्त्री राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक थे। जिन्होंने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आंदोलन को प्रेरित किया और सामाजिक समानता के लिए व्यापक अभियान चलाया। वह स्वतंत्र भारत के पहले कानून और न्याय मंत्री और भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार थे। सन 1990 में डा भीमराव अंबेडकर को मरणोपरांत भारत के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार भारत रत्न से सम्मानित किया गया। भीमराव अंबेडकर संविधान के महान वास्तुकार थे। जिन्होंने समानता और न्याय के सिद्धांतों के आधार पर समाज और शासन व्यवस्था लागू करने के लिए अभूतपूर्व प्रयास किए। इस अवसर पर अपर महाप्रबंधक प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी सहित सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित थे। पीआरओ डा अमित कुमार मालवीय ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन कोविड 19 के प्रोटोकॉल के अनुसार किया गया।

**गांव की सरकार के लिए डाले गए वोट**

# छिटपुट विवाद के बीच प्रयागराज में हुआ लगभग 65 फीसद मतदान

**पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज**

**● 26023 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद**

**● कई विकास खंडों में उम्मीदवारों के बीच हुआ विवाद**

**● मतपेटियों में डाला गया पानी, पुलिस ने मामलों को कराया शांत**



**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए गुरुवार को कोविड संक्रमण के खतरे के बीच प्रयागराज में लगभग 65 फीसद मतदान हुआ। मतदान के लिए कोविड 19 की गाइडलाइन के पालन का प्रयास तो किया गया लेकिन मतदाताओं ने कोरोना को मात देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 23530 पदों के लिए सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक 1731 मतदान केंद्रों में वोट डाले गए। चुनाव के लिए कुल 5269 मतदान स्थल रहे। जबकि 411 संवेदनशील बूथ और 434 अति संवेदनशील बूथ बनाये गए थे। इसी के साथ 26621 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया। उक्त चुनाव के लिए कुल 3368085 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल था। चुनाव के लिए कुल 75 जोन 433 सेक्टर बनाये गए थे। जिसमें 24 आरओ और 409 एआरओ तैनात किए गए थे। प्रयागराज में कुल 23 विकास खण्डों में मेजा उरूवा बहरिया कोरांव जसरा बहादुरपुर सैदाबाद कौंधियारा करछना मऊआइमा धनूपुर कौड़िहार सोरांव हण्डिया माण्डा प्रतापपुर चाका फूलपुर शंकरगढ़ होलागढ़ सहसों श्रृंग्वेरपुर एवं भगवतपुर आदि हैं। सुबह 9 बजे तक कुल 9ण्11 प्रतिशत 11 बजे तक 20ण्11 प्रतिशत एक बजे तक 33 प्रतिशत तीन बजे तक 45ण्20 प्रतिशत तथा पांच बजे तक 57ण्24 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि छह बजे कुल 65 प्रतिशत मतदान हुआ।उल्लेखनीय है कि प्रधान के 1540 पदों के सापेक्ष 12520 प्रत्याशी बीडीसी के 2086 पदों के सापेक्ष 9812 प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य के 84 पदों के सापेक्ष 1472 प्रत्याशी तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 2831 प्रत्याशी मैदान में हैं। एडीजी जोन प्रेम प्रकाश मण्डलायुक्त संजय गोयल डीएम भानुचंद्र गोस्वामी आईजी के पी सिंह डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी पंचायत चुनाव के नोडल अधिकारी आशुतोष मिश्र सहित तमाम अधिकारी जगह जगह निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते रहे। महीने भर से चल रही पंचायत चुनाव की कवायद में मतदान का दिन आखिरकार गुरुवार को आ ही गया। पहले चरण में प्रयागराज की वोटिंग आज गुरुवार की सुबह सात बजे से शुरू हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर उत्साह रहा। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। लोग लाइन में लगकर मतदान करना शुरू किया तो कोरोना को भूल ही गए। सूर्य की तल्खी मतदाताओं को परेशान भी कर रही थी। यमुनापार में करछना थाना क्षेत्र के मझुआ गांव में कोरोना पाजिटिव व्यक्ति द्वारा वोट डालने जाने पर बूथ एजेंटों के बीच मारपीट हो गयी। जिसमें राजकरन बिंद का सर फूट गया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। मेजा के कुंवर पट्टी और करछना के मैलहा गांव में वोट डालने को लेकर मारपीट हो गई। पूर्व प्रधान दिनेश मिश्र और वर्तमान प्रधान दिनकर मिश्र के समर्थकों में फर्जी वोटिंग को लेकर मारपीट हुई। मारपीट में छह लोगों को चोट आयीं। दर्जन भर लोगों को पुलिस ने उठा लिया। मेजा के कनिगड़ा गांव में भी दो जिला पंचायत उम्मीदवारों में हाथापाई हुई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। विकास खंड सैदाबाद के प्राथमिक विद्यालय कहरा में दोपहर लगभग एक बजे दो प्रत्याशियों के विवाद को लेकर मतपेटी में पानी डाल दिया गया। इससे मतदान करीब दो घंटे बाधित रहा। बाद में पुन: मतदान शुरू हो गया है। वहीं नवाबगंज के मोइउद्दीनपुर गांव में वोटरों को निजी वाहन से बूथ तक लाने की शिकायत की गई। आरोप लगा कि बाहरी लोग मतदान कर रहे हैं। ब्लाक बहादुरपुर के रामनाथपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र लालता प्रसाद बीडीसी प्रत्याशी हैं। उनका चुनाव निशान ब्लाक से गायब था। आरोप है कि निर्वाचन अधिकारी से आवंटन के दौरान लापरवाही की गई है। इस गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य की एससी सीट है। चुनाव मैदान में सात प्रत्याशी हैं। सुबह मतदान शुरू हुआ तो प्रत्याशी को चुनाव निशान गायब होने का पता चला। सात की जगह सिर्फ छह चुनाव निशान बैलेट पेपर हैं। इसकी शिकायत करने पर पीठासीन अधिकारी ने असमर्थता जताते हुए आरओ से बात करने को कहा। प्रत्याशी दोपहर दो बजे तक इधर से उधर चक्कर काटता रहा लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस संबंध में आरो जितेंद्र सिंह का कहना था कि यह गलती स्वयं प्रत्याशी की है। फार्म गलत काउंटर पर जमा किया था। जिसकी वजह से ऐसा हुआ है। सैदाबाद विकासखंड के ग्राम सभा कहरा में वोटिंग के दौरान कुछ लोगों ने बूथ कैप्चरिंग की कोशिश की। विरोध करने पर पीठासीन अधिकारी से धक्का मुक्की और झड़प की। तभी कुछ लोगों ने मतपेटिका में पानी डाल दिया। इससे नाराज ग्रामीणों ने हंगामा करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। पुलिस के समझाने पर नाराज लोग सुरक्षा कर्मियों से उलझ गए। तब तक वहां थानाध्यक्ष उतरांव प्रवीण सिंह पहुंच गए। उन्होंने सभी प्रधान प्रत्याशी को पकड़ लिया और पूछताछ शुरू की। इससे गांव में अफरातफरी मची रही। ग्रामसभा कहरा में छह पोलिंग बूथ बनाए गए थे। सभी मतपेटी में अराजकतत्वों ने पानी डाल दिया। पुलिस का कहना है मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कारवाई की जाएगी। मेजा के देलौहा गांव में फर्जी मतदान को लेकर वोटिंग रुक गई। एक पक्ष ने फर्जी मतदान का आरोप लगाते हुए मतदान कार्य रुकवा दिया। बताते हैं कि स्कूल में बाहर से ताला भी लगा दिया गया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए वहां मौजूद फोर्स हरकत में आई। लोगों ने हंगामा भी किया।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 16 अप्रैल, 2021



## स्वागतयोग्य फैसला

### विदेशी कोविड टीकों की खरीद

**सरकार** ने विदेशों से कोविड टीकों की खरीद का निर्णय लिया है। इसका अनेक कारणों से स्वागत किया जाना चाहिए। भारत सरकार की 'वैक्सीन मैत्री' ने भले ही 6.45 करोड़ टीके प्राप्त कर दुनिया भर के देशों से प्रशंसा पाई हो, पर भारत में टीके लगाने के लिए उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नए स्ट्रेनों के कारण पूरे भारत में कोरोनावायरस मामलों तथा इसके कारण होने वाली मौतों में असाधारण वृद्धि से केन्द्र सरकार को आलोचना का सामना कर पड़ रहा था। उसने भले ही वैश्विक स्तर पर प्रशंसा प्राप्त की हो, पर सभी नागरिकों को पहले टीकाकरण सुनिश्चित करने के बजाय टीकों के वितरण से देश में उसकी छवि खराब हो रही थी। संक्रमणों की दूसरी लहर के देश पर भारी पड़ने के साथ ही टीकाकरण प्रक्रिया सबके लिए खोलने का दबाव भी बढ़ रहा था क्योंकि नए स्ट्रेन से इस बार बच्चे और नौजवान भी बच नहीं रहे थे। इस प्रकार कोविड टीकों की कमी का सामना कर रही केन्द्र सरकार ने पहले रूस निर्मित वैक्सीन स्पुतनिक के आपातकालीन प्रयोग को अनुमति दी, फिर उसने कोविड-19 टीकों के चयन को विस्तार देते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और जापान में निर्मित वैक्सीनों के आपातकालीन प्रयोग की अनुमति दे दी। कोविड-19 वैक्सीन प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह-नेगवैक ने संस्तुति की है कि विदेशों में निर्मित वैक्सीनों को अनुमति दी जाए जिनको वहां अनुमति मिली है। इस प्रकार 'यूएसएफडीए, ईएमए, यूके, एमएचआरए, पीएमडीए जापान द्वारा सीमित आपातकालीन प्रयोग के लिए अनुमति प्राप्त वैक्सीनों को भारत में अनुमति दी जा सकती है।' समझा जाता है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आपातकालीन प्रयोग के लिए सूचीबद्ध वैक्सीनों को भी भारत में आपातकालीन प्रयोग के लिए अनुमति मिल सकती है।'





सही समय पर लिए इस निर्णय से बड़े पैमाने पर औषधीय सामग्री का आयात प्रोत्साहित होगा जिससे घरेलू दवा निर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। इससे वैक्सीन निर्माण क्षमता भी बढ़ेगी जिसका लाभ देश की जनता को होगा। केन्द्र नागरिकों को शांत रखने के सर्वोत्तम प्रयास कर रहा है। उसने जनता को आश्वस्त किया है कि वैक्सीनों की कोई कमी नहीं है तथा अभी 1.67 करोड़ खूराकें उपलब्ध हैं। हालांकि, इस तर्क में कुछ दम है कि सरकार को पहले अपने नागरिकों की चिन्ता करनी चाहिए, पर यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि वर्तमान स्थिति के लिए स्वास्थ्यरक्षा और अधिकारी तथा जनता भी एक स्तर तक जिम्मेदार है। सबसे पहले यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि आज हमें वैक्सीनों की बहुत आवश्यकता है, अत: ऐसे में भारत में 6.5 प्रतिशत वैक्सीनों की बरबादी आपराधिक है। यदि जनता सरकार की बात माने तथा बड़ी संख्या में टीके लगवाने के साथ ही सतर्कता से कोरोना व्यवहारों का पालन करे तो कोरोना मामलों में इतनी वृद्धि नहीं होगी। जब पहली लहर के बाद रोगियों की संख्या घट गई थी तब यदि हमने वैक्सीन के प्रति हिचक छोड़ दी होती तो चीजें आज पूरी सटीकता के साथ बेहतर होतीं तथा जनसंख्या के बड़े हिस्से को अब तक टीके लग गए होते। हालांकि, अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। केन्द्र नागरिकों को शांत रखने और सांत्वना देने के सारे प्रयास कर रहा है। ऐसे में सारी जनता की जिम्मेदारी है कि वह शांत रह कर जिम्मेदार नागरिकों की तरह व्यवहार करे तथा यथासंभव सरकार की अधिकाधिक सहायता करे। कुल मिला कर देखें तो आज जैसी स्थिति हमारे सामने आई है, उसकी कल्पना हम में से किसी ने नहीं की थी।

# डिजिटल जगत की प्रतिरोधक क्षमता

**कोविड-19 महामारी से पता चलता है कि संकट के समय में सामाजिक लचीलापन और व्यावसायिक निरंतरता बनाए रखने के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है।**



**अभिलाष पांडा**
लेखक तकनीकी क्षेत्र से जुड़े हैं)



तकनीक अब हमारे चारों ओर है। पिछले कुछ वर्षों में हमने जो डिजिटल परिवर्तन देखा है, उसने हमेशा ऑनलाइन रहने पर जोर दिया है। उदाहरण के लिए, 2015 में, भारतीय जनसंख्या का 7.5 प्रतिशत इंटरनेट से जुड़ा था, लेकिन 2019 तक, विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, यह प्रतिशत बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया। भारतीय मोबाइल उपयोगकर्ता औसतन हर महीने 8.3 गीगाबाइट डेटा का उपभोग करते हैं और भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से डिजिटल हो रहा है। डिजिटल परिवर्तन ने गरीबी को कम करने, अवसरों को बनाने और निगरानी करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया में सुधार करने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। लेकिन इसने भेद्यता की एक नई परत भी जोड़ दी है। प्राकृतिक खतरों के कारण एक भी आपदा गंभीर सूचना प्रणालियों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है और पूरे नेटवर्क की विफलता को ट्रिगर कर सकती है। न केवल हमारे बैंक, एयरपोर्ट और ट्रांसपोर्ट अवसंरचना को संजाल से जेड़ा जाता है, बल्कि तेजी से ऊर्जा, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षात्मक परिसंपत्तियों को साइबर डोमेन के माध्यम से भी अंतरग्रंथित किया जाता है। दूरस्थ रूप से प्रबंधित फ्लडगेट्स, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, अपशिष्ट प्रबंधन, क्राउडसोर्सिंग के लिए सोशल साइट्स, सुरक्षा सूचना और अन्य लोगों के बीच क्षति का आंकलन करने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अब एक परस्पर जुड़े सिस्टम का हिस्सा हैं।

कोविड-19 महामारी से पता चलता है कि डिजिटल कनेक्टिविटी, संकट के समय में सामाजिक लचीलापन और व्यावसायिक निरंतरता के लिए महत्वपूर्ण है। विकसित और उभरते बाजारों में डिजिटल अवसंरचना प्रदाताओं के लिए, लगातार नकारात्मक झटके से कनेक्टिविटी की उच्च मांग का असंतुलन हो सकता है। उदाहरण के लिए, तूफान हार्वे ले लो। 2017 में जब तूफान ने टेक्सास में भूस्खलन किया और 100 से अधिक मौतें हुईं और क्षति में .125 बिलियन का नुकसान हुआ, तो अस्पताल जल्दी से भर गए। उनके पास रोगियों के इलाज के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी थी और कई को बाढ़ के कारण खाली करना पड़ा। मरीजों को स्थानांतरित करते समय, कर्मचारियों को पीछे से उन्हें एक्सेस करने के सीमित तरीकों के साथ रिकॉर्ड को छोड़ना पड़ा। विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित होने से परिचालन क्षमता में गंभीर कमी आई क्योंकि डॉक्टरों ने महत्वपूर्ण डेटा को एक साथ टुकड़े करने के लिए तराशा। रोगी की देखभाल की दक्षता और प्रभावशीलता ने निस्संदेह एक परिणाम के रूप में हिट किया।

2019 के चक्रवात फनी ने ओडिशा के तटीय राज्य पर हमला किया, दूरसंचार बुनियादी ढांचे के अलावा 70 मिलियन डॉलर से अधिक की प्रत्यक्ष हानि हुई। 2011 के क्वींसलैंड में बाढ़ के बाद, 50 प्रतिशत से अधिक संगठनों ने बताया कि उन्होंने अपने व्यवसाय संचालन में विभिन्न डिग्री तक व्यवधान का अनुभव किया था क्योंकि सर्वर कमरे बाढ़ से प्रभावित थे।

साइबर सुरक्षा खतरे एक और बड़ा जोखिम है, जो पहले से ही कुछ उल्लेखनीय अवसरों पर चोट पहुंचा चुका है। यूक्रेन में 2015 साइबरबैट, जो बिजली की आपूर्ति को प्रभावित करता था, और 2017 वानाक्राइ और नॉटपिल्टारनसमवेयर, जिसने यूरोप भर में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सेवाओं को बाधित किया, केवल कुछ उदाहरण हैं।

> **कोविड-19 से उबरने की प्रक्रिया में इंजेक्शन के लिए तैयार किए गए खरबों डॉलर के साथ, अब सरकार और निजी क्षेत्र के लिए यह सही समय है कि वे विचार करें कि ये निवेश लचीले, हरित और न्यायसंगत कैसे हो सकते हैं। कोविड-19 से उबरने की हमारी दौड़ में, हमें जोखिम के मौजूदा स्तर को कम करने और नए बनाने से बचने के लिए एक सुनहरा अवसर नहीं चूकना चाहिए।**

दुर्भावनापूर्ण खतरों के जोखिम के साथ ऐसी जटिल घटनाओं का सहसंबंध, जैसे साइबरबैक्स, इन कैस्केडिंग घटनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए अधिकारियों की क्षमता सहित सामाजिक कार्यों के सबसे महत्वपूर्ण को बढ़ा सकते हैं। वास्तव में, कैस्केडिंग घटनाओं से किसी एकल प्रेरित व्यवधान की सीमा का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि कई हस्तक्षेप करने वाले चर परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं।

इस तरह के जोखिमों को इस तथ्य से जटिल किया जाता है कि कई छोटी और मध्यम आकार की कंपनियां, जिन पर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बहुत निर्भर करती है, उनके अपने साइबर सुरक्षा संबंधी कमजोरियों के साथ आने की संभावना है। एकाधिक अध्ययनों से संकेत मिलता है कि लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एसएमई) की पहचान साइबरबक्स के स्पष्ट लक्ष्य के रूप में की जाती है और वे उन्हें झेलने में कम सक्षम होते हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण के एक 2019 के अध्ययन ने पहचान की है कि 43 प्रतिशत एसएमई साइबर हमले का लक्ष्य हैं। एसएमई रिकवरी और सीओवीआईडी -19 के जवाब के हिस्से के रूप में जल्द से जल्द डिजिटलीकरण की महत्वाकांक्षा ने साइबर हमले की घटना को बढ़ा दिया है। 2020 के मैकिंजी अध्ययन का अनुमान है कि महामारी की शुरुआत के बाद से भाला-फ़िशिंग हमलों में सात गुना वृद्धि हुई है। डिजिटल अवसंरचना निवेशों की लचीलापन बढ़ाने के लिए, उनकी भेद्यता, संवेदनशीलता, अन्योन्याश्रियता और जोखिम के जोखिम की निगरानी और माप करना आवश्यक है। इस बदलाव के लिए निवेशकों, ऑपरेटरों और निर्णय लेने वालों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि नियोजित बुनियादी ढांचे के निवेश के स्थान, डिजाइन, निर्माण और संचालन में आपदा और जलवायु जोखिमों पर विचार किया जाए।

डिजिटल अवसंरचना को टिकाऊ के रूप में वर्गीकृत करने के लिए, नियामकों को एक महत्वपूर्ण मानदंड के रूप में प्राकृतिक खतरों को शामिल करने की आवश्यकता है और साथ ही साथ लचीलापन की एक स्पष्ट परिभाषा भी है। उसके लिए, आपदा जोखिम में कमी, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और उनके निर्णयों में लचीलापन लाने के लिए संस्थागत निवेशकों और परिसंपत्ति प्रबंधकों, साथ ही बुनियादी ढांचा विकासकर्ताओं की स्पष्ट रूप से आवश्यकता है। कोविड-19 से पुनर्प्राप्ति में इंजेक्शन के लिए तैयार किए गए खरबों डॉलर के साथ, अब सरकार और निजी क्षेत्र के लिए यह सही समय है कि वे विचार करें कि ये निवेश लचीले, हरित और न्यायसंगत कैसे हो सकते हैं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी से उबरने की हमारी दौड़ में, हमें जोखिम के मौजूदा स्तर को कम करने और नए स्तर पैदा करने से बचने के लिए एक सुनहरा अवसर नहीं चूकना चाहिए। स्थिरता और लचीलापन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। निरंतर बुनियादी ढांचा उन लोगों के लचीलेपन को कम करता है जो इसके सुचारू कामकाज पर निर्भर हैं।

यह समय है जब हम इन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करते हैं और खुद से पूछते हैं क्या हम लचीलापन या अप्रचलन में निवेश कर रहे हैं?

# म्यांमार संकट में भारत की भूमिका

**रवींद्र पाल सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



इस साल 1 फरवरी को म्यांमार की सेना (टाटमाडॉ) के राजनीतिक सत्ता संभालने और चुने हुए प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी के परिणामस्वरूप, म्यांमार के लोग तख्तापलट के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में निकले। सेना का दावा है कि इसने कथित चुनावी धोखाधड़ी के कारण 2008 के संविधान (सेना द्वारा लिखित) के आपातकालीन खंड के तहत सत्ता संभाली। हालांकि, चुनाव आयोग ने नवंबर 2020 के चुनावों को स्वतंत्र और बड़े पैमाने पर निष्पक्ष घोषित किया था।

जनमत की अदालत ने अपना फैसला स्वैच्छिक प्रदर्शनों के माध्यम से सुनाया, जो फरवरी की शुरुआत में लगभग 500 जीवन का दावा करते थे। लोगों के गुस्से से पता चलता है कि आंग सान सू की की अगुवाई वाली नेशनल लीग ऑफ डेमोक्रेसी (एनएलडी) को चुनावों में भारी सफलता मिली, उनके परिवार के सदस्यों के नाजायज धंधों को बचाने के लिए सेना के आरोप सत्ता पर काबिज होने के बहाने मात्र हैं। हालांकि, आपातकाल और सेना के अधिग्रहण को सही ठहराने के लिए सार्वजनिक अशांति या कानून-व्यवस्था के टूटने के मामले नहीं थे, लेकिन सेना प्रमुख, सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर लिया और उनकी जगह उनके कठपुतली उपराष्ट्रपति को नियुक्त किया, जिन्होंने आपातकाल की घोषणा की सत्ता लेने के लिए सेना के लिए। चुने गए प्रतिनिधियों को 1 फरवरी को पद की शपथ लेने से रोका गया था। जाहिर है, वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग और अन्य जनरलों द्वारा तख्तापलट सू की के खिलाफ नहीं बल्कि म्यांमार के लोगों के खिलाफ था।

तख्तापलट के परिणाम तब से सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों और सैनिकों द्वारा बेतरतीब गोलीबारी के माध्यम से खेले गए हैं, जिन्हें अपने मूल अधिकारों को आत्मसमर्पण करने के लिए आबादी को आतंकित करने और ज़बरदस्ती करने के लिए एक मुफ्त हाथ दिया गया है। 1962 में पहले सैन्य तख्तापलट से म्यांमार में राजनीतिक संघर्ष में तातामाव के बीज प्राप्त हुए। वर्षों में सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तनों के बाद, जनरलों ने 2008 के संविधान के तहत चुनाव की अनुमति दी। इसमें लगभग 35 प्रावधान थे जो केंद्र और प्रांतीय सरकार के स्तर पर सेना को राजनीतिक निर्णय लेने में प्रधानता रखने की अनुमति देते थे।



लगभग 35 प्रतिशत आबादी के साथ, म्यांमार के क्षेत्र के बड़े क्षेत्रों में लगभग 18 प्रमुख जातीय समुदायों का निवास था, बहुसंख्यक बारमार आबादी में इरावदी और साल्वेन नदियों के केंद्रीय उपजाऊ घाटियों का निवास था। 1960 के दशक के बाद से अल्पसंख्यकों ने आत्म-सुरक्षा के लिए अपने स्वयं के जातीय सशस्त्र संगठनों (ईएओ) को खड़ा किया, जिसने तातमाडव को राष्ट्रीय अखंडता के केंद्र चरण को धारण करने का औचित्य दिया। 2008 के संविधान ने सेना प्रमुख, सीनियर जनरल मिन आंग हलिंग के उम्मीदवारों द्वारा राष्ट्रीय और क्षेत्रीय / राज्य दोनों संसदों में 25 प्रतिशत सीटों पर कब्जा करके इसे राजनीतिक अधिकार दिया। समय में, तातमाडॉ म्यांमार के लोगों के नहीं, जनरलों और कर्नलों के निजी व्यावसायिक हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आया था।

तख्तापलट के बाद तेजी से सामने आई घटनाओं की ओर बढ़ते हुए, सैन्य लक्ष्य पर निर्वाचित विधायक देश छोड़कर भाग गए। विधायकों का एक समूह भूमिगत हो गया और खुद को सीआरपीएच, या (संसद) का प्रतिनिधित्व करने वाली समिति के रूप में संगठित किया। सैन्य, नागरिक विरोध को नियंत्रित करने के लिए, आम तौर पर मोबाइल फोन संचार और इंटरनेट को बंद करने की रणनीति का पालन किया गया है, बिना किसी परीक्षण के प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने के लिए आपातकाल और मार्शल कानून की घोषणा, और प्रदर्शनकारियों की यादृच्छिक हत्याओं से सदमे और खौफ। देर से, इसकी रणनीति में एक बदलाव देखा गया है। इसने मुख्य ईएओ से प्रतिक्रियाओं को भड़काने के लिए जातीय गांवों पर बमबारी शुरू कर दी है। इसका लक्ष्य बहुसंख्यक बामर्स के रक्षक के रूप में सेना के हस्तक्षेप को सही ठहराना होगा।

म्यांमार में नागरिक समाज के लिए विकल्प क्या हैं, इसके चुने हुए नेताओं और ईएओ के साथ टाटमाडॉ द्वारा हमला किया जा रहा है? सैन्य नियंत्रण बनाए रखने के लिए इसका मुख्य तर्क यह है कि ईएओ म्यांमार को जातीय-क्षेत्रीय पहचान में विभाजित करना चाहते हैं।

अल जज़ीरा द्वारा 27 मार्च को साक्षात्कार में, एनएलडी विधायक सरसा (अब छिपने में) ने म्यांमार को स्थायी लोकतांत्रिक शांति और स्थिरता के रास्ते पर वापस लाने के लिए वैकल्पिक रणनीति प्रदान करने में वैश्विक मदद मांगी। यूएन स्पेशल रैपर्टॉरिटी टॉम एंड्रयूज, हालांकि, कोई वैकल्पिक समाधान देने में असमर्थ था। यूएन सचिव, अमेरिकी राष्ट्रपति, यूरोपीय संघ और आसियान देशों द्वारा असहायता और नाराजगी की एक समान अभिव्यक्ति की गई है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को म्यांमार में चल रही हिंसा का इलाज करने की आवश्यकता है, न कि एक संघर्ष समाधान मुद्दे पर बातचीत के लिए उपयुक्त, बल्कि दोषपूर्ण संविधान की समस्या के रूप में। यह दोष म्यांमार जनरलों द्वारा अपने हथियारों के बिंदु पर अपने लोगों के संप्रभु अधिकारों को स्थायी रूप से छीनने के लिए एक जानबूझकर डिजाइन है। इसलिए, भारत को एक पड़ोसी के रूप में, एक लोकतंत्र के रूप में और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में क्या करना चाहिए? भले ही सरकार ने एक राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाया हो, भारत के लोगों और मुक्त प्रेस को म्यांमार से भागे अशांत शरणार्थियों को लोकतांत्रिक शांति और मानवीय राहत बहाल करने के लिए कदम उठाना होगा।

## आप की बात

### बच्चों को खतरा

**अभी** हम देख रहे हैं कि कोरोन की रफ्तार दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। नए केसों में लगातार बढ़ोतरी होने से अलग-अलग जगहों पर कर्फ्यू लगाया गया है और कई नए तरीके के प्रतिबंध देखने को मिल रहे हैं। यह स्थिति बहुत ही भयावह हो रही है। ऐसे में हमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए खासकर कि यह जो नई लहर कोरोना की हमारे सामने आई है उससे बच्चे बहुत अधिक हद तक प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों को सतर्कता बरतना बहुत जरूरी हो गया है। हम देख रहे हैं कि बहुत सारे लोग बिना मास्क लगाए ही बाजारों में घूम रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग वह अन्य मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं ऐसे में स्थिति और भी भयानक होती जाएगी और संक्रमण की रफ्तार बहुत ही तेजी से बढ़ेगी। उनको देखकर बच्चे भी इन मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं जिस कारण से वह बहुत जल्द ही इस लहर की चपेट में आ रहे हैं और उनमें उनके लक्षण दिखाई देने पड़ रहे हैं। अगर ऐसी ही स्थिति रही तो हमारी बहुत प्रतिशत तक आबादी कोरोना संक्रमित हो जाएगी और फिर हमें बहुत जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में हम जागरूक रहें और औरों को भी जागरूक करें और बच्चों के प्रति खासतौर से जागरूकता फैलाएं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### मतदाताओं का जवाब

**बंगाल** के साथ ही पांच राज्यों में चुनाव जारी है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बना बंगाल परंपरागत रूप से चुनावी हिंसा की चपेट में है। पहले चरण से लेकर चौथे चरण तक जो हिंसा हुई है वह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। फिर भी लोगों की हिम्मत की दाद देना होगी कि उन्होंने जान की परवाह किए बिना बैलेट से ही बुलेट को उसकी हैसियत दिखा दी है। बंगाल के चुनाव कभी भी हिंसा से मुक्त नहीं रहे हैं। हर बार चुनावों में वहां बड़ी संख्या में लोग हिंसा के शिकार होते हैं जिसमें कुछ निर्दोष भी रहते हैं जिन्हें किसी दल या राजनीति से कुछ लेना देना नहीं होता है। ऐसी बेकसूर मौतों पर दुख होता है। अभी जारी चुनावों में हिंसा भी साथ साथ हो रही है। पहले चरण से ही इसकी शुरुआत हो चुकी है जो चौथे चरण में ज्यादा जाकर बड़े पैमाने पर हुई है। रिजर्व बल की तैनाती के बावजूद हिंसा होना बताता है कि हिंसा को किसी षड्यंत्र के जरिए अंजाम दिया जा रहा है। झड़पों में गोले, बंदूकों का प्रयोग गंभीर चिंता पैदा करता है ।सुरक्षा बलों पर हमला इस बात का प्रतीक है कि बंगाल में राजनीति का कितना अपराधीकरण हुआ है? बावजूद इसके जनता ने बुलेट को बैलेट से दबाया है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


### रिश्तों की बानगी

**भारतीय** जीवन पद्धति में रिश्तों का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे समाज का ताना-बाना ही इस पर आश्रित है। बेहतर रिश्तो के लिए आपसी संबंधों में पारदर्शिता एवं लचीलापन होना आवश्यक है। आपसी विश्वास, इमानदारी, सहज एवं संतुलित व्यवहार से रिश्ते निखरते हैं। रिश्तो को मेंटेन करने में सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। सामान्यतया मुह बोले रिश्ते टिकाऊ साबित नहीं होते हैं। वर्तमान दौर में रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। जीवन में अनेक रिश्ते होते हैं जिनके हम करीब होते हैं। सामान्य तया मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक रिश्तो के संपर्क में आता है जिनसे इंसान के खट्टे मीठे या आत्मीय संबंध बन जाते हैं। हर इंसान के जीवन के सबसे करीब माता पिता भाई बहन का रिश्ता होता है। युवा अवस्था में एवं विवाह उपरांत पत्नी एवं बच्चों से भी करीबी रिश्ता होता है। फिर निकटतम रिश्तेदार एवं मित्रों का नंबर आता है। रिश्तो में उतार-चढ़ाव आता है। उठापटक होती है। प्रयास होना चाहिए कि आपसी संबंधों में मनभेद की स्थिति ना होने पावे।

– **ललित महलकारी**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** तालिबान से पुन: लड़ाई और दुश्मनी छोड़कर स्थायी रूप से युद्धविराम स्वीकार करने का आह्वान करता हूं जो अफगानिस्तान की जनता की मांग है।

– **अशरफ ग़नी**
अफगानिस्तान के रारष्ट्रपति

**मोदीनीत** राजग सरकार के सातवें वर्ष की समाप्ति किस अंदाज में हुई : बढ़ती महंगाई, गिरता औद्योगिक उत्पादन, गिरता रुपया और डूबता शेयर बाजार।

– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता





**अस्पतालों** में जांच नहीं और बिस्तर नहीं, वेंटीलेटर और आक्सीजन नहीं और वैक्सीन भी नहीं, मगर सरकार टीका उत्सव मना रही है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व कोरोना संक्रमण को लेकर डीएम ने की बैठक

● सभी राजनीतिक दलों से प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करने की अपील

संवाददाता। अंबेडकरनगर



बैठक में भाग लेते डीएम व अन्य अधिकारी पायनियर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव 2021 को सकुशल संपन्न कराने तथा कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन तथा पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी कड़ाई से पालन करने व कराने का अपील किया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम को पहले से लागू कर दिया गया है। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि कोविड- 19 के संक्रमण से फैल रही महामारी के नियंत्रण हेतु विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। गाइड लाइन के अनुसार विभिन्न धार्मिक, राजनैतिक, संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों के संभावित आयोजनों, कार्यक्रमों के साथ ही त्योहारों तथा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन -2021 आदि के आयोजित कार्यक्रमों तथा कोरोनावायरस बवअपक-19 के कारण फैल रही महामारी के दृष्टिगत अंबेडकर नगर में लोक व्यवस्थाध् शांति व्यवस्थाध् कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाए रखना अति आवश्यक है ।निर्वाचन के दौरान कोई भी उम्मीदवार ध्उनके प्रतिनिधि ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेंगे, जिससे किसी धर्म (मजहब) संप्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं उम्मीदवार/ राजनीतिक दल/ राजनैतिक कार्यकर्ताओं की भावना आहत हो या उससे विभिन्न वर्गों /दलों /व्यक्तियों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो ।कोई भी मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया आदि) द्वारा बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थल पर कोई भी डिबेटध्परीचर्चा नहीं की जाएगी। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा विधिवत अनुमति प्राप्त की जाएगी और उसमें निर्धारित शर्तों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि इस महामारी में आप सब के सहयोग की जरूरत है। प्रचार प्रसार के समय कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन अवश्य कराया जाए। एक स्थान पर भीड़ न होने दिया जाए। इसके उपरांत बैठक में जिलाधिकारी ने किछौछा दरगाह से आए हुए मौलाना ध्धर्म गुरुओ से अपील करते हुए कहा कि बाबा मखदूम अशरफके दर्शन के लिए जो भी व्यक्ति आए उनका जांच कराते हुए कोविड-19 का पालन अवश्य कराया जाए और वहां पर भीड़ एकत्र न होने दिया जाए ।दर्शन के लिए कम से कम लोगों को अंदर जाने दिया जाए। दिन में कई बार सैनिटाइजेशन किया जाए ।दूर -दूर से आए व्यक्तियों की जांच कराया जाए तथा उनका नाम ,मोबाइल नंबर और आधार नंबर भी रजिस्टर में अंकन किया जाए साथ ही साथ जगह-जगह पर हेल्पडेस्क स्थापित किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ,उप जिलाधिकारी टांडा अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी टांडा ,राजनैतिक दलों के लोग तथा मौलाना/धर्म गुरु उपस्थित रहे।

## 34 मतदाता मताधिकार से रह गए वंचित

**हैरिंग्टनगंज, अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंधोरा पोलिंग स्टेशन से जुड़े ग्राम भाऊपुर के 34 मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह गए बताया गया कि यह मतदाता कोरोना पॉजिटिव है और प्रशासन की ओर से इनके मतदान के लिए कोई अलग व्यवस्था नहीं की गई है। वही गांव वालों का कहना है करोना पॉजिटिव मरीजों के साथ मतदान करने में खुद की सुरक्षा का खतरा है। जबकि हैरिंग्टनगंज के निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि पोलिंग बूथ सभी लोगों के लिए खुला हुआ है मास्क लगाकर सभी मतदान कर सकते हैं कोरोना पॉजिटिव मरीजों के लिए मेरे पास कोई अलग व्यवस्था नहीं है पिछले दिनों ग्राम पंचायत सिंधोरा के राजस्व ग्राम भाऊपुर में अचानक चार लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद पूरी ग्राम पंचायत में हड़कंप मच गया और स्वास्थ्य महकमे की जांच में 34 लोग कोरोनावायरस पॉजिटिव पाए गये । जांच पड़ताल के दौरान ही एक महिला की और मौत हो गई।

## जहां अर्पण व समर्पण हो वही अयोध्या

संवाददाता। अयोध्या



**अयोध्या** शब्द सुनते ही स्वतरू अर्थ बोध होने लगता है।जहां कोई युद्ध न हो ।जहां के लोग युद्ध प्रिय न होएजहां के लोग प्रेम प्रिय हो।जहां प्रेम का साम्राज्य हो ।जो श्रीराम प्रेम से पगी हो वो अयोध्या है।इसका एक नाम अपराजिता भी है। चक्रवर्ती श्री दशरथ जी का महल बड़ा स्थान के महंत बिंदुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्री राम की जन्मोत्सव पर चल रही श्री राम कथा के तृतीय दिवस की बेला में जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कही। ब्यास पीठ से श्री महाराज जी ने कहा कि अयोध्या का एक नाम अपराजिता भी है और इसे कोई पराजित न कर सके एजिसे कोई जीत न सकेएअथवा जहां आकर जीतने की इच्छा ख़त्म हो जाये जहां सिर्फ़ अर्पण हो समर्पण हो वो अयोध्या है ।अथवा इसका एक नाम अवध भी है और श्रीराम अवधेश कहलाये।अवध का अर्थ है अवधि अस्यामिति अवधरू ।तात्पर्य जिसकी सुन्दरता की सीमा न हो जो अप्रतिम सौन्दर्य सम्पन्न हो वो अयोध्या है।युद्ध रहितएअपराजेय और असीमित सौन्दर्य से युक्त इस नगरी की शोभा अनुपमेय है।इसे विश्व की सबसे प्राचीनतम नगरी होने का गौरव प्राप्त है।सृष्टि वर्णन में मनु जी महाराज ने जब पृथ्वी को प्राप्त किया तो सबसे पहले उन्होंने अयोध्या नगरी को बसाया।और यहीं से मानवीय सृष्टि का आरम्भ हुआ।अयोध्या केवल श्रीराम की जन्मभूमि नहीं है ये मानव मात्र की जन्मभूमि है।महर्षि वाल्मीकि ने इसे त्रैलोक्य विश्रुता नगरी कहा है। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव श्री दशरथ महल चल रही श्री राम कथा में तृतीय दिवस की बेला पर श्री महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम जगत के नियंता है और मात्र नाम स्मरण से ही सभी भव बंधन दूर हो जाते है ऐसी प्रभु श्री राम की कथा सुनने से मन बचाना इंद्री सभी शुद्ध हो जाते हैं और मनुष्य की ताकत बन जाती है ऐसे ने भगवान की कथा ही सबका आधार बनेगी। जब देश ही नहीं पूरा विश्व भयंकर महामारी से जूझ रहा है। श्री राम कथा के व्यवस्थापक श्री महाराज जी की कृपा पात्र शिष्य कृपालुजी राम भूषण दास जी महाराज ने तृतीय दिवस की कथा मे आये सभी संतो का स्वागत किया और कहा कि भगवान की कथा सबका कल्याण करेगी आने वाले समय में देसी नहीं हुआ विश्व महामारी से निजात पाएगा। श्री महाराज जी ने कहा हमें कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए अपना काम करना चाहिए और प्रभु श्री राम की कथा सुननी चाहिए।

## एनटीपीसी टांडा में अम्बेडकर की 130वीं जयंती मनाई गई

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**एनटीपीसी** टांडा में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर साहेब की 130वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर स्थित डॉ0 अम्बेडकर मेमोरियल पुस्तकालय में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक श्री के0 एस0 राव ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं मोमबत्तियाँ जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री राव द्वारा नवीनीकृत डॉ अम्बेडकर मेमोरियल पुस्तकालय का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (प्र0 एवं अनु0) श्री एस0के0 सिंह, समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल एवं अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित जनों से संवाद स्थापित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राव ने कहा कि बाबा साहेब का यथेष्ट सम्मान उनके विचारों के अनुसरण करने में निहित है। बाबा साहेब के बताये गये रास्तें पर चल कर ही समतामूलक समाज की उनकी संकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता के रूप में उन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया है, जिससे आज हमारी पहचान पूरी दुनिया में एक महान लोकतांत्रिक देश के रूप में है। उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक निपुण राजनेता एवं महान समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर श्री राव ने समिति द्वारा समय-समय पर आसपास के जरूरतमंद लोगों के लिए किए गये कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। विचार विनिमय की इस श्रृंखला में विशिष्ट अतिथि श्री सिंह ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब के जीवन संघर्षों से हमें सीख लेनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल एवं अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर को अपने समय का महानतम विद्वान एवं वंचित समाज का सच्चा मसीहा बताया। डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल पुस्तकालय के नवीनीकरण एवं इसके लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए समिति के पदाधिकारियों ने एनटीपीसी-टांडा प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल द्वारा तथा सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्री शिवदास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुकों की उपस्थिति सीमित रखी गयी तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया गया।

## गांजा बेचने के आरोपी को जेल

**अंबेडकरनगर।** बुधवार को जिला मुख्यालय के बसस्टेशन क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा व भांग बेचने वाले आरोपी राम सागर को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। पूरे प्रकरण का मुख्य आरोपी संजय सिंह अभी भी फरार है। मामले के विवेचक गजेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को दोपहर बैंक आफ इंण्डिया के सामने अवैध रूप से गांजे का कारोबार किये जाने की सूचना पर जब एक नई गुमटी को खोला गया तो उसमें से एक झोले में भांग तथा टीन के डिब्बे में गांजा भरा पाया गया। सूचना मिलने पर पंहुचे कस्बा चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने गांजा व भांग बेच रहे रामसागर को हिरासत में ले लिया।

## भाजपा में भूचाल, जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव ने दिया त्यागपत्र

● बेटे को टिकट न मिलने से नाराज थे दशरथ यादव

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव में पुत्र का टिकट कटने से नाराज भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया।बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव जिले के आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के रामनगर उत्तरी वार्ड से अपने पुत्र आलोक यादव के लिए टिकट मांग रहे थे। दशरथ यादव ने पुत्र को टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया,हालांकि वह पार्टी में बने रहेंगे। विदित हो कि दशरथ यादव वर्ष 1995 में रामनगर उत्तरी वार्ड तथा वर्ष 2000 तथा वर्ष 2005 में रामनगर मध्य से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2010 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव की पत्नी फूलमती यादव रामनगर उत्तरी वार्ड से चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन वह मामूली मतों से पराजित हो गई थी। वर्ष 2015 में फूलमती यादव रामनगर मध्य वार्ड से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई थी।मौजूदा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव रामनगर उत्तरी वार्ड से अपने पुत्र आलोक यादव के लिए टिकट मांग रहे थे लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया जिससे नाराज होकर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दशरथ यादव के पुत्र आलोक यादव रामनगर उत्तरी वार्ड से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरकर प्रचार-प्रसार भी कर रहे हैं। वंही दूसरी तरफ टांडा विधान सभा क्षेत्र के एक मण्डल महामंत्री शुभम सिंह ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

## पंचायत चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है : संजीव सिंह



**अयोध्या।** जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान के विषय में बूथ व सेक्टर प्रभारियों से जानकारी लेते रहे। मतदान को लेकर कहीं भी अगर कोई कमी दिखाई दी तो प्रशासन से समन्वय स्थापित करके उसको दूर किया गया। चुनाव में जिम्मेदारी सम्हाल रहे पदाधिकांरियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से लगातार दिशा निर्देश दिया जाता रहा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। त्रिस्तरीय चुनाव में सभी सीटों पर पार्टी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। जनता का रुझान भाजपा की ओर है। चुनाव में जिम्मेदारी सम्हाल रहे कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की तरफ से काफी अच्छा फीडबैक आया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनता प्रभावित है। आम जनता में सरकारी योजनाओं के शत प्रतिशत क्रियान्वयन से उत्साह का माहौल है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पाण्डेयए दिवाकर सिंहए राजेश सिंहए बब्लू मिश्राए मुकेश मौर्या मौजूद रहे।

## भाजपा के घोषित प्रत्याशियों व मण्डल अध्यक्षों की हुई बैठक

● जिलाध्यक्ष ने कहा घोषित प्रत्याशियों के लिए ईमानदारी से कार्य करें कार्यकर्ता

संवाददाता। अंबेडकरनगर



घोषित प्रत्याशियों के साथ जिलाध्यक्ष व अन्य पार्टी नेता पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी विचार और समर्पण से ओत प्रोत देश भक्त कार्य कर्ताओं का विशाल समूह है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन को अपनी मां और संगठन कार्यकर्ता को अपना परिवार समझते हैं। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित जिला पदाधिकारी, ब्लॉक संयोजक,जिला पंचायत सदस्य पद के घोषित प्रत्याशी, मण्डल अध्यक्ष गण की बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों का चयन जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों,जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श कर ही घोषित किया गया है।पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता घोषित प्रत्याशी के पक्ष में पूरे मनोयोग से लग कर जीत सुनिश्चित कराने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने अपने क्षेत्र के प्रत्याशी को जीत दिला कर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने में सहयोग करें। निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में बने जिला,वार्ड और बूथ संचालन समिति की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रत्याशी संचालन समिति के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रचार को गति प्रदान करें।भाजपा नेतृत्व के भरोसे को बनाए रखने के लिए भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी को विजय दिला कर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पूरी ईमानदारी से ग्रामीण विकास के लिए समर्पित होकर कार्य कर सकते हैं। बैठक में भाजपा द्वारा घोषित जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों का स्वागत कर चुनाव में जीत की शुभ कामना दिया गया। बैठक का सफल और कुशल संचालन जिला मंत्री दिलीप पटेल देव ने किया। बैठक को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,विधायक संजू देवी, अनीता कमल,पूर्व विधायक जय राम विमल,बाबा राम शब्द यादव, चंद्र प्रकाश वर्मा ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र,दशरथ यादव,सुमन पाण्डेय,रफ्त एजाज,जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,दीपक तिवारी,विकास तिवारी,शिव पूजन राजभर, भाजपा नेता मनोज गुप्त गुड्डू, जिला आईटी संयोजक मनीष मिश्र, रघुनंदन राजभर,बजरंगी पाठक, ब्लॉक संयोजक संजय सिंह,गया प्रसाद वर्मा,आनन्द श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता,गौरव उपाध्याय, महेन्द्र प्रताप वर्मा,अमरजीत मौर्य,रणंजय सिंह,दिलीप तिवारी सुभाष वर्मा,कुलदीप सिंह,सतीश भारती,कमलेश मौर्य,हरिदर्शन राजभर आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

## सपा से प्रचार करते-करते बन गया भाजपा का प्रत्याशी

● सामने आई तस्वीर से खुली असलियत

● तो क्या भाजपा को ढूंढे नहीं मिल रहे थे प्रत्याशी

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**भारतीय जनता** पार्टी द्वारा घोषित जिला पंचायत प्रत्याशियों की सूची में सर्वाधिक चर्चा भीटी चतुर्थ से घोषित प्रत्याशी को लेकर है। भाजपा ने यहां से अमरेंद्र पाल को अपना प्रत्याशी बनाया है लेकिन अमरेंद्र पाल को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म है। कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए डाला गया अमरेंद्र पाल का एक होल्डिंग चर्चा के केंद्र में है। इस होर्डिंग में वह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसमें मुलायम सिंह यादव के साथ-साथ अखिलेश यादव व जय शंकर पांडे तक की फोटो लगी हुई है। सवाल यह है कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के लिए भाग दौड़ कर रहे अमरेंद्र पाल को आखिरकार भाजपा ने प्रत्याशी कैसे बना दिया। अब वह कौन सा ऐसा नेता रहा जिसने अमरेंद्र पाल को सपा से खींच कर भाजपा से उपकृत करा दिया। महज दो दिन पूर्व ही पार्टी के वरिष्ठ नेता भी यह मान चुके हैं कि अमरेंद्र का भाजपा से कोई लेना देना नहीं है । वह महरुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले माफिया अजय सिपाही का शागिर्द है। इसके बावजूद भाजपा द्वारा अमरेन्द्र को भीटी चतुर्थ से प्रत्याशी बना दिया जाना किसी के गले नहीं उतर रहा है ।

## ट्रक की टक्कर से टापटेन अपराधी की मौत

● अहिरौली थाना क्षेत्र में डड़वा गांव के निकट हुई दुर्घटना

● पुलिस की आंख की किरकिरी बना हुआ था मो. आदिल

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**लम्बे** समय से पुलिस के लिए चुनौती बने शातिर अपराधी मो0 आदिल खान की अहिरौली थाना क्षेत्र के कटेहरी बाजार के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आदिल लम्बे समय से जिले की पुलिस की आंख की किरकिरी बना हुआ था। वह अकबरपुर थाने का टाप टेन अपराधी था। कुछ समय पूर्व ही आदिल पुलिस को चकमा देकर अकबरपुर थाने से फरार हो चुका था। इसके पूर्व वह दो बार न्यायिक अभिरक्षा से न्यायालय से भी फरार हो चुका है। पुलिस व आदिल के बीच हमेशा चूहे और बिल्ली का खेल चलता रहता था। घटना गुरूवार को अपरान्ह लगभग दो बजे की है। मो0 आदिल आजमगढ़ जिले के नम्बर वाली हीरो कम्पनी की मोटर साइकिल से मिझौड़ा की तरफ से अकबरपुर की तरफ आ रहा था। तिवारीपुर मिझौड़ा मार्ग पर डड़वा गांव के निकट उसकी मिझौड़ा की तरफ जा रही ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उसे फिर भी सीएचसी कटेहरी ले जाया गया जहां उसे अधिकृत रूप से मृत घोषित किया गया। सीएचसी में ही उसकी पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के मीरमलूकपुर गांव निवासी टाप टेन अपराधी आदिल के रूप में हुई। दुर्घटना में आदिल की मौत से जिले में आतंक का एक अध्याय समाप्त हो गया। अहिरौली थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक सहित फरार है जिसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

## कोरोना को हराना है तो घर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना है

● अयोध्या के संतों समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं से की अपील, घर पर रहकर ही मनाएं आराध्य प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव

संवाददाता। अयोध्या

**श्री राम** लला के जन्म स्थान का विवाद समाप्त होने के बाद अयोध्या के भगवान श्री राम के जन्म उत्सव पर कोरोना का ग्रहण लग गया। नवंबर 2019 में श्री राम जन्म भूमि मंदिर विवाद का फैसला आया और 2020 में पढ़ने वाले भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया और मंदिर में रहने वाले संत महंत और पुजारी क्यों उपस्थिति में भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया। दिसंबर आते आते उत्तर प्रदेश मे कोरोना की रफ्तार कम हो गई और ऐसा लग रहा था कि इस बार जन्मोत्सव मनाया जाएगा लेकिन मार्च से ही पूरे देश मे कोविड .19 ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए और मार्च के अंतिम और अप्रैल के प्रथम सप्ताह से उत्तर प्रदेश में भी कोरोना विकराल रुप ले लिया प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री भी कोरोना पॉजिटिव हो गए। कोरोना के विकराल रुप को देखते हुए अयोध्या के संतों ने भगवान श्री राम का जन्म उत्सव अपने घर में मनाने के लिए श्रद्धालुओं से अपील करने लगे जिससे ही प्रदेश में कोरोना चैन को तोड़ा जा सके और उत्तर प्रदेश को लांकडाउन से बचाया जा सके।

### घर पर ही मनाएं प्रभु श्री राम का जन्मोत्सवः संजय दास



**अयोध्या।** सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के महंत ज्ञानदास जी महाराज के उत्तराधिकारी शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास जी महाराज ने कहां कोरोना को हराना है तो घर पर रहकर प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाना है। श्री दास देश में और प्रदेश में कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अयोध्या में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर आने वाला श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह घर में रहकर भगवान का जन्म उत्सव मनाएं श्रीरामचरितमानस का नवाह परायण पाठ करें। माता भगवती की पूजा अर्चना करें और आने वाले 21 तारीख को भगवान श्री राम का जन्म उत्सव अपने घर में हर्षोल्लास के साथ मनाएं क्योंकि शरीर से ही ईश्वर की साधना आराध्य की पूजा की जाती है और हमारे शरीर मे स्वयं ईश्वर विराजमान है इसलिए मानवता की रक्षा के लिए हमें इस बार भी भगवान का जन्म उत्सव घर में बैठकर मनाना चाहिए।

### घर पर रहकर महामारी को दे मातः अनिल मिश्र



**अयोध्या।** महंत अनिल मिश्र ने भगवान के जन्म उत्सव पर अयोध्या ने वाले श्रद्धालुओं से अपील की हैं कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए देश समाज की सुरक्षा के लिए और कोरोना वायरस को समाप्त करने के लिए सभी लोग 2020 की तरह 2001 में भी प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव घर में मनाएं क्योंकि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कोरोना के प्रकोप से नहीं बच सके और वायरस ने इनको अपने गिरफ्त में ले लिया। हम इन दोनों नेताओं के साथ प्रदेश के सभी नागरिक व देश के सभी लोगों कि स्वास्थ के लिए प्रभु श्री राम से कामना करता हूं और सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करता हूं कि भगवान का जन्म उत्सव घर में मनाएं जिससे हम कोरोना वायरस महामारी को मत दे सकें।

### देश को बचाना है घर पर जन्मोत्सव मनाना हैः आदित्य सुल्तानिया



**अयोध्या।** श्री राम नगरी में माता जानकी का मायका के रूप में प्रसिद्ध श्री जानकी महल ट्रस्ट के व्यवस्थापक आदित्य सुल्तानिया आने देश के सभी नागरिकों से अपील की है कि हमें देश के लिए अपने लिए और अपने परिवार के लिए कोरोना वायरस का चैन तोड़ना ही होगा। इसके लिए हमें अधिक से अधिक समय अपने घर में बिताना होगा और बाहर जब भी निकले मास्क लगाकर निकले और भीड़ भाड़ में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि पूरे देश की ही नहीं बल्कि विश्व के सभी लोगों की आस्था आराध्य प्रभु श्री राम में है। जब उनका मंदिर बन रहा है ऐसे समय में सभी लोग चाहते हैं कि भगवान का जन्मोत्सव अवध धाम में मनाएं। लेकिन कोरोना महामारी को रोकना है तो हमें अपने आराध्य प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव घर में ही मनाना होगा। जैसे हम लोगों ने 2020 में अपने घर में प्रभु का जन्मोत्सव मनाएं इस बार भी घर में रहकर जन्मोत्सव मनाना है अयोध्या के साथ पूरे देश को कोरोना से बचाना है।

# महाराष्ट्र: 15 दिनों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या दोगुनी होने की आशंका: ठाकरे

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र के** मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार को एक पत्र लिखकर कहा है कि राज्य में अगले 15 दिनों में कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को संबोधित एक पत्र में बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में 30 अप्रैल तक उपचाराधीन मरीजों की संख्या 11.9 लाख होने की आशंका है। इस समय उपचाराधीन मरीजों की संख्या 5.64 लाख है। उन्होंने कहा कि राज्य में चिकित्सा ऑक्सीजन की आवश्यकता अप्रैल-अंत तक 2,000 मीट्रिक टन प्रतिदिन तक पहुंचने का अनुमान है जिसकी मौजूदा खपत1,200 मीट्रिक टन प्रतिदिन है।

पड़ोसी राज्यों से तरल चिकित्सा ऑक्सीजन के परिवहन में कुछ बाधाओं का हवाला देते हुए ठाकरे ने देश के पूर्वी और दक्षिणी क्षेत्रों में इस्पात संयंत्रों से ऑक्सीजन को हवाई मार्ग से लाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत अनुमति मांगी। स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बुधवार को कहा था कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच महाराष्ट्र सरकार ने चिकित्सा ऑक्सीजन आपूर्ति के लिए पड़ोसी राज्यों का रूख किया था, लेकिन उन्होंने वहां इसकी अधिक मांग के कारण आपूर्ति में असमर्थता व्यक्त की। मोदी को लिखे पत्र में मुख्यमंत्री ने रेमडेसिविर के निर्यात पर प्रतिबंध संबंधी केन्द्र सरकार के निर्णय का स्वागत किया और मांग की कि अधिकारियों को भारतीय पेटेंट अधिनियम 1970 की धारा 92 के अनुसार, निर्यात इकाइयों को उत्पादन और बिक्री के लिए अनुमोदन प्रदान करने के लिए अनिवार्य लाइसेंस दिया जाए। उन्होंने केन्द्र से अनुरोध किया है कि वह कोविड-19 को प्राकृतिक आपदा माने जिससे सरकार राज्य प्राकृतिक आपदा कोष (एसडीआरएफ) का उपयोग प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता देने में करे। एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन अधिनियम का गठन केंद्रीय आपदा प्रबंधन कानून के हिस्से के तौर पर किया गया था, इसलिए महामारी प्रभावित लोगों की मदद के लिए एसडीआरएफ के उपयोग को लेकर राज्य को केंद्र सरकार की मंजूरी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने केंद्र को बुधवार को यह पत्र मंजूरी के लिए लिखा था। फिलहाल बाढ़, आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं, भारी बारिश के जहां जान-माल का नुकसान हुआ हो, प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में आते हैं और प्रभावित लोगों को आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कराया जाता है।

अधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री ऐसे ही उद्देश्यों के लिए एसडीआरएफ का इस्तेमाल करना चाहते हैं क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के कारण प्रदेश में हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। हमें इसके लिए कानूनी प्रावधान की जरूरत है, इसलिए प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखा है। ठाकरे ने यह भी मांग की कि केंद्र बैंकों को चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में छोटे, मध्यम और अन्य व्यावसायिक उद्यमों की ऋण किस्तों के पुनर्भुगतान को बिना कोई ब्याज लिए स्थगित करने के लिए कहे। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि बुधवार को महाराष्ट्र में कोविड-19 के 58,952 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 35,78,160 पहुंच गई जबकि 278 और मरीजों के महामारी से जान गंवाने के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 58,804 हो गया है।

## कोविड-19 को प्राकृतिक आपदा माना जाए, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री का केंद्र से अनुरोध

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार को एक पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वह कोविड-19 को प्राकृतिक आपदा माने जिससे सरकार राज्य प्राकृतिक आपदा कोष (एसडीआरएफ) का उपयोग प्रभावित लोगों को आर्थिक सहायता देने में करे। एक सरकारी अधिकारी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन अधिनियम का गठन केंद्रीय आपदा प्रबंधन कानून के हिस्से के तौर पर किया गया था, इसलिए महामारी प्रभावित लोगों की मदद के लिए एसडीआरएफ के उपयोग को लेकर राज्य को केंद्र सरकार की मंजूरी की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने केंद्र को बुधवार को यह पत्र मंजूरी के लिए लिखा था। फिलहाल बाढ़, आकाशीय बिजली गिरने की घटनाओं, भारी बारिश के जहां जान-माल का नुकसान हुआ हो, प्राकृतिक आपदा की श्रेणी में आते हैं और प्रभावित लोगों को आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कराया जाता है। अधिकारी ने कहा, मुख्यमंत्री ऐसे ही उद्देश्यों के लिए एसडीआरएफ का इस्तेमाल करना चाहते हैं क्योंकि कोरोना वायरस महामारी के कारण प्रदेश में हजारों लोगों की आजीविका प्रभावित हुई है। हमें इसके लिए कानूनी प्रावधान की जरूरत है, इसलिए प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखा है। प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि बुधवार को महाराष्ट्र में कोविड-19 के 58952 नए मामले सामने आए हैं जिससे संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 35,78,160 पहुंच गई जबकि 278 और मरीजों के महामारी से जान गंवाने के बाद मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 58,804 हो गया है।

## गिलानी के बारे में फर्जी सूचना फैलाने वाले अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

भाषा। श्रीनगर

**जम्मू कश्मीर** के अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी के बारे में फर्जी सूचना सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में जम्मू कश्मीर की बडगाम जिला पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ गैर कानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। एक ट्वीटर खाते पर एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई थी जिसमें अलगाववादी नेता ने बच्चों की हत्या और धार्मिक स्थलों के अपमान के खिलाफ कथित रूप से आम बंद का आह्वान किया था। इस ट्वीटर हैंडल के बारे में दावा किया गया कि यह गिलानी का आधिकारिक ट्वीटर खाता है।

गिलानी द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रेस विज्ञप्ति में पिछले शुक्रवार से चार मुठभेड़ों में मारे गए 12 आतंकवादियों का हवाला दिया गया था। इनमें से एक मुठभेड़ मस्जिद में हुई थी जिससे इस अभियान में मस्जिद को भारी क्षति पहुंची थी। बडगाम पुलिस के एक प्रवक्ता ने ट्वीट किया, सैयद अली शाह गिलानी के पारिवारिक सूत्रों के अनुसार यह ट्वीट फर्जी है और पाकिस्तान से किसी ने यह जारी किया है। हिंसा भड़काने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से जिन लोगों ने इसे प्रसारित किया है पुलिस उनके खिलाफ कार्वाई कर रही है। इस बीच कश्मीर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक विजय कमार ने लोगों से कहा है कि सोशल मीडिया अफवाह पर ध्यान नहीं दें।



पटना में आईजीआईएमएस में कोविड-19 वैक्सीन की दूसरी खुराक लगवाते बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## केरल में एसएफआई के छात्र कार्यकर्ता की चाकू मार कर हत्या कर दी गयी

भाषा। अलप्पुझा

**जिले के** पास पदायनीवट्टोम में बुधवार की रात मंदिर उत्सव के दौरान 15 साल के एक लड़के की चाकू मार कर कथित तौर पर हत्या कर दी गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। परिवार के सूत्रों ने बताया कि स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के छात्र कार्यकर्ता, अभिमन्यु की विशु की रात करीब 10 बजे चाकू मार कर कथित तौर पर आरएसएस सदस्यों ने हत्या कर दी। पुलिस ने पीटीआई-भाषा को बताया, हमने मामले में आरोपी, स्थानीय निवासी सजय दत्त के भाई और पिता को हिरासत में लेकर पूछताछ की है। आरोपी को अभी नहीं पकड़ा जा सका है, उसकी तलाश जारी है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने 10वीं के छात्र, अभिमन्यु की हत्या के खिलाफ विरोध प्रदर्शित करने के लिए वल्लीकुन्नम इलाके में हड़ताल बुलाई है। वह राज्य में जारी 10वीं की परीक्षा में शामिल होने वाला था। परिवार के करीबी सूत्रों ने बताया कि हमलावर उसके बड़े भाई, डीवाईएफआई कार्यकर्ता की तलाश में आए थे लेकिन अभिमन्यु पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। अभिमन्यु के पिता अंबिली कुमार ने कहा, वह मेरा दूसरा बेटा है। उसकी मां की एक साल पहले मौत हो गई थी। वह महज 15 साल का था। वह स्कूल में एसएफआई का कार्यकर्ता हो सकता है क्योंकि वह एक वामपंथी परिवार से था। मुझे समझ नहीं आता कि उसकी हत्या क्यों की गई। चरूमूद इलाके के माकपा के सचिव बी इनु ने मीडिया से कहा कि यह सोच समझकर की गई हत्या है। उन्होंने कहा, वह एसएफआई कार्यकर्ता था। यह भाजपा और आरएसएस द्वारा सोच समझकर की गई हत्या है। इस बीच, भाजपा ने सभी आरोपों से इनकार किया है और कहा है कि वह किसी भी तरह हत्या से जुड़ी नहीं है।

## क्विक न्यूज

### भारतीय सेना ने गलती से एलओसी पार चले आए नागरिक को पाकिस्तान भेजा

**जम्मू।** भारतीय सेना के अधिकारियों ने बताया कि गलती से नियंत्रण रेखा (एलओसी) पार कर भारत की तरफ चले आए शख्स को मानवीय आधार पर बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) वापस भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि भारतीय सेना ने गुलाम कादिर को जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में पुंछ-रावलकोट पार केंद्र पर पीओके में अधिकारियों को सौंप दिया। अधिकारियों ने कहा कि पीओके के निकिअल इलाके के घिम गांव के निवासी कादिर को नियंत्रण रेखा पर बने पार बिंदु (क्रॉसिंग प्वॉइंट) पर बृहस्पतिवार को 11 बजकर 55 मिनट पर अधिकारियों को सौपा गया। उन्होंने बताया कि गलती से 11 अप्रैल को भारत में घुस आए कादिर को मानवीय आधार पर वापस भेजा गया।

### पित्ताशय की सर्जरी के बाद शरद पवार को अस्पताल से छुट्टी दी गई

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार को ब्रीच कैंडी अस्पताल में पित्ताशय की सर्जरी के बाद बृहस्पतिवार को छुट्टी दे दी गई। पार्टी के प्रवक्ता नवाब मलिक ने यह जानकारी दी। पवार (80) की सोमवार को लैप्रोस्कोपिक सर्जरी की गई थी। मलिक ने बताया, पवार को कुछ समय पहले अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने कहा कि पवार कुछ दिन घर पर विश्राम करेंगे। इससे पहले 30 मार्च को राकांपा अध्यक्ष की पित्त वाहिका से एक पथरी निकालने के लिए अस्पताल मे आपातकालीन एंडोस्कोपी की गई थी। पवार की पार्टी महाराष्ट्र में शिवसेना और कांग्रेस के साथ गठबंधन सरकार मे शामिल है।

### निर्यात न किए गए रेमडेसिविर इंजेक्शनों के इस्तेमाल की अनुमति दी जाए : टोपे ने केंद्र से कहा

**मुंबई।** महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री राजेश टोपे ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने केंद्र से अनुरोध किया है कि प्रतिबंध के बाद विदेशो को न भेजे गए रेमडेसिविर इंजेक्शनो के भंडार को घरेलू बाजार मे वितरित करने की अनुमति दी जानी चाहिए जिससे कि दवा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतराल को पाटा जा सके। कोविड-19 के मामलो मे अचानक वृद्धि के चलते भारत ने रेमडेसिविर इंजेक्शनो के निर्यात पर रविवार को प्रतिबंध लगा दिया था और कहा था कि देश मे स्थिति सुधरने तक यह प्रतिबंध जारी रहेगा। रेमडेसिविर कोविड-19 के गंभीर रोगियो के इलाज के लिए अन्वेषणात्मक पद्धति के रूप मे सूचीबद्ध है। टोपे ने यहां संवाददाताओं से कहा, हमने केंद्र से अनुरोध किया है कि रेमडेसिविर के जिस भंडार का निर्यात किया जाना था, उसे घरेलू बाजार मे वितरित करने की अनुमति दी जानी चाहिए। इससे दवा की मांग और आपूर्ति के बीच अंतराल को भरा जा सकेगा। मंत्री ने कहा कि उन्होने कोविड-19 के रोगियो के उपचार मे लगे सभी डॉक्टरो से विवेकपूर्ण ढंग से रेमडेसिविर का इस्तेमाल करने को कहा है।

### कर्नाटक के मंत्री ने रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वालों को सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी

**हुमनाबाद (कर्नाटक)।** कोविड-19 के इलाज के लिए महत्वपूर्ण इंजेक्शन रेमडेसिविर की कालाबाजारी की खबरो पर कर्नाटक के गृह मंत्री बासवराज बोम्मई ने बृहस्पतिवार को इस दवा की कृत्रिम कमी पैदा करने वालो के खिलाफ सख्त कार्वाई की चेतावनी दी। उन्होंने संवाददाताओ से कहा, कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री पहले ही कह चुके है कि रेमडेसिविर इंजेक्शन की राज्य मे कोई कमी नही है, लेकिन राज्य मे इसकी झूठी कमी पैदा की जा रही है। बोम्मई ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि अत्यधिक कीमतों पर यह इंजेक्शन बेची जा रही है। उन्होंने कहा, सरकार ने इस विषय को गंभीरता से लिया है और इस दवा की कृत्रिम कमी पैदा कर रहे और इसकी कालाबाजारी कर रहे लोगो के खिलाफ सख्त कार्वाई की जाएगी। गृह मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य मे कोविड-19 के टीको की कोई कमी नही है।

## कोरोना संक्रमित कांग्रेस प्रत्याशी की कोलकाता के अस्पताल में मौत

**कोलकाता।** कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने के बाद यहां एक अस्पताल में भर्ती कराए गए कांग्रेस प्रत्याशी रिजाउल हक की बृहस्पतिवार सुबह मौत हो गई। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों ने यह जानकारी दी। मुर्शिदाबाद जिले की शमशेरगंज विधानसभा सीट से उम्मीदवार हक (46) को सांस लेने में तकलीफ के बाद बुधवार को पहले तो जांगीपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात में हालत बिगड़ने के बाद उन्हें कोलकाता के अस्पताल में रेफर कर दिया गया। सूत्रों ने बताया कि आज सुबह पांच बजे के आस-पास उन्होंने दम तोड़ दिया।

## भाजपा विधायक ने उठाया मप्र में ऑक्सीजन की कमी का मुद्दा

भाषा। भोपाल

**भाजपा के** वरिष्ठ विधायक अजय विश्नोई ने कोविड-19 महामारी के बीच मध्य प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का इस ओर ध्यान आकर्षित किया और राज्य में इसका उचित इस्तेमाल करने को कहा। इसक साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि कोविड-19 की लड़ाई में राज्य सरकार नौकरशाहों को तरजीह दे रही है। विश्नोई ने ट्वीट किया, मध्य प्रदेश में ऑक्सीजन की कमी है, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जी। कृपया ध्यान दें। अप्रैल के प्रथम सप्ताह में महाराष्ट्र में 50,000 मरीज थे और ऑक्सीजन 457 मीट्रिक टन खर्च हुआ। वहीं, मध्यप्रदेश में 5,000 मरीजों पर 732 मीट्रिक टन ऑक्सीजन खर्च क्यों हुआ?

विश्नोई (68) प्रदेश के पूर्व मंत्री रह चुके हैं और वह चौथी बार विधायक हैं। उनसे इस बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि जीवन रक्षक ऑक्सीजन की बर्बादी को मध्य प्रदेश में रोका जाना चाहिए। जबलपुर जिले के पाटन विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधित्व एवं खुद भी अस्पताल चलाने वाले विश्नोई ने दावा किया कि ऑक्सीजन की बर्बादी हो रही है और जब मरीज खाना खा रहा होता है, उस वक्त भी ऑक्सीजन को बंद नहीं किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण को रोकने के लिए मध्य प्रदेश में जनप्रतिनिधियों को भी विश्वास में लिया जाना चाहिए। विश्नोई ने आरोप लगाया कि कोविड-19 की लड़ाई में राज्य सरकार नौकरशाहों को तरजीह दे रही है और जमीनी स्तर से जुड़े लोगों की अनदेखी कर रही है। उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कोरोना वायरस की जमीनी हकीकत को जानने के लिए सप्ताह में कम से कम एक बार जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करनी चाहिए, ताकि इससे लड़ने का उचित समाधान निकाला जा सके।

## विवादित बयान के लिए दिलीप घोष के प्रचार करने पर 24 घंटे की पाबंदी

भाषा। नई दिल्ली

**निर्वाचन आयोग** ने भाजपा के पश्चिम बंगाल अध्यक्ष दिलीप घोष के विवादास्पद बयान के लिए उनके प्रचार करने पर 24 घंटे की पाबंदी लगा दी। घोष ने कहा था कि कई जगहों पर सीतलकूची जैसी घटनाएं होंगी। आदेश में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने घोष को कड़ी चेतावनी दी है और उन्हें आदर्श आचार संहिता लागू होने के दौरान सार्वजनिक टिप्पणी करते समय इस तरह के बयान देने से परहेज करने की सलाह दी। पश्चिम बंगाल में चौथे चरण के चुनाव के दौरान सीतलकूची विधानसभा सीट पर सीआईएसएफ कर्मी की गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी। अधिकारियों ने कहा था कि स्थानीय लोगों के हमले के बाद जवानों ने गोलीबारी की थी। पाबंदी 15 अप्रैल के शाम सात बजे से 16 अप्रैल के शाम सात बजे तक प्रभावी होगी। इस दौरान घोष प्रचार नहीं कर पाएंगे। आदेश में कहा गया कि घोष ने काफी भड़काऊ टिप्पणी की जिससे कानून-व्यवस्था पर गंभीर असर पड़ सकता है और इससे चुनाव प्रक्रिया प्रभावित हो सकती है। आयोग ने मंगलवार को घोष के कथित बयान के लिए उन्हें नोटिस जारी किया था। सीतलकूची में मतदान के दौरान केंद्रीय बलों की गोलीबारी में चार लोगों की मौत के बाद घोष ने यह टिप्पणी की थी। तृणमूल कांग्रेस ने घोष के बयान के खिलाफ निर्वाचन आयोग का रुख किया था। नोटिस में घोष की कथित टिप्पणी का जिक्र किया गया है, अगर कोई हद पार करेगा तो आपने सीतलकूची में देख लिया कि क्या हुआ। कई जगहों पर सीतलकूची जैसी घटना होगी। नोटिस के जवाब में घोष ने कहा, पश्चिम बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा की घटनाएं हुई है। घोष ने अपने जवाब में आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस के नेताओं द्वारा डर और खौफ का माहौल बनाया गया है जिससे पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव की प्रक्रिया बाधित हुई है। घोष ने कहा कि पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष होने के नाते उनका फर्ज है कि वह अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ खड़ा रहें और मतदाताओं को बेखौफ होकर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। साथ ही कहा कि आचार संहिता, निर्वाचन कानून या भारतीय दंड संहिता की अवज्ञा वाला बयान देने की कभी उनकी मंशा नहीं थी। घोष ने आयोग से कहा कि वह गड़बड़ी पैदा करने वाले और कानून-व्यवस्था पर नकारात्मक असर डालने वाले बदमाशों और असमाजिक तत्वों को नसीहत देना चाहते थे।

## गत्ते के पलंग से तैयार हो रहा 7,000 बिस्तरों का कोविड देखभाल केंद्र

भाषा। इंदौर



**कोविड-19** की दूसरी लहर के घातक प्रकोप के बीच यहां प्रशासन 7,000 बिस्तरों की क्षमता वाला कोविड देखभाल केंद्र शुरू करने में जुटा है। खास बात यह है कि यह केंद्र गत्ते के उन पलंगों (बिस्तरों) से तैयार किया जा रहा है, जिन्हें इस्तेमाल के बाद आसानी से नष्ट किया जा सकता है। जिलाधिकारी मनीष सिंह ने बृहस्पतिवार को संवाददाताओं को बताया कि खंडवा रोड के एक सामुदायिक सत्संग परिसर में गत्ते से बने पलंगों से कोविड देखभाल केंद्र तैयार किया जा रहा है। उन्होंने बताया, "हालांकि, पहले चरण में यह केंद्र 500 बिस्तरों के साथ शुरू होगा। लेकिन जरूरत पड़ने पर इसमें बिस्तरों की तादाद बढ़ाकर 7,000 की जा सकती है। अधिकारियों ने बताया कि कोविड देखभाल केंद्र में खासकर बिना लक्षण वाले उन मरीजों को संक्रमणमुक्त होने तक रखा जाएगा जिनके घर छोटे होने के कारण वे पृथक-वास में नहीं रह सकते। उन्होंने बताया कि कोविड देखभाल केंद्र में मरीजों को कमोबेश वैसी ही चिकित्सा और नर्सिंग सुविधाएं मिलेंगी जो किसी अस्पताल में मिलती हैं। गौरतलब है कि इंदौर, राज्य में कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित जिला है जो संक्रमितों की तादाद में भारी वृद्धि के चलते इन दिनों अस्पतालों में बिस्तरों, मेडिकल ऑक्सीजन, रेमडेसिविर दवा और अन्य जरूरी संसाधनों की कमी से जूझ रहा है। इस बीच, परोपकार के लिए मशहूर फिल्म अभिनेता सोनू सूद इंदौर की मदद के लिए आगे आए हैं। सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को वायरल वीडियो में सूद कहते सुनाई पड़ रहे हैं कि वह शहर के संक्रमितों के लिए 10 ऑक्सीजन जेनरेटर भेज रहे हैं। यह मशीन हवा से खुद ही ऑक्सीजन अलग कर लेती है। अधिकारियों ने बताया कि इंदौर जिले में 24 मार्च 2020 से लेकर अब तक महामारी के कुल 84,290 मरीज मिले हैं। इनमें से 1,023 लोगों की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है।

## कोरोना वायरस से संक्रमित महानिर्वाणी अखाड़े के महामंडलेश्वर का निधन

**देहरादून।** देहरादून के एक निजी अस्पताल में मध्य प्रदेश के महानिर्वाणी अखाड़े से जुड़े महामंडलेश्वर कपिल देव का निधन हो गया। उन्हें कोविड-19 के उपचार के लिए भर्ती किया गया था। देहरादून की शहर पुलिस अधीक्षक सरिता डोभाल ने बताया कि महामंडलेश्वर का 13 अप्रैल को निधन हो गया। हरिद्वार के सीएमओ शम्भू कुमार झा ने बताया कि महामंडलेश्वर मध्य प्रदेश से महाकुंभ मेले में शाही स्नान करने के लिए हरिद्वार आए थे।

## पूर्वी लद्दाख में मुंहतोड़ जवाब देने के लिए राजनाथ सिंह ने वायुसेना को बधाई दी

भाषा। नई दिल्ली

**रक्षा मंत्री** राजनाथ सिंह ने भारत और चीन के बीच सैन्य गतिरोध के संदर्भ में बृहस्पतिवार को पूर्वी लद्दाख में अचानक हुए घटनाक्रमों का समय पर और मुंहतोड़ जवाब सुनिश्चित करने के लिए बृहस्पतिवार को भारतीय वायुसेना की प्रशंसा की। अधिकारियों ने बताया कि सिंह ने वायुसेना के शीर्ष कमांडरों के साथ बातचीत में उन्हें भविष्य की चुनौतियों से निपटने के वास्ते लड़ाकू क्षमताओं को बढ़ाने के लिए दीर्घकालिक योजनाएं और रणनीतियां बनाने की सलाह भी दी। यह उल्लेख करते हुए कि युद्ध के बदलते आयामों में अब आधुनिक प्रौद्योगिकियां, विषम क्षमताएं औ सूचना प्रभुत्व जैसी चीजें शामिल होंगी, रक्षा मंत्री ने कहा कि यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि वायुसेना की भविष्य की तैयारियों में ए पहलू शामिल हों। रक्षा मंत्री ने दिल्ली में वायुसेना मुख्यालय में कमांडरों के छमाही सम्मेलन का उद्घाटन किया जो तीन दिन तक चलेगा। सम्मेलन में आज पहले दिन बृहस्पतिवार को



वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएससी) सहित भारत के समक्ष विभिन्न सुरक्षा चुनौतियों की समग्र समीक्षा शुरू हुई। वायुसेना ने ब्योरा दिए बिना एक बयान में कहा, रक्षा मंत्री ने पूर्वी लद्दाख में अचानक हुए घटनाक्रमों का समय पर और मुंहतोड़ जवाब देने के लिए भारतीय वायुसेना को बधाई दी। सूत्रों ने बताया कि सिंह ने इस अवसर पर युद्ध जैसी स्थितियों के लिए हर समय तैयार रहने तथा भविष्य की चुनौतियों से निपटने जैसे दृढ़ इरादों के लिए वायुसेना की प्रशंसा की। सम्मेलन में कमांडर देश के समक्ष भविष्य की चुनौतियों को ध्यान में रखकर भारतीय वायुसेना की क्षमताओं को और बढ़ाने संबंधी रणनीतियों तथा नीतियों पर भी चर्चा करेंगे। इस सम्मेलन में भारतीय वायुसेना की सभी कमानों के प्रमुख, सभी प्रधान स्टाफ अधिकारी और दिल्ली में वायुसेना मुख्यालय में तैनात सभी महानिदेशक भाग ले रहे हैं।

## कोविड-19 से निपटने के लिए दीर्घकालिक प्रबंधों की जरूरत है : नितिन गडकरी

भाषा। नागपुर



**केंद्रीय मंत्री** नितिन गडकरी ने देश में कोविड-19 की स्थिति को अत्यंत गंभीर करार देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि महामारी से निपटने के लिए दीर्घकालिक प्रबंधों की जरूरत है। गडकरी ने यहां राष्ट्रीय कैंसर केंद्र में 100 बिस्तर के निजी कोविड-19 देखभाल केंद्र का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। इस अवसर पर भाजपा नेता एवं महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस भी मौजूद थे। गडकरी ने महामारी से निपटने के लिए दीर्घकालिक प्रबंधों की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा, स्थिति अत्यंत गंभीर है और कोई नहीं जानता कि यह कब तक रहेगी। लोगों को सर्वश्रेष्ठ के लिए सोचना चाहिए, लेकिन सबसे खराब के लिए तैयार रहना चाहिए। नागपुर से सांसद गडकरी ने भिलाई से यहां के अस्पतालों के लिए 40 टन ऑक्सीजन की आपूर्ति के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एम्स नागपुर में 300 बिस्तर और जोड़े जा रहे हैं तथा अस्पताल के लिए विशाखापत्तनम से ऑक्सीजन की आपूर्ति हो रही है। गडकरी ने विशाखापत्तनम के मेडिकल डिवाइसेज पार्क से एक हजार वेंटिलेटर जुटाए जाने के बारे में भी जानकारी दी जो नागपुर के अस्पतालों को उपलब्ध कराए जाएंगे। रेमडेसिविर की कमी के बारे में गडकरी ने कहा कि देश में केवल चार दवा कंपनियों के पास ही कोविड-19 रोधी इस दवा का निर्माण करने का लाइसेंस है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बुधवार को इस दवा के निर्माण के लिए आठ और कंपनियों को अनुमति दे दी जिससे रेमडेसिविर की कमी का समाधान हो जाएगा। फडणवीस ने कहा कि नागपुर में बड़ी संख्या में महामारी के मामले सामने आ रहे हैं जिससे अस्पतालों में बिस्तरों, दवाओं और ऑक्सीजन के भंडार की कमी हो गई है।

## नकली रेमडेसिविर बेचने के संदेह में एक व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, 400 शीशियां बरामद

भाषा। इंदौर (मप्र)

**नकली रेमडेसिविर** बेचने के संदेह में पुलिस ने इंदौर में दवा कारोबार से जुड़े एक व्यक्ति को बृहस्पतिवार को हिरासत में लिया और उसके कब्जे से इस दवा का लेबल लगी 400 शीशियां बरामद कीं। पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) मनीष कपूरिया ने संवाददाताओं को बताया कि रेमडेसिविर की कालाबाजारी को लेकर मुखबिर से मिली सूचना पर हिरासत में लिए गए व्यक्ति की पहचान विनय त्रिवेदी के रूप में हुई है।

कपूरिया ने बताया कि इस व्यक्ति के कब्जे से 16 पैकेट मिले जिनमें से प्रत्एक में संदिग्ध दवा की 25 शीशियां थीं। इन शीशियों पर रेमडेसिविर का लेबल लगा था। उन्होंने बताया कि शुरुआती पूछताछ में त्रिवेदी ने दावा किया कि वह हिमाचल प्रदेश के किसी संयंत्र से संदिग्ध दवा लाया है। लेकिन वह इस बारे में कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। उन्होंने बताया, हम त्रिवेदी के कब्जे से मिली संदिग्ध दवा के नमूने की प्रयोगशाला में जांच कराएंगे। लेकिन एक औषधि निरीक्षक ने पहली नजर में इसके रेमडेसिविर होने पर संदेह जताया है। डीआईजी ने बताया कि त्रिवेदी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जा रहा है। मामले की विस्तृत जांच कर पता लगाया जाएगा कि वह संदिग्ध रेमडेसिविर की खेप कहां से लाया था और क्या उसने इसे स्थानीय स्तर पर बेचा है? इस बीच, पुलिस की अपराध निरोधक शाखा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गुरुप्रसाद पाराशर ने बताया कि त्रिवेदी दवा कारोबार से जुड़ा है।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 16 अप्रैल, 2021



## जनरल बिपिन रावत ने चीन के साथ गतिरोध पर कहा

# भारत किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत उत्तरी सीमाओं पर यथास्थिति को बदलने के प्रयासों को रोकने के क्रम में मजबूती से खड़ा रहा और साबित कर दिया कि वह किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा।

जनरल रावत ने यहां रायसीना संवाद में अपने संबोधन में कहा कि चीन ने सोचा कि वह थोड़ी सी ताकत दिखाकर अपनी मांगें मनवाने के लिए राष्ट्रों को विवश करने में सफल रहेगा क्योंकि उसके पास प्रौद्योगिकीय लाभ की वजह से श्रेष्ठ सशस्त्र बल हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि भारत उत्तरी सीमाओं पर मजबूती से खड़ा रहा और हमने साबित कर दिया कि हम झुकेंगे नहीं। सीडीएस ने कहा कि क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने के प्रयासों को रोकने में मजबूती से खड़ा होकर भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा। रावत ने कहा, उन्होंने (चीन) यह सुनिश्चित करने की कोशिश की कि वे शक्ति का इस्तेमाल किए बिना विध्वंसक प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल कर यथास्थिति को बदल देंगे...उन्होंने सोचा कि भारत, एक राष्ट्र के रूप में, उनके द्वारा बनाए जा रहे दबाव के आगे झुक जाएगा क्योंकि उनके पास प्रौद्योगिकीय लाभ हैं। जनरल रावत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय यह कहने के लिए भारत का सहयोग करने आ गया कि हां एक अंतरराष्ट्रीय नियम आधारित व्यवस्था है जिसका हर देश को पालन करना चाहिए। यह वह चीज है जो हम हासिल करने में सफल रहे हैं। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में कई क्षेत्रों में पिछले साल मई के शुरू से सैन्य गतिरोध बना हुआ है जिससे द्विपक्षीय संबंध बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। सिलसिलेवार कूटनीतिक और सैन्य वार्ताओं के बाद भारत और चीन ने गत फरवरी में पैंगोंग झील के उत्तरी और दक्षिणी छोर क्षेत्रों से अपने-अपने सैनिकों की वापसी की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। दोनों पक्ष अब अन्य क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी के लिए बात कर रहे हैं। जनरल रावत ने कहा, उन्होंने (चीन) सोचा कि वे आ गए हैं क्योंकि उनके पास प्रौद्योगिकी लाभ की वजह से एक श्रेष्ठ सशस्त्र बल है। रावत ने कहा, वे (चीन) विध्वंसक प्रौद्योगिकी बनाने में सफल रहे हैं जो प्रतिद्वंद्वी की प्रणालियों को पंगु बना सकती है और इसीलिए उन्हें लगता है कि वे थोड़ी सी ताकत दिखाकर अपनी मांगें मनवाने के लिए राष्ट्रों को विवश करने में सफल हो सकते हैं। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण का जिक्र करते हुए रावत ने कहा कि अमेरिका के एफ-35 विमान अत्याधुनिक विमान हैं, लेकिन वह पक्के तौर पर नहीं कह सकते कि भारत के साथ अमेरिका इसकी प्रौद्योगिकी साझा करेगा।



मालदा में विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी उम्मीदवार के समर्थन में रोड शो के दौरान केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी

## गगनयान मिशन में सहयोग के लिए बेंगलुरु में करार

# भारत-फ्रांस ने समझौते पर किए हस्ताक्षर

**भाषा।** नई दिल्ली, बेंगलुरु

**भारत** के पहले मानवयुक्त अंतरिक्ष मिशन गगनयान में सहयोग के लिए इसरो और फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी ने बृहस्पतिवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इसरो के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र (एचएसएफसी) और फ्रांस की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी सीएनईएस के बीच मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, विशेषकर अंतरिक्ष औषधि के क्षेत्र में विशेषज्ञता साझा करने संबंधी यह समझौता बेंगलुरु में हुआ। समझौते की घोषणा भारत यात्रा पर आए फ्रांस के विदेश मंत्री ज्यां इव लि द्रीयां के भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के बेंगलुरु स्थित मुख्यालय के दौरे के दौरान की गई। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी ने एक बयान में कहा कि द्रीयां ने इस दौरान भारतीय अंतरिक्ष विभाग के सचिव एवं इसरो के अध्यक्ष के. सिवन और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। इसने कहा कि मंत्री को भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम की गाथा तथा उपलब्धियों और हाल में भारत सरकार द्वारा घोषित किए गए अंतरिक्ष सुधारों के बारे में जानकारी दी गई। मंत्री ने अपने प्रतिनिधिमंडल के साथ एचएसएफसी का दौरा भी किया जहां उन्हें पूर्ण आकार के क्रू मॉड्यूल सहित गगनयान के विवरण से अवगत कराया गया। बयान में कहा गया कि मंत्री के साथ भारत में फ्रांस के राजदूत एवं वाणिज्य महादूत तथा अन्य अधिकारी भी थे। इसरो ने फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी सेंटर नेशनल डी इट्यूड्स स्पेतियल्स (सीएनईएस) से गगनयान मिशन में मदद करने और इस कार्य में इसके एकल यूरोपीय सहयोगी के रूप में सेवा देने को कहा है। फ्रांस की अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि समझौते के तहत सीएनईएस भारत के फ्लाइट फिजीशियन और सीएपीसीओएम मिशन नियंत्रण टीमों को सूक्ष्म गुरुत्वाकर्षण एप्लीकेशन्स के विकास के लिए फ्रांस में सीएडीएमओएस केंद्र में तथा अंतरिक्ष अभियानों के लिए सीएनईएस के ताउलेस अंतरिक्ष केंद्र में तथा जर्मनी के कोलोग्ने स्थित यूरोपीय अंतरिक्षयात्री केंद्र (ईएसी) में प्रशिक्षण देगा। समझौते के तहत सीएनईएस, इस मिशन के दौरान वैज्ञानिक प्रयोग योजना के क्रियान्वयन, भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों द्वारा फ्रांसीसी उपकरणों, उपभोज्य वस्तुओं और चिकित्सा उपकरणों का इस्तेमाल किए जाने जैसी चीजों में सहयोग करेगा। सीएनईएस द्वारा विकसित फ्रांसीसी उपकरण परीक्षणों में खरे उतर चुके हैं और ए अब भी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष केंद्र (आईएसएस) में काम कर रहे हैं तथा ए भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों के काम आएंगे। इसने कहा कि सीएनईएस फ्रांस निर्मित अग्निरोधी बैग भी उपलबध कराएगा।

# जजों के खिलाफ कुछ आरोप झूठे निकले: सुप्रीम कोर्ट

**भाषा।** नई दिल्ली

## शीर्ष न्यायालय ने कहा, अगर सुरक्षा नहीं हो तो आप किसी न्यायाधीश को आसानी से बाहर कर सकते हैं

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशों के खिलाफ लगाए गए कुछ आरोप इतने झूठे निकले हैं कि अगर कार्यकाल के दौरान संरक्षण प्राप्त नहीं हो तो आसानी से उन्हें बाहर निकाला जा सकता है। शीर्ष अदालत ने लंबित मामलों का बोझ कम करने के लिए उच्च न्यायालयों में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए दो या ज्यादा वर्षों के निर्धारित कार्यकाल की पैरवी की। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने कहा, न्यायाधीशों के पद को सुरक्षित करना होगा। मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमने न्यायाधीशों के खिलाफ लगाए गए आरोप देखे हैं जो झूठे निकले। हां, हैरान करने वाली बात है कि उनमें से कुछ आरोप पूरी तरह झूठे थे। अगर सुरक्षा नहीं हो तो आप किसी न्यायाधीश को आसानी से बाहर कर सकते हैं। तदर्थ न्यायाधीशों



के लिए कार्यकाल में सुरक्षा होनी चाहिए। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सूर्य कांत भी थे। पीठ गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) लोक प्रहरी द्वारा दाखिल याचिका पर तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर दलीलें सुन रही थी। एनजीओ ने लंबित मामलों का बोझ घटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 224 ए के तहत उच्च न्यायालयों में अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति का अनुरोध किया है। न्यायालय ने इस याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए कहा कि इस पर निर्णय बाद में सुनाया जाएगा। संविधान का अनुच्छेद 224 ए कहता है, किसी भी राज्य के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से अदालत के किसी न्यायाधीश या किसी अन्य उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को उस राज्य के उच्च न्यायालय में न्यायाधीश के तौर पर काम करने के लिए कह सकते हैं। न्यायमूर्ति कौल ने कहा कि वह प्रधान न्यायाधीश की राय से सहमति रखते हैं कि जब भी न्यायाधीशों की नियुक्ति होती है, ओछी शिकायतें की जाती है और अदालत तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की समूची व्यवस्था को सवालिया घेरे में नहीं ला सकती। पीठ ने कहा, तदर्थ न्यायाधीश कमजोर निशाना नहीं हो सकते। शीर्ष अदालत ने मामले में वरिष्ठ अधिवक्ता विकास सिंह और कुछ अन्य वकीलों की उन दलीलों को भी खारिज कर दिया कि कई पूर्व न्यायाधीश पद संभालने के लिए इच्छुक नहीं होंगे क्योंकि मध्यस्थता जैसे आकर्षक क्षेत्रों में उनकी ज्यादा दिलचस्पी हो सकती है। पीठ ने कहा, हमें लगता है कि यह फैसला पूर्व न्यायाधीशों पर ही छोड़ देना चाहिए। हम उनपर फैसला नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश तदर्थ न्यायाधीश के तौर पर नियुक्ति के पहले निश्चित तौर पर अवकाशप्राप्त न्यायाधीशों के साथ चर्चा करेंगे। अगर अवकाशप्राप्त न्यायाधीशों को लगेगा कि उनके लिए कुछ और बेहतर अवसर हैं तो वे नियुक्ति को ना कह सकते हैं। उच्चतम न्यायालय ने आठ अप्रैल को लंबित मामलों का बोझ घटाने के लिए उच्च न्यायालयों में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए व्यवस्था तय करने की हिमायत की थी।

## सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश एमआर शाह के स्टाफ के सभी सदस्य कोरोना वायरस से संक्रमित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति एम आर शाह ने बृहस्पतिवार को बताया कि उनके आधिकारिक आवास पर स्टाफ के सभी सदस्य कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और हालात भयावह हो रहे हैं। न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में शामिल रहे न्यायमूर्ति शाह ने इस बात की जानकारी दी और दोपहर के भोजन के निर्धारित समय से पहले ही उठ गए। दो बजे जब पीठ दोबारा बैठी तो न्यायमूर्ति से उनके आवास पर लोगों के हालचाल के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, भगवान का शुक्र है कि मैं ठीक हूं। मैं पूरी तरह ठीक हूं। हां, हालात भयावह होते जा रहे हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने, जिन मामलों की सुनवाई चल रही थी, उन्हें छोड़कर अन्य मामलों की सुनवाई स्थगित कर दी और कहा कि चूंकि शाह अपने आवास पर चीजों को संभालने में व्यस्त हैं, लिहाजा न्यायालय एक मामले पर सुनवाई करेगी।

# जलवायु परिवर्तन से निपटने संबंधी प्रौद्योगिकी पर भारत-अमेरिका मिलकर कर सकते हैं काम

**भाषा।** नई दिल्ली

**अमेरिकी** राष्ट्रपति जो. बाइडन के विशेष जलवायु दूत जॉन केरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने के वास्ते नए ईंधन और नई प्रौद्योगिकियां ढूंढ़ने के लिए भारत और अमेरिका मिलकर काम कर सकते हैं। उन्होंने यह उम्मीद भी जताई कि समूचे भारत में 2030 तक 450 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा की मौजूदगी की गति तेज करने के लिए दोनों देश एक भागीदारी करेंगे।

रायसीना संवाद के छठे संस्करण में केरी ने कहा कि पेरिस समझौते से जुड़ी जिम्मेदारियों और इससे भी अधिक दायित्व निभाने के वास्ते काम करने के लिए भारत में एक जोश है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने के लिए प्रतिबद्ध हैं। केरी ने कहा, मुझे लगता है कि नए ईंधन, नई प्रौद्योगिकयां... ढूंढ़ने के लिए हमारी कुछ पहलों को अंजाम देने के लिए दो महान लोकतंत्रों के पास मिलकर काम करने का अवसर है। बैठक में वर्चुअल रूप से शामिल हुए केरी ने कहा कि यदि भारत और अमेरिका मिलकर काम करते हैं तो यह आगे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। उन्होंने कहा कि 22 और 23 अप्रैल को राष्ट्रपति जो. बाइडन का आगामी वर्चुअल जलवायु सम्मेलन अमेरिका द्वारा कुछ साबित करने का प्रयास नहीं है।

केरी ने कहा, यह जानते हुए कि हम सात महीने बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक बड़ी वार्ता करने जा रहे हैं, राष्ट्रपति विश्वभर में देशों की उठती महत्वाकांक्षाओं की प्रक्रिया में मदद करना चाहते हैं और इस शिखर सम्मेलन का यही कारण है। बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित विश्व के 40 नेताओं को 22-23 अप्रैल को होने जा रहे वर्चुअल शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया है। भारत 2022 तक 175 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता तथा 2030 तक 450 गीगावाट की नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने के उद्देश्य के साथ सबसे बड़े नवीकरणीय ऊर्जा कार्यक्रमों में से एक पर काम कर रहा है।

# नंबी नारायणन ने न्यायालय के आदेश की सराहना की

**भाषा।** तिरुवनंतपुरम

**भारतीय** अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के पूर्व वैज्ञानिक नंबी नारायणन ने 1994 के जासूसी मामले में पुलिस अधिकारियों की भूमिका के संबंध में एक उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट सीबीआई को सौंपने तथा केंद्रीय जांच एजेंसी को मामले में आगे की जांच करने का निर्देश देने के उच्चतम न्यायालय के फैसले का बृहस्पतिवार को स्वागत किया।

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने जासूसी मामले में नारायणन को पूर्व में क्लीन चिट दे दी थी। पूर्व वैज्ञानिक ने यहां मीडिया से कहा कि केंद्रीय अन्वेषण एजेंसी के पड़ताल पूरी करने और उस रिपोर्ट (उच्चस्तरीय समिति की) के आधार पर कार्वाई होने के बाद न्याय हो जाएगा। उनकी टिप्पणी शीर्ष अदालत के आदेश के चंद घंटों के बाद आई। इससे पहले आज उच्चतम न्यायालय ने संबंधित मामले में दोषी पुलिस अधिकारियों की भूमिका पर उच्चस्तरीय समिति की रिपोर्ट सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया तथा एजेंसी को मामले में आगे और जांच करने का भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि सीबीआई समिति के निष्कर्षों को प्रारंभिक जांच का हिस्सा मान सकती है। न्यायालय ने एजेंसी को तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। नारायणन ने शीर्ष अदालत के आदेश पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा, मैं फैसले का स्वागत करता हूं...यह एक प्रगति हुई है। उन्होंने दोहराया कि उनके खिलाफ जासूसी का समूचा मामला गढ़ा गया था।

नारायणन ने कहा, यह एक गढ़ा गया अपराध था। सीबीआई की समापन रिपोर्ट में भी यह कहा गया था, तत्कालीन सीजेएम अदालत ने इसे स्वीकार किया था और यह 29 अप्रैल 1998 के उच्चतम न्यायालय के पहले निर्णय में भी रेखांकित किया गया था और फिर सितंबर 2018 के निर्णय में भी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भी यही कहा था और अब प्रयास यह पता करने का है कि मामला किसने गढ़ा था। इस बीच, भाजपा ने शीर्ष अदालत के फैसले का स्वागत किया और कहा कि सीबीआई जांच में कांग्रेस की गुटीय राजनीति का सच सामने आ जाएगा। केंद्रीय मंत्री वी मुरलीधरन ने एक ट्वीट में कहा, इसरो जासूसी मामला सीबीआई को सौंपने के माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश का स्वागत करता हूं। उम्मीद है कि इससे सामने आएगा कि केरल कांग्रेस की गुटीय राजनीति ने किस तरह राष्ट्रीय हितों को क्षति पहुंचाई और किस तरह देशभक्त वैज्ञानिक नंबी नारायणन जी का जीवन तबाह कर दिया। उल्लेखनीय है कि इस मामले में नारायणन को शीर्ष अदालत ने बरी करने के साथ ही 50 लाख रुपए का मुआवाजा भी दिलवाया था। केंद्र ने पांच अप्रैल को, शीर्ष अदालत का रुख कर समिति की रिपोर्ट पर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया था और इसे राष्ट्रीय मुद्दा बताया था। शीर्ष अदालत ने 14 सितंबर, 2018 को केरल सरकार को नारायणन को 50 लाख रुपए बतौर मुआवजा देने का निर्देश देने के साथ ही इस समिति की नियुक्ति की थी।

जासूसी का यह मामला 1994 का था जो दो वैज्ञानिकों और मालदीव की दो महिलाओं सहित चार अन्य द्वारा भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम पर कुछ गोपनीय दस्तावेजों को दूसरे देशों को दिए जाने के आरोपों से जुड़ा था। वैज्ञानिक नंबी नारायण को उस वक्त गिरफ्तार किया गया था जब केरल में कांग्रेस की सरकार थी। नारायणन उस समय इसरो में क्रायोजेनिक परियोजना के तत्कालीन निदेशक थे।

## केंद्र सरकार के कार्यक्रम की धीमी गति से हर्षवर्धन खफा

**नई दिल्ली।** देशी नस्ल की गायों पर केंद्र के कार्यक्रम की गति से नाखुश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन ने अधिकारियों को मिशन की प्रगति में तेजी लाने का निर्देश दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह तिमाही आधार पर कार्यक्रम की समीक्षा करेंगे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) दिल्ली के प्राध्यापक वीरेंद्र कुमार ने इस बारे में जानकारी दी। वह भारत में देशी नस्ल की गायों के पंचगव्य पर अनुसंधान संवर्द्धन के जरिए इसके वैज्ञानिक उपयोग कार्यक्रम के संयोजक हैं। उन्होंने बताया कि मंत्री ने मंगलवार को वीडियो के कांफ्रेंस माध्यम से एक बैठक की। कुमार ने बताया, एक संक्षिप्त नोटिस पर यह बैठक बुलाई गई थी। मंत्री इसकी (मिशन की) प्रगति को लेकर नाराज हैं। उन्होंने परियोजना का हिस्सा रहे अधिकारियों को भी बदल दिया और अन्य से मिशन का कार्य तेज गति से करने को कहा। उन्होंने बताया, मंत्री खुद तिमाही आधार पर प्रगति की समीक्षा करेंगे। गौरतलब है कि 2017 में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने गोमूत्र सहित अन्य पंचगव्य पर वैज्ञानिक वैधता वाले अनुसंधान के लिए एक समिति गठित की थी।

# न्यायालय ने केंद्र से कॉलेजियम के भेजे नामों को मंजूरी देने के लिए तर्कसंगत समयसीमा बताने को कहा

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बृहस्पतिवार को केंद्र से कहा कि वह उसे एक तर्कसंगत समयसीमा बताए जिसके अंदर वह शीर्ष अदालत के कॉलेजियम द्वारा न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए की गई सिफारिशों पर कार्वाई कर सकता है। सरकार ने कहा कि वह मेमोरेंडम ऑफ प्रोसीजर (एमओपी) में तय समयसीमा का पालन करेगी। सरकार ने नामों को मंजूरी देने में देरी के लिए सिफारिशें समय पर नहीं भेजने के मामले में उच्च न्यायालयों को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि इनमें से कई ने मौजूदा रिक्त पदों के संदर्भ में पिछले पांच साल में नाम नहीं भेजे हैं। शीर्ष अदालत ने संकेत दिया कि कॉलेजियम ने 10 नामों की सिफारिश की थी जो सरकार के पास डेढ़ साल से लंबित हैं और इन नामों को कब तक मंजूरी मिलने की उम्मीद की जा सकती है? अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार इन 10 नामों पर तीन महीने के अंदर फैसला करेगी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति संजय किशन कौल तथा न्यायमूर्ति सूर्यकांत की विशेष पीठ ने वेणुगोपाल से कहा, उच्च न्यायालयों का विषय आप हम पर छोड़िए। भारत के उच्चतम न्यायालय के तौर पर हम उच्च न्यायालयों को देख लेंगे और उनसे रिक्तियों से छह महीने पहले सिफारिश करने को कहेंगे। आप हमें तय तर्कसंगत समयसीमा क्यों नहीं बता सकते जिसमें आप कॉलेजियम द्वारा भेजे गए नामों पर कार्वाई कर सकते हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि सरकार एमओपी में तय समयसीमा का सख्ती से पालन करेगी। एमओपी में उच्च न्यायालय के कॉलेजियम, उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम और सरकार के लिए समयसीमा का उल्लेख होता है। उन्होंने कहा, एमओपी में प्रधानमंत्री के लिए कोई समयसीमा नहीं होती और प्रधानमंत्री कार्यालय से फाइल को मंजूरी मिलने के बाद उसे मंजूरी के लिए राष्ट्रपति को भेजा जाता है। जब पीठ ने पूछा कि क्या एमओपी में समयसीमा दी गई है तो वेणुगोपाल ने कहा, हां, 1998 के एमओपी में विभिन्न शाखाओं के लिए समयसीमा निर्धारित हैं।

# पेज 1 का शेष

## दो हजार...

किया कि ऑक्सीजन तथा रेमडेसिविर के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरन्तर समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 की टेस्टिंग की संख्या में निरन्तर वृद्धि की जाए। आरटीपीसीआर टेस्ट की संख्या को बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निजी लैब भी अपनी टेस्टिंग क्षमता का विस्तार करें। उन्होंने जनपदों में स्थापित इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर को सुचारु ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में निरन्तर स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य करें। निगरानी समितियों को पूरी सक्रियता से संचालित करें। कण्टेनमेण्ट जोन के प्राविधानों को सख्ती से लागू किया जाए। सरकारी तथा निजी कार्यालयों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कोविड हेल्प डेस्क संचालित रहनी चाहिए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के निर्देश दिये।

## सूबे में...

घंटे में कोरोना से संक्रमित 22,439 नये मामले आये है। प्रदेश में 1,29,848 कोरोना के एक्टिव मामले में से 66,528 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 2012 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विगत 24 घंटे में 4,222 तथा अब तक 6,27,032 लोग कोविड 19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।

## विदेशी टीके...

रोधी टीके के लिए नियामकीय निर्देश जारी किया। इसके मुताबिक, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने विस्तृत दिशा-निर्देश तैयार किया है जिसमें विदेश में मंजूर टीकों को लेकर जानकारी दी गयी है। सरकार ने 13 अप्रैल को यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए, पीडएमडीए जापान द्वारा मंजूर या डब्ल्यूएचओ में सूचीबद्ध कोविड-19 टीकों को अनुमति देने का फैसला किया था। मंत्रालय ने कहा कि इस फैसले से भारत में विदेशी टीकों की पहुंच हो सकेगी और थोक में दवा सामग्री को लेकर आयात तथा टीका निर्माण क्षमता को प्रोत्साहन मिलेगा और देश के भीतर टीके की उपलब्धता बढ़ेगी।

## मेरठ में...

बजे मिंटू ने अपने एक रिश्तेदार को एक ऑडियो संदेश भेजा था। इसमें वह यह कहते हुए सुने गए कि मैं किसी को मुंह दिखाने के लायक नहीं रहा। पुलिस निरीक्षक ने कहा कि भाजपा पार्षद मिंटू परिवार सहित कंकरखेड़ा के श्रद्धापुरी फेज-वन में रहते थे। उन्होंने कहा कि फॉरेंसिक टीम जांच कर रही है। घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। कंकरखेड़ा के हाइवे स्थित ब्लैक पेपर एक्सीडेंट रेस्त्रां पार्षद मिंटू का है। करीब तीन साल पहले रेस्त्रां में वर्दी पहने एक दरोगा अपनी अधिवक्ता महिला मित्र के साथ गए थे। जहां नशे में दरोगा और महिला मित्र ने स्टाफ के साथ बदसलूकी की थी। इस दौरान, मिंटू ने बीच-बचाव किया तो दोनों पक्षों में टकराव हो गया था, जिसके बाद पार्षद सुर्खियों में आए थे।

## लोगों को...

सीतलकूची विधानसभा क्षेत्र के एक मतदान केंद्र के बाहर स्थानीय लोगों ने हमला कर दिया था, जिसके बाद आत्मरक्षा में सुरक्षाकर्मियों को कथित तौर पर गोली चलानी पड़ी। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई।

## पंचायत चुनाव...

चार लोगों पर जानलेवा हमला किया गया है। गोरखपुर में प्रधान पद के प्रत्याशी को गोली मारने का मामला सामने आया है। संतकबीरनगर जिले में हकीमराई गांव में मतदान के दौरान जमकर ईट-पत्थर चले। गाजियाबाद जिले के लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र इलाइचीपुर और खुदाबक्स गांव में दो प्रत्याशियों के एजेंटों में भिड़ंत हुई। प्रयागराज में फर्जी मतदान को लेकर जमकर हंगामा हुआ और मतदान केंद्र पर ताला लगा दिया गया लेकिन बाद में यहां पर मतदान देर से शुरू हुआ। बरेली के अधकटा नजराना मतदान केंद्र पर महिला प्रत्याशी के हाथ में इंक लगी होने पर दरोगा ने रोक दिया। इसी बात को लेकर प्रत्याशी तेजवती के पति और दरोगा में मारपीट हो गई। पुलिस ने पति को हिरासत में ले लिया है। तेजवती विधायक केसर सिंह की रिश्तेदार है। हरदोई के पाली थाना क्षेत्र के ग्राम अतरजीज में पुलिस और ग्रामीणों में भिड़ंत और पथराव भी हुआ। गाजियाबाद में थाना क्षेत्र मुरादनगर के ग्राम जलालाबाद में पंचायत चुनाव के दौरान वार्ड नंबर 9 से बहुजन समाज पार्टी की जिला पंचायत प्रत्याशी नीतू चौधरी परिवार के ही एक लड़के के साथ स्कूटी पर मतदान केंद्र ग्राम जलालाबाद पहुंच गईं। मतदान केंद्र पर वाहन ले जाना मना है, जिसके चलते ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने नीतू चौधरी की स्कूटी चला कर ले गए लड़के को थप्पड़ मार दिया। इसी बात पर मतदान केंद्र पर उपस्थित महिलाएं एवं ग्रामीणों द्वारा इस बात का विरोध किया गया और काफी देर तक हंगामा किया। मुरादनगर के अबूपुर बूथ पर तृतीय मतदान कार्मिक को दौरा पड़ गया। उसकी हालत बिगडने् के बाद मुंह से खून आ गया जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। प्रयागराज के नारीबारी झंझरा चौबे क्षेत्र पंचायत वार्ड 64 वार्ड नं 4 से 4 तक दो घंटे मतदान बंद रहा। शुरू में गलत बैलेट पेपर में दो प्रत्याशियों के स्थान पर चार प्रत्याशियों के बैलेट पत्र पर मतदान कराया गया। 17 वोट गलत ढंग से पडने् के बाद मतदान रुक गया। प्रत्याशी पति ने मजिस्ट्रेट आरओ से शिकायत की है। उन्होंने मतदान स्तगित करने की मांग की है। बरेली के नवाबगंज ब्लाक के जगराजपुर में दो प्रत्यशियों के चुनाव चिन्ह बदल गए। इससे सुबह प्रत्याशी व उनके समर्थकों ने हंगामा कर दिया। करीब ढाई घंटे से अधिक तक बूथ बंद रहा। सेक्टर मजिस्ट्रेट के पहुंचने के बाद मतदान शुरू कराया गया। हाथरस जिले में कई स्थानों पर फर्जी मतदान की खबरें सामने आई हैं। मतदाता जब मतदान केंद्रों पर पहुंचे तो यह देखकर हैरान हो गए कि उनका वोट तो पहले ही डाला जा चुका है।

## विमानों में बीच की सीट खाली छोड़ने से संक्रमण का खतरा होता है कम

**नई दिल्ली।** विमानों में बीच की सीट खाली रखने से यात्रियों में कोविड संक्रमण का खतरा कम होने के साथ ही उनको अधिक सुरक्षा मिल सकती है। यह दावा कोविड-19 पर हुए एक नए अध्ययन में सामने आया है। शोध में शामिल अमेरिका के सेंटर्स फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेंशन (सीडीसी) के वैज्ञानिकों के अनुसार कम दूरी के क्षेत्र में अधिक लोगों के लंबे समय तक रहने से संक्रमण फैलने का खतरा अधिक रहता है। शोधकर्ताओं ने कहा कि एकल और दो गलियारे वाले विमानों पर सार्स-सीओवी-2 के प्रसार को लेकर प्रयोगशाला में किए गए अध्ययन में पाया गया कि जिस विमान में बीच की सीट खाली छोड़ी गयी थी, उसमें यात्रियों से भरे विमान की तुलना में संक्रमण का खतरा 23 से 57 प्रतिशत कम देखा गया। स्थिति सामान्य होने पर बाद में एयरलाइन यात्रियों के बीच सामाजिक दूरी से संबंधित कोविड-19 के नियम को छोड़ सकते हैं। वैज्ञानिकों ने कहा कि विमानों में बीच की सीट खाली छोड़कर सामाजिक दूरी के पालन से संक्रमण के अतिरिक्त खतरे को कम किया जा सकता है। पिछले साल हावर्ड में एक अध्ययन में जिसमें अमेरिकी एयरलाइंस इंडस्ट्रीज भी उसका भाग था, इसमें दावा किया गया था प्लेन में वेंटीलेशन और दूसरे मानकों का ख्याल रखने पर कोविड-19 के एक्सपोजर को कम किया जा सकता है।

## गंगजी की जापान में निराशाजनक शुरूआत

**नागोया ( जापान )**। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी ने गुरूवार को जापान गोल्फ टूर के सत्र के शुरूआती टोकन होममेट कप के पहले दौर में पांच ओवर 77 का कार्ड खेलकर निराशाजनक शुरूआत की। यह टूर्नामेंट कोविड-19 के कड़े प्रोटोकॉल के कारण दर्शकों के बिना खेला जा रहा है। पिछले महीने तक भारत में घरेलू टूर में खेल रहे गंगजी दो हफ्ते पृथकवास के बाद टूर से जुड़े। रयोसुके किनोशिता छह अंडर 65 के बोगी फ्री कार्ड से एकल बढ़त बनाए हैं। उन्होंने मिकिया अकुत्सु, तोमोहिरो इशिजाका और शिंतारो कोबायिशि पर एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है जिन्होंने 66 के कार्ड खेले। गंगजी शुरू में ही मुश्किल में फंस गए, उन्होंने 11वें होल में बोगी के बाद 12वें होल में ट्रपिल बोगी कर दी। वह तीन होल तक चार ओवर पर थे। इसके बाद उन्होंने 15वें होल में बर्डी की और 18वें में बोगी कर दी। तीसरे होल में वह बर्डी करने में सफल रहे लेकिन सातवें होल में फिर एक शॉट ड्राप कर बैठे।

## विश्वनाथन आनंद के पिता का निधन

**चेन्नई**। पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद के पिता के विश्वनाथन का बीमारी के बाद यहां गुरूवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने शहर के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। दक्षिण रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक विश्वनाथन के दो बेटे और एक बेटी हे। आनंद की पत्नी अरूणा ने कहा कि आनंद का उन्होंने काफी साथ दिया। उन्होंने आनंद की विश्व चैम्पियनशिप में सारी जीत देखी। उन्होंने अपने बेटे को अच्छे संस्कार दिए और आनंद की उपलब्धियों पर उन्हें गर्व था।

## अदिति ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की

**कापोलेई ( अमेरिका )**। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने लोटे चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ 2021 एलपीजीए सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साल के अपनी पांचवीं प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही अदिति ने इस साल पहली बार अंडर 70 का स्कोर बनाया। दसवें होल से शुरुआत करने वाली अदिति ने चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। अदिति ने 2021 में इससे पहले सभी चार टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। ब्रिटेनी अल्टोमेयर और फिलिपिना युका सासो दोनों 64 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

## मैनचेस्टर सिटी चैम्पियंस लीग सेमीफाइनल में

**डॉर्टमंड**। पेप गार्डियोला की मैनचेस्टर सिटी ने चैम्पियंस लीग क्वार्टर फाइनल में हार का क्रम तोड़ते हुए बोरूशिया डॉर्टमंड को औसत के आधार पर 4-2 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।। मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार को खेले गए मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। गार्डियोला के कोच रहते सिटी पांचवें प्रयास में अंतिम चार में पहुंची है। अब उसका सामना पेरिस सेंट जर्मेन से होगा जिसने बायर्न म्युनिख को हराया।

## रीयल मैड्रिड भी अंतिम चार में

**लिवरपूल**। जिनेदीन जिदान के मार्गदर्शन में रीयल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए लिवरपूल को हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लिवरपूल के कोच जर्गेन क्लॉप के नाम सत्र में कोई खिताब नहीं रहा। रिकॉर्ड 13 बार की यूरोपीय चैम्पियन मैड्रिड का सामना सेमीफाइनल में चेलसी से होगा। लिवरपूल को 2018 फाइनल में हराकर लगातार तीसरी बार यूरोपीय कप जीतने के बाद मैड्रिड पहली बार अंतिम चार में पहुंची है। जिदान ने कहा कि हम मिलकर आगे बढ रहे हैं और यह टीम हमेशा ऐसा करती है। बतौर कोच 2018 फाइनल में मिली जीत जिदान के पहले कार्यकाल का आखिरी मैच था लेकिन टीम का प्रदर्शन खराब होने पर उन्हें 2019 में फिर कोच बनाया गया। इस सत्र में हालांकि कुछ समय पहले तक नतीजे अनुकूल नहीं थे।

## पायस विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली**। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन नई शुरू की गई आईटीटीएफ अंडर-17 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। मंगलवार को जारी ताजा आईटीटीएफ रैंकिंग में पायस तालिका में शीर्ष पर चल रहे चीन के युआनयु चेन (2612) से 268 रैंकिंग अंक पीछे हैं जबकि तीसरे स्थान पर काबिज पुअर्तो रिको के एंजेल नारंजो (2229) से आगे हैं। दिल्ली के 17 साल के पायस ने सितंबर 2019 में एशियाई कैडेट एवं जूनियर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। पायस से पहले मानव ठक्कर 2018 में अंडर-18 वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी रहे थे। अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने कैडेट्स (अंडर-15) और युवा (अंडर-19) के बीच चार साल के अंतर को भरने के लिए नई रैंकिंग शुरू की है जिससे इन दोनों वर्गों के बीच की उम्र के खिलाड़ियों की प्रगति पर नजर रखने में मदद मिले।

## अंतिम लक्ष्य ओलंपिक पदक जीतना: मनप्रीत

**ब्यूनस आयर्स**। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ मिली सफलता से टीम का मनोबल बढ़ा है लेकिन टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के लिए अभी कई कमजोरियों से पार पाना होगा। आठ बार की चैम्पियन भारतीय हॉकी टीम के इरादे ओलंपिक में चार दशक से चला आ रहा पदक का सूखा खत्म करने के है। भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी बार 1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। मनप्रीत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम को उसके मैदान पर हराने से आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन हमें इसे बहुत ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कमजोरियों पर मेहनत करते रहना होगी।

## क्रिकेट भ्रष्टाचार में बिटक्वाइन का इस्तेमाल

**नई दिल्ली**। जिंबाब्वे के पूर्व कप्तान हीथ स्ट्रीक के क्रिकेट में भ्रष्टाचार स्वीकार करने से सभी का ध्यान सट्टेबाजों के क्रिप्टोकरेंसी (डिजिटल करेंसी) का इस्तेमाल करने पर भी गया है जो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की भ्रष्टाचार रोधी इकाई (एसीयू) के लिए नई चुनौती है। आईसीसी एसीयू ने हालांकि कहा है कि वे इस चुनौती के लिए तैयार हैं। जिंबाब्वे, बांग्लादेश की राष्ट्रीय टीमों के अलावा इंडियन प्रीमियर लीग, अफगानिस्तान प्रीमियर लीग और बांग्लादेश प्रीमियर लीग में कोचिंग के दौरान संदिग्ध भारतीय सट्टेबाज को अंदरूनी सूचना का खुलासा करने की बात स्वीकार करने के बाद आईसीसी ने बुधवार को स्ट्रीक को आठ साल के लिए प्रतिबंधित किया।

## टोक्यो ओलंपिक रद्द करने की मांग

**टोक्यो**। जापान की सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) के दो शीर्ष अधिकारियों ने कहा कि टोक्यो ओलंपिक में आमूल-चूल बदलाव हो सकते हैं। एक ने तो यहां तक सुझाव दे दिया कि इन्हें अब भी रद्द किया जा सकता है और दूसरे ने कहा कि अगर वे इसे आयोजित भी करते हैं तो इसका आयोजन दर्शकों के बिना हो सकता है। एलडीपी के महासचिव तोशिहिरो निकाई ने बुधवार को टोक्यो ओलंपिक के लिए 100 दिन की उलटी गिनती शुरू होने के एक दिन बाद ही इनके रद्द होने का सुझाव दिया। उन्होंने यह टिप्पणी जापान के टीबीएस टीवी द्वारा रिकार्ड किए गए शो में की। निकाई ने कहा कि अगर खेलों को आयोजित करना असंभव दिखता है तो इन्हें निश्चित रूप से रद्द किया जाना चाहिए।

## श्रीहरि ओलंपिक ए कट के करीब पहुंचे

**मुंबई**। शीर्ष भारतीय तैराक श्रीहरि नटराजन 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा में गुरुवार को ओलंपिक ए क्वालीफाइंग स्तर हासिल करने के बेहद करीब पहुंचे लेकिन उज्बेकिस्तान ओपन चैंपियनशिप में सिर्फ 0.22 सेकेंड से पीछे रह गए। 20 साल के नटराजन ने फिना जूनियर विश्व चैंपियनशिप 2019 में तोक्यो खेलों का बी क्वालीफाइंग स्तर हासिल किया था। उन्होंने गुरुवार को हीट्स में 54.10 सेंकेड का निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और फिर फाइनल में इसमें सुधार करते हुए 54.07 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता।

# विराट कोहली बीते दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने

### सचिन तेंदुलकर और कपिल को भी विजडन ने किया सम्मानित

भाषा। लंदन



**भारतीय** कप्तान विराट कोहली को विजडन अलमैनाक ने 2010 वाले दशक का सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय क्रिकेट चुना है जबकि इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स को लगातार दूसरे साल वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। 32 वर्ष के कोहली ने अगस्त 2008 में श्रीलंका के खिलाफ एक दिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार कोहली ने 254 वनडे में 12169 रन बनाए हैं। विजडन ने कहा कि पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की 50वीं सालगिरह पर हर दशक से पांच वनडे क्रिकेटरों को चुना गया है।

इसने अपनी वेबसाइट पर कहा , 1971 से 2021 के बीच हर दशक के लिए एक सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है।कोहली को 2010 वाले दशक के लिए चुना गया। विश्व कप 2011 विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कोहली ने 10 साल में 11000 से ज्यादा रन बनाए हैं जिसमें 42 शतक शामिल हैं। सचिन तेंदुलकर को नब्बे के दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। तेंदुलकर ने 1998 में नौ वनडे शतक जमाए थे। भारत के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव को अस्सी के दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। कपिल की कप्तानी में भारत ने 1983 विश्व कप जीता था। उन्होंने उस दशक में सर्वाधिक विकेट लिए और सबसे अधिक स्ट्राइक रेट से एक हजार से अधिक रन बनाए। स्टोक्स को लगातार दूसरे साल वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने बीते साल 58 मैचों में 641 टेस्ट रन बनाए जबकि 19 विकेट लिए। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर और वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड को सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना गया।

**आउट होने पर नाराजगी जताने पर कोहली को फटकार**

**चेन्नई**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के मैच में आउट होने पर गुस्से में कुर्सी को लात मारने के कारण आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर फटकार लगाई गई। कोहली ने 29 गेंद में 33 रन बनाए हालांकि वह अपने चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिखे। उनकी टीम ने छह रन से मैच जीता। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि कोहली ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार किया है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

## विराट, रोहित और बुमराह शीर्ष कैटेगरी में बरकरार हार्दिक पंड्या ग्रेड ए में



नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली, सफेद गेंद के क्रिकेट के उप कप्तान रोहित शर्मा और तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की स्टार तिकड़ी भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) केंद्रीय अनुबंधों की शीर्ष कैटेगरी में बरकरार हैं जिसमें सात करोड़ रुपये की राशि मिलती है जबकि चोटों से प्रभावित सत्र के बावजूद ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या प्रमोशन पाने में सफल रहे। कुल 28 क्रिकेटरों को गुरूवार को चार कैटेगरी में केंद्रीय अनुबंध प्रदान किए गए। आलराउंडर पंड्या को प्रोमोट करके ग्रेड ए में कर दिया गया है जबकि वह पीठ में लगी चोट के कारण पिछले साल ज्यादा गेंदबाजी नहीं कर सके थे। वह पिछले साल ग्रेड बी में थे। बीसीसीआई के सीनियर अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि हार्दिक इंग्लैंड में टेस्ट मैचों में निश्चित रूप से खेलेंगे और जब हम टी-20 विश्व कप खेलेंगे तो वह हमारे ए प्लस क्रिकेटरों के बाद सबसे अहम खिलाडियों में से एक होंगे। इसलिए हार्दिक का प्रोमोशन टीम में उनके योगदान को देखते हुए है। चयनकर्ताओं ने इसी को ध्यान में रखा। उभरते हुए खिलाड़ी शुभमन गिल और मोहम्मद सिराज को उनका पहला केंद्रीय अनुबंध मिला है जो ग्रेड सी है और इसकी राशि एक करोड़ रुपये की है जबकि शारदुल ठाकुर को ग्रुप बी में प्रोमोट कर दिया गया है। इस तिकड़ी को इस साल आस्ट्रेलिया में भारत की ऐतिहासिक टेस्ट जीत के दौरान शानदार प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया है, लेकिन कुछ खिलाड़ियों का दर्जा घटाया गया है जिसमें तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार को ग्रेड बी में कर दिया गया है जिसमें तीन करोड़ ऊपए मिलते हैं जबकि केदार जाधव को भी नीचे किया गया है। भुवनेश्वर को चोटों के कारण काफी समय तक क्रिकेट से बाहर रहने के कारण ए से बी कैटेगरी में नीचे कर दिया गया और वह सभी प्रारूपों के नियमित खिलाड़ी भी नहीं हैं। सबसे करारा झटका बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव को लगा है जिन्हें ए ग्रुप से दो कैटेगरी नीचे सी कैटेगरी में कर दिया गया है। **सूची** : ग्रेड ए प्लस (सात करोड़): विराट कोहली, रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह। ग्रेड ए (पांच करोड़ ): आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे, शिखर धवन, केएल राहुल, मोहम्मद शमी, इशांत शर्मा, ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या। ग्रेड बी (तीन करोड़): रिद्धिमान साहा, उमेश यादव, भुवनेश्वर कुमार, शारदुल ठाकुर, मयंक अग्रवाल। ग्रेड सी (एक करोड़) : कुलदीप यादव, नवदीप सैनी, दीपक चाहर, शुभमन गिल, हनुमा विहारी, अक्षर पटेल, श्रेयस अय्यर, वाशिंगटन सुंदर, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद सिराज।

# राजस्थान ने दिल्ली को हराकर पहली जीत दर्ज की

भाषा। मुंबई



**जयदेव** उनादकट की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद डेविड मिलर और क्रिस मौरिस की तूफानी पारियों से राजस्थान रॉयल्स ने विषम परिस्थितियों से उबरते हुए दिल्ली कैपिटल्स को गुरुवार को यहां तीन विकेट से हराकर इंडियन प्रीमियर लीग के मौजूदा सत्र में पहली जीत दर्ज की। उनादकट (15 रन पर तीन विकेट) और मुस्ताफिजुर रहमान (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने कप्तान ऋषभ पंत (51) के अर्धशतक के बावजूद दिल्ली की टीम आठ विकेट पर 147 रन ही बना सकी। उनके अलावा टॉम कुरेन (21) और ललित यादव (20) ही 20 रन के आंकड़े को छू पाए। रॉयल्स की सटीक गेंदबाजी का अंदाजा इस बात से लग सकता है कि दिल्ली की पारी में एक भी छक्का नहीं लगा। इसके जवाब में रॉयल्स की टीम मिलर (62) और मौरिस (18 गेंद में नाबाद 36 रन, चार छक्के) की तेजतर्रार पारियों से आवेश खान (32 रन पर तीन विकेट), क्रिस वोक्स (22 रन पर दो विकेट) और कागिसो रबादा (30 रन पर दो विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के बावजूद 19.4 ओवर में सात विकेट पर 150 रन बनाकर जीत दर्ज करने में सफल रही। उनादकट 11 रन बनाकर नाबाद रहे। लक्ष्य का पीछा करने उतरे रॉयल्स की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम ने आठवें ओवर में 36 रन तक ही चार विकेट गंवा दिए।

मनन वोहरा (09) ने तीसरे ओवर में क्रिस वोक्स पर लगातार दो चौके मारे लेकिन इस तेज गेंदबाज की अगली गेंद पर मिड आन पर रबादा को कैच दे बैठे। वोक्स ने एक गेंद बाद दूसरे सलामी बल्लेबाज जोस बटलर (02) को भी विकेटकीपर पंत के हाथों कैच कराया। कप्तान संजू सैमसन (04) ने कागिसो रबादा की पहली गेंद पर चौके से खाता खोला लेकिन तीसरी गेंद पर स्लिप में शिखर धवन को कैच दे बैठे। रॉयल्स की टीम पावर प्ले में तीन विकेट पर 26 रन ही बना सकी। आवेश खान ने आठवें ओवर में शिवम दुबे (02) को स्लिप में धवन के हाथों कैच कराया जबकि रियान पराग (02) भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को हवा में लहराकर धवन के हाथों लपके गए जिससे रॉयल्स का स्कोर पांच विकेट पर 42 रन हो गया। डेविड मिलर पर आवेश पर लगातार दो चौकों के साथ 10वें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने मार्कस स्टोइनिस का स्वागत लगातार तीन चौकों के साथ किया। राहुल तेवतिया ने भी टॉम कुरेन के ओवर में दो चौकों के साथ तेवर दिखाए। वह हालांकि 17 गेंद में 19 रन बनाने के बाद रबादा की उछाल लेती गेंद पर मिडविकेट पर यादव को आसान कैच दे बैठे। रॉयल्स को अंतिम पांच ओवर मे जीत के लिए 58 रन की दरकार थी। मिलर ने आवेश की गेंद पर एक रन के साथ 40 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने इसी ओवर में लगातार दो छक्कों के साथ टीम के रनों का शतक पूरा किया लेकिन अगली गेंद पर लांग आन पर यादव को कैच दे बैठे। उन्होंने 43 गेंद की अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के मारे। उनादकट ने वोक्स पर छक्के से खाता खोला लेकिन कुरेन के अगले ओवर में कोई बाउंड्री नहीं लगी। रॉयल्स को अंतिम दो ओवर में जीत के लिए 27 रन की जरूरत थी। मौरिस ने रबादा के 19वें ओवर में दो छक्के जड़े जिससे अंतिम ओवर में टीम को जीत के लिए 12 रन की जरूरत थी। मौरिस ने कुरेन पर दो छक्के जड़कर रॉयल्स को जीत दिला दी।

इससे पहले रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर दिल्ली को पहले बल्लेबाजी का न्योता दिया और उनके गेंदबाजों ने उनके फैसले को सही साबित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनादकट ने पारी के दूसरे ओवर में ही धीमी गेंद पर पृथ्वी साव (02) को बैकवर्ड प्वाइंट पर डेविड मिलर के हाथों कैच कराके रॉयल्स को अच्छी शुरुआत दिलाई। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन (09) ने चेतन सकारिया पर चौका जड़ा लेकिन उनादकट की गेंद पर विकेटकीपर सैमसन ने उनका बेहतरीन कैच लपका। पंत ने उनादकट पर चौके के साथ खाता खोला लेकिन इस तेज गेंदबाज ने अगले ओवर में अजिंक्य रहाणे (08) को अपनी ही गेंद पर लपककर दिल्ली का स्कोर छह ओवर में तीन विकेट पर 36 रन किया। अगले ओवर में मुस्ताफिजुर ने मार्कस स्टोइनिस को खाता खोले बिना पवेलियन भेजकर दिल्ली को चौथा झटका दिया। पंत और पदार्पण कर रहे यादव ने इसके बाद पारी को संभाला। यादव ने आईपीएल नीलामी के सबसे महंगे खिलाड़ी क्रिस मौरिस पर दो चौकों के साथ खाता खोला। पंत ने राहुल तेवतिया का स्वागत चार चौकों के साथ किया और ओवर में 20 रन बटोरे। पंत ने मुस्ताफिजुर पर चौके के साथ 30 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। वह हालांकि पराग के अगले ओवर में तेज रन चुराने की कोशिश में गेंदबाज से सटीक थ्रो पर रन आउट हुए।

## चेन्नई सुपरकिंग्स व पंजाब किंग्स के बीच मुकाबला आज

**मुंबई**। महेंद्र सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल में जीत की राह पर लौटने के लिए शुक्रवार को पंजाब किंग्स के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने गेंदबाजी में सुधार करके उतरना होगा। चेन्नई को पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने सात विकेट से हराया जबकि पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को चार रन से मात दी। वानखेड़े स्टेडियम पर ओस की भूमिका को ध्यान में रखते हुए टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चाहेगी। चेन्नई ने यहां पहले मैच में सात विकेट पर 188 रन बनाए थे जिसमें सुरेश रैना ने 54, मोईन अली ने 36 और सैम कुरेन ने 34 रन का योगदान दिया था। सलामी बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़, फाफ डु प्लेसी और धोनी उस मैच में नहीं चल सके थे। उसके बाद चेन्नई के गेंदबाज बड़ा स्कोर भी नहीं बचा सके। शिखर धवन और पृथ्वी साव ने दिल्ली के लिए 138 रन की साझेदारी करके मैच आसानी से जीता। दीपक चाहर, सैम कुरेन, शारदुल ठाकुर, रविंद्र जडेजा और मोईन अली सभी ने रन लुटाए। अब कुशल रणनीतिकार धोनी पर दारोमदार होगा कि इस हार के सदमे से निकालकर टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करें। उन्हें इसके लिए मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स पहले मैच में छह विकेट पर 221 रन बनाने के बावजूद रॉयल्स के हाथों हार से बाल बाल बची। सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे केएल राहुल ने 50 गेंद में 91 रन बनाए जबकि क्रिस गेल ने 28 गेंद में 40 और दीपक हुड्डा ने 28 गेंद में 64 रन का योगदान दिया। पंजाब के लिए चिंता का सबब उनकी बल्लेबाजी नहीं बल्कि गेंदबाजी है। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने पहले मैच में 63 गेंद में 119 रन बनाकर अकेले दम पर ही जीत दिला दी थी लेकिन चार रन से चूक गए।

## सरिता ने खिताब बरकरार रखा सीमा और पूजा ने कांसा जीता

**अलमाटी**। भारतीय पहलवान सरिता मोर ने फाइनल में शानदार वापसी करते हुए एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में लगातार नौ अंक हासिल कर 59 किग्रा में अपना खिताब बरकरार रखा जबकि सीमा बिस्ला (50 किग्रा) और पूजा (76 किग्रा) ने महाद्वीपीय चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीत लिए। 2020 चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली सरिता फाइनल में मंगोलिया की शूवदोर बातरजाव से 1-7 से पिछड़ रही थीं लेकिन उन्होंने बेहतरीन वापसी की और स्कोर 7-7 से बराबर करते हुए 10-7 से जीत हासिल की। सरिता इसी मंगोलियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ शुरूआती मुकाबले में 4-5 के अंतर से हार गई थीं लेकिन उन्होंने अगले दौर में कजाखस्तान की डायना कायुमोवा के खिलाफ शानदार वापसी की और पहले पीरियड में तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। वहीं 50 किग्रा की स्पर्धा में सीमा की शुरूआत काफी खराब रही जिसमें वह कजाखस्तान की वेलेंटिना इवानोवना के खिलाफ शुरूआती मुकाबला गंवा बैठीं, लेकिन उन्होंने भी अगले दौर में मंगोलिया की एनुदारी नंदिंतसेतसेग के खिलाफ शानदार वापसी की और 7-3 से जीत दर्ज की। उन्हें सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की जैस्मिना इमाएवा से कड़ी चुनौती मिली जिसमें वह 2-3 से हार गईं पर इस भारतीय खिलाड़ी ने फिर ताइपे की यंग सुन लिन को तकनीकी श्रेष्ठता से हराकर कांस्य पदक जीत लिया।

## लातविया के खिलाफ भारत को मिलेगी कड़ी चुनौती

### विश्व ग्रुप प्लेऑफ

भाषा। जुर्माला (लातविया)

**भारतीय** टेनिस खिलाड़ियों को शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) में विश्व ग्रुप प्लेऑफ बाधा पार करने के लिए अपने से ऊंची रैंकिंग की लातवियाई टीम की चुनौती से निपटना होगा जिसमें 2017 फ्रेंच ओपन चैम्पियन एलेना ओस्टापेंको भी शामिल हैं। अंकिता रैना स्वीकार करती हैं कि पहले फेड कप के नाम से मशहूर इस टूर्नामेंट में वह अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलती हैं और भारत को उनसे फिर से अपना सर्वश्रेष्ठ करने की उम्मीद होगी जब वह प्लेऑफ के शुरूआती मुकाबले में ओस्टापेंको से भिड़ेंगी। भारत पहली बार विश्व ग्रुप प्लेऑफ में खेल रहा है। हालांकि सभी चीजें भारतीयों के खिलाफ हैं लेकिन उनके पक्ष में एक चीज हो सकती है कि यह मुकाबला इंडोर हार्ड कोर्ट में खेला जा रहा है क्योंकि लातविया ने हैरानी भरा फैसला करते हुए क्ले कोर्ट को नहीं चुना है जबकि यह उनके खिलाड़ियों को काफी रास आता है। इंडोर कोर्ट पर मेजबानों को दर्शकों के समर्थन की भी कमी महसूस होगी।

अंकिता (174वीं रैंकिंग) और करमन कौर थांडी (621वीं रैंकिंग) दोनों ने कहा कि वे कड़ी टक्कर देने के लिए तैयार हैं।

## मैक्सवेल काफी परिपक्वता दिखा रहे हैं: साइमन कैटिच

भाषा। चेन्नई

**मुख्य** कोच साइमन कैटिच को लगता है कि ग्लेन मैक्सवेल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए बहु उपयोगी खिलाड़ी साबित होंगे जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के शुरूआत से ही बल्ले से शानदार फार्म दिखाना शुरू कर दिया है। आरसीबी ने खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद 14.25 करोड़ रुपए में 32 साल के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को खरीदा था और उन्होंने इस सत्र में टीम की लगातार दो जीत में दो मैच विजेता पारियां खेलकर खुद पर भरोसे को भी सही साबित किया है। कैटिच ने कहा कि उसने काफी परिपक्वता दिखाई है, विशेषकर (बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ), जब दूसरे छोर पर विकेट गिर रहे थे। उसने परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छी पारी खेली और अंत में जब हमें कुछ तेजी से रन जुटाने की जरूरत थी तो उसने ऐसा किया, इसका श्रेय उसके अनुभव को दिया जाना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए 2020 आईपीएल में मैक्सवेल किंग्स इलेवन पंजाब के साथ थे लेकिन उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा था, उन्होंने 13 मैचों में 108 रन जुटाए थे।

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी तेजी बैंक, वित्तीय कंपनियों के शेयर चमके

भाषा। मुंबई

**शेयर** बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स तथा एनएसई निफ्टी बृहस्पतिवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बढ़त के साथ बंद हुए।

कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामले के बावजूद निवेशकों ने बैंक, वित्तीय कंपनियों और कुछ आईटी कंपनियों में रूचि दिखाई। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में सुधार तथा सकारात्मक वैश्विक रुख से भी बाजार को गति मिली। 30 शेयरों पर आधारित सेंसेक्स में पूरे दिन कारोबार के दौरान 877 अंक का उतार-चढ़ाव आया। अंत में यह 259.62 अंक यानी 0.53 प्रतिशत चढ़कर 48,803.68 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 76.65 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की तेजी के साथ 14,581.45 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में सर्वाधिक लाभ में टीसीएस रहा। इसमें 3.67 प्रतिशत की तेजी आई।

इसके अलावा ओएनजीसी, आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक, डा. रेड्डीज, एचडीएफसी और एचसीएल टेक में भी तेजी रही। दूसरी तरफ इन्फोसिस में सर्वाधिक गिरावट दर्ज की गई। कंपनी का वित्तीय परिणाम 2020-21 की जनवरी-मार्च तिमाही में उम्मीद के अनुरूप नहीं रहने से शेयर 2.65 प्रतिशत नीचे आ गया।

आईटी सेवा क्षेत्र की कंपनी इन्फोसिस का शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 17.5 प्रतिशत बढ़कर 5,076 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने 1,750 रुपए प्रति इक्विटी के भाव पर 9,200 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों को बेचने के इच्छुक निवेशकों से वापस खरीदने की घोषणा की है।

## थोक मुद्रास्फीति आठ साल में सबसे ऊंची पहुंची

**नई दिल्ली**। कच्चे तेल और धातु की बढ़ती कीमतों के कारण थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मार्च में आठ साल के उच्चतम स्तर 7.39 प्रतिशत पर पहुंच गई। पिछले साल मार्च में मुद्रास्फीति का निम्न आधार होने के कारण भी मार्च 2021 में माच माह की महंगाई ऊंची रही है। पिछले साल कोविड-19 महामारी के प्रकोप को रोकने के लिए लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन के चलते कीमतें कम थीं। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति एक महीना पहले फरवरी में 4.17 प्रतिशत और एक साल पहले मार्च में 0.42 प्रतिशत पर रही थी। डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी हुई है। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा, मुद्रास्फीति की वार्षिक दर मार्च 2020 के मुकाबले मार्च 2021 में 7.39 प्रतिशत (अनंतिम) रही। डब्ल्यूपीआई का इतना उच्च स्तर इससे पहले अक्टूबर 2012 में रहा था, जब मुद्रास्फीति 7.4 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। मार्च में खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 3.24 प्रतिशत रही और इस दौरान दाल, फल तथा धान की कीमतों में कमी आई है। पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण मार्च में ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति 10.25 प्रतिशत रही, जो फरवरी में 0.58 प्रतिशत थी।

## विप्रो का चौथी तिमाही का शुद्ध लाभ 27.7 प्रतिशत बढ़ा

भाषा। नई दिल्ली

**सूचना** प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी विप्रो का बीते वित्त वर्ष की 31 मार्च, 2021 को समाप्त चौथी तिमाही का एकीकृत शुद्ध लाभ 27.7 प्रतिशत बढ़कर 2,972 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में कंपनी ने 2,326.1 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया था।

कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आय 3.4 प्रतिशत बढ़कर 16,245.4 करोड़ रुपए पर पहुंच गई, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 15,711 करोड़ रुपए थी।

# अफगानिस्तान से अमेरिका, नाटो के सैनिकों को वापस बुलाने के फैसले पर विशेषज्ञों ने जताई चिंता

भाषा। वाशिंगटन

**विशेषज्ञों ने** अमेरिका और नाटो के सैनिकों को अफगानिस्तान से वापस बुलाए जाने के फैसले पर चिंता जताते हुए कहा है कि क्षेत्र में तालिबान का फिर से पांव पसारना और अफगानिस्तान की जमीन को आतंकवादियों द्वारा पनाहगाह के रूप में इस्तेमाल किया जाना भारत के लिए चिंता का विषय होगा। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने बुधवार को घोषणा की कि अफगानिस्तान में करीब दो दशक के बाद इस साल 11 सितंबर तक अफगानिस्तान से सभी अमेरिकी सैनिकों को वापस बुला लिया जाएगा।

पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन में राष्ट्रपति की उपसलाहकार और 2017-2021 के लिए दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों में एनएससी की वरिष्ठ निदेशक रहीं लीज़ा कर्टिस ने पीटीआई से कहा, अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाए जाने से क्षेत्र के देश, खासकर भारत में तालिबान के फिर से उभरने को लेकर चिंता होगी। कर्टिस ने कहा, 1990 के दशक में अफगानिस्तान में जब तालिबान का नियंत्रण था तब उसने अफगानिस्तान से धन उगाही के लिए आतंकवादियों को पनाह दी, उन्हें प्रशिक्षित किया तथा आतंकवादी संगठनों में उनकी भर्ती की। लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत कई आतंकवादियों को भारत में 2001 में संसद पर आतंकवादी हमले को अंजाम देने जैसे हमलों के लिए प्रशिक्षित किया गया। अमेरिका सरकार में 20 साल से अधिक सेवा दे चुकीं और विदेश नीति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों की विशेषज्ञ कर्टिस वर्तमान में सेंटर फॉर न्यू अमेरिकन सिक्योरिटी (सीएनएएस) थिंक-टैंक में हिंद-प्रशांत सुरक्षा कार्यक्रम की सीनियर फेलो और निदेशक हैं। उन्होंने कहा, भारतीय अधिकारियों को दिसंबर 1999 में एक भारतीय विमान का अपहरण करने वाले आतंकवादियों और तालिबान के बीच करीबी गठजोड़ भी याद होगा। अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल भारत विरोधी आतंकवादी नहीं करें, यह सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के मौजूदा प्रयास की तर्ज पर देश में शांति एवं स्थिरता के लिए भारत क्षेत्रीय प्रयासों में अपनी भूमिका बढ़ा सकता है। अमेरिका के लिए पाकिस्तान के पूर्व राजदूत और वर्तमान में हडसन इंस्टीट्यूट थिंक-टैंक में दक्षिण एवं मध्य एशिया मामलों के निदेशक हुसैन हक्कानी ने पीटीआई से कहा, तालिबान के कब्जे वाले क्षेत्र के फिर से आतंकवादियों के लिए पनाहगाह बनने से भारत चिंतित होगा। उन्होंने कहा कि वास्तविक सवाल यह है कि क्या सैनिकों को वापस बुलाए जाने के बाद भी अमेरिका अफगानिस्तान सरकार को मदद जारी रखेगा ताकि वहां के लोग तालिबान का मुकाबला करने में सक्षम हों।तालिबान ने अब तक शांति प्रक्रिया में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई है और दोहा में हुई वार्ताओं में उसने अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी की बात को ही दोहराया है। वाशिंगटन पोस्ट ने अपने संपादकीय में कहा है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने की बाइडन की योजना क्षेत्र के लिए घातक हो सकती है। वाशिंगटन पोस्ट ने कहा, राष्ट्रपति बाइडन ने अफगानिस्तान से हटने का सबसे आसान तरीका चुना लेकिन इसके नतीजे खतरनाक हो सकते हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स ने कहा कि लंबे समय तक आतंकवादी संगठनों पर रोक लगा पाना मुश्किल हो सकता है। ऐसा ही कुछ विचार वाल स्ट्रीट जर्नल ने भी प्रकाशित किया है। दोहा में अमेरका-तालिबान के बीच जिस समझौते पर हस्ताक्षर हुआ है उसके मुताबिक अमेरिका 14 महीने के भीतर अपने सैनिकों की वापसी पर सहमत हुआ है।

### अफगानिस्तान में बचे अंतिम 80 सैनिकों को वापस बुलाएगा ऑस्ट्रेलिया

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश, अमेरिका और अन्य सहयोगियों की तरह ही अफगानिस्तान से अपने सैनिकों को वापस बुलाने का काम सितंबर तक पूरा कर लेगा। नाटो नीत मिशन में ऑस्ट्रेलिया का योगदान एक वक्त में 15,000 सैनिकों के पार चला गया था लेकिन अब वहां 80 ही कर्मी बचे हैं। प्रधानमंत्री ने निर्धारित तिथि बताए बिना कहा, अमेरिका और अन्य सहयोगियों एवं साझेदारों की तरह, सितंबर में अफगानिस्तान में अंतिम बचे ऑस्ट्रेलियाई सैनिकों की वापसी शुरू हो जाएगी। उन्होंने कहा, यह फैसला ऑस्ट्रेलियाई सैन्य इतिहास में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि को दर्शाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने देश में 11 सितंबर, 2001 को हुए आतंकवादी हमलों की 20वीं बरसी से पहले अफगानिस्तान से अपने अंतिम 2,500 सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बनाई है। ऑस्ट्रेलिया के 39,000 से अधिक सैनिकों ने 2001 के बाद से अफगानिस्तान में अपनी सेवा दी है और 41 सैनिकों की वहां मौत हुई है।



अफगानिस्तान में कोरेंगल पोस्ट से तालिबान के आतंकी ठिकानों पर मोर्टार से हमला करते अमेरिकी सैनिक

## गरीब देशों की महिलाओं को यौन संबंधों से इंकार करने का भी अधिकार नहीं: संरा रिपोर्ट

एपी। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र** की एक रिपोर्ट में बुधवार को कहा गया कि 57 विकासशील देशों में आधे से कम महिलाओं को अपने साथियों के साथ यौन सबंध बनाने के लिए 'नहीं' कहने के अधिकार से वंचित रखा गया है। उन्हें गर्भ निरोधक का इस्तेमाल करने अथवा चिकित्सीय सलाह लेने के बारे में भी फैसला करने का अधिकार नहीं है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की इस रिपोर्ट में कहा गया कि यह आंकड़े दुनिया के केवल एक चौथाई देशों के हैं, केवल आधे से अधिक अफ्रीका के। लेकिन ए परिणाम, लाखों महिलाओं और लड़कियों की शारीरिक स्वायत्ता की स्थिति की चिंताजनक तस्वीर सामने रखती है जिन्हें बिना डर या हिंसा के अपनी देह और अपने भविष्य के बारे में चुनाव करने की शक्ति नहीं है।रिपोर्ट में कहा गया कि 57 देशों में महज 55 प्रतिशत महिलाएं एवं लड़कियां यह तय कर पाती हैं कि उन्हें यौन संबंध बनाना है या नहीं, गर्भनिरोध का इस्तेमाल करना है या नहीं और यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य सेवाओं संबंधी चिकित्सीय सलाह कब लेनी है। कोष की कार्यकारी निदेशक, डॉ नतालिया कानेम ने कहा, शारीरिक स्वायत्ता न देना महिलाओं एवं लड़कियों के मौलिक मानवीय अधिकारों का उल्लंघन है जो असामनता को बढ़ावा देने के साथ ही लैंगिक भेदभाव के कारण होने वाली हिंसा को जारी रखता है। उन्होंने कहा, हमारे शरीर पर अपना ही हक न होने के इस तथ्य से हम सभी को गुस्सा आना चाहिए।

## बैसाखी के महत्व और डॉ. आंबेडकर के सम्मान में अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिका के एक सांसद ने बैसाखी के त्योहार के महत्व को मान्यता देने और इसको मनाने वालों के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया। सांसद जॉन गारामेंडी ने सदन में बैसाखी प्रस्ताव को फिर से पेश करने के दौरान कहा, यह प्रस्ताव बैसाखी के त्योहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को स्वीकार करता है। बैसाखी या वैशाखी सिखों, हिंदुओं और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए वसंत ऋतु की फसल कटाई का त्योहार है। यह सिखों का नववर्ष भी होता है और 1699 में गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना किए जाने का भी स्मरण कराता है। कैलिफोर्निया से कांग्रेस सदस्य गारामेंडी सदन के सिख कॉकस के सह-प्रमुख भी हैं। वहीं, भारतीय-मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने भारतीय संविधान के निर्माता भीमराव आंबेडकर की 130वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में लगातार दूसरे वर्ष एक प्रस्ताव पेश किया। इसका लक्ष्य दुनिया भर के युवा नेताओं को आंबेडकर के, समानता के दृष्टिकोण से प्रेरित करना था। भारत इस वर्ष डॉ आंबेडकर की 130वीं जयंती मना रहा है। प्रतिनिधि सभा में बुधवार को प्रस्ताव पेश करने के बाद खन्ना ने एक ट्वीट में कहा, आंबेडकर ऐसा भारत और अमेरिका चाहते थे जहां हम सभी की गरिमा का सम्मान करें। उन्होंने कहा, आज, मैं बी आर आंबेडकर को सम्मानित करने के लिए एक बार फिर अपना प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, इस उम्मीद में, कि दुनिया भर के युवा नेता उनके काम के बारे में पढ़ेंगे और समानता के उनके नजरिए से प्रेरित होंगे।

## 'महिला विरोधी यौन हिंसा में शामिल लोगों को सूचीबद्ध करने की संरा प्रतिबंध व्यवस्था दृढ़ हो'

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**भारत ने** सशस्त्र संघर्षों में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा में शामिल व्यक्तियों एवं संस्थाओं को काली सूची में डालना सुनिश्चित करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंध संबंधित प्रशासन मजबूत बनाने का आह्वान किया है। भारत का कहना है कि यौन हिंसा का इस्तेमाल लोगों के उत्पीड़न के लिए किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत टीएस तिरुमूर्ति ने संघर्षों में यौन हिंसा विषय पर सुरक्षा परिषद की खुली चर्चा में बुधवार को कहा कि यौन हिंसा को अपराध बनाकर उसके प्रभावी अभियोजन को सुनिश्चित करने के लिए यह जरूरी है कि सदस्य राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप व्यापक कानूनी ढांचा विकसित करें।

तिरुमूर्ति ने कहा, राज्य या राज्एतर तत्वों द्वारा सशस्त्र संघर्षों में यौन हिंसा का इस्तेमाल लोगों के दमन के लिए किया जाता है। यह समुदायों के विस्थापन, अस्थिरीकरण और उत्पीड़न को बढ़ावा देता है और शासन को कमजोर करने के साथ ही संघर्षों के बाद पुनर्वास और स्थिरता के अवसरों को जोखिम में डालता है। उन्होंने कहा, राष्ट्रीय सरकारों की प्राथमिक जिम्मेदारी है कि वे अपने देशों में संघर्ष की स्थितियों में हुए ऐसे अपराधों को न होने दें और होने पर मुकदमा चलाएं भले ही इन अपराधों को करने का आरोप राज्एतर तत्वों पर लगा हो। जहां भी जरूरत हो, संयुक्त राष्ट्र को इस मुद्दे से निपटने में सदस्य राष्ट्रों की क्षमता को बढ़ाने में मदद देनी चाहिए। भारत ने कहा कि परिषद के प्रतिबंध व्यवस्था और अन्य लक्षित उपायों को मजबूत करना होगा ताकि सशस्त्र संघर्षों में यौन हिंसा से महिलाओं के संरक्षण को बढ़ाने में उनका पूरा सामर्थ्य इस्तेमाल हो सके। इनमें सशस्त्र संघर्षों में महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा में शामिल संस्थाओं एवं व्यक्तियों को सूचीबद्ध करना शामिल है।



बगदाद में एक बिस्फोट के बाद जांच करतीं सुरक्षा एजेंसियां। इस धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गयी

## चीन तेजी से निकट प्रतिद्वंद्वी बन कई चुनौतियां पैदा कर रहा : अमेरिकी खुफिया अधिकारी

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका के** एक शीर्ष खुफिया अधिकारी ने सांसदों से कहा कि चीन तेजी से अमेरिका का निकट प्रतिद्वंद्वी बन रहा है जिससे कई क्षेत्रों में चुनौतियां खड़ी हो गईं और साथ ही वह वैश्विक नियमों में भी इस तरह से बदलाव कर रहा है जिससे चीन की तानाशाही व्यवस्था को फायदा मिले। राष्ट्रीय खुफिया निदेशक एवरिल हेन्स ने अमेरिका के समक्ष दुनियाभर से पैदा हो रहे खतरों पर सीनेट की खुफिया मामलों पर चयन समिति के सदस्यों को बुधवार को यह कहा। हेन्स ने कहा, चीन तेजी से निकट प्रतिद्वंद्वी बन रहा है और अमेरिका को कई क्षेत्रों में चुनौतियां दे रहा है और साथ ही वैश्विक नियमों को भी वह इस तरीके से बदल रहा है जिससे चीन की तानाशाही व्यवस्था को फायदा पहुंचे।

उन्होंने कहा कि चीन अपनी बढ़ती ताकत दिखाने तथा पड़ोसी देशों को विवादित क्षेत्र पर अपने दावों समेत अपनी प्राथमिकताओं को बिना किसी विरोध के स्वीकार करने के लिए विवश करने के वास्ते वृहद रुख अपना रहा है। उन्होंने कहा कि चीन के अलावा रूस, ईरान और उत्तर कोरिया – तीन ऐसे देश हैं जो अमेरिका के समक्ष खतरे पैदा कर रहे हैं। हेन्स ने कहा, अफगानिस्तान, ईराक और सीरिया में लड़ाई का अमेरिकी बलों पर सीधा असर पड़ रहा है जबकि परमाणु संपन्न देश भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव दुनिया के लिए चिंता का सबब बना हुआ है। इजराइल और ईरान के बीच हिंसा, लीबिया में विदेशी ताकतों की गतिविधि और अफ्रीका तथा पश्चिम एशिया समेत अन्य इलाकों में संघर्ष के बढ़ने की आशंका है। इस बीच केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) के निदेशक विलियम बर्न्स ने कहा कि लोकतंत्र का कमजोर होना दुनिया के कई हिस्सों में एक वास्तविक समस्या है।

## क्विक न्यूज

### इजराइल ने स्वतंत्रता दिवस समारोह में फाइजर के प्रमुख को किया सम्मानित

**यरुशलम।** इजराइल ने बुधवार को अपने स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम के दौरान अंतरराष्ट्रीय दवा कंपनी फाइजर इंक के मुख्य कार्यकारी को सम्मानित किया और उनकी सहभागिता के लिए धन्यवाद दिया जिसके कारण देश को दुनिया के सबसे अधिक सफल टीकाकरण अभियानों में से एक चलाने में मदद मिली। राष्ट्रीय टीवी पर यरुशलम मे आयोजित इजराइल के मुख्य स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम मे दवा कंपनी फाइजर के सीईओ अल्बर्ट बुर्ला का रिकॉर्ड किया वीडियो संदेश प्रसारित किया गया। वीडियो संदेश में बुर्ला ने कहा, साथ मिलकर हम यह साबित कर सकते है कि बड़े पैमाने पर टीकाकरण कर कोविड-19 महामारी को हराया जा सकता है और लोगों का जीवन बचाया जा सकता है। बुर्ला यूनान में यहूदी नरसंहार से बचे माता-पिता की संतान हैं और यहूदी समुदाय के प्रतिनिधि के तौर पर उन्हें आमंत्रित किया गया लेकिन वह उपस्थित नही हो सके।

### हांगकांग में चीन के शीर्ष अधिकारी ने विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आगाह किया

**हांगकांग।** हांगकांग में चीन के शीर्ष अधिकारी ने विदेशी बलों को बृहस्पतिवार को आगाह किया कि वे शहर की राष्ट्रीय सुरक्षा के सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू में हस्तक्षेप न करें और उन्होंने जवाबी कार्वाई की चेतावनी भी दी। चीन और पश्चिमी ताकतों में जारी तनाव के बीच उनकी यह चेतावनी आई है। अमेरिका, ब्रिटेन और उनके सहयोगियों ने हांगकांग की स्वतंत्रता पर चीन के सख्त नियंत्रण की निंदा की है जिनमें व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और चुनावी सुधार शामिल हैं जिसने अर्ध स्वायत्तशासी क्षेत्र मे कभी आक्रामक रहे विपक्ष को छोड़कर सभी को शांत करा दिया है। हांगकांग मे केंद्र सरकार के संपर्क कार्यालय के निदेशक लुओ हुयनिंग ने कहा, जब भी वक्त आए, तब हांगकांग के मामलों में दखल देने वाले किसी भी विदेशी या बाहरी बल को या हांगकांग को प्यादे के तौर पर इस्तेमाल की कोशिश करने वालो के खिलाफ कार्वाई की जाए। उन्होने हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा शिक्षा दिवस के उद्घाटन समारोह मे कहा, हम कड़ी आपत्तियो का प्रस्ताव देंगे और उन्हे सबक सिखाएंगे।

### उत्तरी इराक में रॉकेट हमले में तुर्की के एक सैनिक की मौत

**अंकारा।** उत्तरी इराक मे तुर्की के एक सैन्य अड्डे को निशाना बनाकर किए गए रॉकेट हमले मे एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि पास के गांव मे एक बच्चा घायल हो गया। तुर्की के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उत्तरी इराक के बशीका क्षेत्र मे बुधवार देर रात सैन्य अडडे पर तीन रॉकेट दागे गए। उनमे से एक रॉकेट सैन्य अड्डे पर गिरा, जबकि दो रॉकेट पास के एक गांव मे गिरे, जिससे गांव का एक बच्चा घायल हो गया। बयान के अनुसार इस हमले के तुरंत बाद हथियारों से लैस एक ड्रोन तैनात किया गया और अन्य आवश्यक उपाय किए गए।अधिकारियो ने बताया कि बुधवार को ही उत्तरी इराक मे एक हवाई अड्डे के पास अमेरिकी नेतृत्व वाली गठबंधन सेना पर ड्रोन से हमला किया गया। इस हमले मे कोई हताहत नही हुआ, लेकिन आग लगने से एक इमारत को नुकसान पहुंचा। बहरहाल, मंत्रालय ने यह नही बताया कि बशीका मे हुए हमले के लिए कौन जिम्मेदार है।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान निर्वस्त्र में नजर आए कनाडा के एक सांसद

**ओटावा (कनाडा)।** कनाडा की संसद के एक सदस्य हाउस ऑफ कॉमन्स की डिजिटल माध्यम से चल रही बैठक के दौरान निर्वस्त्र मे देखे गए। पोंटिएक के क्यूबेक जिले का 2015 से प्रतिनिधित्व कर रहे विलियम अमोस बुधवार को अपने साथी सांसदो की स्क्रीन पर पूरी तरह नग्न अवस्था मे दिखे। वैश्विक महामारी के कारण कई कनाडाई सांसद वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संसदीय सत्रों में हिस्सा ले रहे है। द कनाडियन प्रेस को प्राप्त एक स्क्रीनशॉर्ट में अमोस एक डेस्क के पीछे खड़े दिख रहे है और निजी अंग संभवतः एक मोबाइल से ढके हुए थे। अमोस ने ई-मेल के जरिए दिए गए बयान मे कहा, यह दुर्भाग्य से हुई गलती थी। उन्होंने कहा, जॉगिंग से लौटने के बाद मै कार्यस्थल पर पहने जाने वाले कपड़े बदल रहा था जब मेरा वीडियो गलती से ऑन हो गया। अनजाने मे हुई इस गलती के लिए मै हाउस ऑफ कॉमन्स के अपने साथियो से दिल से माफी मांगता हूं। निश्चित तौर पर यह अनजाने मे हुई गलती थी और यह दोबारा नही होगी। विपक्षी ब्लॉक क्यूबेकोइस पार्टी की सांसद, क्लाउडे बेलेफियोलि ने प्रश्नकाल के बाद इस घटना को उठाया और सुझाव दिया कि संसदीय मर्यादा के अनुरूप संसद के पुरुष सदस्यो को ट्राउजर, अंडरवियर, शर्ट और एक जैकेट तथा टाई पहननी चाहिए।

### अमेरिका स्थित गैर लाभकारी संस्था ने भारतीय मूल के अमेरिकी को बनाया कार्यकारी निदेशक

**न्यूयॉर्क।** भारत मे वंचित बच्चो तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मुहैया कराने के क्षेत्र मे काम करने वाले एक अमेरिकी गैर लाभकारी संगठन ने भारतीय मूल के व्यक्ति को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। स्थानीय आकांक्षा एजुकेशन फंड (एईएफ) ने बताया कि सेजल देसाई संगठन की नई कार्यकारी निदेशक होंगी। संगठन के निदेशक मंडल ने बयान जारी कर बताया, देसाई का 30 साल का करियर है और वह हाल ही मे आकांक्षा परिवार मे शामिल हुई थी जहां उन्होंने एक रणनीतिक पहल का नेतृत्व किया। देसाई करीब 20 साल तक मुंबई मे रही है और वहां उनका मजबूत पारिवारक एवं प्रोफेशनल संबंध है।

### भारतीय मूल के अमेरिकी चिकित्सकों के संगठन का नेतृत्व चुनने के लिए हुई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग

**वाशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी चिकित्सकों का प्रतिनिधित्व करने वाले सबसे बड़े संगठन के नेतृत्व को चुनने के लिए पहली बार इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से मतदान हुआ है। अमेरिकन एसोसिएशन ऑफ फिजिशियंस ऑफ इंडियन ऑरिजीन (एएपीआई) ने बुधवार को एक बयान में बताया कि डॉ अंजना समद्दर को एएपीआई का उपाध्यक्ष चुना गया है। बयान मे बताया गया है कि डॉ सतीष कथूला सचिव और डॉ कृष्ण कुमार एएपीआई के कोषाध्यक्ष चुने गए। संगठन की मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ सीमा अरोड़ा ने कहा, एएपीआई की चुनावी प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई और आज परिणामों की घोषणा की गई। एएपीआई के चार दशक के इतिहास मे यह पहली बार है, जब चुनाव इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से हुए है।

## जेएंडजे टीके के प्रयोग पर रोक लगाने के बाद अगले कदमों पर विचार कर रहा है अमेरिका

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका में** स्वास्थ्य अधिकारी जॉनसन एंड जॉनसन कोविड-19 टीका लगवाने वाले लोगों में खून के थक्का जमने की घटना की जांच के बीच इस संबंध में अगले कदमों पर विचार कर रहे हैं। हालांकि, अभी यह स्पष्ट नहीं है कि अमेरिका में टीका लगवा चुके 70 लाख से अधिक लोगों में से खून के थक्के जमने के छह मामले वाकई में जेएंडजे टीके से जुड़े हैं।

बहरहाल सरकार ने मंगलवार को जेएंडजे टीके का इस्तेमाल रोकने की सिफारिश की है। इससे एक हफ्ते पहले यूरोपीय नियामकों ने कहा था कि खून का थक्का जमना दुर्लभ मामला है लेकिन इसका संबंध एस्ट्राजेनेका टीके से हो सकता है। एस्ट्राजेनेका टीका भी जेएंडजे की तरह बनाया गया है लेकिन अभी अमेरिका में इसके इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी गई है। रोग नियंत्रण केंद्र (सीडीसी) ने अपने सलाहकारों को बुधवार को इस पर चर्चा करने के लिए कहा कि जेएंडजे टीके का इस्तेमाल कैसे किया जाए। बुधवार को सीडीसी ने कहा कि खून के थक्के जमने की शिकायत करने वाली छह में से चार महिलाओं का हेपेरिन नाम के ब्लड थिनर से इलाज किया जा रहा है जबकि सरकार ने डॉक्टरों को इसका इस्तेमाल करने से बचने की चेतावनी दी है। अमेरिका में अभी तक जेएंडजे टीके का इस्तेमाल बहुत कम रहा है। 12.2 करोड़ से अधिक अमेरिकियों ने टीके की केवल एक खुराक ली है जिनमें से ज्यादातर ने मॉर्डना या फाइजर का टीका लगाया है और तकरीबन 23 प्रतिशत अमेरिकियों ने टीके की दोनों खुराक ले ली है।

सीडीसी ने बताया कि अमेरिका की 47 प्रतिशत वयस्क आबादी ने कोरोना वायरस रोधी टीके की पहली खुराक ले ली है। डेमोक्रेट्स के प्रतिनिधित्व वाले देश के सबसे बड़े राज्य कैलिफोर्निया में 50 प्रतिशत आबादी को टीका लग चुका है। रिपब्लिकन के प्रतिनिधित्व वाले सबसे बड़े टेक्सास राज्य में 44 प्रतिशत आबादी को टीका लग चुका है।

## रूस ने छात्र पत्रिका के संपादकों पर लगाए आपराधिक आरोप

एपी। मास्को

**रूसी अधिकारियों** ने एक ऑनलाइन छात्र पत्रिका के चार संपादकों पर जेल में बंद विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी के समर्थन में हुए देशव्यापी प्रदर्शनों में नाबालिगों को अवैध गतिविधियों में हिस्सा लेने के लिए उकसाने का बुधवार को आरोप लगाया। अदालत ने सभी चार संपादकों को अगले दो महीनों के लिए घर छोड़कर नहीं जाने का आदेश दिया है और उन्हें इंटरनेट का इस्तेमाल करने तथा परिवार के करीबी सदस्यों, वकीलों तथा कानून प्रवर्तन एजेंसियों से बातचीत करने से रोक दिया है। इन आरोपों में अधिकतम तीन साल की सजा हो सकती है। स्वतंत्र समाचार संगठनों पर बढ़ते दबाव के बीच ए आरोप लगाए गए हैं।

ऑनलाइन छात्र पत्रिका डीओएक्सए और उसके बचाव में शामिल एक मानवाधिकार समूह ने कहा कि पुलिस ने पत्रिका के चार संपादकों के मास्को में स्थित घरों, दो संपादकों के माता-पिता के अपार्टमेंट और पत्रिका के कार्यालयों पर छापा मारा। पत्रिका का कहना है कि यह कार्वाई जेल में बंद रूस में विपक्ष के नेता एलेक्सी नवलनी के समर्थन में जनवरी में हुए प्रदर्शन से पहले पत्रिका पर प्रसारित एक वीडियो से जुड़ी हुई है। नवलनी के समर्थन में दो सप्ताह तक चला प्रदर्शन रूस में हाल के वर्षों में हुआ सबसे बड़ा जनांदोलन है और क्रेमलिन (रूसी राष्ट्रपति का कार्यालय) के लिए बड़ी चुनौती भी है। वीडियो में बताया गया है कि कैसे प्रदर्शनों से पहले स्कूलों और विश्वविद्यालयों के छात्रों पर कितना दबाव होता है, यहां तक कि उन्हें संस्थान से निकाले जाने का भी डर होता है।

## दक्षिण अफ्रीका ने जे एंड जे कोविड-19 टीके के इस्तेमाल पर लगाई रोक

**जोहानिसबर्ग।** अमेरिका के बाद अब दक्षिण अफ्रीका ने भी जॉनसन एंड जॉनसन कोविड-19 टीके का इस्तेमाल रोकने का फैसला किया है। ऐसी खबरें आई थीं कि कंपनी का टीका लगवाने वाली छह महिलाओं के शरीर में खून के थक्के जम गए और साथ ही प्लेटेलेट्स गिर गए। स्वास्थ्य मंत्री ज्वेली मिजे ने मंगलवार शाम को एक बयान में कहा, इस परामर्श के पता चलने के बाद मैंने हमारे वैज्ञानिकों के साथ तत्काल विचार-विमर्श किया जिन्होंने सलाह दी कि यूएस फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) के फैसले को हल्के में नहीं लिया जा सकता। उन्होंने कहा, उनकी सलाह पर हमने खून के थक्के जमने और जॉनसन एंड जॉनसन टीके के बीच संबंध का पता लगने तक इस टीके का इस्तेमाल रोकने का फैसला किया है। मिजे ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में टीका लगवाने के बाद खून के थक्के जमने की कोई खबर नहीं आई है जबकि 289,787 स्वास्थ्य देखभाल कर्मियों को यह टीका लग चुका है। खून के थक्के जमने के सभी मामले अमेरिका में आए हैं। जॉन्स हॉप्किन्स यूनिवर्सिटी के आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण अफ्रीका में कोविड-19 से 1,561,559 लोग संक्रमित हो चुके हैं तथा 53,498 लोगों की मौत हो चुकी है।

# अपनी प्राथमिकता पर दें ध्यान

पांच में से एक छात्र इस बात में दुविधा का सामना करता है कि क्या उन्हें भारत या विदेश में अध्ययन करना चाहिए। **आशीष फर्नान्डो** छह ऐसे कारकों के बारे में बताते हैं जो आपको इसका फैसला करने में मदद कर सकते हैं-




**प्रत्येक पाँच** छात्रों में से एक को इस बात की दुविधा होती है कि उन्हें भारत में या विदेश में अध्ययन करना चाहिए या नहीं। यहां ऐसे छह कारक हैं जो आपको बेहतर भविष्य प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।

अपनी उच्च शिक्षा की योजना बनाने वाला प्रत्येक छात्र अनेक विकल्पों का सामना करता है। इन विकल्पों के दायरे में सही पाठ्यक्रम, एक अच्छा विश्वविद्यालय और यहां तक कि सही देश चुनने से संबंधित कुछ सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आते हैं। आप जहां अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए चुनते हैं, वो आपके भविष्य को जबरदस्त ढंग से बदल सकता है। अधिकांश छात्र जो अपने देश के भीतर मौजूद विकल्पों में से निर्णय लेते हैं, खूबियों व खामियों की तुलना इन्हीं ज्वलंत प्रश्नों से करते हैं :

**■ शिक्षा की लागत कैसे असमान होती है?**

आपके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के आधार पर, भारत में अध्ययन करना, विदेश में किसी विश्वविद्यालय में अध्ययन करने से सस्ता हो सकता है। भारत में दुनिया के कुछ सबसे सस्ते उच्च शिक्षा-विकल्प हैं। इस प्रकार, भारतीय विश्वविद्यालय बहुत सारे वैश्विक छात्रों को आकर्षित करते हैं, विशेष रूप से यूरोपीय और अफ्रीकी देशों से आने वाले छात्रों को।

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि विदेश में पढ़ाई सस्ती नहीं हो सकती है। समस्त वित्तीय व शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्र विदेशों में अध्ययन करते हैं। यदि आप पर्याप्त मेहनत से तलाश करें तो आप एक ऐसी संस्था को खोजने में सक्षम होंगे, जिसकी शिक्षा लागत भारत के समान हो। आपकी शिक्षा की लागत में निश्चित रूप से आपके रहने की लागत भी शामिल होती है। यह विचार करना महत्वपूर्ण है कि हालांकि विदेश में रहना चीजों पर एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है, मगर अपने परिवारों के साथ रहना अधिक लागत प्रभावी या सस्ता हो सकता है। इसलिए, यदि आप अभी भी भ्रमित हैं, तो बेहतर है कि हम अगले कारक पर विचार करें।

**■ हम शिक्षा की गुणवत्ता को कैसे आंकते हैं?**

पाठ्यक्रम, शिक्षक और शोध के क्षेत्र या पढ़ाए जाने वाले विषय तीन चीजें हैं जिन्हें प्रत्येक छात्र को किसी संस्थान की शिक्षा गुणवत्ता को जांचते समय देखना चाहिए। भारत में, अधिकांश संस्थान मानक सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम या निजी शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत आते हैं। हालांकि, आईआईटी और आईआईएम जैसे शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हो सकता है, जहां की प्रवेश दर महज सात फीसदी है। हालांकि, विदेशों में संस्थानों में कोर्स-वर्क होता है जो प्रत्येक विश्वविद्यालय के लिए अलग-अलग होता है। इसका मतलब यह है कि जो छात्र एमबीए के लिए आवेदन करने की योजना बना रहा है, वह पारंपरिक मॉड्यूल के बजाय एसटीईएम विशेषज्ञता में ऐसा करना चुन सकता है। भारत में इस प्रकार की उत्तम विशेषज्ञता और कार्यक्रम अक्सर अनुपलब्ध हैं। चुनींदा संकाय सदस्य, उन्नत शिक्षण विधियाँ और विदेशों में विश्वविद्यालयों में उच्च प्रवेश दर, अक्सर इसे छात्रों के लिए बेहतर विकल्प बनाते हैं।

**■ नौकरी के अवसर कैसे हैं?**

लगभग समूची उच्च शिक्षा यात्रा के पीछे का इरादा एक गंतव्य की ओर ले जाता है : एक अच्छे वेतन वाली संतोषजनक नौकरी। चूंकि भारतीय विश्वविद्यालयों की डिग्रियां कभी-कभी ज्यादा सस्ती होती हैं, इसलिए निवेश पर वापसी अक्सर उल्लेखनीय होती है। हालांकि, विदेशी विश्वविद्यालय की डिग्रियों की लगभग प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालय से प्राप्त डिग्री के समान ही प्रतिष्ठा होती है मगर यह छात्रों को भारत में समान नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले अन्य लोगों पर वरीयता दिला देती है। विदेशों में किसी नौकरी में आवेदन करना आपको आपको विविध कैरियर विकल्प और निवेश पर बेहतर लाभ भी प्रदान करता है।

**■ कहां यह ज्यादा सुरक्षित है?**

भौतिक सुरक्षा संबंधी चिंताएं दुनिया भर में हर संस्था द्वारा सामना की जाने वाली एक अपरिहार्य समस्या है। बहुत से छात्रों को अपने ही देश में पढ़ाई करने में बहुत सुविधा होती है। हालांकि, कई अन्य लोग हैं जो विदेशी विश्वविद्यालयों में सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हैं और वहां शिक्षा प्राप्त करते हैं। छात्र चिंताओं को बहुत गंभीरता से लिया जाता है और मदद तत्काल होती है। वैश्विक महामारी जैसे समय में जब शिक्षा काफी हद तक डिजिटल हो गई है, सुरक्षा एक गंभीर चिंता है। भारतीय विश्वविद्यालयों ने कैंपस शिक्षण पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए हैं। जबकि विदेशों में अनेक विश्वविद्यालयों ने भी यही किया है, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में अधिकांश संस्थानों ने परिसर में एक आंशिक व्याख्यान अनुसूची पेश की है।

**■ करियर प्रोफाइल के लिए कौन सा विकल्प बेहतर है?**

चाहे आप विदेश में रहने की योजना बनाते हैं या भारत वापस आने की, मगर विदेश में शिक्षा प्राप्त करना आपको जीवन का वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह आपके दृष्टिकोण और निर्णय लेने की योग्यता को विकसित करता है, इस प्रकार, आपको एक सुव्यवस्थित कैरियर लक्ष्य बनाने में मदद मिलती है। हालाँकि, यदि आप एक ऐसे करियर को चुनने की योजना बनाते हैं जिसमें भारतीय उद्योगों में अधिक गुंजाइश और आजीविका के विकल्प हों, तो भारत में रहना आपके लिए सही विकल्प होना चाहिए। जैसा कि आपने देखा होगा, ये सभी कारक एक प्रमुख विकल्प पर निर्भर करते हैं – वो है कोर्स या पाठ्यक्रम। चाहे वो पाठ्यक्रम हो, या लागत, कैरियर या यहां तक कि नौकरी हो, आपका निर्णय आपकी अपनी पसंद के कोर्स पर टिका है। केवल यह ध्यान में रखना है कि देश के विकल्प कभी सीमित नहीं होते हैं, सबसे ज्यादा जो महत्व रखता है, वो है छात्र की प्राथमिकता।

**-( लेखक आईस्कूल कनेक्ट के संस्थापक और सीईओ हैं।)**



## कोवड-19 से स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौटीं अभिनेत्री तबस्सुम

**भाषा।** मुंबई

**जानी-मानी अभिनेत्री** और टॉक शो कार्यक्रम की मेजबान तबस्सुम कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आई हैं। उनके बेटे होशांग गोविल ने इस बारे में बताया। अभिनेत्री 10 दिन पहले कोविड-19 से संक्रमित हुई थीं और उन्हें इलाज के लिए शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभिनेता-फिल्मकार ने कहा कि जांच में कोविड-19 की पुष्टि नहीं होने पर उनकी मां घर वापस आ गई हैं। होशांग ने अभिनेत्री की अस्पताल से बाहर आते समय विजई मुद्रा में उनकी एक तस्वीर भी पोस्ट की। होशांग ने कहा, अपने प्रशंसकों के प्यार और आशीर्वाद से तबस्सुम गोविल की जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई और वह घर लौट आई हैं। उन्होंने कोरोना वायरस को हरा दिया और योद्धा की तरह घर लौट आई हैं। ईश्वर महान है। तबस्सुम दूरदर्शन पर फूल खिले हैं गुलशन गुलशन की मेजबानी कर लोकप्रिय हुईं। उन्होंने अभी तो मैं जवान हूं कार्यक्रम की मेजबानी भी की। हाल में तबस्सुम के अल्झाइमर से ग्रसित होने की खबर का होशांग ने खंडन किया था और कहा था कि अभिनेत्री की सेहत बिल्कुल ठीक है। तबस्सुम ने बाल कलाकार के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म दीदार से की थी जिसमें उन्होंने नरगिस के बचपन की भूमिका निभाई थी। 1952 में आई बैजू बावरा में उन्होंने मीना कुमारी के बचपन की भूमिका निभाई थी।

## फास्ट एंड यूरियस 9 पर विन डीजल ने कहा : हम लोग क्रेजी हैं

**नई दिल्ली।** स्टंट और एक्शन से भरपूर फास्ट एंड यूरियस श्रृंखला की एक और कड़ी आने वाली है। फिल्म के मुख्य कलाकार विन डीजल का कहना है कि इस बार सब कुछ अंतरिक्ष में होगा और निर्देशक जस्टिन लिन का यह विचार काफी रोमांचक होने जा रहा है।

डीजल के चरित्र का नाम डोमिनिक टोरेटो है। डीजल फिल्म में र तार से कार चलाने और जबरदस्त एक्शन दृश्य देने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने कहा कि लिन ने जब उनके सामने यह विचार रखा तो वह अवाक रह गए। डीजल ने जूम के जरिए वीडियो कांफ्रेंस से हुए वैश्विक साक्षात्कार में कहा, यह बहुत शानदार है। हम लोग क्रेजी हैं। इस वीडियो कांफ्रेंस में पीटीआई ने भी हिस्सा लिया। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने बुधवार को इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ताजा ट्रेलर जारी किया। फिल्म के एक दृश्य में टायरेस गिब्सन, रोमन पीयर्स और लुडेक्रिस तेज पार्कर को स्पेस सूट में देखा गया जिन्होंने अपनी कार को रॉकेट शिप में तब्दील कर लिया और अंतरिक्ष में निकल पड़े।

## सीरियलों की शूटिंग रोकने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने दी प्रतिक्रिया

'**कुर्बान हुआ**' में चाहत का रोल निभा रहीं प्रतिभा रांटा कहती हैं, 'हम पिछले साल जैसी स्थिति में वापस पहुंच गए हैं और यह वाकई गंभीर है। जैसा कि सीएम ने कहा कि हमें चेन को ब्रेक करना होगा और मैं उम्मीद करती हूं कि यह चेन टूटे और चीजें जल्द से जल्द बेहतर हों। हालांकि यह प्रतिबंध सिर्फ15 दिनों के लिए है, लेकिन मुझे याद है पिछली बार जब शूटिंग रोकी गई थी, तब इसका बड़ा असर पड़ा था। इसलिए सारी टेलीविजन इंडस्ट्री अस्थायी तौर पर शूट लोकेशन महाराष्ट्र के बाहर ले जाने पर विचार कर रही है, ताकि हम लगातार दर्शकों का मनोरंजन करते रहें और उनमें सकारात्मकता और उम्मीद जगाए रखने में मदद कर सकें। हम सभी को सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करने चाहिए और जब भी बाहर निकलें, मास्क पहनना चाहिए और समय-समय पर खुद को और अपने आसपास के माहौल को सैनिटाइज़ करना चाहिए और जितना हो सके, घर पर रहना चाहिए। आखिर इलाज से बेहतर है बचाव। सुरक्षित रहें!''

हमारीवाली गुड न्यूज़ में आदित्य का रोल निभा रहे राघव तिवारी कहते हैं, 'यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें फिल्मों और सीरियलों की शूटिंग रोकनी पड़ी, लेकिन हम सभी जानते हैं कि किस तरह हाल ही में बहुत-से कलाकार, क्रू मेंबर्स और सितारों के फैमिली मेंबर्स पॉजिटिव आए हैं। कोविड-19 की दूसरी लहर खतरनाक है और हमने अचानक भारी संख्या में केसेज़ में बढ़ोतरी देखी है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक जरूरी कदम है और हमारे स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हमें सरकार के इस फैसले का समर्थन करना चाहिए और सभी नियमों का पालन करना चाहिए। हमें इस महामारी पर नियंत्रण पाना ही होगा। यदि हम लगातार लापरवाह बने रहे, तो यह नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। इसलिए इस समय हमें होने वाले छोटे नुकसानों के बारे में सोचने के बजाय अपने भविष्य को लेकर सोचना चाहिए। आइए हम सब मिलकर नियमों का पालन करें और इस महामारी का



खात्मा करें। मैं हमारीवाली गुड न्यूज़ की शूटिंग मिस करूंगा, लेकिन मुझे लगता है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और हमें इन कदमों का स्वागत करना चाहिए।''

क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में कुलदीप का रोल निभा रहे सिद्धांत वीर सूर्यवंशी कहते हैं, ''जहां मैं सरकार के फैसले का स्वागत करता हूं और समझता हूं कि कोविड-19 की चेन को तोड़ने के लिए इन उपायों की जरूरत थी, वहीं शो भी जारी रहना चाहिए। इस चैनल और हमारे प्रोड्यूसर्स ने फैसला किया है कि हम 'क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी' की शूटिंग महाराष्ट्र के बाहर एक सील्ड और सुरक्षित (बायो बबल) लोकेशन में जारी रखेंगे। यह तीन-चार ह ते का शेड्यूल होगा और इसकी कहानी में भी थोड़ा बदलाव किया जा रहा है। मैं एक साल से ज्यादा समय से मुंबई से बाहर नहीं निकला हूं, तो ऐसे में यह हम सभी के लिए एक अच्छा बदलाव रहेगा और काम के माहौल के बीच सारी टीम भी आपस में घुल-मिल सकेगी। मुझे उन सभी के साथ मजेदार शामें गुजारने का इंतजार है। हालांकि महाराष्ट्र में स्थिति बड़ी गंभीर है और मैं उ मीद करता हूं कि सभी जल्द ठीक हो जाएं। मैं सभी से रिक्वेस्ट करूंगा कि वो सभी जरूरी सावधानियां बरतें और जब तक कि उन्हें बाहर निकलना बहुत जरूरी ना हो, तब तक घर से बाहर में ही रहें। अपना याल रखें और सुरक्षित रहें।

ज़ी टीवी के कुंडली भाग्य में पृथ्वी का रोल निभा रहे संजय



गगनानी कहते हैं, ''हम पिछले एक साल से बहुत ही चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजरे हैं। हम सबने देखा है कि पिछले लॉकडाउन के दौरान कैसे देश और दुनिया भर के लोगों ने मुश्किलें झेलीं और कई महीनों बाद जब वैक्सीन आई, तो हमें उम्मीद की एक किरण नजर आई। हमें लगा कि सबकुछ अच्छा हो जाएगा और हमें फिर कभी लॉकडाउन नहीं देखना पड़ेगा। लेकिन कोविड की दूसरी लहर ने न सिर्फ लोगों की उ मीदें तोड़ दीं बल्कि कई जानें भी ले लीं। हालात अब बेलगाम हो गए हैं और इसलिए प्रशासन के पास इस चेन को तोड़ने के लिए पूरे महाराष्ट्र में पाबंदियां लगाने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं। एक बार फिर कभी ना सोने वाला यह शहर आंशिक रूप से सो जाएगा। शूटिंग अपनी स्थिति में ही रुक जाएंगी और हम सभी के लिए एक बार फिर जिंदगी थम जाएगी। यह बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण वक्त है। मैं ना सिर्फ अपने लिए बल्कि अपने आसपास तकलीफ झेल रहे सभी लोगों के लिए फिक्रमंद हूं। मैं मानता हूं कि हमारे राज्य शासन ने विशेषज्ञों से सलाह करके ही यह निर्णय लिया है और मैं इसका पूरी तरह पालन करूंगा। जहां मैं 'कुंडली भाग्य' की शूटिंग मिस करूंगा और यह चाहूंगा कि हमें एक और लॉकडाउन से ना गुजरना पड़े, इसलिए मैं सरकार के इस फैसले का समर्थन करता हूं जो राज्य के नागरिकों के हित में लिया गया है। मेरा मानना है कि यदि यह चेन टूटेगी तभी कोविड



केसेज कम होंगे। यह स त पाबंदियों से ही संभव हो पाएगा। हम सभी जानते हैं कि सुरक्षित रहने के लिए हमें कौन-सी सावधानियां बरतनी चाहिए, इसलिए मैं सभी से गुजारिश करना चाहूंगा कि वो तमाम जरूरी सावधानियां बरतें, दिशानिर्देशों का पालन करें और उ मीद ना हारें। जिंदगी एक जंग है और बदलाव अटल है। एक वक्त आएगा, जब कोविड और लॉकडाउन बीते दौर की बातें हो जाएंगी। इस समय तो हम सभी को मिलकर एक दूसरे की मदद करना चाहिए और इस मुश्किल घड़ी से निपटने के लिए एक दूसरे का साथ देना चाहिए।'

'अपना टाइम भी आएगा' में महारानी राजेश्वरी का रोल निभा रहीं तनाज़ ईरानी कहती हैं, 'मैं यह कहना चाहूंगी कि मुझे चैनलों, प्रोडक्शन हाउस और हमारे उन क्रू मेंबर्स के लिए बहुत खराब लग रहा है, जो दैनिक भत्तों पर गुजारा करते हैं। अपना टाइम भी आएगा की शूटिंग रुकने के बाद मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी। ऐसा लगता है जैसे कल की ही बात है, जब चीजें बेहतर होना शुरू हुई थीं और अब अचानक उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। लोगों में अफरा-तफरी मची हुई है और शूटिंग के लिए वैकल्पिक लोकेशन्स ढूंढने की कोशिशें की जा रही हैं। हर शो गोवा और जयपुर जैसे शहर के बाहर के लोकेशन्स पर शूटिंग करना चाहता है। मुझे यकीन है कि यह प्रोड्यूसर्स के लिए भी बहुत महंगा सौदा होगा।


## खुलेपन सुनिश्चित करने, नुकसानदेह कंटेंट को रोकने को सरकार के साथ काम कर रहे हैं: यूट्यूब

**नई दिल्ली।** यूट्यूब के मुख्य उत्पाद अधिकारी नील मोहन ने कहा कि उनकी कंपनी वीडियो स्ट्रीमिंग मंच के खुलेपन को बनाए रखने के साथ ही उपयोगकर्ताओं को नुकसानदेह कंटेंट से बचाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। शीर्ष कार्यकारी ने कहा कि यूट्यूब के पास उपयोगकर्ताओं, रचनाकारों और भागीदारों के पूरे तंत्र को नफरत भरे भाषणों, गलत सूचनाओं और हानिकारक सामग्री जैसे पहलुओं से बचाने के लिए हमेशा से मजबूत सामुदायिक दिशानिर्देश रहे हैं। उन्होंने रायसीना संवाद के एक सत्र में कहा, हम सरकारी एजेंसियों, नियामकों के साथ काम करना चाहते हैं... पूरी दुनिया में इस बात पर चर्चा हो रही है कि यूट्यूब किस तरह ऐसी भूमिका निभा सकता है, जो सरकारों द्वारा तय ढांचे को संतुष्ट करती है... हम वर्षों से ऐसा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत में पिछले 13 वर्षों से, और हम आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी ने जब अपने सामुदायिक दिशानिर्देशों और नियमों को बनाया, तब यह खुले रूप में किया गया और साथ ही इस संबंध में दुनिया के सभी हिस्सों के राजनीतिक क्षेत्र के साथ परामर्श किया गया। मोहन ने कहा, हम इन दिशानिर्देशों को अपनी साइट पर स्पष्ट रूप से प्रकाशित करते हैं, और हम उन्हें समान रूप से लागू करने की कोशिश करते हैं, चाहें वह एक आम नागरिक हो या राज्य के प्रमुख। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि यूट्यूब एक खुले मंच के रूप में अपनी जि मेदारी को समझता है।

## सभी जरूरी सावधानियों के साथ तनाज़ ईरानी ने सादगीपूर्वक मनाया अपना जन्मदिन




**ज़ी टीवी** ने हाल ही में एक नया फिक्शन शो 'अपना टाइम भी आएगा' प्रस्तुत किया है, जो जयपुर के एक अमीर परिवार के हेड स्टाफ की बेटी रानी की प्रेरणादायक कहानी है। रानी अपनी गरीबी से बंधे रहने से इंकार कर देती है और अपनी हैसियत की बेड़ियां तोड़कर खुद अपनी तकदीर बनाना चाहती है। जहां रानी के किरदार को सभी दर्शक बहुत पसंद कर रहे हैं, वहीं तनाज़ ईरानी के किरदार राजेश्वरी को भी दर्शकों से उतना ही प्यार मिल रहा है। तनाज़ टीवी पर अपने किरदार को सबसे बढ़िया ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं और जहां यह एक्टर इस शो की शुरुआत से ही दिन रात मेहनत कर रही हैं, वहीं हाल ही में उन्होंने अपने शूटिंग शेड्यूल से छोटा-सा ब्रेक लेकर मुंबई की भीड़भाड़ से दूर अपना जन्मदिन मनाने का फैसला किया। जहां कोविड-19 की दूसरी लहर मजबूत हो रही है, वहीं तनाज़ ने अपने पति और बच्चों के साथ लोनावला में बड़े सादगीपूर्ण ढंग से अपना जन्मदिन प्लान किया। तनाज़ बताती हैं, ''आमतौर पर मैं हर साल अपने जन्मदिन पर पार्टी आयोजित करती हूं और इसे अपने दोस्तों और परिवार के साथ मनाती हूं,




लेकिन इस बार मैंने एक दिलचस्प और सीमित सेलिब्रेशन प्लान किया। मैं अपने परिवार के साथ लोनावला के एक आलीशान बंगले में जन्मदिन मनाने आई हूं, जिसमें एक पूल और गार्डन भी है। मैंने 'अपना टाइम भी आएगा' की शूटिंग से ब्रेक लिया और सारी प्लानिंग की। मेरे पति (ब तियार ईरानी) ने एक खास केक डिजाइन करवाया और मेरे प्यारे बच्चों ने मेरे लिए एक स्वीट सरप्राइज़ भी प्लान किया था। उन लोगों ने वाकई मेरा जन्मदिन बड़ा यादगार बना दिया।'' सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए तनाज़ ने कहा, ''हालांकि कोविड-19 की दूसरी लहर जोर पकड़ रही है, लेकिन हमने अपनी ट्रिप के दौरान मास्क पहनने से लेकर सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करने और महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तक, हर बात का याल रखा। वर्तमान परिस्थितियों के बावजूद हमने बहुत मस्ती की। सच कहूं तो एक जैसे रूटीन से बाहर आकर बहुत अच्छा लगा। वैसे, अपने दोस्तों और बाकी परिवार के साथ थोड़ा बड़ा सेलिब्रेशन और अच्छा रहता, लेकिन वर्तमान में कोविड-19 के हालातों ने हमें सिखाया है कि हम छोटी चीजों की तरफ देखें, जो कि असल में जिंदगी की बड़ी चीजें होती हैं।'' तनाज़ ने आगे कहा, ''इस साल मेरा जन्मदिन खास था, इसलिए मैंने अपने सभी फैमिली मेंबर्स को खास तौर पर तैयार किए गए पर्सनलाइज़्ड गि ट्स भेजे हैं। अब मुझे उनकी प्रतिक्रिया जानने का बेसब्री से इंतजार है।'' हमारी तरफसे भी खूबसूरत और रॉयल रानी सा को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जहां तनाज़ अपने बर्थडे वैकेशन पर हैं, वहीं आप भी 'अपना टाइम भी आएगा' में आने वाला ड्रामा देखना ना भूलें, जहां रानी का अपहरण हो जाता है और विक्रम (पुलकित भागिया) और कियारा (प्रियल शाह) दुर्घटनावश एक दूसरे से शादी करने जा रहे हैं।

8 | अभिमत
डिजिटल जगत की प्रतिरोधक क्षमता

9 | न्यूज-व्यूज
प्रदेश में अब तक किए गए कोविड के 3.75 करोड़ टेस्ट

15 | स्पोर्ट्स
सरिता फाइनल में, कांसे के लिए सीमा और पूजा भिड़ेंगी

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 174
लखनऊ, शुक्रवार, 16 अप्रैल, 2021
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



कोवड-19 से स्वस्थ होकर घर लौटीं तबस्सुम
विविध-16


# पन्द्रह मई तक सभी स्कूल बंद यूपी बोर्ड की भी परीक्षाएं टलीं

## ● टीम 11 के साथ बैठक में मुख्यमंत्री ने लिया निर्णय

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण को देखते हुये कक्षा एक से 12वीं तक के स्कूल में 15 मई तक बंद रहेंगे। इस अवधि में कोई परीक्षा भी आयोजित नहीं होगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं 20 मई के बाद आयोजित कराने का सरकार ने निर्णय लिया है।

नई समय सारिणी के लिए मई के पहले सप्ताह में विचार होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को यह आदेश टीम 11 के साथ बैठक में दिया। उन्होंने अधिकारियों को आदेश दिया कि पंचायत चुनावों में जुटे कर्मचारियों की सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम किए जाएं। कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से अनुपालन हो। मतदान कर्मियों के लिए मास्क, ग्लब्स, सैनिटाइजेशन आदि की पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिए। सीएम ने कहा कि जिस तरह से कोविड 19 का संक्रमण फैल रहा है कि उससे दूसरे राज्यों से प्रवासी श्रमिकों की वापसी संभावित है।



इसलिए सभी जनपदों में कोविड प्रोटोकॉल के हिसाब से क्वारन्टीन सेंटर संचालित हों। क्वारन्टीन सेंटरों में चिकित्सा सुविधाओं के साथ साथ भोजन, शयन आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों में कोविड मरीजों के लिए बेड तथा ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। हर दिन इस स्थिति की जनपदवार समीक्षा की जाए। यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक जनपद में कोविड बेड, दवाओं, मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। प्रभारी मंत्रीगण अपने सम्बंधित जिलों की हर दिन समीक्षा करें। बेड की संख्या में और बढ़ोत्तरी के लिए तेजी से प्रभावी कार्यवाही की जाए। कोविड चिकित्सालयों में चिकित्साकर्मियों एवं मेडिकल संसाधन की व्यवस्था प्राथमिकता पर की जाए। टेस्टिंग कार्य पूरी क्षमता के साथ संचालित किया जाए।

### विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों की परीक्षाएं 15 मई तक स्थगित

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए राज्य सरकार ने सभी महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में चल रही परीक्षाओं को 15 मई तक स्थगित करने के आदेश दिए हैं। इस बाबत विशेष सचिव अब्दुल समद ने सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को निर्देश जारी कर दिए हैं। विशेष सचिव के स्तर से जारी आदेश में कहा गया है कि सलेबस से संबंधित कक्षाएं ऑनलाइन संचालित होगी। परिसर में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति नहीं होगी। जबकि शिक्षकों की उपस्थिति के संदर्भ में कुलपति व प्रधानाचार्य निर्णय ले सकेंगे। वहीं समूह ख, ग व घ के कर्मियों को रोस्टर के अनुसार 50 फीसदी कर्मियों को ही परिसर बुलाने के आदेश दिए गए हैं। शेष 50 फीसदी कर्मी घर से ही कार्य करेंगे।

# दो हजार से ज्यादा एक्टिव केस वाले जिलों में रात 8 से सुबह 7 तक कर्फ्यू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राज्य** में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों को देखते हुये दस शहरों में नाइट कर्फ्यू के समय में बदलाव किया गया है। जिन जिलों में दो हजार से ज्यादा एक्टिव केस है वहां अब रात आठ बजे से सुबह सात बजे तक पाबंदियां रहेंगी। इसमें लखनऊ, प्रयागराज, वाराणसी, कानपुर, गौतमबुद्ध नगर, मेरठ, गोरखपुर, झांसी, बरेली और बलिया शहर हैं।

कोविड 19 पर प्रभावी नियंत्रण के लिए बनी टीम 11 के साथ वर्चुअल मीटिंग में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2000 से अधिक एक्टिव केस वाले सभी जिलों में रात 8 बजे से सुबह 7 बजे तक कोरोना कर्फ्यू प्रभावी किया जाए। इस आदेश को तत्काल प्रभाव से लागू करें। लोगों को मास्क और सैनिटाइजेशन के महत्व को समझाएं। उन्होंने कहा कि इस दौरान आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई चेन कार्यरत रहेगी। उन्होंने इन जनपदों की चिकित्सा व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में चिकित्सा कर्मियोंए कोविड बेडए दवाओंए मेडिकल उपकरणों तथा ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता हमेशी बनी रहे। उन्होंने एम्बुलेंस सेवाओं का सुचारु संचालन सुनिश्चित कराने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जनपदों के कोविड अस्पतालों में ऑक्सीजन की अनवरत आपूर्ति बनी रहे। मेडिकल ऑक्सीजन की आपूर्ति करने वाले टैंकरों का मूवमेंट ट्रैक करते हुए यह सुनिश्चित कराया जाए कि ऑक्सीजन प्लाण्ट से गन्तव्य स्थल तक इन वाहनों का मूवमेंट कहीं भी बाधित न हो। इसके लिए परिवहन विभाग तथा पुलिस विभाग का भी आवश्यक सहयोग प्राप्त किया जाए।





लखनऊ में संक्रमणरोधी रसायन का छिड़काव करता कर्मचारी

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा मेडिकल ऑक्सीजन की सुचारु आपूर्ति के सम्बन्ध में एक कण्ट्रोल रूम स्थापित किया जाए। इससे ऑक्सीजन की अनवरत उपलब्धता सुनिश्चित कराने में सुविधा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड मरीजों के उपचार में इस्तेमाल की जाने वाली रेमडेसिविर सहित अन्य सभी दवाओं की सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से अहमदाबाद से रेमडेसिविर इंजेक्शन की अतिरिक्त डोज प्राप्त हो गयी है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के कण्ट्रोल रूम द्वारा रेमडेसिविर की जनपदवार उपलब्धता एवं आपूर्ति के सम्बन्ध में नियमित संवाद व सम्पर्क रखा जाए। उन्होंने निर्देशित किया कि ऑक्सीजन तथा रेमडेसिविर के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री कार्यालय तथा मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा निरन्तर समीक्षा की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोविड.19 की टेस्टिंग की संख्या में निरन्तर वृद्धि की जाए। आरटीपीसीआर टेस्ट की संख्या को बढ़ाने के निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि निजी लैब भी अपनी टेस्टिंग क्षमता का विस्तार करें।

उन्होंने जनपदों में स्थापित इण्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कण्ट्रोल सेण्टर को सुचारु ढंग से संचालित करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण तथा शहरी इलाकों में निरन्तर स्वच्छता, सैनिटाइजेशन तथा फॉगिंग का कार्य करें। निगरानी समितियों को पूरी सक्रियता से संचालित करें। कण्टेनमेण्ट जोन के प्राविधानों को सख्ती से लागू किया जाए। सरकारी तथा निजी कार्यालयों एवं औद्योगिक प्रतिष्ठानों में कोविड हेल्प डेस्क संचालित रहनी चाहिए। उन्होंने औद्योगिक इकाइयों में कोविड प्रोटोकॉल का पालन कराने के निर्देश दिये।

### भारत में रिकॉर्ड दो लाख से अधिक मामले, 1038 की मौत

**नई दिल्ली।** भारत में कोविड-19 के एक दिन में रिकॉर्ड दो लाख से अधिक मामले सामने आने के बाद संक्रमण के कुल मामले 1,40,74,564 पर पहुंच गए हैं जबकि इस बीमारी का इलाज करा रहे मरीजों की संख्या 14 लाख के पार चली गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार को सुबह आठ बजे तक जारी आंकड़ों के अनुसार, बीते 24 घंटे में कोरोना वायरस के 2,00,739 मामले आए जबकि 1,038 लोगों के जान गंवाने से मृतकों की संख्या बढ़कर 1,73,123 हो गई है। तीन अक्टूबर 2020 के बाद से एक दिन में मरने वाले लोगों की यह सर्वाधिक संख्या है। लगातार नौवें दिन संक्रमण के मामले एक लाख से अधिक दर्ज किए गए हैं। भारत में नौ दिनों में संक्रमण के 13,88,515 मामले आए हैं। संक्रमण के मामलों में लगातार 36वें दिन वृद्धि हुई है। देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या बढ़कर 14,71,877 हो गई है जो संक्रमण के कुल मामलों का 10.46 प्रतिशत है जबकि स्वस्थ होने वाले लोगों की दर गिरकर 88.31 प्रतिशत रह गई है।

### सूबे में कोरोना के 22439 नए केस, 104 की मौत

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में कोरोना मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को प्रदेश में कोरोना के 22439 नए केस सामने आए हैं। वहीं राजधानी लखनऊ में 5183 केस मिले हैं। बीते 24 घण्टे के अंदर में 104 कोरोना संक्रमित मरीजों की मौत हो चुकी है। लखनऊ में 26 मरीजों की मौत हुई है। प्रदेश में वर्तमान में 129848 नए केस एक्टिव हैं। जबकि राजधानी में 35865 मरीज एक्टिव हैं। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग का कार्य करते हुएए टेस्टिंग की क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है। गत एक दिन में कुल 2,06,517 सैम्पल की जांच की गयी। प्रदेश में अब तक कुल 3,75,90,753 सैम्पल की जांच की गयी है। इसमें 89,964 सैम्पलों की जांच आरटीपीसीआर के माध्यम से की गयी है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 22,439 नये मामले आये है। प्रदेश में 1,29,848 कोरोना के एक्टिव मामले में से 66,528 लोग होम आइसोलेशन में हैं। निजी चिकित्सालयों में 2012 लोग तथा शेष मरीज चिकित्सालयों में इलाज भी करा रहे हैं।

### चतुर्थ कूष्मांडा



सुरासम्पूर्णकलशं रुधिराप्लुतमेव च।
दधाना हस्तपद्माभ्यां कुष्मांडा शुभदास्तु मे।

**नवरात्र** में चौथे दिन देवी को कुष्मांडा के रूप में पूजा जाता है। अपनी मंद, हल्की हंसी के द्वारा अण्ड यानी ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इस देवी को कुष्मांडा नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि नहीं थी, चारों तरफ अंधकार ही अंधकार था, तब इसी देवी ने अपने हास्य से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसीलिए इसे सृष्टि की आदि स्वरूपा या आदिशक्ति कहा गया है। इस देवी की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इस देवी का वाहन सिंह है और इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं। इसलिए इस देवी को कुष्मांडा कहा जाता है।

## भारत किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा

**भाषा।** नई दिल्ली



**प्रमुख** रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल बिपिन रावत ने पूर्वी लद्दाख में चीन के साथ गतिरोध का जिक्र करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि भारत उत्तरी सीमाओं पर यथास्थिति को बदलने के प्रयासों को रोकने के क्रम में मजबूती से खड़ा रहा और साबित कर दिया कि वह किसी भी दबाव के आगे नहीं झुकेगा। जनरल रावत ने यहां रायसीना संवाद में अपने संबोधन में कहा कि चीन ने सोचा कि वह थोड़ी सी ताकत दिखाकर अपनी मांगें मनवाने के लिए राष्ट्रों को विवश करने में सफल रहेगा क्योंकि उसके पास प्रौद्योगिकीय लाभ की वजह से श्रेष्ठ सशस्त्र बल हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मुझे लगता है कि भारत उत्तरी सीमाओं पर मजबूती से खड़ा रहा और हमने साबित कर दिया कि हम झुकेंगे नहीं। सीडीएस ने कहा कि क्षेत्र में यथास्थिति को बदलने के प्रयासों को रोकने में मजबूती से खड़ा होकर भारत अंतरराष्ट्रीय समुदाय का समर्थन प्राप्त करने में सफल रहा।

## नौका समेत 8 पाकिस्तानी पकड़े गए, 30 किग्रा हेरोइन बरामद

### ● तटरक्षक दल और गुजरात एटीएस का संयुक्त अभियान, मादक पदार्थ की कीमत 300 करोड़ रुपये

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** तट रक्षक दल और गुजरात आतंकरोधी स्क्वाड (एटीएस) के संयुक्त ऑपरेशन में गुरुवार को कच्छ जिले के झाकु तट से आठ पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया, जिनके पास से 30 किलो हेरोइन बरामद किया गया। बरामद मादक पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 300 करोड़ रुपये है। भारतीय तट रक्षक दल (आईसीजी) की तरफ से जारी बयान में बताया गया कि मंगलवार को इनपुट मिला की भारत-पाक अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा (आईएमबीएल) पर मादक पदार्थ की पाकिस्तानी नाव से बढ़ी खेप लाया जा रहा है। इस इनपुट के मिलने के बाद आईसीजी और गुजरात एटीएस के संयुक्त टीम का गठन कर ऑपरेशन की तैयार की गई। बयान के अनुसार संदिग्ध पाकिस्तानी नाव को भारतीय जल क्षेत्र में बुधवार-गुरुवार की रात में देखा गया और जिसे आईएसजी ने पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि नाव से बरामद 20 किलो हेरोइन की कीमत करीब 300 करोड़ रुपये है। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि तस्करी कर लाई जा रही यह हेरोइन को गुजरात तट पर उतारा जाना था। नाव में सवार आठ पाकिस्तानी नागरिकों के दल को झाकु में पकड़े जाने के बाद से संयुक्त टीम द्वारा पूछताछ जारी है। पिछले एक साल में तट रक्षक दल ने 1.6 टन से अधिक मादक पदार्थ पकड़ा है जिसकी कीमत करीब 5,200 करोड़ रुपये है। इस साल 18 मार्च को आईसीजी ने लक्ष्यद्वीप द्वीप से 300 किलो हेरोइन, पांच एके-47 और 1000 गोलियां एसएलबी रविहंसी के साथ बरामद किया था। जो मकरान तट से संदिग्ध है। इससे पहले आईसीजी ने सफलतापूर्वक एसएलबी अकारशाह दुआ को गिरफ्तार किया, जिसने कबूल किया कि उसने 200 किलो हाई ग्रेड की हेरोइन और 60 किलो हशीश ले आया था।

## मेरठ में भाजपा पार्षद की संदिग्ध हालात में मौत

**भाषा।** मेरठ

**जिले** के कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नगर निगम के वार्ड-40 से भाजपा पार्षद मनीष उर्फ मिंटू (38) की बृहस्पतिवार को सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में कार में लाश मिली और पास ही तमंचा पड़ा था। सूचना मिलने पर पुलिस और भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। प्रथम दृष्ट्या पार्षद की मौत को आत्महत्या माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच-पड़ताल में जुटी है। कंकरखेड़ा थाने के निरीक्षक तपेश्वर सागर ने बताया कि पावली खुर्द गांव के जंगल में एक क्रेटा कार चालू हालत में बुधवार देर रात से खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति की लाश कार में चालक सीट पर थी। उसको गोली लगी हुई थी। मौके पर ही एक तमंचा पड़ा हुआ था। सागर ने बताया कि कार से शराब की बोतल और खाली ग्लास भी बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतक की जेब से एक मोबाइल बरामद हुआ। उसकी छानबीन की गई तो पता चला कि रात करीब 12:30 बजे मिंटू ने अपने एक रिश्तेदार को एक ऑडियो संदेश भेजा था। इसमें वह यह कहते हुए सुने गए कि मैं किसी को मुंह दिखाने के लायक नहीं रहा।

## केंद्रीय बलों का घेराव करने के लिए लोगों को उकसाने के आरोप में ममता के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भाषा।** कूचबिहार

**केंद्रीय** बलों का घेराव करने के लिए लोगों को उकसाने के आरोप में यहां के एक पुलिस थाने में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई। इसमें आरोप लगाया गया है कि उनके उकसाने की वजह से सीतलकूची गोलीबारी की घटना हुई और उसमें चार लोगों की जान गई। कूचबिहार में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चे के जिलाध्यक्ष सिद्दिकी अली मिया ने बुधवार को अपनी शिकायत में दावा किया कि ममता बनर्जी द्वारा बनरेश्वर में एक रैली में दिए गए भाषण ने लोगों को चुनावों के चौथे चरण के दौरान केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के कर्मियों के खिलाफ हमले के लिए उकसाया। माथाभांगा पुलिस थाने में दर्ज अपनी शिकायत के साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी के भाषण की एक वीडियो क्लिप भी संलग्न की है। मिया ने कहा कि ममता बनर्जी के भड़काऊबयान से भड़के गांव वालों ने तैनात सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश की। प्राथमिकी में मिया ने कहा, महिलाओं सहित गांव वालों ने केंद्रीय बलों पर शरीरिक नुकसान पहुंचाने के इरादे से हमला किया, यह जानते हुए भी कि यह तैनात सुरक्षाकर्मियों की मौत का कारण भी बन सकता है। प्राथमिकी की एक प्रति पीटीआई-भाषा के पास मौजूद है। भाजपा नेता मिया से जब संपर्क किया तो उन्होंने कहा कि अगले कुछ दिनों के भीतर पुलिस यदि कुछ कार्रवाई नहीं करती है तो वह ममता बनर्जी को गिरफ्तार करने की मांग के साथ व्यापक विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा, चार लोगों की मौत के लिए सिर्फ ममता बनर्जी जिम्मेदार हैं। वह हमारे जिले के मतदाताओं के प्रति जवाबदेह हैं।



## कुंभ मेले में अब तक 1700 लोग संक्रमित

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून, ऋषिकेश

**हरिद्वार** कुंभ मेला क्षेत्र में 10 से 14 अप्रैल के बीच 1700 से अधिक लोगों के कोरोना वायरस संक्रमित पाए जाने के बीच आशंका जताई जा रही है कि विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक जमावड़ा कोविड-19 के मामलों में आ रहे जबरदस्त उछाल को और तेज कर सकता है। स्वास्थ्यकर्मियों ने मेला क्षेत्र में इन पांच दिनों में 2,36,751 कोविड जांच कीं, जिनमें से 1701 लोगों की रिपोर्ट में उनके महामारी से ग्रस्त होने की पुष्टि हुई। हरिद्वार के मुख्य चिकित्साधिकारी शंभु कुमार झा ने कहा कि इस संख्या में श्रद्धालुओं और विभिन्न अखाड़ों के साधु-संतों की हरिद्वार से लेकर देवप्रयाग तक पूरे मेला क्षेत्र में पांच दिनों में की गई आरटी-पीसीआर और रैपिड एंटीजन जांच दोनों के आंकड़े शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी और आरटी-पीसीआर जांच के नतीजे आना बाकी हैं और इस परिस्थिति को देखते हुए कुंभ मेला क्षेत्र में संक्रमित व्यक्तियों की संख्या 2000 के पार निकलने की पूरी आशंका है। हरिद्वार, टिहरी और ऋषिकेश सहित देहरादून जिले के विभिन्न भागों में 670 हेक्टेयर क्षेत्रफल में महाकुंभ क्षेत्र फैला हुआ है।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,803 | ↑ 259 | |
| निफ्टी | 14,581 | ↑ 76 | |
| सोना | 46,301 | ↑ 159 | /10g |
| चांदी | 67,168 | ↑ 206 | /kg |

## क्विक न्यूज

### केंद्र ने एनईईटी-पीजी 2021 को स्थगित किया

**नई दिल्ली।** कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए केंद्र सरकार ने स्नातकोत्तर चिकित्सा संकाय में दाखिले से संबंधित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा एनईईटी-पीजी 2021 को स्थगित करने का निर्णय किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. हर्षवर्द्धन ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। अगली तिथि के बारे में निर्णय बाद में किया जाएगा। एनईईटी-पीजी 2021 पूर्व कार्यक्रम के अनुसार 18 अप्रैल को निर्धारित थी। डा. हर्षवर्द्धन ने कहा, यह फैसला हमारे युवा चिकित्सा छात्रों की सेहत को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

## जजों के खिलाफ कुछ आरोप झूठे निकले: सुप्रीम कोर्ट

### ● शीर्ष न्यायालय ने कहा, अगर सुरक्षा नहीं हो तो आप किसी न्यायाधीश को आसानी से बाहर कर सकते हैं

**भाषा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि न्यायाधीशों के खिलाफ लगाए गए कुछ आरोप इतने झूठे निकले हैं कि अगर कार्यकाल के दौरान संरक्षण प्राप्त नहीं हो तो आसानी से उन्हें बाहर निकाला जा सकता है। शीर्ष अदालत ने लंबित मामलों का बोझ कम करने के लिए उच्च न्यायालयों में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए दो या ज्यादा वर्षों के निर्धारित कार्यकाल की पैरवी की। प्रधान न्यायाधीश एसए बोबडे की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ ने कहा, न्यायाधीशों के पद को सुरक्षित करना होगा। मैं आपको बताना चाहूंगा कि हमने न्यायाधीशों के खिलाफ लगाए गए आरोप देखे हैं जो झूठे निकले। हां, हैरान करने वाली बात है कि उनमें से कुछ आरोप पूरी तरह झूठे थे। अगर सुरक्षा नहीं हो तो आप किसी न्यायाधीश को आसानी से बाहर कर सकते हैं। तदर्थ न्यायाधीशों के लिए कार्यकाल में सुरक्षा होनी चाहिए। इस पीठ में न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सूर्य कांत भी थे। पीठ गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) लोक प्रहरी द्वारा दाखिल याचिका पर तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति की प्रक्रिया को लेकर दलीलें सुन रही थी। एनजीओ ने लंबित मामलों का बोझ घटाने के लिए संविधान के अनुच्छेद 224 ए के तहत उच्च न्यायालयों में अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति का अनुरोध किया है। न्यायालय ने इस याचिका पर सुनवाई पूरी करते हुए कहा कि इस पर निर्णय बाद में सुनाया जाएगा।

# पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में 61% से अधिक मतदान

### ● आगरा में एक मतदान केंद्र से दो मतपेटिका लूट ले गए उपद्रवी

### ● झांसी में एक बूथ पर उपद्रव, बैलट पेपर फाड़े गए

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव का सेमीफाइनल माने जा रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान बृहस्पतिवार को कोरोना संकट के बीच छिटपुट हिंसा व मारपीट के बीच संपन्न हुआ । प्रथम चरण के सभी 18 जिलों में तकरीबन 61 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ है। आगरा के फतेहाबाद तहसील के रिहावली मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय के एक बूथ से उपद्रवी दो मतपेटिका लूट ले गए। बताया जा रहा है यहां पहले फर्जी वोटिंग को लेकर दो पक्षों के समर्थक आमने सामने आए थे। इसी दौरान मतपेटी लूट की वारदात हो गई। मतपेटी लूट की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स सहित जिला अधिकारी और एसएसपी मौके पर पहुंचे। झांसी जिले के ककरबई थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव कैरोखर में बनाए गए बूथ संख्या 1, 2 पर जमकर उपद्रव हुआ। मतदान केन्द्र पर रखे बैलेट पेपर फाड़ डाले। कुर्सियां तोड़ डाली। यहीं नहीं आक्रोशित लोगों ने जमकर पथराव किया। वहीं कई घंटे मतदान बाधित रहा। घटना के बाद केन्द्र छावनी में तब्दील हो गया। करीब एक घंटे के बाद भारी पुलिस बल की मौजूदगी में दोबारा मतदान शुरू हुआ। राज्य निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक प्रदेश में चार चरणों में होने वाले चुनाव के पहले चरण में अयोध्या, आगरा, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, जौनपुर, झांसी, प्रयागराज, बरेली, भदोही, महोबा, रामपुर, रायबरेली, श्रावस्ती, संत कबीर नगर, सहारनपुर, हरदोई और हाथरस जिलों में मतदान सुबह सात बजे शुरू हुआ। शुरुआती घंटों में मतदान थोड़ा फीका रहा। सुबह 9 बजे तक सभी 18 जिलों में औसतन 10 प्रतिशत मतदान हुआ। इसी प्रकार 11 बजे तक 21 प्रतिशत, एक बजे तक 35 प्रतिशत, 3 बजे तक 49 प्रतिशत और शाम 5 बजे तक 61 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ। पहले चरण में जिला पंचायत सदस्य के 779 पदों के लिए 11442 प्रत्याशी क्षेत्र पंचायत सदस्य के 19313 पदों के लिए 81747 उम्मीदवार, ग्राम प्रधान के 14789 पदों के लिए 114142 प्रत्याशी तथा ग्राम पंचायत वार्ड सदस्यों के 186583 पदों के लिए 126613 उम्मीदवार मैदान में हैं। सहारनपुर में मतदान के दौरान प्रधान पद के प्रत्याशी भिड़ गए। जिसके बाद एक कार में तोडफोड़ कर दी। दूसरी में आग लगा दी। महोबा जिले की जैतपुर की ग्राम पंचायत मंगरोल कला में प्रधान प्रत्याशी समेत चार लोगों पर जानलेवा हमला किया गया है। गोरखपुर में प्रधान पद के प्रत्याशी को गोली मारने का मामला सामने आया है। संतकबीरनगर जिले में हकीमराई गांव में मतदान के दौरान जमकर ईट पत्थर चले हैं। गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। गाजियाबाद जिले के लोनी के ट्रॉनिका सिटी थाना क्षेत्र इलाइचीपुर और खुदाबक्स गांव में दो प्रत्याशियों के एजेंटों में भिड़ंत हुई है। प्रयागराज में फर्जी मतदान को लेकर जमकर हंगामा हुआ और मतदान केंद्र पर ताला लगा दिया गया लेकिन बाद में यहां पर मतदान देर से शुरू हुआ। बरेली के अधकटा नजराना मतदान केंद्र पर महिला प्रत्याशी के हाथ में इंक लगी होने पर दरोगा ने रोक दिया। इसी बात को लेकर प्रत्याशी तेजवती के पति और दरोगा में मारपीट हो गई।



प्रयागराज में एक मतदान केंद्र में पंचायत चुनाव के लिए लाइन में लगीं महिलाएं

# कोरोना की जद में आया इलाहाबाद विश्वविद्यालय

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

● सभी संघटक महाविद्यालयों में भी अधिकतर शिक्षक हो गए हैं पॉजिटिव

**पिछले** कुछ दिनों से इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संघटक महाविद्यालयों में कोरोना संक्रमण तेजी से अपना पांव पसार रहा है।इलाहाबाद विश्वविद्यालय और संघटक महाविद्यालयों में सौ से ज्यादा शिक्षक तथा नॉन टीचिंग स्टाफ और उनके परिवार वालों को कोरोना हो गया है। इविवि के सहायक जनसम्पर्क अधिकारी डा चित्तरंजन कुमार ने बताया कि राजनीति विज्ञान विभाग के प्रोफेसर तथा डीन सीडीसी प्रो पंकज कुमार और उनकी पत्नी अनुराधा अग्रवाल कोरोना पॉजिटिव हैं। विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रो हर्ष कुमार भी कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। बेहतर ईलाज के लिए उन्हें मेदांता ले जाया गया है। इविवि के ही दर्शनशास्त्र विभाग के प्रो ऋषिकांत पांडेय पिछले एक हफ्ते से बेहतर इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती हैं। जनसम्पर्क अधिकारी डा जया कपूर तथा विश्वविद्यालय के चार से ज्यादा असिस्टेंट रजिस्ट्रार कोरोना संक्रमित हैं। वित्त अधिकारी डा सुनील कांत मिश्र के परिवार में कोरोना संक्रमण दस्तक दे चुका है। जिस कारण वे भी कोविड गाइडलाइंस का पालन कर रहे हैं। प्रो एस ललित प्रो भूमिका कर डा आशीष खरे डा प्रतिमा डा अमरेंद्र त्रिपाठी तथा डा लक्ष्मण गुप्ता समेत कई शिक्षक हाल में कोरोना पॉजिटिव हुए हैं। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के अवकाश प्राप्त प्रो चंद्र देव पांडेय की पत्नी तथा पुत्र कोरोना के कारण नहीं रहे। गृह विज्ञान विभाग की अध्यक्ष के पिता का देहांत भी कोरोना के कारण हुआ है। सीएमपी की अवकाश प्राप्त शिक्षिका डा हेमलता का देहांत कोरोना के कारण हो गया है। सहायक जनसंपर्क अधिकारी डा चित्तरंजन कुमार ने बताया कि इलाहाबाद विश्वविद्यालय में कोरोना की गंभीरता को देखते हुए 9 अप्रैल को कुलपति प्रोफेसर संगीता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आपात बैठक बुलाई गई थी। ऑनलाइन माध्यम से सम्पन्न होने वाली सारी परीक्षाओं को निरस्त कर दिया गया था। कोरोना संकट के कारण इलाहाबाद विश्वविद्यालय को 21 अप्रैल तक पूरी तरीके से बंद करने का भी निर्णय लिया गया है। एसएस खन्ना की प्राचार्य डॉक्टर लालिमा सिंह ने बताया कि उनके महाविद्यालय के नौ शिक्षक कोरोना पॉजिटिव हैं। ईश्वर शरण महाविद्यालय के प्राचार्य डा आनंद शंकर सिंह ने बताया कि उनके महाविद्यालय में डा सुमन अग्रवाल डा अंजना श्रीवास्तव डा विवेकानंद त्रिपाठी डा रचना सिंह समेत कुल नौ लोग कोरोना वायरस की चपेट में हैं। ईश्वर शरण की शिक्षिका डा सुमन अग्रवाल कुछ दिन पहले ही मेदांता से कोरोना वायरस का उपचार करवा कर लौटी हैं। आर्य कन्या की प्राचार्य डा रमा सिंह का कहना है कि उनके महाविद्यालय में डा कल्पना वर्मा डा मुदिता तिवारी डा ममता गुप्ता समेत छह शिक्षकों को कोरोना है। जगत तारण गर्ल्स कॉलेज की प्राचार्या डा कमला दुबे समेत पांच शिक्षक कोरोना ग्रस्त हैं।

## बनारस में कोरोना विस्फोट, रिकॉर्ड 2484 संक्रमित मरीज मिले

**गुरुवार को संक्रमण से पांच लोगों की हुई मौत**

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**वाराणसी** में कोरोना का भयंकर विस्फोट 24 घंटे में रिकॉर्ड तोड़ 2484 संक्रमित मरीज मिले बनारस में गुरुवार को 5 मरीजों की मौत के बाद आंकड़ा 11756 पहुंचा। कोरोना संक्रमण की बढ़ती रफ्तार थमने का नाम ही ले रही। पुराने सारे रिकॉर्ड एक एक ध्वस्त होते जा रहे हैं।दस मार्च को जिले में जहाँ 50 सक्रिय मरीज थेए वही 16 अप्रैल को यह आंकड़ा 11756 हो गया। इससे पता चलता है कि संक्रमण कितनी तेजी से फैल रहा है। जिले में गुरुवार को 2484 पॉजिटिव मिले।वही आज 5 मरीजो की मौत हो गई।इसी के साथ कोरोना से मरने वालों की संख्या 416 पहुंच हो गया है। अब एक्टिव मरीजो की संख्या 11756 हो गया है।जबकि 497 मरीज होमआइसोलेशन से डिस्चार्ज किये गए।

# राज्यपाल ने किया क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के भवन का लोकार्पण

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज



संबोधित करतीं राज्यपाल आनंदीबेन पटेल पायनियर

**राज्यपाल** एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने बृहस्पतिवार को उत्तर प्रदेश राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण किया। कोविड 19 की विभीषिका को देखते हुए यह कार्यक्रम वर्चुअल मोड में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ विश्वविद्यालय में नवनियुक्त कुलपति प्रो सीमा सिंह के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित कुलाधिपति एवं उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। डा दिनेश शर्मा ने विश्वविद्यालय की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया। कहा कि कोविड 19 की विभीषिका में दूरस्थ शिक्षा का महत्व बढ़ गया और दूरस्थ शिक्षा से जुड़े संस्थानों को अपनी अधिसंरचना एवं शैक्षिक कार्यक्रमों में यथोचित परिवर्तन करके उसे समयानुकुल ढ़ालना है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति आनन्दीबेन पटेल ने क्षेत्रीय केन्द्र बरेली के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करते हुए राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न नवाचारों जैसे ट्रान्सजेन्डर एवं जेल के सजायाफ्ता कैदियों को नि:शुल्क शिक्षा गोद लिए गये गांवों की छात्राओं महिलाओं को विश्वविद्यालय के कार्यक्रमों में पचास प्रतिशत शुल्क छूट देना आदि की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का कार्य केवल उपाधि प्रदान करना नहीं बल्कि अपने सामाजिक दायित्व का भी निर्वाह करना है। उच्च शिक्षा संस्थाओं का कर्तव्य है कि वे समाज के वंचित वर्गो के उत्थान के लिए कार्यक्रम बनाये और उन्हें लागू करें। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यववाद ज्ञापन राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय के कुलसचिव डा अरुण कुमार गुप्ता ने किया।

# कोरोना की रोकथाम के लिए पुलिस कमिश्नर ने मांगे सुझाव

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी

**आज गुरुवार** को सुबह पुलिस आयुक्त ए सतीश गणेश ने काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष राकेश जैन से फ़ोन पर वार्ता की और कोविड 19 की रोकथाम के लिये सुझाव माँगे। राकेश जैन ने चिंता जताते हुए उन्हें बताया कि कोरोना के बढ़ते मामलों से वाराणसी जनपद की स्थिति दिनों.दिन बद से बदतर होती जा रही है। न तो गंभीर मरीजों को बेड मिल पा रहा हैए न तो ऑक्सीजनए न तो जीवन रक्षक इन्जेक्शन मिल पा रहा है। मनमाने तरीके से पैसा वसूलने के चक्कर में निजी अस्पतालों में बेड खाली न होने व आक्सीजन की कमी का बहाना बनाया जा रहा है। जीवन रक्षक इन्जेक्शन की कमी दिखाकर काला बाजारी की जा रही है। सरकारी अस्पतालों में भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। स्थिति ये है कि न तो बनाए गए कमाण्ड व कन्ट्रोल सेंटर का फोन उठता है न ही किसी जिम्मेदार अधिकारियों का फोन उठता हैए आखिर पीड़ित किससे सहायता ले। गंभीर मरीज तत्काल भर्ती व इलाज के अभाव में दम तोड़ दे रहे हैंए जिससे जनता में दहशत व्याप्त है।

काशी व्यापार प्रतिनिधि मंडल के उपाध्यक्ष व प्रवक्ता रविशंकर सिंह के अनुसार पुलिस कमिश्नर से राकेश जैन ने शहर के सभी बैंन्कवेट को अस्थाई कोविड हास्पिटल बनानेए कोविड हॉस्पिटल के खाली बेडों की प्रतिदिन जानकारी उपलब्ध करानेए सभी हास्पिटल में आक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करानेए जिस हॉस्पिटल व वार्ड में कोरोना संक्रमित मरीज़ों को रखकर ईलाज किया जा रहा है, उस जगह सीसीटीवी कैमरा लगाया जाने और उस सीसीटीवी कैमरे का लाइव प्रसारण हॉस्पिटल के बाहर किए जानेए जीवनरक्षक इन्जेक्शन की कालाबाज़ारी रोकनेए डॉक्टर्स व अधिकारियों की फोन पर उपलब्धता सुनिश्चित करनेए बिना मास्क के कोई घर के बाहर मिले तो उस पर 500६ जुर्माना लगानेए कोविड नियमों का कड़ाई से पालन करानेए व्यापार मंडलों को फ़िर से विश्वास में लेकर शुक्रवार रात्रि से सोमवार सुबह तक लॉकडाउन लगानेए एम्बुलेंस की उपलब्धता व किराया तय करने तथा मनमाने किराया वसूली पर रोक लगाने का सुझाव दिया। जिस पर पुलिस आयुक्त ने सुझाव पर गंभीरता से विचार कर अमल करने का विश्वास जताया।

## चैत्र नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्र घंटा के दरबार में श्रद्धालुओं ने टेका मत्था

**वाराणसी।** बसंती कि नवरात्र के तीसरे दिन चौक स्थित मां चंद्रघंटा देवी व ज्ञानवापी स्थित सतनारायण मंदिर के प्रांगण में गौरी के रूप में सौभाग्य गौरी के मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर मत्था टेका एवं दर्शन पूजन किया इस अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने सौभाग्य सौभाग्य गौरी को नारियल चुनरी प्रसाद कामा सिंदूर फूल माला आदि चढ़ाया इसके साथ ही चौक स्थित चित्र घंटा देवी के दरबार में हजारों श्रद्धालुओं ने भोर से ही उनके मंदिर में पहुंचकर दर्शन पूजन किया और मां को माला फूलए नारियल एचुनरी एप्रसाद आदि चढ़ाया। दर्शन का दर्शन पूजन का क्रम भोर से शुरू हुआ जो सायं काल तक चला इस कलिकाल में करो ना संक्रमित होने के बाद पर कोरोना पर आस्था भारी पड़ा। चित्र घंटा मंदिर में वहां के प्रधान पुजारी ने सायंकल महा आरती की तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया इस अवसर पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे महिलाओं को सुरक्षा के लिए महिला पुलिस तथा थाना प्रभारी चौक आशुतोष कुमार तिवारी सुरक्षा के दौरान मुस्तैद थे।

# अम्बेडकर जयंती को टीका उत्सव के रूप में मनाया

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**बनारस** रेल इंजन कारखाना प्रशासन भवन के स्वागत हॉल में सादगी व कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों का पालन करते हुए भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पीए बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर की जयंती पर उन्हें मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक डीएसण् जंगपांगीए विशिष्ट अतिथि प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर वीण्केण् सक्सेना द्वारा दीप प्रज्वलन के उपरांत माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित किया गया । विदित हो कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर महाप्रबंधक अंजली गोयल के दिशा निर्देशन में बनारस रेल इंजन कराखाना ने डाण् अम्बेडकर जयंती को कोविड.19 टीका उत्सव के रूप में मनाया । प्रमुख मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. सुजीत मल्लीकए अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा. देवेश के कुशल देखरेख में बरेका कर्मचारी क्लब में लाभार्थियों को कोविशिल्ड की पहली व दूसरी डोज लगाकर बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। उनके जीवन तथा विचारों से शिक्षा ग्रहण करके उनके आदर्शों को अपने आचरण में ढ़ालने का संकल्प बरेका अधिकारी व कर्मचारी द्वारा लिया गया तथा वक्ताओं द्वारा उनके जीवन स्मृतियों को याद किया गया । किस प्रकार से डॉण्अम्बेडकर ने अपने दृढ़ संकल्प और इच्छा शक्ति से देश को भारतीय संविधान के माध्यम से जो दिया है उसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है । उन्होंने न केवल दलित एवं निम्न वर्ग के कल्याण के लिये कार्य किया बल्कि सभी जातिए धर्मों में समानता लाने के साथ ही महिलाओं की प्रगति एवं मजदूरों के कल्याण के लिए भी कार्य किया । उन्होंने वंचितों को उनके अधिकार दिलाने व मनोवृत्ती में बदलाव लाने का पुरजोर वकालत की ।इस अवसर पर वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी टीओटी जीके मीणा, उप वित्त सलाहकार एके मिश्रा, वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी आरके चौधरी, सहायक कार्मिक अधिकारी पीयूष मींज, जन संपर्क अधिकारी राजेश कुमार एवं कर्मचारी परिषद सदस्य नवीन कुमार सिन्हा आलोक वर्मा, अनुसूचित जाति जनजाति एसोसिएशन महासचिव सरदार सिंह, अध्यक्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन रामनारायण, कर्मचारी नेता अमित यादव, अंतरार्ष्टीय बास्केटबॉल खिलाड़ी राजू यादव, सर्वोध पटेल, मुख्य कर्मचारी कल्याण निरीक्षक माधव बटबल, चंदन पांडेय सहित अनेक अधिकारियों व कर्मचारियों ने कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित होकर पुष्पांजलि अर्पित किया ।

## संतुष्टि कॉलेज में बीएससी नर्सिंग कोर्स शुरू

**वाराणसी।** संतुष्टि कॉलेज में अटल बिहारी वाजपेई यूनिवर्सिटी लखनऊ व उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकेल्टी से 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स की सत्र 2020 से मान्यता प्राप्त हो गई है ।डॉक्टर रितु गर्ग ने बताया कि सत्र 2020. 21 के लिए 4 वर्षीय बीएससी नर्सिंग कोर्स के लिए एडमिशन लिए जा रहे हैं। ऐसे सभी विद्यार्थी जो 12 क्लास फ़िजिक्स एकेमिस्ट्री एबायोलॉजी में 50: से अधिक अंक प्राप्त किए हैं वे सभी बीएससी नर्सिंग कोर्स में एडमिशन लेने के लिए पूरी तरह एलिजबिलिटी रखते हैं ।बीएससी नर्सिंग कोर्स करके कोई भी विद्यार्थी अच्छी सरकारी नौकरी व प्राइवेट नौकरी प्राप्त कर सकता है व किसी भी नर्सिंग स्कूल में टीचिंग करके भी अच्छी सैलरी प्राप्त कर सकता है ।आज की कोविड.19 में नर्सिंग एंड पैरामेडिकल क्षेत्र में लोगों का रुझान बढ़ा है व अधिक से अधिक लड़के और लड़कियां नर्सिंग एवं पैरामेडिकल क्षेत्र में अपना कैरियर बनाने के लिए काफी उत्सुक है ।ऐसे में यह बीएससी नर्सिंग प्रशिक्षण उनके लिए एक बहुत सुनहरा अवसर है जहां वे संतुष्टि कॉलेज से ये कोर्स करके अपने पैरों पर खड़े होकर अपने परिवार का भी अच्छे से भरण.पोषण कर सकते हैं।

## नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने महादेव घाट पर किया दीपदान

**वाराणसी।** नमामि गंगे काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष मार्कण्डेय वर्मा के आकस्मिक निधन पर सैदपुर बूढ़े महादेव घाट गंगा तट पर दीप दान कर मृत आत्मा की शान्ति के लिए प्रार्थना किया गया । संतोष मिश्रा ने कहा कि नमामि गंगे के लिए मारकंडे वर्मा ने अथक प्रयास किया तथा गंगा जी गंगा के लिए कार्य की।इस अवसर पर सभी नमामि गंगे के कार्यकर्ताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। जिसमें मुख्य रूप से म्लोग उपस्थित रहे। दयाशंकर पाण्डेय (जिला महामंत्री भाजपा) सन्तोष मिश्रा (जिला सह संयोजक नमामि गंगे) नगर अध्यक्ष अशीष श्रीवास्तव, सुधीर पाटिलए नगर संयोजक मोहित मिश्रा, बीरू मिश्रा, शनि, भोला, सूर्यांश,अभिषेक, शाहिल संजू बाबा, गणपत एअजीत जायसवाल, शुभम् सिंह, किशन पाण्डेय।

# कोरोना के आंकड़ों को छिपा रही है सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**कांग्रेसजनों** द्वारा आज एक पत्रकार वार्ता चादपुर कैम्प कार्यालय पर हुआ। वार्ता को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री अजय राय ने कहा की यूपी की निकम्मी सरकार कोरोना आकड़ो को छिपा रही है व सरकार की नीति व नियत दोनों साफ नही है पूरी सरकार संवेदनहीन हो चुकी है।बड़ी भयावह स्थिति हैए शवदाह गृहों में लाशों की कतारें हैए अपनों को खोने वालों की चीखे है। आज कोरोना ने रौंद डाला हैए किसी को बेड नहींए किसी को एम्बुलेंस नहींए ऑक्सीजन नहींए गंभीर कोरोना मरीजों के लिए रेमडेसीवर इंजेक्शन नहीं। यह बदहाली प्रधानमंत्री जी क्षेत्र का है।स्थानीय सांसद पीएम चुनाव में व्यस्त हैएसीएम आइसोलेशन में है।जिलाधिकारी से लेकर कमिश्नर तक सिर्फ नियमो की दुहाई दे रहे है कंट्रोल रूम से कोई सहायता नही मिल रहा हैएआईसीयू बेड से लेकर आक्सीजन तक हाहाकार, रेडिमिसीवर इंजेक्शन पर्याप्त नही है कालाबाजारी हो रहा है। हॉस्पिटल से लेकर शमशान तक जीवन बचाने व लाश जलाने के लिए लाइने लगी है। कल बीएचयू में भौतिक विभाग का शोध छात्र अभय जयसवाल 32 वर्ष गिड़गिड़ाता रह गया लेकिन इलाज नही मिला अंतिम में उस छात्र की मृत्यु हो गयी।ऐसे सैकड़ो लोग है जिन्हें समुचित इलाज नही मिल रहा है। विधायक, राज्यमंत्री, मेयर, एमएलसी जिनको आगे आकर जनता की लड़ाई लड़नी चाहिए जनता को सुचारू व्यवस्था मुहैया कराना चाहिए वह सारे के सारे सिर्फ नियमो के अनुपालन की दुहाई व कोरोना की मार्केटिंग में व्यस्त है।पीएम केयर फंड के नाम पैसा वसूला गया वह पैसा का भी पता नही है।भाजपा के जीते विधायकएमंत्री जनप्रतिनिधि तो संवेदनहीन हो चुके है।जनता दरबदर भटक रही है पूरी व्यवस्था दम तोड़ चुकी है माननीय प्रियंका गाँधी जी के आवाह्न पर कांग्रेस का एक एक कार्यकर्ता पूरी मदद के लिए खड़ा है हम पीछे नही हटेंगे जो भी मदद होगी करेंगे। पूर्व सांसद डॉ0 राजेश मिश्रा ने कहा की कुव्यवस्थाओं के कारण लोग दम तोड़ रहे है।सरकार हर मोर्चे पर विफ्ल है। पूरे काशी बदहाल के कगार के पर है श्मशान से लेकर हॉस्पिटल तक लाइन लगी है। चिकित्सा व्यवस्था शून्य है हर ओर हाहाकार है सरकार का निर्दयी चेहरा सबके सामने है आखिर कब तक यह सरकार अपने निक्कम्मेपन का परिचय देगीघ्यह लोग आपदा में उत्सव मना रहे है शर्म आना चाहिए। पूरी व्यवस्था ध्वस्त है कागजो पर सिर्फ व्यवस्था है धरातल पर आमजन बेहाल है। कांग्रेस पार्टी इस विपत्ति में आमजनमानस सँग खड़ी है हर सम्भव मदद हम सब करेंगे। पत्रकार वार्ता में पूर्व मंत्री अजय राय, पूर्व सांसद राजेश मिश्रा, प्रमोद पांडेय, जिला अध्यक्ष राजेश्वर पटेल, महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे, मनीष मोरोलिया, ओमप्रकाश ओझा, जेपी तिवारी किसान नेता पंकज सिंह समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पूर्वांचल की सबसे बड़ी किराना मंडी कोविड से बचाव के लिए 19 से 24 अप्रैल तक पूर्ण बंदी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**किराना** व्यापार समिति ने एक आपात सभा में कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों सहीत व्यापारियों ने कोरोना के बढ़ते संक्रमण एवं भयावह स्थिति को देखते हुए अपनी किराना मंडी दिनांक 19 अप्रैल 2021 से 24 अप्रैल 2021 तक संपूर्ण लॉकडाउन बाजार बंदी का निर्णय लिया है। अध्यक्ष श्री मनोज कुमार पांण्डेय की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से व्यापारी हितों को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से स्वेच्छा से अपने व्यापार बंद रखने का निर्णय लिया। संस्था के महामंत्री अशोक कसेरा ने कहा कि इस नए से कोविड चैन को तोड़ने में अवश्य सफ्लता प्राप्त होगी। यह व्यापारी हित और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक हो गया है। जान से ही जहान हैए जान हैए तो व्यापारी है और सब कुछ जिंदा रह कर ही हो सकता है।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड उ0प्र0 पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि0 पो0–डी0एल0डब्लू0, वाराणसी–221004 निविदा सूचना सं0–01/ET&CD,Vns/ 2021-22 पंजीकृत सेवाप्रदाता/टूर आपरेटर्स/ट्रैवेल एजेंसियो से विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु उनके अपने लेटर पैड पर निम्न कार्य हेतु मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा सं0–01/ET&CD,Vns/ 2021-22,** विभिन्न विद्युत उपकेन्द्रों के परीक्षण एवं परिचालन व कार्यालय आदि के कार्यो हेतु विद्युत परीक्षण एवं परिचालन खण्ड, वाराणसी के अन्तर्गत सहायक अभियन्ता के प्रयोगार्थ एक नग हल्का डीजल वाहन चालक सहित मासिक किराये पर 09 माह के लिए। निविदा प्रपत्र, बिक्री हेतु इस कार्यालय में 18.04.2021 से 18.05.2024 तक प्रत्येक कार्य दिवस में 12 बजे अपरान्ह तक रू0 200.00+**GST** अतिरिक्त पर प्रतिप्रपत्र उपलब्ध है, निविदा प्रपत्र, विभागीय खातें (**SBI**) में शुल्क जमा करने के पश्चात प्राप्त किये जा सकते है। निविदा दो भागों में एक साथ प्रस्तुत की जायेंगी। प्रथम भागे में धरो. हर धनराशि रू0 2000.00 (रूपये दो हजार) एवं निविदा शुल्क 224 (दो सौ चौबिस) मात्र जी0एस0टी0 सहित अलग–अलग **'Executive Engineer, Electricity Test & Commissioning Division, Varanasi, A/C No. 10852134156, Brach-SBI, DLW Varanasi, IFS-CODE-SBIN0001868'** के पक्ष में केवल **RTGS/NEFT** के रूप में देय होगा, एवं **GST Declaration Certificate,** फर्म का जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रपत्र, पैन कार्ड व नियम एवं शर्ते होगी। दूसरे भाग में दरों का उल्लेख होगा। दोनों भागों के ऊपर निविदा संख्या, दिनांक एवं खोले जाने की तिथि व समय का स्पष्ट उल्लेख किया जाना चाहिए। निविदा खोलने की प्रक्रिया में प्रथम भाग पहले खोला जायेगा। इसे सही पाये जाने पर ही दूसरा भाग खोला जायेगा। अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा 18.05. 2021 को 14:00 बजे तक स्वीकार की जायेगी जो उसी दिन 15:00 बजे उन्हीं निविदादाताओं अथवा उनके अधिकृत प्रति. निधियों के समक्ष खोली जायेगी। अवकाश की स्थिति में निविदा अगले कार्यदिवस मे खोली जायेगी। सफल निविदादाता को उपरात्त कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी के साथ एक अनुबन्ध करना होगा, अधोहस्ताक्षरी को एक या समस्त निविदायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अन्य नियम एवं शर्तें निविदा फॉर्म में उपलब्ध हैं, जो कि निविदादाता पर लागू होगी। **(ऐनुल होदा) अधिशासी अभियन्ता** पत्रांक–227 दिनांक 18.04.2021 ''राष्ट्रहित में बिजली बचायें।

**गांव की सरकार के लिए डाले गए वोट**

# छिटपुट विवाद के बीच प्रयागराज में हुआ लगभग 65 फीसद मतदान

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

● 26023 प्रत्याशियों का भाग्य मतपेटियों में बंद

● कई विकास खंडों में उम्मीदवारों के बीच हुआ विवाद

● मतपेटियों में डाला गया पानी, पुलिस ने मामलों को कराया शांत



**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए गुरुवार को कोविड संक्रमण के खतरे के बीच प्रयागराज में लगभग 65 फीसद मतदान हुआ। मतदान के लिए कोविड 19 की गाइडलाइन के पालन का प्रयास तो किया गया लेकिन मतदाताओं ने कोरोना को मात देते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। 23530 पदों के लिए सुबह 7 बजे से शाम छह बजे तक 1731 मतदान केंद्रों में वोट डाले गए। चुनाव के लिए कुल 5269 मतदान स्थल रहे। जबकि 411 संवेदनशील बूथ और 434 अति संवेदनशील बूथ बनाये गए थे। इसी के साथ 26621 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया। उक्त चुनाव के लिए कुल 3368085 मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में शामिल था। चुनाव के लिए कुल 75 जोन 433 सेक्टर बनाये गए थे। जिसमें 24 आरओ और 409 एआरओ तैनात किए गए थे। प्रयागराज में कुल 23 विकास खण्डों में मेजा उरूवा बहरिया कोरांव जसरा बहादुरपुर सैदाबाद कौंधियारा करछना मऊआइमा धनूपुर कौड़िहार सोरांव हण्डिया माण्डा प्रतापपुर चाका फूलपुर शंकरगढ़ होलागढ़ सहसों श्रृंग्वेरपुर एवं भगवतपुर आदि हैं। सुबह 9 बजे तक कुल 9ण्11 प्रतिशत 11 बजे तक 20ण्11 प्रतिशत एक बजे तक 33 प्रतिशत तीन बजे तक 45ण्20 प्रतिशत तथा पांच बजे तक 57ण्24 प्रतिशत मतदान हुआ। जबकि छह बजे कुल 65 प्रतिशत मतदान हुआ।उल्लेखनीय है कि प्रधान के 1540 पदों के सापेक्ष 12520 प्रत्याशी बीडीसी के 2086 पदों के सापेक्ष 9812 प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य के 84 पदों के सापेक्ष 1472 प्रत्याशी तथा ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 2831 प्रत्याशी मैदान में हैं। एडीजी जोन प्रेम प्रकाश मण्डलायुक्त संजय गोयल डीएम भानुचंद्र गोस्वामी आईजी के पी सिंह डीआईजी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी पंचायत चुनाव के नोडल अधिकारी आशुतोष मिश्र सहित तमाम अधिकारी जगह जगह निरीक्षण कर दिशा निर्देश देते रहे। महीने भर से चल रही पंचायत चुनाव की कवायद में मतदान का दिन आखिरकार गुरुवार को आ ही गया। पहले चरण में प्रयागराज की वोटिंग आज गुरुवार की सुबह सात बजे से शुरू हुई। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान को लेकर उत्साह रहा। सुबह से ही मतदान केंद्रों पर भीड़ जुटनी शुरू हो गयी। लोग लाइन में लगकर मतदान करना शुरू किया तो कोरोना को भूल ही गए। सूर्य की तल्खी मतदाताओं को परेशान भी कर रही थी। यमुनापार में करछना थाना क्षेत्र के मझुआ गांव में कोरोना पाजिटिव व्यक्ति द्वारा वोट डालने जाने पर बूथ एजेंटों के बीच मारपीट हो गयी। जिसमें राजकरन बिंद का सर फूट गया। पुलिस दोनों पक्षों को थाने ले गई। मेजा के कुंवर पट्टी और करछना के मैलहा गांव में वोट डालने को लेकर मारपीट हो गई। पूर्व प्रधान दिनेश मिश्र और वर्तमान प्रधान दिनकर मिश्र के समर्थकों में फर्जी वोटिंग को लेकर मारपीट हुई। मारपीट में छह लोगों को चोट आयीं। दर्जन भर लोगों को पुलिस ने उठा लिया। मेजा के कनिगड़ा गांव में भी दो जिला पंचायत उम्मीदवारों में हाथापाई हुई। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया। विकास खंड सैदाबाद के प्राथमिक विद्यालय कहरा में दोपहर लगभग एक बजे दो प्रत्याशियों के विवाद को लेकर मतपेटी में पानी डाल दिया गया। इससे मतदान करीब दो घंटे बाधित रहा। बाद में पुन: मतदान शुरू हो गया है। वहीं नवाबगंज के मोइउद्दीनपुर गांव में वोटरों को निजी वाहन से बूथ तक लाने की शिकायत की गई। आरोप लगा कि बाहरी लोग मतदान कर रहे हैं। ब्लाक बहादुरपुर के रामनाथपुर गांव निवासी वीरेंद्र कुमार पुत्र लालता प्रसाद बीडीसी प्रत्याशी हैं। उनका चुनाव निशान ब्लाक से गायब था। आरोप है कि निर्वाचन अधिकारी से आवंटन के दौरान लापरवाही की गई है। इस गांव में क्षेत्र पंचायत सदस्य की एससी सीट है। चुनाव मैदान में सात प्रत्याशी हैं। सुबह मतदान शुरू हुआ तो प्रत्याशी को चुनाव निशान गायब होने का पता चला। सात की जगह सिर्फ छह चुनाव निशान बैलेट पेपर हैं। इसकी शिकायत करने पर पीठासीन अधिकारी ने असमर्थता जताते हुए आरओ से बात करने को कहा। प्रत्याशी दोपहर दो बजे तक इधर से उधर चक्कर काटता रहा लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो सका। इस संबंध में आरो जितेंद्र सिंह का कहना था कि यह गलती स्वयं प्रत्याशी की है। फार्म गलत काउंटर पर जमा किया था।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी–33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# डीएम ने आरटीपीसीआर मशीन की सुविधा उपलब्ध करायी



संवाददाता। उन्नाव

**जिले में** कोरोना वायरस के बढ़ रही संख्या एवं जनपद वासियों को आरटीपीसीआर की जांच अधिक से अधिक कराये जाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने सरस्वती मेडिकल कालेज में स्थापित आरटीपीसीआर मशीन की सुविधा उपलब्ध करायी।

जिलाधिकारी ने आरटीपीसीआर मशीन की सुविधा उपलब्ध कराते हुए कहा कि यह सुविधा जनपद वासियों के लिए बेहतर होगी। अभी तक कोरोना वायरस की जॉच रिपोर्ट का इन्तजार कई दिनों तक पीड़ित को करना पड़ता था। जिससे अन्य लोगों को भी प्रभावित होने का खतरा बना रहता था अब ऐसा नही होगा। उन्होंने बताया सरस्वती मेडिकल कालेज में कोई भी 700 रूपये फीस अदा करके आरटीपीसीआर की जॉच कम समय में करा सकते है। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस से बचाने के पूरे प्रयास किये जा रहे हैं। जनपद स्तर पर भी कोरोना वायरस की जॉच विभिन्न माध्यम से कराये जा रहे है।श्री सौरभ कवंर ने बताया कि सरस्वती मेडिकल कालेज में पूर्व में ही डायलसिस मशीन आइसीयू,एचएन0एफ0सी0 आदि की सुविधा जनपद वासियों को दी जा रही है। अब आरटीपी0सी0आर0 की जॉच करने की क्षमता इस लैब में है कोई भी व्यक्ति 700 रूपये फीस अदा करके कोरोना वायरस की जॉच करा कर सुविधा का लाभ ले सकता है। उन्होंने बताया कि भविष्य में डोर टू डोर सैम्पल कलेक्सन की व्यवस्था की जायेगी।इस अवसर पर सरनीत कौर ब्रोका मुख्य विकास अधिकारी, डा0 आशुतोष कुमार मुख्य चिकित्साधिकारी, डा0 सौरभ कवंर निदेशक सरस्वती मेडिकल कालेज आदि उपस्थित रहे।

## पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ शान्तिपूर्ण महौल में सम्पन्न करायें चुनाव : जिला निर्वाचन अधिकारी
### पंचायत निर्वाचन से जुड़े सभी प्रभारी अधिकारी गंभीरता पूर्वक चुनाव की तैयारी करें

**उन्नाव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रवीन्द्र कुमार ने उपस्थित सभी प्रभारी अधिकारी निर्वाचन को निर्देश दिये कि पंचायत निर्वाचन की गम्भीरता के दृष्टिगत मतदान एवं मतगणना तक निर्वाचन के सभी कार्यों को पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ शान्ति पूर्ण, निष्पक्ष सम्पन्न करायें। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिये।श्री कुमार ने सीडीओ सरनीत कौर ब्रोका को निर्देश दिए कि पंचायत चुनाव के मतदान कर्मियों की ड्यूटी पर्याप्त मात्रा में लगाई जाए। उन्होंने मतगणना में लगे कर्मियों की पूरी जानकारी ली। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने समस्त अधिकारियों से कहा कि पंचायत चुनाव की तिथि को ध्यान में रखते हुए अधिकारियों/कर्मचारियों का प्रशिक्षण, बूथों पर बिजली, टेंट आदि लगाने , पेयजल, शौचालय आदि की व्यवस्था, चुनाव सामग्री, बैलेट बाक्स, खान-पान, मतदाता सूची, यात्रा भत्ता तथा कर्मचारियों को डियुटी आदि उपलब्ध कराने की समस्त व्यवस्था समय से पूर्ण करा लें। उन्होंने सभी एसडीएम से कहा कि मतपेटी रखने वाले स्ट्रांग रूम वाले स्थानों पर अधिकारियों/कर्मचारियों एवं रूकने वाले पुलिस जवानों के लिए बिजली, पेयजल एवं शौचालय, गद्दे आदि की व्यवस्था पहले से सुनिश्चित करा लें तथा क्षेत्र में शान्ति व्यवस्था बनाये रखेंगें और शिकायत प्रकोष्ठ में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण संबंधित अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से कराया जायेगा।नगर मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्वाचन में प्रयोग हेतु अधिक से अधिक गाड़ियों को अधिकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि पर्याप्त संख्या में गाड़ियों की तामिल करने हेतु गाड़ी मालिकों के साथ बैठक कर गाड़िया सुनिश्चित की जाए। महत्वपूर्ण जगहों पर सीसीटीवी कैमरे आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कर ली जाए। बैठक में उप निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने पंचायती चुनाव तैयारी की समीक्षा करते हुए पूरी जानकारी दी। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट चंदन पटेल ,जिला विज्ञान अधिकारी शरद निगम व जिला स्तरीय आदि अधिकारी उपस्थित थे।

# दिव्यांग माया ने दिया समाज सेवा के बुलंद हौसले का प्रमाण

**पाटन।** ग्राम प्रधान पद के लिए नामांकन कराने वालों में गुरुवार को सुमेरपुर ब्लाक मुख्यालय पर जो दृश्य दिखा वह अविश्वसनीय था। समाजसेवा के बुलंद हौसले का प्रमाण देने वाली पूर्णतया दिव्यांग 30 वर्षीय माया देवी थी। उन्होंने चंदरपुर ग्राम पंचायत से ग्राम प्रधान पद की दावेदारी की है। महज कक्षा 5



तक की शिक्षा प्राप्त माया देवी का कहना है उसकी दिव्यांगता के कारण वह बचपन से ही उपेक्षित रही लेकिन इसी उपेक्षा ने उसे बार बार अपने आप को साबित करने की प्रेरणा दी। जनप्रतिनिधियों द्वारा पद पाने के बाद अपनो का ही शोषण किया जाता है। जब वह अन्याय के विरुद्ध लोगों की मदद के लिए ब्लाक या तहसील जाती थी तो लोग उस पर दया तो दिखाते थे लेकिन न्याय नहीं करते थे। इस मायूसी ने उसे ग्राम प्रधान पद की प्रत्याशिता तक पंहुचा दिया। हार या जीत के सवाल पर माया का कहना था कि यह गांव के लोगों के हाथ में है। लेकिन चुनाव लड़ने के बाद उसे अपने गांव के लोगों की मदद करने का एक कारण तो मिल ही जायेगा और यही उसकी जीत है। माया के साथ नामांकन कराने ब्लाक मुख्यालय कई लोग आए थे।

# चुनाव प्रक्रिया के बारे में निर्वाचन कार्मिकों को विस्तार से मिला प्रशिक्षण

संवाददाता। उन्नाव

**त्रिस्तरीय पंचायत** सामान्य निर्वाचन की चुनाव प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से निर्वाचन कार्मिकों को चुनाव से सम्बन्धित सभी जानकारिया विस्तार से दी गई। सैद्धांतिक एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण को बहुत ही बारीकी से समझाया गया।

त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की चुनाव प्रक्रिया से संबंधित प्रशिक्षण आज एस0वी0एम0इंटर कॉलेज संत पूरन दास नगर में जिला प्रशिक्षण अधिकारी देवेश संचान, समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेन्द्र भदोरिया सहित अन्य अधिकरियों द्वारा नियुक्त कार्मिकों द्वारा दो पालियो में आयोजित कर दिया गया। जिसमें प्रमुख रूप से जिला प्रशिक्षण अधिकारी देवेश संचान ने उपस्थित कार्मिकों का हौसला बढ़ाते हुये कहा कि सभी को अपने कर्तव्य एवं दायित्वों का निर्वाहन करते हुये तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का स्वयं एवं मतदाताओं को नियमों का पालन कराते हुये निर्वाचन सम्पन्न कराने में अहम भूमिका का निर्वाहन करना है। उन्होंने मत पेटिका, मत पेटिकाओं के संचालन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। आज के प्रशिक्षण की प्रथम पाली में 36 कार्मिक अनुपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 34 मतदान कार्मिक कुल 70 मतदान कार्मिक प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये गये। बताया गया कि 08 अप्रैल से 14 अप्रैल तक अनुपस्थित कुल 565 कार्मिको में से मात्र 51 कार्मिक ही उपस्थित हुये। अनुपस्थित कार्मिकों से चुनाव प्रशिक्षण में उपस्थित न होने के संबंध में स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है तथा साथ ही वेतन रोकते हुए अग्रिम कार्यवाही के निर्देश दिये गये है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी सहायक कार्मिक अधिकारी ज्ञानेन्द्र भदौरिया ने बताया कि निर्वाचन प्रक्रिया को बहुत ही बारीकी से समझने की आवश्यकता है। सम्बन्धित कार्मिक निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों एवं बैलेट बाक्स आदि के बारे में पूरी जानकारी अवश्य कर लें। उन्होंने बताया कि कोई भी कार्मिक नियमों का उल्लघन नही करेगा। निर्वाचन पूरी टीम भावना के साथ सम्पन्न कराया जाना है। निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रत्यासी का आतिथ्य सत्कार स्वीकार नही करेगा।

प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स के साथ राजेन्द्र प्रसाद यादव, राम प्रकाश सिंह सहित पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय आदि उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 180 ने दाखिल किया नामांकन पत्र

**उन्नाव।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन में जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने हेतु 180 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र कलेक्ट्रेट में बनाये गये नामांकन कक्ष में दाखिल किया। आपको बताते चले जिले में तृतीय चरण में 26 अप्रैल को मतदान निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत सम्पन्न होना है।

## घूंघट की ओट से सरकार चलाने को पीछे नहीं आधी आबादी

**पाटन।** घूंघट की ओट से गांव की सरकार चलाने के लिए आधी आबादी पीछे नहीं है। सुमेरपुर ब्लाक क्षेत्र की मनिकापुर निवासी श्रीमती अंशू अवस्थी और संतोष कुमारी ने



गुरुवार को क्रमश: वार्ड 3 व 2 से सदस्य पद के लिए नामांकन कराया। अंशू अवस्थी कहती हैं कि इस पद को पाने के बाद वह अपने वार्ड के लिए बहुत कुछ कर सकेंगी। संतोष कुमारी का कहना था कि सदस्य बनने के बाद गांव के विकास के लिए अच्छे प्रस्ताव देना उनकी प्राथमिकता है। इसी क्रम में देवा खेड़ा निवासी रचना देवी ने बताया कि वे क्षेत्र पंचायत सदस्य बनकर ब्लाक से अपने गांव के लिए योजनाएं लाकर विकसित करना चाहती है।

# स्टाप नर्स मिली संक्रमित, मातृ व शिशु चिकित्सालय 72 घंन्टे के लिये सील



संवाददाता। घाटमपुर

**तहसील मुख्यालय** की सीएचसी का मातृ एंव शिशु चिकित्सालय की स्टाप नर्स कोरोना जॉच में पॉजिटिव मिलने पर मात् एंव शिशु अस्पताल को सैनिटाइन करा कर सील कर दिया गया है। चिकित्सा अधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि चिकित्सालय को 72 घंटे के लिये सील किया गया है। 30 शैया वाले तहसील स्तरीय इस जच्चा-बच्चा अस्पताल के सील होने से प्रसूताओं को निजी नर्सिंग होमों की शरण में जाना पड़ रहा है। इस संवंन्ध में चिकित्साधीक्षक का कहना है मातृ एंव शिशु चिकितसालय के आइलोशन के चलते डिलीवरी का काम बन्द है प्रसूताए जहॉं चहें जाकर डिलीवरी करा सकती हैं, वैसे क्षेत्र के पतारा और भीतरगांव सीएचसी के अलावा पड़ोसी जनपद हमीरपुर में भी ब्यवस्था है।

## ट्रान्सफार्मर की चिनगारी से लगी आग, दर्जनों किसानों की फसल राख



**संवाददाता घाटमपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव गड़ाथा के गड़ाथा गांव में गुरुवार दोपहर एक निजी नलकूप के ट्रान्सफारमर से निकली चिनकारी से करीब डैढ़ दर्जन किसानों की खेतों में खड़ी गेंहू की फसल जलकर राख हो गयी। बताया जाता है कि आज दोपहर बाद मुगल रोड से गांव के जाने वाले संर्म्पक मार्ग के किनारे एक नलकूप के ट्रान्सफारमर से निकली चिनगारी देखते-देखते बिकराल रुप धारण कर लिया और एक के बाद एक किसान की खेतों में खड़ी गेहू की फसल जलती चली गयी, आग लगने की सूचना पाकर घाटमपुर से दमकल की गाड़ी गयी और काफी प्रयास के बाद आग पर काबू पाया लेकिन इसके पहले करीब डेढ़ दर्जन किसानों की 80-90 बीधा फसल जलकर राख हो गयी।

# घाटमपुर में हंगामे और छिटपुट झड़पों के बीच प्रतिशत 65 मतदान



मतदान केंद्र पर बोट डालने के लिये लगी लाइन

संवाददाता घाटमपुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव के पहले चरण में आज घाटमपुर, पतारा और भीतरगांव बिकास खंण्ड में हंगामा और फर्जी मतदान कराने की शिकायतों के बीच शांन्ति पूर्ण ढ़ंग से मतदान संम्पन्य हो गया, प्रात: 7 बजे से शांम 6 बजे तक हुए मतदान में 63.68 प्रतिशत मतदान हुआ, यदपि सबेरे 7 से 9 बजे तक मतदान का प्रतिशत 8.48 रहा। इसके बाद 9 से 11 बजे, 13.30, 11 से 1 बजे के बीच मतदान में कुद तेजी आयी और मतदान का प्रतिशत 32.47 पंहुच गया। दोपहर बाद 1 से 3 बजे 46.41 और 3 बजे से शांम 5 बजे के बीच 59.73 प्रतिशत पंहुच गया। उधर क्षेत्र के कोरियॉं, संन्डौली, बीरबल का अकबरपुर और बिधनू बिकास खंण्ड के पिपरगवां में हंगामा के लेकर मतदान रुका लेकिन सेंक्टर मजिस्ट्रेट ने पंहुच कर मतदान चालू कराया।

### मतदान केंद्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लाइनें लगी

**घाटमपुर।** गांव की सरकार के लिये मतदाताओं में काफी उत्साह दिखा और बोट डालने के लिये सबेरे से ही मतदान केंद्रों पर लाइनें लग गयी थी। लेकिन ज्यादा तर मतदान केंद्रों में मतदान की गति धीमी दिखी, मतदान कराने की गति धीमी को को लेकर बिकास खंण्ड घाटमपुर के गांव सिधौल में प्रधान पद के दावे दारों ने कंन्ट्रोल रुम में शिकायत की यही हाल कसबा पतारा का था जहॉं कारोना की गाइड लाइन के नाम पर मतदान की गति सुस्त दिखी।

### बीरबल के अकबरपुर मतदान केंद्र में एक प्रत्याशी के पक्ष में वोट कराने का आरोप

### मतदान को लेकर आधी आबादी में उत्साह ज्यादा दिखा

**घाटमपुर।** मतदान को लेकर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं में ज्यादा दिखा। क्षेत्र के गांव कोरियॉं, बीरबल का अकबरपुर, घरमंगदपुर, रेवना, बरीपाल ओर परास के मतदान केंद्रों पर पुरुषों की अपेक्षा महिलाओं की भीडत्र अधिक नजर आयी। कई जगह जहॉं महिलायें प्रधान पद की दावेदार हैं वहॉं के मतदान केंद्र पर महिलाओं की लम्बी कतारे दिखी।

# पीएचसी हवासपुर के फार्मासिस्ट के लापरवाही पर डीएम ने कार्रवाई के दिये निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी ने** जहां मतदेय स्थलों तथा चल रही नामांकन प्रक्रिया का निरीक्षण किया। वहीं उनके द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हवासपुर का भी जायजा लिया गया। जहां पर वैक्सीनेशन व कोरोना सम्बन्धी बीमारी के इलाज को लेकर अस्पताल की व्यवस्था का सूक्ष्मतम निरीक्षण किया। इस दौरान जहां एक पीड़ित महिला को स्वास्थ्य केन्द्र के फार्मासिस्ट द्वारा पर्चे में लिखी दवा के मुताबिक आधी अधूरी दवा दिये जाने व रजिस्टर पर पूरी दवा अंकित किये जाने को लेकर जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने चिकित्साधीक्षक को सम्बन्धित फार्मासिस्ट विकास कुमार के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये, उन्होंने कहा कि यह घोर लापरवाही है, शासन स्तर से पर्याप्त मात्रा में उपचार हेतु हर अस्पतालों को दवा उपलब्ध करायी जा रही है, इसके बावजूद भी मरीजों को अगर पर्याप्त दवा नही मिल पाती है तो इसमें दोषी पाये गये अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दण्डित किया जायेगा। इसीक्रम में जब उनके द्वारा उपस्थित रजिस्टर का अवलोकन किया गया तो उसमें दो चिकित्सक डा0 रिफका, डा0 गुफरान बिना सूचना अनुपस्थित मिले जिनका एक दिन का वेतन अवरूद्ध करते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।



हवासपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जॉच पड़ताल करते डीएम व एसपी

# डीएम-एसपी ने संदलपुर विकास खण्ड के नामांकन केन्द्रों व मतदेय स्थलों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश



संवाददाता। कानपुर

**देहात त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 के मद्देजन जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से नामांकन केन्द्रों का दौरा किया इस क्रम में सर्व प्रथम वह संदलपुर विकास खण्ड गये, जहां तृतीय चरण के मतदान के नामांकन के अन्तिम दिवस पर उन्होंने नामांकन केन्द्र के व्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही नामांकन के कतारों में लोगों को कोरोना गाइडलांइस का पालन करते हुए नामांकन कराने की बात कही। वहीं ब्लाक में उपस्थित निर्वाचन अधिकारी, सहायक निर्वाचन अधिकारी से नामांकन के बारे में जानकारी ली।

इसीक्रम में संदलपुर कस्बे के परिषदीय विद्यालय के मतदेय स्थलों का भी जायजा लिया तथा वहां की शौचालय, पेयजल, रैम्प, विद्युत, साफ सफाई आदि की व्यवस्थाओं को बारीकी से जाना तथा वहां पर उपस्थित ग्रामीणों से मतदान से सम्बन्धित जानकारी ली तथा गांव में किसी प्रकार के अराजकता सम्बन्धी माहौल के बारे में भी जाना। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने उपस्थितजनों से कहा कि किसी भी प्रकार के प्रलोभन में न आये और निडर होकर निष्पक्षता के साथ मतदान करें। इसी क्रम में उनके द्वारा प्राथमिक विद्यालय हवासपुर में बने मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया गया, वहां के शौचालय की व्यवस्था खराब मिली तथा परिसर में पुराने कक्ष के ध्वस्तीकरण सम्बन्धी मलवा भी मिला इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी प्रकट की। इस मौके उप जिलाधिकारी सिकन्दरा आरसी यादव सहित अन्य अधिकारीगण व कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

## जवाहर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 के लिए प्रवेश पत्र करें डाउनलोड

**कानपुर देहात ।** जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रायार्य सुमन कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि जवाहन नवोदय विद्यालय जलालपुर नागिन जिला कानपुर देहात में कक्षा 6 में प्रवेश हेतु दिनांक 16 मई 2021 को जिला के विभिन्न परीक्षा केन्द्र पर आयोजित जवाहन नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा-2021 के सम्बन्ध में सूचित किया जाता है कि इस परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आवेदन पोर्टल से सीधे डाउनलोड किया जा सकता है। किसी तरह की सहायता हेतु किसी भी कार्य दिवस में विद्यालय कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।

# कोरोना पॉजिटिव मरीजों की शत प्रतिशत की जाये कान्टेक्ट ट्रेसिंग: जिलाधिकारी

### बाहर से आने वाले लोगों पर निगरानी समिति रखें नजर करायें टेस्ट: जितेन्द्र प्रताप सिंह

संवाददाता। कानपुर देहात

**जिलाधिकारी जितेन्द्र** प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कोविड-19 के चलते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों व अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को देखते हुए सभी व्यवस्थाए दुरुस्त रहें तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों का टेस्ट किया जाए तथा कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीजों का कन्टेक्ट टेसिंग शत प्रतिशत किया जाए तथा होम आइसोलेशन के मरीजों से वार्ता कर उनको दवा आदि समय से उपलब्ध कराएं तथा किसी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाए। वहीं उन्होंने जनपद में चल रहे कोविड-19 टीकाकरण के संबंध में निर्देशित किया कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को कोविड-19 टीकाकरण लगाया जाए। वहीं जिलाधिकारी ने कोविड-19 के तहत लगाई गई निगरानी समिति को निर्देशित किया कि बाहर से आ रहे जनपद में लोगों की निगरानी भली प्रकार की जाये, उनकी पूरी तरीके से टेस्टिंग करायी जाये जिससे वह जनपद में अन्य लोगों को प्रभावित न कर सके। जिला विकास अधिकारी ने इस मौके पर बताया कि अभी तक 328 लोग जनपद में आये है, जिनको पूरी तरीके से निगरानी में रखा गया है। निगरानी समिति में जो नोडल बनाए गए वह प्रतिदिन सूचना उपलब्ध कराएंगे। वहीं उन्होंने कोविड कमाण्ड एण्ड कंट्रोल सेंटर को सक्रिय किए जाने के निर्देश दिए तथा दूरभाष के माध्यम से मरीजों का हालचाल प्रतिदिन लेते रहें, उन्होंने चिकित्साधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह जिले की वर्तमान स्थिति को देखते हुए और भी सक्रिय भूमिका निभाए ताकि मरीजों की संख्या जिले में बढ़ने न पाये। इस मौके पर अन्य बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्मा, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट, डीडीओ गोरखनाथ भट्ट, सीएमओ डॉ राजेश कटियार, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 बीपी सिंह, जिला सूचना अधिकारी नरेंद्र मोहन आदि उपस्थित रहे।



कोरोना महामारी के सम्बन्ध में अधीनस्थों के साथ बैठक करते डीएम जितेन्द्र प्रताप सिंह

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव व कोरोना संक्रमण को लेकर डीएम ने की बैठक

● सभी राजनीतिक दलों से प्रोटोकाल का कड़ाई से पालन करने की अपील

संवाददाता। अंबेडकरनगर


बैठक में भाग लेते डीएम व अन्य अधिकारी पायनियर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव 2021 को सकुशल संपन्न कराने तथा कोरोना के बढ़ते संक्रमण को रोकने के लिए जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन तथा पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कोरोना प्रोटोकॉल का पूरी कड़ाई से पालन करने व कराने का अपील किया। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम को पहले से लागू कर दिया गया है। बैठक के दौरान अवगत कराया गया कि कोविड- 19 के संक्रमण से फैल रही महामारी के नियंत्रण हेतु विस्तृत दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। गाइड लाइन के अनुसार विभिन्न धार्मिक, राजनैतिक, संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों के संभावित आयोजनों, कार्यक्रमों के साथ ही त्योहारों तथा त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन -2021 आदि के आयोजित कार्यक्रमों तथा कोरोनावायरस बवअपक-19 के कारण फैल रही महामारी के दृष्टिगत अंबेडकर नगर में लोक व्यवस्थाध् शांति व्यवस्थाध् कानून व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाए रखना अति आवश्यक है ।निर्वाचन के दौरान कोई भी उम्मीदवार ध्उनके प्रतिनिधि ऐसा कोई कार्य लिखकर, बोलकर अथवा किसी प्रतीक के माध्यम से नहीं करेंगे, जिससे किसी धर्म (मजहब) संप्रदाय, जाति या सामाजिक वर्ग एवं उम्मीदवार/ राजनीतिक दल/ राजनैतिक कार्यकर्ताओं की भावना आहत हो या उससे विभिन्न वर्गों /दलों /व्यक्तियों के बीच तनाव की स्थिति उत्पन्न हो ।कोई भी मीडिया (इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया आदि) द्वारा बिना अनुमति के सार्वजनिक स्थल पर कोई भी डिबेटध्परीचर्चा नहीं की जाएगी। इस हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा विधिवत अनुमति प्राप्त की जाएगी और उसमें निर्धारित शर्तों का उल्लंघन नहीं किया जाएगा। उन्होंने राजनैतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि इस महामारी में आप सब के सहयोग की जरूरत है। प्रचार प्रसार के समय कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन अवश्य कराया जाए। एक स्थान पर भीड़ न होने दिया जाए। इसके उपरांत बैठक में जिलाधिकारी ने किछौछा दरगाह से आए हुए मौलाना ध्धर्म गुरुओ से अपील करते हुए कहा कि बाबा मखदूम अशरफके दर्शन के लिए जो भी व्यक्ति आए उनका जांच कराते हुए कोविड-19 का पालन अवश्य कराया जाए और वहां पर भीड़ एकत्र न होने दिया जाए ।दर्शन के लिए कम से कम लोगों को अंदर जाने दिया जाए। दिन में कई बार सैनिटाइजेशन किया जाए ।दूर -दूर से आए व्यक्तियों की जांच कराया जाए तथा उनका नाम ,मोबाइल नंबर और आधार नंबर भी रजिस्टर में अंकन किया जाए साथ ही साथ जगह-जगह पर हेल्पडेस्क स्थापित किया जाए। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा ,उप जिलाधिकारी टांडा अभिषेक पाठक, क्षेत्राधिकारी टांडा ,राजनैतिक दलों के लोग तथा मौलाना/धर्म गुरु उपस्थित रहे।

## 34 मतदाता मताधिकार से रह गए वंचित

**हैरिंग्टनगंज,अयोध्या।** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के ग्राम पंचायत सिंधोरा पोलिंग स्टेशन से जुड़े ग्राम भाऊपुर के 34 मतदाता अपने मताधिकार से वंचित रह गए बताया गया कि यह मतदाता कोरोना पॉजिटिव है और प्रशासन की ओर से इनके मतदान के लिए कोई अलग व्यवस्था नहीं की गई है। वही गांव वालों का कहना है करोना पॉजिटिव मरीजों के साथ मतदान करने में खुद की सुरक्षा का खतरा है। जबकि हैरिंग्टनगंज के निर्वाचन अधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि पोलिंग बूथ सभी लोगों के लिए खुला हुआ है मास्क लगाकर सभी मतदान कर सकते हैं कोरोना पॉजिटिव मरीजों के लिए मेरे पास कोई अलग व्यवस्था नहीं है पिछले दिनों ग्राम पंचायत सिंधोरा के राजस्व ग्राम भाऊपुर में अचानक चार लोगों की मौत हो गई थी। जिसके बाद पूरी ग्राम पंचायत में हड़कंप मच गया और स्वास्थ्य महकमे की जांच में 34 लोग कोरोनावायरस पॉजिटिव पाए गये । जांच पड़ताल के दौरान ही एक महिला की और मौत हो गई।

# जहां अर्पण व समर्पण हो वही अयोध्या

संवाददाता। अयोध्या



**अयोध्या** शब्द सुनते ही स्वतरू अर्थ बोध होने लगता है ।जहां कोई युद्ध न हो ।जहां के लोग युद्ध प्रिय न होएजहां के लोग प्रेम प्रिय हो ।जहां प्रेम का साम्राज्य हो ।जो श्रीराम प्रेम से पगी हो वो अयोध्या है ।इसका एक नाम अपराजिता भी है। चक्रवर्ती श्री दशरथ जी का महल बड़ा स्थान के महंत बिंदुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज के सानिध्य में भगवान श्री राम की जन्मोत्सव पर चल रही श्री राम कथा के तृतीय दिवस की बेला में जगतगुरु रत्नेश प्रपन्नाचार्य जी महाराज ने कही। ब्यास पीठ से श्री महाराज जी ने कहा कि अयोध्या का एक नाम अपराजिता भी है और इसे कोई पराजित न कर सके एजिसे कोई जीत न सकेएअथवा जहां आकर जीतने की इच्छा खत्म हो जाये जहां सिर्फ अर्पण हो समर्पण हो वो अयोध्या है ।अथवा इसका एक नाम अवध भी है और श्रीराम अवधेश कहलाये ।अवध का अर्थ है अवधि अस्यामिति अवधरू ।तात्पर्य जिसकी सुन्दरता की सीमा न हो जो अप्रतिम सौन्दर्य सम्पन्न हो वो अयोध्या है ।युद्ध रहितएअपराजेय और असीमित सौन्दर्य से युक्त इस नगरी की शोभा अनुपमेय है ।इसे विश्व की सबसे प्राचीनतम नगरी होने का गौरव प्राप्त है ।सृष्टि वर्णन में मनु जी महाराज ने जब पृथ्वी को प्राप्त किया तो सबसे पहले उन्होंने अयोध्या नगरी को बसाया ।और यहीं से मानवीय सृष्टि का आरम्भ हुआ ।अयोध्या केवल श्रीराम की जन्मभूमि नहीं है ये मानव मात्र की जन्मभूमि है ।महर्षि वाल्मीकि ने इसे त्रैलोक्य विश्रुता नगरी कहा है। भगवान श्री राम के जन्मोत्सव श्री दशरथ महल चल रही श्री राम कथा में तृतीय दिवस की बेला पर श्री महंत देवेंद्रप्रसादाचार्य जी महाराज ने कहा कि प्रभु श्री राम जगत के नियंता है और मात्र नाम स्मरण से ही सभी भव बंधन दूर हो जाते है ऐसी प्रभु श्री राम की कथा सुनने से मन बचाना इंद्री सभी शुद्ध हो जाते हैं और मनुष्य की ताकत बन जाती है ऐसे ने भगवान की कथा ही सबका आधार बनेगी। जब देश ही नहीं पूरा विश्व भयंकर महामारी से जूझ रहा है। श्री राम कथा के व्यवस्थापक श्री महाराज जी की कृपा पात्र शिष्य कृपालुजी राम भूषण दास जी महाराज ने तृतीय दिवस की कथा मे आये सभी संतो का स्वागत किया और कहा कि भगवान की कथा सबका कल्याण करेगी आने वाले समय में देसी नहीं हुआ विश्व महामारी से निजात पाएगा। श्री महाराज जी ने कहा हमें कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए अपना काम करना चाहिए और प्रभु श्री राम की कथा सुननी चाहिए।

## गांजा बेचने के आरोपी को जेल

**अंबेडकरनगर।** बुधवार को जिला मुख्यालय के बसस्टेशन क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा व भांग बेचने वाले आरोपी राम सागर को न्यायालय ने जेल भेज दिया है। पूरे प्रकरण का मुख्य आरोपी संजय सिंह अभी भी फरार है। मामले के विवेचक गजेन्द्र विक्रम सिंह ने बताया कि आरोपी की सरगर्मी से तलाश की जा रही है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को दोपहर बैंक आफ इंण्डिया के सामने अवैध रूप से गांजे का कारोबार किये जाने की सूचना पर जब एक नई गुमटी को खोला गया तो उसमें से एक झोले में भांग तथा टीन के डिब्बे में गांजा भरा पाया गया। सूचना मिलने पर पंहुचे कस्बा चौकी प्रभारी धर्मेन्द्र सिंह ने गांजा व भांग बेच रहे रामसागर को हिरासत में ले लिया।

# भाजपा में भूचाल, जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव ने दिया त्यागपत्र

● बेटे को टिकट न मिलने से नाराज थे दशरथ यादव

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव में पुत्र का टिकट कटने से नाराज भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया ।बता दें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव जिले के आलापुर सुरक्षित विधानसभा क्षेत्र के रामनगर उत्तरी वार्ड से अपने पुत्र आलोक यादव के लिए टिकट मांग रहे थे। दशरथ यादव ने पुत्र को टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर अपने पद से इस्तीफा दे दिया,हालांकि वह पार्टी में बने रहेंगे। विदित हो कि दशरथ यादव वर्ष 1995 में रामनगर उत्तरी वार्ड तथा वर्ष 2000 तथा वर्ष 2005 में रामनगर मध्य से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए थे। वर्ष 2010 में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव की पत्नी फूलमती यादव रामनगर उत्तरी वार्ड से चुनाव मैदान में उतरी थी लेकिन वह मामूली मतों से पराजित हो गई थी। वर्ष 2015 में फूलमती यादव रामनगर मध्य वार्ड से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई थी ।मौजूदा त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में भाजपा जिला उपाध्यक्ष दशरथ यादव रामनगर उत्तरी वार्ड से अपने पुत्र आलोक यादव के लिए टिकट मांग रहे थे लेकिन पार्टी ने उन्हें टिकट नहीं दिया जिससे नाराज होकर उन्होंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया। दशरथ यादव के पुत्र आलोक यादव रामनगर उत्तरी वार्ड से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरकर प्रचार-प्रसार भी कर रहे हैं। वंही दूसरी तरफ टांडा विधान सभा क्षेत्र के एक मण्डल महामंत्री शुभम सिंह ने भी अपने पद से त्यागपत्र दे दिया।

# एनटीपीसी टांडा में अम्बेडकर की 130वीं जयंती मनाई गई

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**एनटीपीसी** टांडा में भारत रत्न डॉ0 भीमराव अम्बेडकर साहेब की 130वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी कल्याण समिति की ओर से एनटीपीसी टांडा के आवासीय परिसर स्थित डॉ0 अम्बेडकर मेमोरियल पुस्तकालय में किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक श्री के0 एस0 राव ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण एवं मोमबत्तियाँ जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि श्री राव द्वारा नवीनीकृत डॉ अम्बेडकर मेमोरियल पुस्तकालय का उद्घाटन फीता काटकर किया गया। इसके उपरांत विशिष्ट अतिथि के रूप में महाप्रबंधक (प्र0 एवं अनु0) श्री एस0के0 सिंह, समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल एवं अन्य पदाधिकारियों ने बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण करके अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर उपस्थित जनों से संवाद स्थापित करते हुए मुख्य अतिथि श्री राव ने कहा कि बाबा साहेब का यथेष्ट सम्मान उनके विचारों के अनुसरण करने में निहित है। बाबा साहेब के बताये गये रास्तें पर चल कर ही समतामूलक समाज की उनकी संकल्पना को साकार किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि संविधान निर्माता के रूप में उन्होंने हमें ऐसा संविधान दिया है, जिससे आज हमारी पहचान पूरी दुनिया में एक महान लोकतांत्रिक देश के रूप में है। उन्होंने बाबा साहेब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर चर्चा करते हुए उन्हें एक निपुण राजनेता एवं महान समाज सुधारक बताया। इस अवसर पर श्री राव ने समिति द्वारा समय-समय पर आसपास के जरूरतमंद लोगों के लिए किए गये कल्याणकारी कार्यों की सराहना की। विचार विनिमय की इस श्रृंखला में विशिष्ट अतिथि श्री सिंह ने अपना उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा साहेब के जीवन संघर्षों से हमें सीख लेनी चाहिए। समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल एवं अन्य वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहेब डॉ0 अम्बेडकर को अपने समय का महानतम विद्वान एवं वंचित समाज का सच्चा मसीहा बताया। डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल पुस्तकालय के नवीनीकरण एवं इसके लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के लिए समिति के पदाधिकारियों ने एनटीपीसी-टांडा प्रबंधन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष श्री राहुल कमल द्वारा तथा सभी आगंतुकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन सचिव श्री शिवदास द्वारा किया गया। कार्यक्रम में आगंतुकों की उपस्थिति सीमित रखी गयी तथा कोविड-19 के प्रोटोकाल का पूर्णतः पालन किया गया।

# पंचायत चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है : संजीव सिंह




**अयोध्या।** जिला मुख्यालय स्थित पार्टी कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव सिंह त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में मतदान के विषय में बूथ व सेक्टर प्रभारियों से जानकारी लेते रहे। मतदान को लेकर कहीं भी अगर कोई कमी दिखाई दी तो प्रशासन से समन्वय स्थापित करके उसको दूर किया गया। चुनाव में जिम्मेदारी सम्हाल रहे पदाधिकांरियों व कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यालय से लगातार दिशा निर्देश दिया जाता रहा। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने कहा कि पंचायत चुनाव में भाजपा एक बड़ी जीत की ओर बढ़ रही है। त्रिस्तरीय चुनाव में सभी सीटों पर पार्टी काफी अच्छा प्रदर्शन कर रही है। जनता का रुझान भाजपा की ओर है। चुनाव में जिम्मेदारी सम्हाल रहे कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की तरफ से काफी अच्छा फीडबैक आया है। केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से आम जनता प्रभावित है। आम जनता में सरकारी योजनाओं के शत प्रतिशत क्रियान्वयन से उत्साह का माहौल है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राघवेन्द्र पाण्डेयए दिवाकर सिंहए राजेश सिंहए बब्लू मिश्राए मुकेश मौर्या मौजूद रहे।

# भाजपा के घोषित प्रत्याशियों व मण्डल अध्यक्षों की हुई बैठक

● जिलाध्यक्ष ने कहा घोषित प्रत्याशियों के लिए ईमानदारी से कार्य करें कार्यकर्ता

संवाददाता। अंबेडकरनगर


घोषित प्रत्याशियों के साथ जिलाध्यक्ष व अन्य पार्टी नेता पायनियर

**भारतीय** जनता पार्टी विचार और समर्पण से ओत प्रोत देश भक्त कार्य कर्ताओं का विशाल समूह है। भाजपा कार्यकर्ता संगठन को अपनी मां और संगठन कार्यकर्ता को अपना परिवार समझते हैं। उक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने भाजपा जिला कार्यालय अटल भवन में आयोजित जिला पदाधिकारी, ब्लॉक संयोजक,जिला पंचायत सदस्य पद के घोषित प्रत्याशी, मण्डल अध्यक्ष गण की बैठक को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रत्याशियों का चयन जनप्रतिनिधियों,पदाधिकारियों,जिम्मेदार कार्यकर्ताओं से विचार विमर्श कर ही घोषित किया गया है ।पार्टी के समर्पित कार्यकर्ता घोषित प्रत्याशी के पक्ष में पूरे मनोयोग से लग कर जीत सुनिश्चित कराने का कार्य करें। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने कहा कि हम सब की जिम्मेदारी है कि हम अपने अपने क्षेत्र के प्रत्याशी को जीत दिला कर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाने में सहयोग करें। निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में बने जिला,वार्ड और बूथ संचालन समिति की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्रत्याशी संचालन समिति के साथ समन्वय स्थापित कर चुनाव प्रचार को गति प्रदान करें ।भाजपा नेतृत्व के भरोसे को बनाए रखने के लिए भाजपा द्वारा घोषित प्रत्याशी को विजय दिला कर ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को गति देने में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता ही पूरी ईमानदारी से ग्रामीण विकास के लिए समर्पित होकर कार्य कर सकते हैं। बैठक में भाजपा द्वारा घोषित जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों का स्वागत कर चुनाव में जीत की शुभ कामना दिया गया। बैठक का सफल और कुशल संचालन जिला मंत्री दिलीप पटेल देव ने किया। बैठक को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव नायक वर्मा,पूर्व मंत्री धर्म राज निषाद,विधायक संजू देवी, अनीता कमल,पूर्व विधायक जय राम विमल,बाबा राम शब्द यादव, चंद्र प्रकाश वर्मा ने संबोधित किया। बैठक में प्रमुख रूप से भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज मिश्र,दशरथ यादव,सुमन पाण्डेय,रफ्त एजाज,जिला महामंत्री सुरेश कन्नौजिया,जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय,जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद,दीपक तिवारी,विकास तिवारी,शिव पूजन राजभर, भाजपा नेता मनोज गुप्त गुड्डू, जिला आईटी संयोजक मनीष मिश्र, रघुनंदन राजभर,बजरंगी पाठक, ब्लॉक संयोजक संजय सिंह,गया प्रसाद वर्मा,आनन्द श्रीवास्तव, सुनील गुप्ता,गौरव उपाध्याय, महेन्द्र प्रताप वर्मा,अमरजीत मौर्य,रणंजय सिंह,दिलीप तिवारी सुभाष वर्मा,कुलदीप सिंह,सतीश भारती,कमलेश मौर्य,हरिदर्शन राजभर आदि प्रमुख उपस्थित रहे।

# सपा से प्रचार करते-करते बन गया भाजपा का प्रत्याशी

● सामने आई तस्वीर से खुली असलियत

● तो क्या भाजपा को ढूंढे नहीं मिल रहे थे प्रत्याशी

संवाददाता। अंबेडकरनगर

**भारतीय जनता** पार्टी द्वारा घोषित जिला पंचायत प्रत्याशियों की सूची में सर्वाधिक चर्चा भीटी चतुर्थ से घोषित प्रत्याशी को लेकर है। भाजपा ने यहां से अमरेंद्र पाल को अपना प्रत्याशी बनाया है लेकिन अमरेंद्र पाल को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चाओं का बाजार गर्म है । कुछ दिन पूर्व सोशल मीडिया पर प्रचार के लिए डाला गया अमरेंद्र पाल का एक होल्डिंग चर्चा के केंद्र में है। इस होर्डिंग में वह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। इसमें मुलायम सिंह यादव के साथ-साथ अखिलेश यादव व जय शंकर पांडे तक की फोटो लगी हुई है । सवाल यह है कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के लिए भाग दौड़ कर रहे अमरेंद्र पाल को आखिरकार भाजपा ने प्रत्याशी कैसे बना दिया। अब वह कौन सा ऐसा नेता रहा जिसने अमरेंद्र पाल को सपा से खींच कर भाजपा से उपकृत करा दिया। महज दो दिन पूर्व ही पार्टी के वरिष्ठ नेता भी यह मान चुके हैं कि अमरेंद्र का भाजपा से कोई लेना देना नहीं है । वह महरुआ थाना क्षेत्र के रहने वाले माफिया अजय सिपाही का शागिर्द है। इसके बावजूद भाजपा द्वारा अमरेन्द्र को भीटी चतुर्थ से प्रत्याशी बना दिया जाना किसी के गले नहीं उतर रहा है ।

# ट्रक की टक्कर से टापटेन अपराधी की मौत

● अहिरौली थाना क्षेत्र में डड़वा गांव के निकट हुई दुर्घटना

● पुलिस की आंख की किरकिरी बना हुआ था मो. आदिल

संवाददाता। अंबेडकरनगर



**लम्बे** समय से पुलिस के लिए चुनौती बने शातिर अपराधी मो0 आदिल खान की अहिरौली थाना क्षेत्र के कटेहरी बाजार के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। आदिल लम्बे समय से जिले की पुलिस की आंख की किरकिरी बना हुआ था। वह अकबरपुर थाने का टाप टेन अपराधी था। कुछ समय पूर्व ही आदिल पुलिस को चकमा देकर अकबरपुर थाने से फरार हो चुका था। इसके पूर्व वह दो बार न्यायिक अभिरक्षा से न्यायालय से भी फरार हो चुका है। पुलिस व आदिल के बीच हमेशा चूहे और बिल्ली का खेल चलता रहता था। घटना गुरूवार को अपरान्ह लगभग दो बजे की है। मो0 आदिल आजमगढ़ जिले के नम्बर वाली हीरो कम्पनी की मोटर साइकिल से मिझौड़ा की तरफ से अकबरपुर की तरफ आ रहा था। तिवारीपुर मिझौड़ा मार्ग पर डड़वा गांव के निकट उसकी मिझौड़ा की तरफ जा रही ट्रक से आमने-सामने टक्कर हो गई जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हालांकि उसे फिर भी सीएचसी कटेहरी ले जाया गया जहां उसे अधिकृत रूप से मृत घोषित किया गया। सीएचसी में ही उसकी पहचान अकबरपुर थाना क्षेत्र के मीरमलूकपुर गांव निवासी टाप टेन अपराधी आदिल के रूप में हुई। दुर्घटना में आदिल की मौत से जिले में आतंक का एक अध्याय समाप्त हो गया। अहिरौली थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह ने बताया कि ट्रक चालक ट्रक सहित फरार है जिसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

# कोरोना को हराना है तो घर में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाना है

● अयोध्या के संतों समाजसेवियों ने श्रद्धालुओं से की अपील, घर पर रहकर ही मनाएं आराध्य प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव

संवाददाता। अयोध्या

**श्री राम** लला के जन्म स्थान का विवाद समाप्त होने के बाद अयोध्या के भगवान श्री राम के जन्म उत्सव पर कोरोना का ग्रहण लग गया। नवंबर 2019 में श्री राम जन्म भूमि मंदिर विवाद का फैसला आया और 2020 में पढ़ने वाले भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया और मंदिर में रहने वाले संत महंत और पुजारी क्यों उपस्थिति में भगवान का जन्म उत्सव मनाया गया। दिसंबर आते आते उत्तर प्रदेश मे कोरोना की रफ्तार कम हो गई और ऐसा लग रहा था कि इस बार जन्मोत्सव मनाया जाएगा लेकिन मार्च से ही पूरे देश मे कोविड .19 ने अपने पैर पसारने शुरू कर दिए और मार्च के अंतिम और अप्रैल के प्रथम सप्ताह से उत्तर प्रदेश में भी कोरोना विकराल रुप ले लिया प्रदेश सरकार के कई मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री भी कोरोना पॉजिटिव हो गए। कोरोना के विकराल रुप को देखते हुए अयोध्या के संतों ने भगवान श्री राम का जन्म उत्सव अपने घर में मनाने के लिए श्रद्धालुओं से अपील करने लगे जिससे ही प्रदेश में कोरोना चैन को तोड़ा जा सके और उत्तर प्रदेश को लांकडाउन से बचाया जा सके।

## घर पर ही मनाएं प्रभु श्री राम का जन्मोत्सवः संजय दास



**अयोध्या।** सिद्धपीठ हनुमानगढ़ी के महंत ज्ञानदास जी महाराज के उत्तराधिकारी शिष्य संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष महंत संजय दास जी महाराज ने कहां कोरोना को हराना है तो घर पर रहकर प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव मनाना है। श्री दास देश में और प्रदेश में कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अयोध्या में भगवान श्री राम के जन्मोत्सव पर आने वाला श्रद्धालुओं से अपील की है कि वह घर में रहकर भगवान का जन्म उत्सव मनाएं श्रीरामचरितमानस का नवाह परायण पाठ करें। माता भगवती की पूजा अर्चना करें और आने वाले 21 तारीख को भगवान श्री राम का जन्म उत्सव अपने घर में हर्षोल्लास के साथ मनाएं क्योंकि शरीर से ही ईश्वर की साधना आराध्य की पूजा की जाती है और हमारे शरीर मे स्वयं ईश्वर विराजमान है इसलिए मानवता की रक्षा के लिए हमें इस बार भी भगवान का जन्म उत्सव घर में बैठकर मनाना चाहिए।

## घर पर रहकर महामारी को दे मातः अनील मिश्र



**अयोध्या।** महंत अनिल मिश्र ने भगवान के जन्म उत्सव पर अयोध्या ने वाले श्रद्धालुओं से अपील की हैं कि अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए देश समाज की सुरक्षा के लिए और कोरोना वायरस को समाप्त करने के लिए सभी लोग 2020 की तरह 2001 में भी प्रभु श्री राम का जन्मोत्सव घर में मनाएं क्योंकि जब प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव कोरोना के प्रकोप से नहीं बच सके और वायरस ने इनको अपने गिरफ्त में ले लिया। हम इन दोनों नेताओं के साथ प्रदेश के सभी नागरिक व देश के सभी लोगों कि स्वास्थ के लिए प्रभु श्री राम से कामना करता हूं और सभी श्रद्धालुओं से आग्रह करता हूं कि भगवान का जन्म उत्सव घर में मनाएं जिससे हम कोरोना वायरस महामारी को मत दे सकें।

## देश को बचाना है घर पर जन्मोत्सव मनाना हैः आदित्य सुल्तानिया



**अयोध्या।** श्री राम नगरी में माता जानकी का मायका के रूप में प्रसिद्ध श्री जानकी महल ट्रस्ट के व्यवस्थापक आदित्य सुल्तानिया आने देश के सभी नागरिकों से अपील की है कि हमें देश के लिए अपने लिए और अपने परिवार के लिए कोरोना वायरस का चैन तोड़ना ही होगा। इसके लिए हमें अधिक से अधिक समय अपने घर में बिताना होगा और बाहर जब भी निकले मास्क लगाकर निकले और भीड़ भाड़ में जाने से बचें। उन्होंने कहा कि पूरे देश की ही नहीं बल्कि विश्व के सभी लोगों की आस्था आराध्य प्रभु श्री राम में है। जब उनका मंदिर बन रहा है ऐसे समय में सभी लोग चाहते हैं कि भगवान का जन्मोत्सव अवध धाम में मनाएं। लेकिन कोरोना महामारी को रोकना है तो हमें अपने आराध्य प्रभु श्री राम का जन्म उत्सव घर में ही मनाना होगा। जैसे हम लोगों ने 2020 में अपने घर में प्रभु का जन्मोत्सव मनाएं इस बार भी घर में रहकर जन्मोत्सव मनाना है अयोध्या के साथ पूरे देश को कोरोना से बचाना है।

बढ़ता जा रहा प्रकोप


# कोरोना के 167 मिले पॉजिटिव केस, अधिवक्ता की मौत

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** कोरोना का प्रकोप हर दिन बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को अब तक के सबसे ज्यादा 167 नए कोरोना मरीज पाए गए हैं। दूसरी लहर में कोरोना के नए मरीजों की संख्या 700 पहुंच गई है। कोरोना के नए 167 मरीजों में 101 पुरुष और 66 महिलाएं हैं। 0 से 10 साल तक के दो, 10 से 20 साल तक के 13, 20 से 55 साल के 132 और 55 साल से ऊपर के 20 मरीज मिल हैं। जिला अस्पताल का कर्मी कोरोना पॉजिटिव मिला है। जजेज कॉलोनी में कोरोना मरीजों का मिलना जारी अब दो नए मरीज मिले हैं। खैराबाद इलाके में 22, ब्लॉक कसमंडा के सुरैंचा में 18, सिधौली में 13, महमूदाबाद में 10, बेहटा के रिहार में 8, खैराबाद के बंका जलालपुर में 6, ऐलिया इलाके में 5, हरगांव, लहरपुर व मछरेहटा में 3-3, मिश्रिख में 4, महोली व रेउसा में 2-2, परसेंडी व पिसावां में एक-एक तथा शेष मरीज अन्य स्थानों पर मिले हैं। सीतापुर में कोरोना से होने वाली मौतों एक-एक तथा शेष मरीज अन्य स्थानों पर मिले हैं। सीतापुर में कोरोना से होने



वाली मौतों का सिलसिला भी थमता नजर नहीं आ रहा है। गुरुवार को वरिश्ठ अधिवक्ता रामचन्द्र तिवारी की लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई। मूल रूप से बरसोहिया निवासी और मौजूदा समय शहर के मोहल्ला रोटी गोदाम में रहने वाले रामचंद्र तिवारी कोरोना



पॉजिटिव होने से लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल में भर्ती थे। यह दुखद संयोग है कि महज 1 दिन के अंतराल में दुनिया को अलविदा कहने वाले वरिश्ठ अधिवक्ता आनंद माधव अवस्थी और रामचंद्र तिवारी आपस में बेहद गहरे दोस्त थे, दोनों फौजदारी मामलों के दिग्गज अधिवक्ता रहे।

### जिला पंचायत में बना कंट्रोल रूम

**कोविड के** संक्रमण से बचाव के लिए जिला पंचायत सीतापुर के नेहरू हॉल में एकी.त कमाण्ड कन्ट्रोल सेन्टर स्थापित किया गया है। यह कंट्रोल सेंटर 24 घंटे के लिए संचालित किया गया है, जिसमें अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गयी है। सीडीओ अक्षत वर्मा ने बताया कंट्रोल सेंटर का दूरभाश नंबर 05862-242400 और 05862-240009 है। इसके अलावा मोबाइल नंबर 9451350046 व 9451350080 तथा 9451350014 पर समस्या बताई जा सकती है।

### डीएम ने किया निरीक्षण, जाना हाल

**जिलाधिकारी विशाल** भारद्वाज ने गुरुवार को जिला चिकित्सालय, जिला महिला चिकित्सालय, बीसीएम हॉस्पिटल खैराबाद एवं हिन्द इंस्टिर्टूट ऑफ मेडिकल साइंसेज अटरिया का निरीक्षण कर कोविड के दृष्टिगत उपचार की उपलब्ध सुविधाओं को देखा। उन्होंने जिला चिकित्सालय में स्थित कोविड एल-2 हॉस्पिटल का मुआयना भी किया। डीएम ने निर्देश दिये कि मानकों के अनुरूप समस्त व्यवस्थायें दुरुस्त रखी जाएं। ऑक्सीजन सिलेंडर व आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के निर्देश भी दिये। इस दौरान सीएमओ डॉ. मधु गैरोला सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद थे।

### अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**यूपी बार** काउंसिल के सदस्य व पूर्व चेयरमैन तथा उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष अजय कुमार शुक्ल ने सीतापुर के वरिष्ठ अधिवक्ता रामचन्द्र तिवारी एवं बार एसोसिएषन के पूर्व अध्यक्ष आनन्द माधव अवस्थी व मोहम्मद अहमद के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री शुक्ल ने कहा इनके निधन से अधिवक्ता समाज को गहरी क्षति हुई है। उत्तर प्रदेश अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सूर्यवंशी, महासचिव नरेंद्र कुमार वर्मा ने भी अधिवक्ताओं के निधन पर शोक जताया है।

> दूसरी लहर में कोरोना के नए मरीजों की संख्या 700 पहुंच गई है। कोरोना के नए 167 मरीजों में 101 पुरुष और 66 महिलाएं हैं।0 से 10 साल तक के दो, 10 से 20 साल तक के 13, 20 से 55 साल के 132 और 55 साल से ऊपर के 2 मरीज मिल हैं। जिला अस्पताल का कर्मी कोरोना पॉजिटिव मिला है।

## सपा, रालोद गठबंधन से आरपी सिंह बने प्रत्याशी

- वार्ड नं. 50 से जिला पंचायत का लड़ेगें चुनाव

संवाददाता। सीतापुर

**सपा रालोद** गठबंधन के बाद जिला पंचायत संख्या वार्ड 50 की सीट गठबंधन में जाने के बाद वहां से रालोद नेता आरपी सिंह चुनाव मैदान में उतरे है। यह गठबंधन आगे भी फायदा सपा को पहुंचा सकता है।

आरपी सिंह ने कहा कि सपा, रालोद का गठबंधन होने के बाद यह सीट रालोद के खाते में आ गई है जहां हम चुनाव मैदान में है। सपा का समर्थन पाकर हम और मजबूत हो गए है। श्री सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार को 2022 में मिलकर बाहर का रास्ता दिखाकर सपा का मजबूत बनाने का काम करेंगें।



आरपी सिंह।

## पंचायत चुनाव को लेकर की गई बैरीकेडिंग

- रस्यौरा शिक्षण संस्थान में दिया गया कार्मिको को प्रशिक्षण

संवाददाता। सीतापुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** चुनाव में 17 अप्रैल से शुरू होने वाले नामांकन के मद्देनजर सदर तहसील व महमूदाबाद ब्लाक परिसर में बैरीकेटिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। जिसमें सदर में जिला पंचायत सदस्यों के लिए 10, 11, 12 कक्ष बनाए गए जहां पर प्रत्याशी नामांकन करेंगे। महमूदाबाद में न्याय पंचायवार 12 काउंटर बनाये जाएंगे। जहां प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य व पंच पद के प्रत्याशी नामांकन पत्र जमा करेंगें। प्रत्येक नामांकन काउंटर पर एआरओ तथा दो सहायक रहेंगे। बीडीओ ए.के. चौरसिया ने बताया कि ब्लॉक परिसर में नामांकन दाखिल करने वाले ही प्रवेश कर पाएंगे। हर बैरीकेटिंग के अंदर दो-दो गज पर गोले बनाये गये हैं। नामांकन करने वाले उन्हीं में खडे होकर अपनी बारी पर नामांकन पत्र जमा करेंगें। सीतापुर शिक्षा संस्थान रस्यौरा में मंगलवार को 996 मतदान दलों के 3984 मतदान कार्मिकों को प्रषिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में 48 पीठासीन अधिकारी, 56 मतदान अधिकारी प्रथम, 71 मतदान अधिकारी द्वितीय और 41 मतदान अधिकारी तृतीय गैर हाजिर रहे। गैर हाजिर 216 कार्मिकों के विरुद्ध केस दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है। सहायक प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक राकेष कुमार पांडेय ने बताया गैर हाजिर कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्ष को संबंधित से स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देष भी दिए गए हैं।



सीतापुर-सदर तहसील में लगी बैरीगेटिंग

## टिकट न मिलने पर सपा नेताओं को चुनौती

संवाददाता। सीतापुर

**जिला पंचायत** सदस्य पद पर अपनी पार्टी से समर्थन न मिलने के चलते दावेदारों का गुस्सा अब सार्वजनिक होने लगा है। सपा की सूची जारी होने पर उसमें अपना नाम न देख सत्येन्द्र पाल सिंह ने अपने फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट डालकर सपा के ही नेताओं को चुनौती दे डाली है। अपनी पोस्ट में सत्येन्द्र ने कहा है कि समाजवादी पार्टी किसी के बाप की सल्तनत नहीं है। आगे उन्होंने लिखा है कि जिन नेताओं के जमीन पर पैर नहीं पड़ते वो कर्णधार हो गए हैं। ब्लॉक कसमंडा के वार्ड नंबर 50 से जिला पंचायत सदस्य पद के लिए चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे सत्येन्द्र पाल सिंह ने अपनी पोस्ट में समाजवादी पार्टी के उन मठाधीषों को चैलेंज करते हुए कहा है कि कुछ जमीन पर काम करके दिखाए और रिजल्ट दें जिन्होंने ये निर्णय लिया है। दरअसल, वार्ड 50 से सत्येन्द्र टिकट के लिए भी दावेदारी कर रहे थे, जबकि यह सीट सपा ने सहयोगी पार्टी रालोद के लिए छोड़ दी है।

### 27 से 29 अप्रैल तक बंद रहेंगी शराब की दुकानें

संवाददाता। सीतापुर

**जिला निर्वाचन** अधिकारी विशाल भारद्वाज ने बताया जनपद में 29 अप्रैल को मतदान होने के कारण सीतापुर की सीमा में आने वाली समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बीयर, मॉडलशाप, भांग की थोक एवं फुटकर बिक्री की दुकानें 27 अप्रैल की शाम 6 बजे से 29 की षाम 6 बजे तक बंद रहेंगी। इसके साथ ही जनपद सीतापुर की सीमा से लगे जनपद बहराईच, बाराबंकी, लखनऊ, हरदोई तथा लखीमपुर खीरी की सीतापुर की सीमा से 08 किलोमीटर क्षेत्र में आने वाली दुकानें भी मतदान की समाप्ति तक बंद रहेंगी। इसके अलावा मतगणना के दिन 2 मई को मतगणना समाप्ति तक शराब व भांग की दुकानें बंद रहेंगी।

## अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता व विश्व बंधुत्व के संदेशक

- मुख्य वक्ता कमलेश भारती ने बाबा साहब के जीवन के बारे में विस्तार से बताया , बाबा साहेब को अमेरिका ने सिम्बल आफनॉलेज का अवार्ड दिया गया है

संवाददाता। सीतापुर

**पूज्य बाबा** साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 130वीं जयंती पर उन्हे कोटि-कोटि नमन करते हुए क्षेत्र के तरसावा ग्राम में बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके द्वारा बताए गए संदेशो पर चलने का प्रण लिया। क्योकि बाबा साहब ने पूरे देश के लिए संविधान में सभी को बराबरी का दर्जा देकर गरीबो शोषितो वंचितों के मसीहा कहलाये इन्होंने पूरी जिन्दगी दबे कुचले समाज के लिए कार्य करते है। वह स्वतन्त्र भारत के प्रथम कानून मंत्री भी बने। उनकी जयंती के अवसर पर क्षेत्र के गांव तरसावा में बाबा साहब की जयंती धूमधाम से मनाई गई।वही मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के बीपी हंस ने बाबा साहब के पद चिन्हों पर चलने की बात कही और बताया कि आज समाज को और ज्यादा जागरूक होने की जरूरत है।आज सरकारे हम लोगो का शोषण कर रही है।क्योंकि जब तक अपना समाज शिक्षित और संगठित नही होगा।तब तक संघर्ष नही कर पायेगा। आज अपने सभी बच्चों को शिक्षित करने की जरूरत है।तभी बाबा साहब का सपना पूरा होगा। और उन्होंने बाबा साहब की जयंती पर अपनी कविता भारत मे रहने वालों को स्वाभिमान दे गये। बाबा साहब अपना नाम कर गए सुनाकर लोगो को जागरूक किया वही मुख्य वक्ता कमलेश भारती ने बाबा साहब के जीवन के बारे में विस्तार से बताया और बाबा साहब को अमेरिका ने सिम्बल आफनॉलेज का अवार्ड दिया गया है। भारत को विश्व गुरु बनाने का काम बाबा साहब ने किया है। आज सभी को मतदान,शिक्षा का अधिकार बाबा साहब ने दिया है। और कार्यक्रम आयोजक मण्डल द्वारा क्षेत्र,अरुण कुमार राज,विनोद कुमार ,विमल सिंह आदि को भी सम्मानित किया गया।

### पूर्व विधायक ने मनाई जयंती

**रेउसा के** कबीर आश्रम पर बुधवार की रात डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में दीपावली मनाई गई। मुख्य अतिथि सपा के पूर्व विधायक महेंद्र कुमार सिंह झीन बाबू रहे। इस दौरान दीपक जलाकर डा. अंबेडकर को नमन किया और संविधान के रक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर रत्नाकर, रामेश्वर सुमन, लोहिया वाहनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष रिजवान अहमद, बिहारी लाल पोरवाल, रामेश्वर गौतम आदि मौजूद थे।

## भूमि विवाद में रिश्ते की हत्या

- वृद्ध की हत्या के मामले में परिवार के ही चार नामजद

संवाददाता। सीतापुर

**कहते हैं जर** जोरू और जमीन भाई को भाई के खून का प्यासा बना देते हैं कुछ ऐसा ही मामला पिसावां थाना क्षेत्र से सामने आया है जहां पर जमीन के एक टुकड़े की खातिर एक व्रद्ध की हत्या करने का आरोप परिवार के ही चार लोगों पर लगा है पुलिस केस दर्ज कर पड़ताल में जुट गई है सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक एन पी सिंह, सी ओ एम पी सिंह भी मौके पर पहुंचे और इंस्पेक्टर कुँवर बहादुर सिंह को जरूरी निर्देश दिए जानकारी के अनुसार ग्राम महम्मदापुर प्रथम निवासी 65 वर्षीय छोटेलाल का एक मन्द बुद्धि पुत्र कहीं गुम हो गया था बुधवार रात करीब 11 बजे छोटेलाल उसे खोजने निकला पर घर वापस नहीं पहुंचा सुबह ग्रामीणों ने उसके शव को पारुल के खेत में पड़ा देखा जिसमें गर्दन पर गमछा कसा था और वहां घसीटने के निशान बने हुए थे मृतक के पुत्र लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने शिवकुमार , संतकुमार , अनिल पुत्रगण छेदा और रामसागर पुत्र छोटकन्न के विरुद्ध केस दर्ज कर दिया है मृतक और आरोपियों के बीच जमीनी विवाद होना बताया जा रहा है ।



पिसावां-पूछताछ करती पुलिस

## पंचायत चुनाव में चालान जमा करना कहीं पड़ न जाए भारी



सीतापुर-चालान जमा को लेकर लगी लाइन

- चालान जमा करना को लेकर सोशल डिस्टेसिंग की उड़ीं धज्जियां स्टैड बैंक में कोविड गाइड लाइन नहीं होता दिखा पालन

संवाददाता। सीतापुर

**पंचायत चुनाव** में चालान जमा करना कहीं भारी न पड़ जाए, जिस तरह से जनपद में हर रोज कोरोना के केस बढ़ रहे है उससे जरा भी लोग सर्तक होते नहीं दिख रहे है। गुरूवार को चालान जमा करने को उमड़ी स्टैड बैंक में भीड़ जैसे कोरोना को दावत दे रहे हों। पुलिस भी लोगो को समझाती नजर आयी लेकिन चालान जमा करने वालों की भीड़ सड़क पर नजर लाइन लगाए हुए दिखाई दे देती नजर आयी। कुछ उपभोक्ताओं का कहना भी है कि यहां पर एक काउंटर ही बनाया गया है जिससे दिक्कते आ रही है और चालान जमा करना भी पंचायत चुनाव लड़ने वालों के लिए जरूरी है।

### सोशल डिस्टेसिंग की उड़ी धज्जियां

**लहरपुर के** खत्रीयाना चौराहा स्थित इंडियन बैंक में ग्राहक न तो सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते नजर आ रहे हैं और न ही मास्क लगाए हुए दिख रहे हैं। इन्हें कोरोना का डर नहीं है, बैंक प्रशासन द्वारा किसी गार्ड की ड्यूटी तक नही लगाई जा रही है, जिससे ग्राहकों को सोषल डिस्टेनसिंग का पालन कराया जा सके।

## जीवनदायिनी के सारथियों ने गर्भवती को दिया जीवन




संवाददाता। सीतापुर

**सरकारी एंबुलेंस** सेवाएं अक्सर सवालों के घेरे में रहा करती हैं लेकिन इन्हीं में से एक एंबुलेंस के स्टाफ ने जिस संयम समझदारी और बुद्धिमत्ता का परिचय देते हुए एक गर्भवती महिला को जीवनदान दिया बल्कि उसे उसके नवजात शिशु सहित घरवालों के हवाले कर दिया उसकी चारों तरफ सराहना हो रही है मामला हरदोई जनपद अंतर्गत अहिरोरी विकास क्षेत्र का है यहां के बेलहा निवासी सीता पत्नी अवध किशोर गर्भवती थी प्रसव का समय करीब होने के चलते उसकी परेशानी बढ़ती जा रही थी यह देख गांव की आशा अंबिका ने 102 सेवा पर कॉल किया जो व्यस्त होने के चलते करीब पौन घंटे में पहुंची इस बीच सीता की हालत काफी बिगड़ चुकी थी मौके पर पहुंची एंबुलेंस स्टॉप ईएमटी सच्चिदानंद और पायलट मंगल राम ने हालात देख वहीं पर एंबुलेंस में प्रसव कराने का निर्णय लिया और आशा के सहयोग से सफलता पाई।

- एंबुलेंस में हुआ प्रसव, जच्चा बच्चा सुरक्षित

....अब महिला चालक संभालेंगी रोडवेज बस की स्टेयरिंग

## परिवहन निगम में महिलाओं को चालक बनने का मिलेगा मौका

- रोडवेज देगा महिला आवेदकों को ड्राइविंग का प्रशिक्षण, प्रशिक्षण के बाद महिला चालक को मिलेगी तैनाती

संवाददाता। सीतापुर

**उत्तर प्रदेश** में अब हाईवे पर फर्राटा भरने वाली रोडवेज बसों की स्टेयरिंग अगर आधी आबादी के हाथ में नजर आए तो चौंक मत जाना। यह नजारा बहुत जल्द सड़कों पर आम होने वाला है। क्योंकि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम ने महिलाओं को चालक बनने का मौका मुहैया कराया है। आठवीं पास महिलाएं रोडवेज बस चलाने के लिए आवेदन कर सकती हैं। इसके लिए लर्निंग लाइसेंस होना जरूरी है। महकमें की ओर से आवेदन करने वाली महिलाओं को बाकायदा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हासिल करने के बाद महिलाएं रोडवेज बस की ड्राइविंग सीट संभाल सकेंगी। आपको बता दें, कि उत्तर प्रदेष परिवहन निगम की बसों में अभी तक पुरुष ही ड्राइवर थे। विभागीय अफसरों के अनुसार प्रदेश में रोडवेज ने महिलाओं और युवतियों को रोजगार देने के उद्देश्य से संविदा पर सीधी भर्ती निकाली है। जिन्हें 1.5 रुपये प्रति किमी के हिसाब से मानदेय मिलेगा। इसके लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता आठवीं पास रखी गई है। साथ ही आवेदनकर्ता की लंबाई 5.3 फीट होनी अनिवार्य है। प्रदेश में महिलाओं को ड्राइविंग सिखाने के लिए परिवहन निगम के मॉडल ड्राइविंग ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीर्टूट कानपुर को चुना गया है। जहां पर आवेदन करने वाली महिलाएं व युवतियों को सात माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान खान-पान और रहने का खर्चा परिवहन निगम उठाएगा। वहीं, प्रशिक्षण में पास होने पर संबंधित को उनके गृह जनपद या फिर किसी अन्य जनपद में तैनाती दी जाएगी। सीतापुर डिपो के एआरएम विमल राजन ने आई इंडिया को बताया कि जिले की युवतियां और महिलाएं कौशल विकास विभाग के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। एआरएम के मुताबिक महिला परिचालक तो रोडवेज में है मगर चालक नहीं थी। अब महिला चालक होने से महिला सवारियां भी खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर सकेंगी।



# जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की चुनाव में अहम भूमिका

## ● डीएम की मौजूदगी में कलेक्ट्रेट में हुआ प्रशिक्षण, पीडी ने बताई चुनाव की बारीकियां

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**गुरुवार को** कलेक्ट्रेट सभागार में जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत)/डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 को सकुशल निर्विघ्नं व शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिये लगाए गए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण आयोजित हुआ।

इस प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रभारी अधिकारी (प्रशिक्षण) रामकृपाल चौधरी में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट के उत्तरदायित्व की जानकारी दी। चुनाव में आपका किरदार अहम है। उत्तरदायित्व को ना केवल जिम्मेदारी से निभाएं बल्कि चुनाव को सकुशल संपन्न कराने में पूरी तन्मयता से जुट जाएं।

डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि चुनाव में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट की अहम भूमिका है। इसलिए अपने उत्तरदायित्व का सतर्कता व सजगता के साथ निर्वहन करें। सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने जोनल मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में रूट चार्ट बना ले। ताकि आवश्यकतानुसार मतदेय स्थल पर जल्द रिपोर्ट कर सके। पर्फेक्ट मुखिया बनने का प्रयास करें। आपकी हर शंका का समाधान करेगा प्रशासन। आपको सहयोग करने में प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध। आपके हर प्रश्न का क्विक रिस्पांस करेंगे मास्टर ट्रेनर। कोई चूक न हो इसके लिए अधिकारी एक्टिवेट होकर कार्य करें। जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट हर पीठासीन अधिकारी के संपर्क में रहे। हर समस्या के समाधान में व्हाट्सएप ग्रुप पर अलग-अलग अधिकारी उत्तरदाई बनाए गए। कब किससे और कितनी बात करनी है। इस बात का विशेष ध्यान रखें।

सेक्टर मजिस्ट्रेट अपने जोनल मजिस्ट्रेट के सुपरविजन में पार्टी की रवानगी, मतदेय स्थल पर समय से मतदान की शुरूवात करने व पार्टी की वापसी तक सतत दृष्टि बनाए रखेंगे व प्रक्रिया से उन्हें व उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) को अवगत कराते रहेंगे। सेक्टर मजिस्ट्रेट चुनाव में अपने किरदार की बारीकी से जानकारी प्राप्त कर लें। ताकि चुनाव के दौरान फील्ड में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।इस मौके पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) अरुण कुमार सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी रत्नेश चंद्र, डीपीआरओ सौम्य शील सिंह, प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण पीडी रामकृपाल चौधरी, जिला प्रशिक्षण अधिकारी राजकिशोर सहित जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## कार-ट्राली में टक्कर से बच्ची की मौत, तीन घायल

**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** थाना गोला के अंतर्गत मोहम्मदी रोड कंजा में बरम बाबा स्थान के निकट एक बाइक सवार को बचाने के चलते एक कार ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुस गई। जिसके चलते मौके पर एक बच्ची की मृत्यु हो गई जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गयें घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। बताते चलें थाना हैदराबाद के अंतर्गत ग्राम सभा ग्रंट लंनदपुर का मजरा देवीपुर निवासी अपने चैपहिया वाहन अल्टोकार से गांव से गोला की तरफ आ रहे थे उसी समय गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली भी आ रही थी। अचानक एक बाइक सामने से आ जाने पर बाइक को बचाने के चलते अल्टो कार अनियंत्रित होकर ट्राली में जा घुसी। कार में बैठी काजल पुत्री शशीकांत उम्र लगभग 2 वर्ष की मौके पर मृत्यु हो गई तथा सपना देवी पत्नी शशीकांत , गंगाराम पुत्र ठाकुर प्रसाद , रिक्की पत्नी सुरेंद्र पाल गंभीर रूप से घायल हो गई। घायलों को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने हालत गम्भीर होने के चलते जिला मुख्यालय रेफर कर दिया।

# रुपयों के लिए पुत्र ने की मां की हत्या



**ओयल-खीरी।** रिपोर्टिंग पुलिस चौकी ओयल थाना खीरी के अंतर्गत एक पुत्र ने रुपयों के लिए की माता की हत्या कर पुत्र कुपुत्र की कहावत चरितार्थ कर दी । मसला ग्राम पंचायत ओयल देहात के ग्राम परवन सिंह पुरवा का है जहां आज 10 बजे गांव के निवासी सत्येंद्र सिंह उर्फ पिंकू पुत्र स्वर्गीय रामनरेश सिंह ने अपनी 60 वर्षीय माता रामरति की बांके से गर्दन, पेट तथा सीने पर कई प्रहार करके उनकी हत्या कर दी। इसके बाद मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष फतेह बहादुर, चौकी इंचार्ज दिलीप प्रजापति ने लाश को सील करके पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेज दिया। मृतक रामरति के पोते अमन मुकेश जो कि रामरति के बड़े पुत्र रघुनाथ के बेटे हैं, ने बताया कि दादी डेढ़ साल से हम लोगों के साथ दिल्ली में रहती थी। मंगलवार को दिल्ली से आई थी। मेरे बाबा स्वर्गीय राम नरेश स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। उनकी मौत के बाद दादी को पारिवारिक पेंशन मिलने लगी। मेरी दादी रामरति ने मेरे लिए अपने रुपयों से कमरा बनवाने लगी। इसके चलते मेरे चाचा पिंकू भी रुपए मांगने लगे। ना मिलने पर उन्होंने दादी की हत्या कर दी।

# गाइडलाइन का पालन करते हुए करें मतदान: एसडीएम



संवाददाता। मोहम्मदी खीरी

**पंचायत चुनाव** को शान्ति पूर्वक संपन्न कराने तथा कोरोना से बचाव के लिए प्राथमिक विद्यालय वैदा मे उपजिलाधिकारी स्वाति शुक्ला की अध्यक्षता मे बैठक हुई। जिसमे उन्होंने उपस्थित लोगो से 19 अप्रैल को होने वाले पंचायत चुनाव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा जो भी चुनाव में गड़बड़ी करेगा पुलिस और प्रशासन उसके विरुद्ध निश्चित तौर पर कार्रवाई करेगा। करोना को लेकर मास्क का प्रयोग जरूर करें। सैनिटाइजर के साथ-साथ सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अवश्य करें। बैठक में नायब तहसीलदार सहित विद्यालय और गांव के लोग उपस्थित रहे।

## कोरोना कर्फ्यु का दिखा असर



**मोहम्मदी-खीरी।** कोरोना पर शासन से मिले दिशा निर्देश के उपरांत बढते मामलो को देखते हूऐ जिलाधिकारी के निर्देश पर पूरे जनपद मे रात्रि कर्फ्यू रात 9 बजे से प्रात: काल 6 बजे तक लगाया गया। मोहम्मदी और बरबर में रात्रि कर्फ्यू के पहले दिन पूरे नगर के मुख्य मार्गो पर अजब सा सन्नाटा देखने को मिला। जरूरतमंद एक आध लोगों को छोड़कर कोई भी घर से नहीं निकला जबकि रमजान माह चल रहा है। प्रशासन की अपील के उपरांत 9 बजे के बाद नगर के सड़कों पर कोई चहलकदमी नहीं दिखाई दी न ही रोजदार घर से निकले। पुलिस और प्रशासन के अधिकारी नगर में भ्रमण करते दिखे। जिनको कर्फ्यू की जानकारी नहीं थी उनको इस कर्फ्यू के बारे में अवगत कराया गया। कुल मिलाकर पहले ही दिन नगर मोहम्मदी में कर्फ्यू का सीधा असर देखने को मिला।

# महान गणितज्ञ व खगोलविद आर्यभट्ट की जयंती धूमधाम से मनी

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ खीरी

**छोटेलाल दीक्षित** दीक्षित स्मृति फाउंडेशन गोला खीरी के तत्वावधान में भारत के महान गणितज्ञ आर्यभट्ट की जयंती खुटार रोड स्थित सुयश त्रिवेदी के आवास पर उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण करके मनाई गई,। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष डॉ सौरभ दीक्षित ने बताया की आर्यभट्ट अपने समय के सर्वश्रेष्ठ गणितज्ञ थे, जिन्होंने पाई का सबसे सटीक मान, दशमलव पद्यति में शून्य का प्रयोग, बीजगणितीय समीकरणों का प्रयोग, त्रिकोणमिति में ज्या व कोज्या का सबसे पहले प्रयोग आर्यभट्ट ने किया था। साथ ही बताया कि पृथ्वी सूर्य के चारों ओर चक्कर लगाती है जिसकी वजह से दिन और रात होते हैं। अतुल त्रिवेदी ने बताया कि आज गणित में आर्यभट्ट के योगदान को विद्यार्थियों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी सरकार की होनी चाहिए। भारत के पहले उपग्रह का नाम आर्यभट्ट के सम्मान में रखा गया था। डॉ आदर्श दीक्षित ने बताया कि आर्यभट्ट को नालंदा विश्वविद्यालय का कुलपति भी नियुक्त किया गया था। संचालन कर रहे सुयश त्रिवेदी ने बताया कि आज गणित और हमारे पूर्वज जैसी पुस्तकों में आर्यभट्ट,श्रीधर, वराहमिहिर, भास्कराचार्य जैसे गणितज्ञों को उचित सम्मान दिए जाने की आवश्यकता है ताकि वर्तमान पी ?ी उनके किए गए कार्यों को बेहतर तरीके से समझ सके।अंत में संस्था अध्यक्ष डॉ सौरभ दीक्षित ने आभार प्रदर्शन करते हुए सभी लोगों के माध्यम से यह मांग उठाई कि सरकार आर्यभट्ट के द्वारा अंकगणित, बीजगणित, रेखागणित, ज्यामितीय व खगोल विज्ञान के क्षेत्र में किए गए अविस्मरणीय कार्यों को आज के विद्यार्थियों को अवगत कराए ताकि आधुनिक विद्यार्थी हमारे महान गणितज्ञों व संस्कृति के बारे में जान सकें। इस दौरान प्रमोद शुक्ल, नीरज दीक्षित व संजय त्रिवेदी ने भी अपने विचार रखे।

## कार्मिकों को प्रशिक्षण का अंतिम अवसर 16 अप्रैल को, डीएस कॉलेज में प्राप्त करें प्रशिक्षण अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

**लखीमपुर खीरी।** प्रभारी अधिकारी कार्मिक/ सीडीओ अरविंद सिंह ने ऐसे सभी मतदान कार्मिक सचेत करते हुए बताया कि जिन्होंने अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया। प्रशासन ने ऐसे मतदान कार्मिकों को अंतिम अवसर देते हुए 16 अप्रैल को डीएस इंटर कॉलेज में प्रात: 10 से 12ः30 के मध्य प्रशिक्षण देगा। जिसमें अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर लें। इस अंतिम अवसर में प्रशिक्षण ना प्राप्त करने वाले एवं अनुपस्थित सभी कार्मिकों के विरुद्ध प्रशासन कड़ी कार्रवाई करेगा। उन्होंने बताया कि संबंधित कार्मिक की सर्विस को ब्रेक करने व सेवा पुस्तिका में उक्त आशय की टिप्पणी लिखने हेतु स्पष्ट निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) ने संबंधित के विभागाध्यक्ष को दिए गए है। कड़ी कार्रवाई के तहत प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफआईआर) भी दर्ज करायी जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में घायल महिला की हुई मौत

**बरेली।** स्कूटी सवार दंपत्ति को पीछे से आए किसी वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पत्नी की मौत के बाद लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।बारादरी थाने के सती पुर निवासी लक्ष्मण की 28 वर्षीय पत्नी मधु की बीती रात इलाज के दौरान जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतका के घर वालों ने बताया कि मधु फरीदपुर में परिवार के साथ किराए के मकान में रहती थी।

## क्विक न्यूज

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**बरेली।** ट्रेन की चपेट में आने से एक ग्रामीण की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।बिथरी चौनपुर थाने के गांव सैदपुर लश्करी गंज निवासी महेंद्र पाल पुत्र टीकाराम की कल शाम अपने ही गांव के पास रेलवे लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि महेंद्र पाल कल शाम को जंगल में जाने की बात कर घर से निकला था। लेकिन गांव वालों ने बताया कि महेंद्र पाल ने परिवारिक कलह के चलते ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या की है। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### कर्नल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**बरेली ।** कैंट क्षेत्र में सेना के क्वार्टर में रहने वाले देहरादून निवासी कर्नल जयदेव सिंह कि आज सुबह के क्वार्टर में ही संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह कुमाऊँ रेजीमेंट के कर्नल थे और लगभग 1 माह पूर्व ही उनका बरेली में स्थानांतरण हुआ था । उनके साथियों ने बताया कि आज सुबह क्वार्टर में ही दिल का दौरा पड़ने से उनकी मौत हुई है । घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर उनके घर वालों को सूचना दे दी ।

### पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस रही अलर्ट

**बरेली ।** फतेहगंज पश्चिमी-पंचायत चुनाव के मद्देनजर एडीजी जोन ने सुबह ठिरिया खेतल सतुइया पट्टी मतदान केंद्रो का निरीक्षण किया । यहाँ तमाम गाँवों से शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन होने की खबरे है ।वोट माँगने को लेकर मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद सतुइया पट्टी गाँव चर्चा में है। यहाँ पूरे दिन गरमा गरमी का माहौल रहा । कई लोगों का कहना है कि उनका वोट पहले ही पड़ चुका था ।सतुइया पट्टी की अंजलि सिंह विट्टो देवी नेहा सिंह ने बताया कि उनके पहुँचने से पहले ही उनका वोट किसी ने डाल दिया था । इस कारण उनको वोट डालने का मौका नहीं मिला ।सीओ मीरगंज सुनील कुमार राय थाना प्रभारी अश्विनी कुमार चौकी प्रभारी दुष्यंत गोस्वामी दल वल के साथ मुस्तैद रहे ।

### शासनादेश के बाद भी कोविड डेस्क बनाने मे उद्यमियो की लापरवाही

**बरेली।** कोरोना के केस बढ़ने के बाद भी जिले के उद्यमी कोविड डेस्क बनाने मे काफी पीछे है। शासन के सख्त निर्देश के बाद भी अभी तक सिर्फ80 औद्योगिक इकाइयो ने ही डेस्क बनाकर अपनी सूचना विभाग को दी है। बड़े उद्योग संचालको ने भी अपनी सूचना नही दी है। कोविड के बढ़ते प्रकोप के बाद शासन ने सख्त रुख अपनाया है। शासन ने सभी औद्योगिक इकाइयो को अपने यहा कोविड हेल्प डेस्क स्थापित करने का निर्देश दिया है। हेल्प डेस्क पर ऑक्सोमीटर, थर्मल स्कैनर, सैनिटाइजेशन आदि की सुविधा होगी। सभी औद्योगिक इकाइया रोजाना अपने यहा के संक्रमित कर्मचारियो की संख्या जिला उद्योग केंद्र को उपलब्ध करवाएंगी। कई रिमाइंडर के बाद भी अभी तक सिर्फ80 औद्योगिक इकाइयो ने ही सूचना दी है। डीआईसी के असिस्टेंट मैनेजर कौशल श्रीवास्तव ने बताया कि बरेली मे 10000 सक्रिय इकाई है। इनमे से मुख्य इकाई की संख्या लगभग 14000 है। इसके बाद भी अभी तक सिर्फ80 इकाइयो ने ही कोविड-19 की स्थापना कर विभाग को सूचना दी है।

### बीए के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बरेली।** बी ए के एक छात्र ने बीती रात घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह होने पर पुलिस ने उसकी लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी।नवाबगंज थाने के चाणक्यपुरी निवासी 22 वर्षीय अमित पुत्र गेदन लाल भास्कर की लाश आज सुबह उसके घर में ही छत के कुंडे से बंधी रस्सी के सहारे फांसी पर लटकी पाई गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अमित बीए फाइनल का छात्र था और कल शाम रोजाना की तरह घर वालों के साथ खाना खाने के बाद अपने बिस्तर पर सोने गया था। देर रात जब घर के सभी लोग गहरी नींद में सो गए। तो उसने छत के कुंडे से रस्सी बांधकर फांसी लगा ली। सुबह होने पर जब घर के लोग सो कर उठे और उसे बिस्तर पर नहीं देखा तो वह उसे तलाशने में जुट गए। इसी दौरान पास के कमरे का दरवाजा बंद देखकर उन्होंने उसे खोला जहां अमित की लाश फांसी पर लटक रही थी। घरवालों ने घटना का कोई कारण नहीं बताया और कहा कि अमित पिछले कुछ दिनों से मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। इसी के चलते उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक चार भाई बहन थे।

# महिलाओं और पुरुषों को करना पड़ा समस्याओं का सामना

## ● ग्राम पंचायत के पहले चरण में मतदान में रमजान रखने वाली महिलांए हुईं परेशान

संवाददाता। बरेली

**वार्ड नंबर** 11 का 6 नंबर बूथ जूनियर हाई स्कूल का 7 बजे तक चालू नहीं हो पाया। जिससे लोगों को और रमजान रखने वाली महिलाओं को भारी समस्या का सामना करना पड़ा।प्रदेश में पंचायत चुनाव को लेकर आज पहला चरण बरेली में शुरू हुआ जहाँ नवाबगंज के रिछोला किफायतुल्ला गाँव की ग्राम पंचायत में भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा एक तरफ कड़कती धूप दूसरी तरफ रोजा रखने वाले पुरुष और महिलाएं इस कड़कती धूप को झेल रहे हैं मगर इस गांव ग्राम पंचायत वार्ड नंबर 11 का 6 नंबर बूथ कई घंटों चालू नहीं हुआ। जिससे लोगों में भारी आक्रोश भी पाया गया । इसी बूथ में चुनाव चिन्ह को लेकर भी काफी समस्याओं का सामना करना पड़ा। कभी मेम्बरी का चुनाव चिन्ह बैलेट पेपर पर नहीं दिख रहा था । तो कभी बीटीसी का ।इससे भी लोगों में भारी आक्रोश नजर आया लोगों का कहना था कि हम सुबह 7 बजे से रोजा रखकर लाइन में लगे हैं । लेकिन प्रशासन की घोर लापरवाही के कारण हम रोजदारों को इसकी धूप में खड़ा होना पड़ रहा है। जो बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। तो वही सभी प्रत्याशी अपने अपने वोटरों को ई रिक्शा के माध्यम से पोलिंग बूथ तक पहुचाने का काम कर रहे हैं। बात अगर पुलिस की की जाए पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए बिना मास्क बालों को मतदान केंद्र के अंदर जाने की इजाजत नहीं दी। जिसने मांस पहना हुआ था। वही व्यक्ति मतदान के लिए अंदर पहुंचा । मतदान केंद्र पर कोई फसाद ना हो जाए इसलिए पुलिस फोर्स बराबर निगरानी कर रही है।

## आईटीबीपी कैंटीन में चोरी करते युवक दबोचा

**बरेली।** 29 वी वाहिनी दूर संचार जबलपुर मध्यप्रदेश मे तैनात दरोगा के बेटे ने हाई सिक्योरिटी एरिया आईटीबीपी मे घुस कर चोरी का प्रयास किया। जिसको वहा पर तैनात संतरी ने रंगे हाथ पकड़ लिया। आरोपी के खिलाफमुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया है। आईटीबीपी तृत्तीय वाहिनी बुखारा कैंप मे तैनात सिपाही चावड़ा देवेन्द्र सिंह ने पुलिस को दिये प्रार्थना पत्र मे बताया है कि वह 13 अप्रैल को संतरी की ड्यूटी पर तैनात थे। इसी दौरान रात लगभग आठ बजे अनाधिकृत रूप से एक व्यक्ति कैंप परिसर मे घुस गया। जिसने सीसीपीसी कैंटीन मे चोरी करने की नीयत से कैंटीन मे लगा ताला तोड़ने का प्रयास किया। इसी दौरान उन्हे आवाज आ गई और उन्होंने मौके पर पहुंचकर चोरी करने आये युवक को रंगेहाथ पकड़ लिया। पकड़े गये युवक ने अपना नाम बुखारा कैंप टॉवर के पास निवासी चमन लाल बताया है। आरोपी चोर के पिता जोत सिंह दूर संचार 29वीं वाहिनी जबलपुर मध्यप्रदेश मे दरोगा है। आरोपी के खिलाफ कैंट पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जेल भेजा है। बुखारा कैंप मे आरोपी चमन लाल दो माह पहले 24 जनवरी को भी चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है। जिसमे आरोपी ने ग्रेन शॉप व वेट वाहिनी कैंटीन का ताला तोड़ कर 18 हजार 336 रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमे कैंट पुलिस ने अज्ञात के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की थी।

# बाइक की टक्कर से घायल साइकिल सवार की मौत

संवाददाता। बरेली

**तेजी से आ** रही मोटरसाइकिल ने एक साइकिल सवार को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां बीती रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।शाहजहांपुर के कांठ थाना क्षेत्र के गांव भानपुर निवासी 48 वर्षीय रामनिवास पुत्र रामगोपाल की बीती इलाज के दौरान बरेली के निजी अस्पताल में मौत हो गई। पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि रामनिवास बारह अप्रैल को साइकिल पर आटा खरीद कर अपने घर वापस लौट रहा था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद भी पीछे से आए बाइक में साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद मोटरसाइकिल फरार हो गयी। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वालों ने इससे पहले स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और हालत नाजुक देखकर इलाज के लिए बरेली ले आए। यहीं पर एक निजी अस्पताल में उसने बीती रात दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक 4 बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम गुड्डी देवी है।

## खेत पर जा रहे किसान की सड़क दुर्घटना में मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल से खेत पर जा रहे एक किसान को पीछे से आए अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फतेहगंज पूर्वी थाने के गांव भगवानपुर कुंदन निवासी 50 वर्षीय देव पाल शर्मा पुत्र वीरेंद्र कुमार शर्मा की बीती रात इलाज के दौरान बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। उसे कल शाम घायल अवस्था में भर्ती कराया गया था। पोस्टमार्टम हाउस पर मृतक के घर वालों ने बताया कि देव पाल कल शाम मोटरसाइकिल से खेत पर जाने के लिए घर से निकला था। लेकिन कुछ दूर चलने के बाद पीछे से आए किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे घर वाले उसे इलाज के लिए एक निजी अस्पताल ले गए। जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी का नाम कुसुम देवी है। वह 4 बच्चों का पिता था।

# पुलिस बोली फैसला करो या फिर रिश्वत दो

संवाददाता। बरेली

**एक महिला** के पति ज्यादा बीमार हो गए जिसका देवर ने फायदा उठाते हुय भाभी के साथ जबरन दुराचार किया । इतना ही नहीं जब इसकी शिकायत घर पर की तो ससुर ने भी कई बार प्रयास कर डाला। मामला थाना शाही के ग्राम प्रेमपुर का है जहां की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसका विवाह 15 फरवरी 2019 को गुलरिया उपराला थाना सिरौली में हुआ था ।और महिला के माता-पिता नहीं है । एक लोटा भाई है जो कि बीमार रहता है । विवाह के समय मां ने ससुराल वालों को 4 लाख रुपए दिए थे । कुछ समय के बाद ही 1 लाख रुपये अतिरिक्त मांग करने लगे । मांग पूरी ना होने पर गाली गलौज एवं मारपीट होने लगी। कुछ समय बाद ही महिला के पति को एड्स की बीमारी हो गई जिसका फायदा उठाते हुए देवर ने मौका पाकर जबरन दुराचार किया । वह पहले बाहर रहता था परंतु लॉकडाउन के बाद से वह घर पर ही है । जब इसकी शिकायत घर पर की तो ससुर ने भी कई बार दुराचार का प्रयास किया। परंतु सफल नहीं होनेपर मात्र पहने हुए कपड़ों में 12 दिसंबर को घर से निकाल दिया । तब्बू मात्र आठ माह की गर्भवती थी वह 2 माह की बच्ची को साथ लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष पेश हुए। उसने बताया की एसएसपी के आदेश के बाद 23 तारीख को एफ आई आर दर्ज की गई थी परंतु पुलिस कार्यवाही करने के लिए 10 हजार रुपये की मांग कर रही है। इस वक्त बेटी पैदा होने पर उसके ससुराल वाले उसको अपने साथ रखने को तैयार नहीं है । एवं पुलिस कार्रवाई नहीं कर रही । महिला अपना घर बार छोड़कर अपनी बहन के पास रह रही है । जिससे मैं अपने बच्चे का पालन पोषण करने में भी सक्षम नहीं है । वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के ऑफिस से तत्काल कार्रवाई का आश्वासन दिया है ।

# गांव की सरकार बनाने को विकासखंड में चुनाव संपन्न

**बछरावां।** रायबरेली।त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार सुबह 7 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बूथ बूथ पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और स्थानीय पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही कर रखी थी। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि मतदानकर्ता की गोपनीयता चुनाव आयोग द्वारा इस बार भी भंग की जा रही है मतदानकर्ता अंदर से डरा सहमा हुआ है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि मतगणना के समय उम्मीदवारों के एजेंट द्वारा उनके द्वारा डाले गए मतपत्रों में उनके दस्तखत देखने को मिल जाए तो गांव में आपसी दुश्मनी बन जाए और वही कोविड-19 का भी पालन करते हुए पूरे बछरावां विकासखंड में किसी भी पोलिंग बूथ पर नहीं दिखा अधिकारी, कर्मचारी बिना मास्क, बिना सैनिटाइजर के ही मतदान कराते रहे जबकि कोविड-19 के मामले बढ़ते हुए लगातार सरकार व चुनाव आयोग के लिए चुनौती बने हुए है। परंतु सही ढंग से कर्मचारियों को प्रशिक्षण ना दे पाना जिला प्रशासन के ऊपर सवालिया निशान खड़ा करता है। अगर मतदान के वक्त मतदान कर्ता के हस्ताक्षर वाले वॉलपेपर मत पेटियों से निकले तो कहीं ना कहीं गुप्त मतदान की पोल व गोपनीयता की पोल खुलते जरूर नजर आएगी। वहीं कसरावां, विशुनपुर, मदाखेडा, नीमटीकर, राजामऊ, मैंनाहार कटरा, कुर्री सुदौली, नीवा व पूरे विकासखंड में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ।

**दस माह की बेटी को लेकर ड्यूटी कर महिला मतदान अधिकारी ने निभाया अपना फर्ज:**सलोन रायबरेली। सलोन के सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कालेज में बूथ संख्या 58 पर एक महिला मतदान अधिकारी ने अपने माँ के फर्ज को बखूबी निभाया।डलमऊ में आयुर्वेदिक अस्पताल में तैनात स्टाफनर्स रीतू सचान बुधवार शाम पांच बजे सर्वोदय इंटर कालेज पोलिंग बूथ पर ड्यूटी पर आ गई।जबकि महिला की गोद मे उसकी दस माह की बेटी अद्वितीय थी।मतदान शुरू होते ही महिला ने बेटी को दूध पिला कर अपने सामने टेबल पर सुला दिया।जिसके बाद मतदाताओ की पर्ची चेक करने लगी।मौके पर पहुची एसडीएम दिव्या ओझा ने महिला की तारीफकरते कहा कि इस तरह के कर्तव्य सिर्फएक माँ ही निभा सकती है।

# सजेती में मतपेटी छूटी भीड़ ने किया हंगामा



संवाददाता। घाटमपुर

**बिकास खंण्ड** घाटमपुर के सजेती मतदान केद्र में बोटिंग खत्म होने के बाद सील मतपेटी व पीठासीन अधिकारी को छोड़ कर गाड़ी चली आयी तो भीड़ ने हंगामा काटा, मामले की जानकारी पर उप जिला मजिस्ट्रेट अरुण कुमार श्रीवास्तव व सीओ पवन कुमार मौके पर पंहुचे और लोगों को समझाकर छूटी तीनों मतपेटी व पीठासीन अधिकारी को लेकर कैप्टन सुखवासी सिंह स्मारक जनता कालेज में मतपेटी जमा करायी।

# 44 बूथों पर 2470 लोगों का किया गया टीकाकरण

**फर्रुखाबाद।** वायरस कोविड -19 की गिरफ्त में हर आयु वर्ग के लोग आ रहे हैं। बेहद खतरनाक ऐसे केस भी पता चल रहे हैं जिनका पूरा घर अस्पताल में है या फिर पति और पत्नी अस्पताल में और बच्चे की देखभाल करने वाला कोई नहीं है। यह कहना है मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वंदना सिंह का। सीएमओ ने कहा कि माता पिता दोनो कोरोना पॉजीटिव हो तो ऐसे में बच्चे के संकमित होने का खतरा ज्यादा होता है। अगर अस्पताल में एडमिट होना पड़े तो पीछे से बच्चे की चिंता होना लाजमी है। ऐसे में अपने बच्चे की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए उसे किसी करीबी रिश्तेदार या दोस्त को यहां छोड़ आना चाहिए। साथ ही बच्चे को प्यार से समझाएं कि उसे कुछ दिनों तक आपसे अलग रहना होगा।

सीएमओ ने कहा कि बच्चे को उसी दोस्त और रिश्तेदार के पास छोड़ कर आए जहां पर आपका बच्चा अच्छे से रह सकता है। साथ ही इस बात का भी ध्यान दें कि उस जगह पर कोरोना का कोई केस न हो। बच्चे को वहां छोड़ने के बाद फोन या वीडियो कॉल कर बच्चे से बात करते रहें। सीएमओ का कहना है कि अगर आपको कोरोना के ज्यादा लक्षण नहीं हैं तो ऐसे में आप घर पर आइसोलेट हो सकते हैं। आपको बस अपनी सेहत का ध्यान रखने के लिए समय- समय पर डॉक्टर से संपर्क करते रहना चाहिए। पल्स आक्सोमीटर से अपनी आक्सीजन लेवल को नापते रहें और इमुनिटी लेवल बढ़ाने की दवायें भी समय पर लेते रहें ।

सीएमओ के मुताबिक अगर आपके बच्चे की देखभाल के लिए कोई नहीं है तो ऐसे में आप उसका खुद भी ध्यान रख सकते हैं। मगर इसके लिए आप में कोरोना के लक्षण नामात्र होने चाहिए। हां, इस बात का ध्यान रखें कि कोरोना की शुरूआत में संक्रमण के फैलने का खतरा ज्यादा होता है। इसलिए पहले के कुछ दिनों में बच्चे से दूरी बना कर रखें। इसके साथ ही बच्चे को हाथ लगाने की जगह उससे दूर से ही बात करें। सीएमओ ने कहा कि किसी भी चीज को फैलने से रोकने के लिए साफ- सफाई का खास ध्यान रखना चाहिए। इसके लिए अपने बर्तनों को अलग रखें। साथ ही उसे धोने के लिए पानी को उबाल कर इस्तेमाल करें। बाथरूम को भी रोजाना साफकरें। पूरे घर को अच्छे से सैनिटाइज करवाएँ। साथ ही बच्चे को भी सैनिटाइज का सही से इस्तेमाल करना सिखायें। अपनी सभी चीजों को बच्चे से अलग ही रखें। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ0 प्रभात वर्मा ने कहा गुरुवार को 44 बूथों के माध्यम से 1257लोगों को पहली तो 1213 लोगों को दूसरी डोज देकर प्रतिरक्षित किया गया।

# फर्रुखाबाद व फतेहगढ़ नगर में 15 दिन के लिए लगा नाइट कर्फ्यू

**फर्रुखाबाद।** जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिलाधिकारी मानवेन्द्र सिंह नें आखिर नाइट कर्फ्यू लगाने का अहम फैसला ले लिया। नगर पालिका फर्रुखाबाद और फतेहगढ़ में नाइट कर्फ्यू लगाये जाने के आदेश जारी किये है। जिलाधिकारी नें कहा 15 अप्रैल से लेकर 30 अप्रैल तक नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद और उसके अंतर्गत आनें वाले फतेहगढ़ नगर क्षेत्र में रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक नाइट कर्फ्यू लगाया जा रहा है।

9 बिन्दुओं के जारी किये गये आदेश में डीएम नें कहा कि नगर पालिका फर्रुखाबाद के सम्पूर्ण नगर क्षेत्र जिसमे फतेहगढ़ नगर भी शामिल है। जिसमे रात 9 बजे से लेकर सुबह 6 बजे तक किसी भी व्यक्तिए वाहन आदि का आवागमन नही होगा। किन्तु राज्य एवं राजकीय मार्गों पर व्यक्तियों व मार्ग आदि पर परिवहन आवश्यक वस्तुओं को लानें ले जानें रात्रिकालीन शिफ्ट के सरकारी व अर्द्धसरकारी कार्मिक एवं अवश्यक वस्तुओं व सेवाओं से सम्बन्धित निजी कार्मिकों को छूट होगी। समस्त आवश्यक सेवाओं जैसे स्वास्थ्य एवं चिकित्सकीय सेवाएं, आवश्यक वस्तुएं, दवाएं, सब्जी, फल,दूध, रसोई गैस, सीएनजी आदि की आपूर्ति पूर्व की भांति चलती रहेगी और इन सेवाओं में कार्यरत व्यक्तियों,कोरोना वॉरियर, स्वच्छता कर्मियों, डोर स्टेप डिलीवरी से जुड़े व्यक्तियों के डियूटी में कार्यरत व्यक्तियों का डियूटी सम्बन्धित आवागमन पर प्रतिबंध नही होगा। वह अपनी संस्था द्वारा जारी परिचय पत्र साथ रखें।

रेलवे इस्टेशन व बस अड्डे पर आनें जाने के लिए प्रतिबन्ध नही होगा। टिकट ही यात्रा के दिन पास की तरह मान्य होगें। अन्य सरकारी अथवा गैर सरकारी मीडिया, न्यूज रिपोर्टर को रात्रि कर्फ्यू में आनें जाने की इजाजत होगी।

## प्रशिक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारी के संक्रमित होने पर मची भगदड़

**फर्रुखाबाद।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के दौरान कर्मी के कोरोना संक्रमित होने की बात कहते ही भगदड़ मच गई। आसपास के लोगों में कपकपी छा गई और मौजूद अधिकारी ने तुरन्त घर जाने को कहा। बुधवार को नेकपुर चौरासी स्थित एक विद्यालय में पंचायत चुनाव के मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण के दौरान एक पीठासीन अधिकारी द्वारा स्वयं को कोरोना पॉजिटिव जैसे बताया वैसे ही वहां भगदड़ मच गई। रिसेप्शन काउंटर पर बैठे अधिकारी व अन्य कर्मचारी उसे देख कर इधर.उधर भागने लगे। कुछ लोगों की कपकपी छूट गई और उनकी समझ में नहीं आ रहा था कि किस तरफ जाये। विकासखंड शमशाबाद के गांव बेनी नगला स्थित प्राथमिक विद्यालय में तैनात सहायक अध्यापक ड्यूटी पोलिंग पार्टी संख्या 137 में पीठासीन अधिकारी के तौर पर लगी है। दो दिन पूर्व का कोरोना टेस्ट हुआ था बुधवार को जिस समय वह प्रशिक्षण केंद्र पर मौजूद थे।

## क्विक न्यूज

### भूमि विवाद में हत्या के शक में दो सगे भाइयों सहित पांच पर मुकदमा

**फर्रुखाबाद।** भूमि विवाद के चलते युवक की हत्या के शक में मृतक की माँ के द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर पुलिस नें दो सगे भाईयों सहित पांच के खिलाफहत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस नें कुछ लोगों को उठाया भी है। बीते बुधवार को सुबह कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र के काली तलैया निवासी 18 वर्षीय अमन पुत्र रामविलास का शव हाई-वे के किनारे बजरंग रेस्टोरेंट के निकट कच्चे रास्ते पर लहुलुहान हालत में पड़ा मिला था। पुलिस नें परिजनों की सूचना के आधार पर शव का पोस्टमार्टम बीते दिन कराया था। जिसमे मौत का कारण सिर पर कोई वजनदार चीज लग ना बताया गया था। वहीं मृतक अमन की माँ सुधा की तहरीर पर पुलिस नें काली तलैया निवासी दीपक छोटेलाल, सुधीर पुत्र सियाराम, मंजेश व अखिलेश पुत्र जगदीश व भोलेपुर अम्बेडकर नगर निवासी शिवा पुत्र कृपाराम के खिलाफपुलिस नें 147, 120-बी व 302 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस नें कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पुलिस पड़ताल कर रही है।

### डीएम एल 2 अस्पताल में मरीजों से बात कर भोजन व साफ-सफाई की गुणवत्ता परखी

**फर्रुखाबाद।** देश में फैली वैश्विक महामारी कोविड19 की दूसरी लहर की आक्रामक्ता को देख सख्ते में आये जिलाधिकारी कोविड 19 एल 2 अस्पताल का निरीक्षण करने पहुंचें। जहां उन्होने मरीजों को भोजन में मिल रही साग सब्जी व साफसफाई की गुणवत्ता परखी। कोरोना महामारी की आक्रामक्ता देख जिलाधिकारी ने एल2 अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होने निरीक्षण के दौरान अस्पताल में तैनात डॉ0प्रभात त्रिपाठी से मरीजों की जानकारी व मरीजों को मिल रहे भोजन गुणवत्ता परखी। जिस पर उन्होने बताया कि एल 2 अस्पताल में आज कुल 09 मरीज भर्ती है जिसमें 07 पुरूष एवं 02 महिला मरीज है। नाश्ते में मरीजों को पोहा दिया गया है। भोजन में दाल,रोटी,सब्जी दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कोविड 19 एल 2 अस्पताल में भर्ती मरीज दश्युप्रसाद से बात कर भोजन व सफाई की गुणवत्ता परखी। अस्पताल के अंदर भोजन में ताजी तरकारी के साथ गर्म परोसी जा रही है प्रतिदिन तय समय पर सफाई भी अच्छी तरह ध्यान रखा जा रहा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि आपके निर्देशानुसार वार्डों हेतु पर्दे तैयार करालिए गए है, वार्डों में पर्दे लगाने का कार्य भी पूर्ण करा दिया जाएगा।

### गंगा पार कर रहा वृद्ध डूबा, चार घंटे बाद मिला शव

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** गंगा पार करके खेत देखनें जा रहे वृद्ध की अचानक डूब गया। गोताखोरों नें उसकी तलाश कीद्य परिजनों का रो.रो कर बुरा हाल हो गया। कई घंटे बाद पुलिस गोताखोरों की मदद से वृद्ध का शव गंगा से बरामद कर सकी। थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर सराय निवासी 65 वर्षीय रघुनंदन उर्फ लल्ला सुबह कटरी में गंगा की धार पार करके जा रहे थे । तभी अचानक वह गंगा की तेज धार में डूब गयेद्य घटना की सूचना पर रघुनंदन की पत्नी श्रीदेवी आदि गंगा किनारे पंहुची इसके साथ ही खुदागंज चौकी इंचार्ज जगदीश भाटी आदि मौके पर आ गये। पुलिस नें गोताखोरों की मदद से गंगा में डूबे वृद्ध की तलाश तेज करायी। चार घंटे बाद रघुनंदन का शव बरामद कर लिया। चौकी इंचार्ज नें बताया कि परिजन पोस्टमार्टम से इंकार कर रहे हैं।

### विधायक ने दिलायी सीएम राहत कोष से मदद

**फतेहपुर।** सदर विधायक विक्रम सिंह के सहयोग से मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से श्रीमती मनीषा पत्नी पवन सिंह निवासी खेलदार छींकनटोला लाठी मोहाल बाकरगंज को एक लाख पचास हजार रूपये एवं श्रीमती प्रीती तिवारी पत्नी अरविन्द प्रकाश तिवारी निवासी रामगंज पक्का तालाब को तीन लाख रूपये उपचार हेतु सम्बन्धित चिकित्सालय में पहुँचाया। इनके परिवारजनों ने बताया कि श्रीमती मनीषा का उपचार संजय गाँधी स्नातकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान लखनऊ में तथा श्रीमती प्रीती का उपचार कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च इन्सटीट्यूट जन विकास न्यास, ग्वालियर बीमारी से पीडित है। इनके पास उपचार कराने हेतु रूपये नहीं है। इनकी आर्थिक स्थिति अत्यन्त दयनीय है। सदर विधायक ने दोनों के उपचार हेतु मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से पत्राचार किया और मुख्यमंत्री से स्वयं मिलकर मदद करने के लिये कहा। मुख्यमंत्री ने सम्बन्धित चिकित्सालयों में धनराशि भेज दी। धनराशि पहुँचते ही परिवार जनों ने सदर विधायक तथा मुख्यमंत्री का आभार प्रकट किया।

### अनुपस्थित रहने पर एफआईआर के निर्देश

**फतेहपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को सकुशल, पारदर्शिता से सम्पन्न कराने हेतु ठा0 युगराज सिंह महाविद्यालय लॉ कालेज शांतिनगर में चौथे दिन पीठासीन एवं मतदान कार्मिको को मास्टर ट्रेनरों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया। जिसमे मतपेटी को खोलना, बन्द करना, सील करना एवं मतदान से संबंधित प्रपत्रो को भरने की विस्तृत जानकारी दी गयी। जिला विद्यालय निरीक्षक/प्रशिक्षण प्रभारी महेन्द्र प्रताप सिंह ने कार्मिको से कहा कि प्रशिक्षण में जो भी बताया जा उसे डायरी में नोट कर ले, जो पीठासीन की डायरी उपलब्ध कराई गई है, उसका भी विधिवत अध्ययन कर ले। आज के दोनो पालियो में 2800 कार्मिको को प्रशिक्षण दिया गया, जिसके सापेक्ष 107 कार्मिक के अनुपस्थित रहने पर एक दिन का वेतन रोकने एवं लोकप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश मुख्य मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने संबंधित को दिए।

### उपचार के दौरान वृद्ध की मौत

**फतेहपुर।** हुसैनगंज थाना क्षेत्र के बेरागढ़ीवा स्थित एक ढाबे के समीप बुधवार की दोपहर अचेतावस्था में पड़े 60 वर्षीय एक वृद्ध को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां देर रात उसने दम तोड़ दिया। सूचना पाकर पुलिस ने जिला चिकित्सालय मार्च्युरी पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

## शस्त्र फैक्ट्री व तमंचों के जखीरे सहित तीन आरोपी गिरफ्तार



**फर्रुखाबाद।** अबैध शस्त्र फैक्ट्री में तमंचों के जखीरे के साथ ही तीन शातिरों को पुलिस नें गिरफ्तार करनें में सफलता हासिल की है। पता चला की आगामी पंचायत चुनाव में खपत के लिए अबैध तमंचे बनाये जा रहे थे। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें पुलिस लाइन सभागार में बताया कि एसओजी प्रभारी जेपीशर्माए कंपिल थानाध्यक्ष जेपी यादव, निरीक्षक अपराध कायमगंज जयंती प्रसाद गंगवार आदि नें मुखबिर की सूचना पर थाना कंपिल के किन्नर नगला कंपिल कटरी में पड़ी एक झोपड़ी से आरोपी जनपद कन्नौज के विशुनगढ़ हरिहरपुर निवासी मोहन लाल पुत्र राजेन्द्र सिंह, ग्राम किन्नर नगला कंपिल निवासी वीरभान पुत्र हरीराम व निलेश पुत्र हरीराम को दबोच लिया। आरोपियों के पास से 12 देशी तमंचा 315 बोर, 2 तमंचा 12 बोरए 11 अधबने तमंचे व एक अधिया 315 बोर के साथ में ही तमंचा बनाने के उपकरण बरामद हुए। सीओ राजवीर गौर आदि रहे।

# पंचायत चुनावः फतेहपुर में हुए कुल 20199 नामांकन

● पहले दिन के मुकाबले अन्तिम चुस्त रहा प्रशासन

**फतेहपुर।** त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के लिए गुरुवार को अनंतिम दिन कुल 9479 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस तरह दो दिन के नामांकन सत्र में कुल 20199 प्रत्याशियों ने पर्चा दाखिल किया। उल्लेखनीय है कि पहले दिन 10720 नामांकन हुए थे। जिला सांख्यकी अधिकारी ने अनंतिम नामांकन सूची जारी करते हुए इस बात की घोषणा की। सुधार के बाद देर रात आंकड़ों में कुछ बढ़ोतरी हो सकती है। तो वहीं सुरक्षा और प्रशासनिक मामलों को लेकर जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे और पुलिस अधीक्षक सतपाल आंतिल नामांकन स्थलों का निरीक्षण करते रहे।

पंचायत चुनाव के लिए सभी 13 विकासखंडों और जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन शुरू हुआ। दूसरे दिन भी पहले दिन की तरह ही जिला पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए उम्मीदवारों ने नामांकन किया। इस दौरान जिला पंचायत के लिए 252, ग्राम प्रधान के लिए 2372, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 1914, और ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 4941, नामांकन हुए।

नामांकन के दौरान असोथर विख. में प्रधान पद के लिए 169, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 122, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 270 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। विजयीपुर में प्रधान पद के लिए 262, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 165, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 450 उम्मीदवारों ने, खजुहा में प्रधान पद के लिए 175, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 153, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 494 उम्मीदवारों ने, देवमई में प्रधान पद के लिए 119, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 103, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 411 उम्मीदवारों ने, मलवां विकास खण्ड में प्रधान पद के लिए 150, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 161, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 270 उम्मीदवारों ने, अमौली में प्रधान पद के लिए 172, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 80 ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 180 उम्मीदवारों ने, तेलियानी में प्रधान पद के लिए 143, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 97, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 442 उम्मीदवारों ने, बहुआ में प्रधान पद के लिए 258, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 180, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 409 उम्मीदवारों ने, भिटौरा में प्रधान पद के लिए 218, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 312, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 342 उम्मीदवारों ने, हसवा में प्रधान पद के लिए 163, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 118, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 278 उम्मीदवारों ने, हथगांम में प्रधान पद के लिए 209, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 145, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 734 उम्मीदवारों ने, धाता में प्रधान पद के लिए 219, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 179, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 418 उम्मीदवारों ने और एरायां विकास खंड में प्रधान पद के लिए 115, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 99, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 243 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। इसके साथ ही जिला पंचायत सदस्य के लिए सभी वार्डो से पहले दिन 583 और अंतिम दिन 252 सहित कुल 835 नामांकन हुए।

नामांकन का पहला दिन: जिला पंचायत के लिए 583, ग्राम प्रधान के लिए 5829, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 3143, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 1165, पहले दिन कुल नामांकन- 10,720 हुये।

नामांकन का अंतिम दिन: जिला पंचायत के लिए 252, ग्राम प्रधान के लिए 2372, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए 1914, ग्राम पंचायत सदस्य के लिए 4941 अंतिम दिन अनंतिम नामांकन: 9479, अनंतिम कुल नामांकन-20,199 हुए हैं। आंकड़े शाम पांच बजे तक के हैं।

## डीएम ने लिया चुनाव स्थिति का जायजा, दिये कड़े-निर्देश

**फतेहपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अपूर्वा दुबे, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी/उप जिला निर्वाचन अधिकारी सत्य प्रकाश ने संयुक्त रूप से नामांकन के अन्तिम दिन विकास खंड तेलियानी, मलवां, खजुहा में चल रही नामांकन प्रक्रिया और मतगणन स्थल सर्वोदय इण्टर कॉलेज गोपालगंज, श्री पुरुषोत्तम इंटरमीडिएट कॉलेज खजुहा का औचक निरीक्षण किया गया। सभी जगहों पर 09-09 काउंटरों के माध्यम से नामांकन का कार्य शांतिपूर्वक हो रहा था। उन्होंने आरओ को निर्देश दिए कि सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत आदि के नामांकन की संख्या सहित पूरा ब्यौरा आज शाम तक उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और समस्त आवेदनों को गति लाकर फीडिंग करायी जाए। उन्होंने मतगणना स्थल सर्वोदय इण्टर कालेज गोपालगंज के स्ट्रांग रूम को देखा और निर्देश दिए कि स्ट्रांग रूम की खिड़कियों को ईंटो से चुनवाया जाय और मैदान में पड़े गमलों, ईंट, मौरम/बालू को समय रहते हटवा दिया जाएं। उन्होंने मतगणना स्थल पुरुषोत्तम इण्टर कॉलेज खजुहा को भी जायजा लिया और कहा कि शौचालय, पानी, वाहनों की पार्किंग आदि की व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस नवनीत सेहरा, निधि बंसल, उपजिलाधिकारी बिन्दकी श्रीमती प्रियंका, खंड विकास अधिकारी तेलियानी, मलवां, खजुहा, क्षेत्राधिकारी बिन्दकी, एडीओ पंचायत सहित पुलिस बल आदि उपस्थित रहे।

# टैक्स बार के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**फतेहपुर।** टैक्स बार एसोसिएशन का शपथ ग्रहण समारोह शहर स्थित एक गार्डन में संपन्न हुआ। कर अधिवक्ता संगठन के संस्थापक अध्यक्ष हर्ष शर्मा के द्वारा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में रवि प्रकाश त्रिवेदी को अध्यक्ष व पुष्कल भट्ट को महामंत्री व वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश कुमार, कनिष्ठ उपाध्यक्ष अमित गुप्ता, मनीष दुबे, संयुक्त सचिव दिलीप गुप्ता, सुनील श्रीवास्तव, संदीप सिंह, कुलदीप सिंह, कोषाध्यक्ष पद पर मनीष श्रीवास्तव, ऑडिटर भोला मौर्य, मीडिया प्रभारी अरविंद निषाद को वर्ष 2021-22 के लिए शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि प्रशांत सिंह अटल से अध्यक्ष बार काउंसिल एवं विशिष्ट अतिथि राकेश, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्र जगदीश सिंह चौहान जालिम सिंह अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ फतेहपुर, आशीष गौड़ महामंत्री जिला अधिवक्ता फतेहपुर, बलिराज उमराव अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ फतेहपुर, विनोद सिंह चौहान संस्थापक अध्यक्ष टैक्स बार एसो. फतेहपुर उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि द्वारा नवनियुक्त कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दी गई एवं आश्वासन दिया गया कि बार काउंसिल द्वारा अधिवक्ताओं की समस्त समस्याओं का निराकरण जल्द से जल्द किया जाएगा। मंच का संचालन प्रशांत श्रीवास्तव द्वारा किया गया। इस अवसर पर सुधाकर अवस्थी, श्रवण गौड़, अशोक सिंह, आलोक सिंह, जितेंद्र सिंह, राजीव अग्रवाल, श्रीमती सुनीता गुप्ता, संजीव अग्रवाल, श्रीमती मनीषा गुप्ता, अमित रस्तोगी, राजेश सिंह भदौरिया, रामनरेश साहू, मनोज सिंह, अनुपम दीक्षित, प्रशांत श्रीवास्तव, रजत सैनी, लालबाबू आदि उपस्थित रहे।

# अनसुइया देवी का निर्विरोध प्रधान बनना लगभग तय

**संवाददाता।** फतेहपुर



**जनपद** के ऐराया ब्लाक अन्तर्गत ग्राम सभा अल्लीपुर बहेरा में फतेहपुर प्रेस क्लब उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष नागेन्द्र प्रताप सिंह की भाभी श्रीमती अनुसुइया देवी निर्विरोध ग्राम प्रधान होंगी। त्रिस्तरीय पंचायती चुनाव के तीसरे चरण मे फतेहपुर जनपद में होने वाले चुनाव की नामांकन प्रक्रिया की समय सीमा आज सपन्न होने के बाद इस ग्राम सभा से श्रीमती अनुसुइया देवी पत्नी कौशलेंद्र प्रताप सिंह का अकेला पर्चा दाखिल हुआ था।

इस तरह उनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। ज्ञातव्य रहे कि प्रेस क्लब अध्यक्ष श्री सिंह वर्ष 2010 में स्वयं भी इस सीट से निर्विरोध प्रधान रह चुके हैं किन्तु पत्रकारिता की व्यस्तता के चलते उन्होने इस पद पर आगे काबिज रहना स्वीकार नहीं किया। इस चुनाव की घोषणा के बाद उपरोक्त गांव के लोगों ने नागेन्द्र सिंह की भाभी के खिलाफकिसी के चुनाव न लड़ने का संकल्प लिया, जिसके बाद अनुसुइया देवी ने पर्चा भरा और इस तरह उनका निर्विरोध प्रधान निर्वाचित होना तय हो गया है।

## राजा सिंह कछवाह ने दाखिल किया महना सीट से नामांकन

**फतेहपुर।** भाजपा के जिला पूर्व प्रवक्ता राजा सिंह कछवाह ने आज यहां महना सीट से जिला पंचायत सदस्य पद के लिये निर्दलीय के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन की सूचना से भारतीय जनता पार्टी में बेचैनी छाई हुयी है। राजा सिंह कछवाह सन 1988 से भारतीय जनता पार्टी के प्रति लगाव हुआ और 1995 से वह जिले के कई पदों पर रह चुके है। 1991 से वह भाजपा के सक्रिय सदस्य के रूप में काम कर रहे है। कछवाह ने इस सीट से जिला पंचायत सदस्य पद को लेकर पार्टी से टिकट मांगा था लेकिन पार्टी ने उनको टिकट नही दिया और पार्टी ने महना सीट से संजय पाण्डेय को चुनाव मैदान में उतार दिया। कछवाह के चुनाव मैदान में आ जाने से भाजपा पार्टी के उम्मीदवार के समीकरण बिगड़ गये है। कछवाह नामांकन दाखिल करने के बाद वह क्षेत्र के कई गांव में चुनाव प्रचार में लगे गये है।

# निवर्तमान सपा प्रदेश सचिव सहित नेताओं ने किया जनसंपर्क



सपा प्रत्याशी के पक्ष में दौरा करते सपा नेता।

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मतदान का समय नजदीक आने पर अपने प्रत्याशी के समर्थन में दिग्गज नेताओं ने तपती धूप में गांव गांव जाकर ग्रामीणों को पार्टी की उपलब्धियां व नीतियों की जानकारी देते हुए अपने-अपने प्रत्याशी के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की है। बुधवार को जिला पंचायत सदस्य वार्ड संख्या नौ में सपा प्रत्याशी जुबेरिया शाह सिद्दीकी के प्रतिनिधि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष तहसीन सिद्दीकी, निवर्तमान सपा प्रदेश सचिव विनय श्रीवास्तव, निवर्तमान सलोबा प्रदेश सचिव उत्कर्ष गुप्ता ने समर्थकों के साथ मझपुरवा, बनियानी, ऊंचा, तेरारब्बू, तेराजाकेट, रजलामऊ, जयसिंहपुर सहित तमाम ग्रामों में तूफानी दौरा कर सपा सरकार की नीतियों व उपलब्धियों को बताते हुए हाथ जोड़कर वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सभी लोग बढ़-चढ़कर मतदान करें। जिससे आपके द्वारा चुना गया जनप्रतिनिधि आपकी समस्याओं को पुरजोर ढंग से उठाकर निस्तारण करवाने का कार्य करें।

## भाजपा प्रत्याशी की जीत के लिए किया ग्रामीण अंचलो का दौरा

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** जिला पंचायत सदस्य पद के भाजपा समर्थित उम्मीदवारों के लिए भाजपा क्षेत्रीय मंत्री सहित पदाधिकारियों ने क्षेत्रीय ग्रामों का तूफानी दौराकर ग्रामीणों को पार्टी की जनहितकारी योजनाओं की जानकारी देकर प्रत्याशी के पक्ष अधिक-अधिक से मतदान कर जिताने की अपील की। बताया कि सरकार लगातार जनता के हित के लिए कार्य कर रही है। गुरूवार को कानपुर बुंदेलखंड पिछड़ा मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री विनय वर्मा, भाजयुमो नगर अध्यक्ष दीपक गुप्ता, भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा सहित तमाम भाजपा नेताओं ने जिला पंचायत के तहत तेरारब्बू, लाडपुर, तेराजाकेट, रसूलपुर, खाडेदेवर आदि ग्रामों में सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों को भाजपा सरकार की उपलब्धियां व योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। कहा कि भाजपा सरकार सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर कार्य कर सभी वर्गों को लाभान्वित करने का कार्य कर रही है।

# शरारती तत्वों को किसी भी सूरत में बक्शा न जायेः डीएम

● डीएम व एसपी नें अति संवेदनशील केन्द्र में लगाई चौपाल



केन्द्र का निरीक्षण करते डीएम व एसपी

**कन्नौज।** सावधानी ही कोरोना से बचाव। मतदान दिवस के 24 घंटे पूर्व कोई भी बाहरी व्यक्ति ग्राम में न रुके। कोविड नियमों का पालन शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। सभी 45 वर्ष की उम्र पर चुके व्यक्तियों को कोरोना टीकाकरण शत प्रतिशत लगवाएं। लोकतंत्र का त्योहार पूर्ण सौहार्द से मनाएं एवं आपसी रिश्ते मजबूत करें। शरारती तत्वों को किसी भी परिस्थिति में बक्शा न जाये। डीएम एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा द्वारा संयुक्त रूप से अतिसंवेदनशील केंद्र ग्राम शंकरपुर के प्राथमिक विद्यालय में चौपाल कर उपस्थित प्रत्याशी एवं ग्राम वासियों को दिए। उन्होंने ग्राम शंकरपुर के मतदान केंद्र पर चौपाल करते हुए सभी को जनपद में होने वाले त्रिस्तरीय सामान्य पंचायत निर्वाचन 2021 के संबंध में सामान्य जानकारी देते हुए असलाह को जमा कराये जाने, शराब के वितरण को रोके जाने, कच्ची शराब के वितरण पर रासुका की कार्यवाही किये जाने, कोविड 19 के नियमों का शत प्रतिशत अनुपालन किये जाने, एवं मतदान में किसी प्रकार की अनुशासनहीनता न किये जाने के दृष्टिगत कड़ी चतावनी भी दी कि कोई भी अनैतिक गतिविधि पाए जाने पर संबंधित व उनके सहयोगियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही की जाएगी। चुनाव प्रचार के तुरंत बाद एवं मतदान से 24 घंटे पूर्व से कोई भी ग्राम से बाहर के व्यक्ति को अपने घर में रुकने न दें एवं यदि किसी भी व्यक्ति की सूचना मिलती है तो वह गोपनीय रूप से 112 डायल कर सूचना दे सकते हैं, जिसमें आपके नाम को पूर्ण गोपनीय रखा जाएगा। शराब बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाए जाने के निर्देश दिए एवं चेतावनी दी कि यदि कोई बांटता नजर आता है तो उसकी जानकारी 112 न0 पर, संबंधित उपजिलाधिकारी, संबंधित थाने व स्वयं को एवं पुलिस अधीक्षक को भी व्यक्तिगत रूप से दे सकते हैं एवं उनके विरुद्ध रासुका की भी कार्यवाही की जाएगी। ग्राम के सभी असलाह संबंधित थाने पर जमा करा लिया जाए एवं किसी भी प्रकार से अवैध असलाह की सूचना 112 न0 पर कर सकते है। श्री मिश्र ने पूर्व में गोली चलने की घटना के दृष्टिगत कहा कि मतदान लोकतंत्र का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार, जिसे पूर्ण सौहार्द से मनाए जाने हेतु एक दूसरे का साथ दें एवं इसकी गरिमा को बनाये रखें। निर्वाचन में एक दूसरे से भेद न करें व शांति बनाएं रखें। सभी को लोकतंत्र के त्यौहार की सुचिता और गरिमा को बनाए रखने एवं अपनी हिस्सेदारी सोच समझकर निभाए जाने हेतु जागरूक किया। विकास खण्ड उमर्दा, एवं हसेरन में बैलट पेपर की गिनती व उनकव व्यवस्थित कर केंद्र वार किए जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया, जिसमें मौके पर विकास खण्ड, उमर्दा में प्रधान पद के आरओ अपर मुख्य पशुचिकित्साधिकारी अनिपस्थित थे, जिनको फोन कर बुलाया गया एवं कड़ी फटकार लगाते हुए पूर्ण सतर्कता से कार्य का क्रियान्वयन किये जाने के निर्देश दिए गए। विकास खण्ड हसेरन में भी मौके पर आरओ बीडीसी ग्राम पंचायत पद हेतु नामित भी अनुपस्थित पाए गए, फोन के माध्यम से वार्ता कर कड़ी फटकार लगाते हुए अंतिम चेतावनी दी गयी एवं आज ही उपस्थित होने के निर्देश दिए गए।

## स्वागतयोग्य फैसला

### विदेशी कोविड टीकों की खरीद

**सरकार** ने विदेशों से कोविड टीकों की खरीद का निर्णय लिया है। इसका अनेक कारणों से स्वागत किया जाना चाहिए। भारत सरकार की 'वैक्सीन मैत्री' ने भले ही 6.45 करोड़ टीके प्राप्त कर दुनिया भर के देशों से प्रशंसा पाई हो, पर भारत में टीके लगाने के लिए उसे कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। नए स्ट्रेनों के कारण पूरे भारत में कोरोनावायरस मामलों तथा इसके कारण होने वाली मौतों में असाधारण वृद्धि से केन्द्र सरकार को आलोचना का सामना कर पड़ रहा था। उसने भले ही वैश्विक स्तर पर प्रशंसा प्राप्त की हो, पर सभी नागरिकों को पहले टीकाकरण सुनिश्चित करने के बजाय टीकों के वितरण से देश में उसकी छवि खराब हो रही थी। संक्रमणों की दूसरी लहर के देश पर भारी पड़ने के साथ ही टीकाकरण प्रक्रिया सबके लिए खोलने का दबाव भी बढ़ रहा था क्योंकि नए स्ट्रेन से इस बार बच्चे और नौजवान भी बच नहीं रहे थे। इस प्रकार कोविड टीकों की कमी का सामना कर रही केन्द्र सरकार ने पहले रूस निर्मित वैक्सीन स्पुतनिक के आपातकालीन प्रयोग को अनुमति दी, फिर उसने कोविड-19 टीकों के चयन को विस्तार देते हुए अमेरिका, ब्रिटेन और जापान में निर्मित वैक्सीनों के आपातकालीन प्रयोग की अनुमति दे दी। कोविड-19 वैक्सीन प्रशासन पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह-नेगवैक ने संस्तुति की है कि विदेशों में निर्मित वैक्सीनों को अनुमति दी जाए जिनको वहां अनुमति मिली है। इस प्रकार 'यूएसएफडीए, ईएमए, यूके, एमएचआरए, पीएमडीए जापान द्वारा सीमित आपातकालीन प्रयोग के लिए अनुमति प्राप्त वैक्सीनों को भारत में अनुमति दी जा सकती है।' समझा जाता है कि 'विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा आपातकालीन प्रयोग के लिए सूचीबद्ध वैक्सीनों को भी भारत में आपातकालीन प्रयोग के लिए अनुमति मिल सकती है।'





सही समय पर लिए इस निर्णय से बड़े पैमाने पर औषधीय सामग्री का आयात प्रोत्साहित होगा जिससे घरेलू दवा निर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलेगा। इससे वैक्सीन निर्माण क्षमता भी बढ़ेगी जिसका लाभ देश की जनता को होगा। केन्द्र नागरिकों को शांत रखने के सर्वोत्तम प्रयास कर रहा है। उसने जनता को आश्वस्त किया है कि वैक्सीनों की कोई कमी नहीं है तथा अभी 1.67 करोड़ खूराकें उपलब्ध हैं। हालांकि, इस तर्क में कुछ दम है कि सरकार को पहले अपने नागरिकों की चिन्ता करनी चाहिए, पर यह तथ्य भी महत्वपूर्ण है कि वर्तमान स्थिति के लिए स्वास्थ्यरक्षा और अधिकारी तथा जनता भी एक स्तर तक जिम्मेदार है। सबसे पहले यह तथ्य महत्वपूर्ण है कि आज हमें वैक्सीनों की बहुत आवश्यकता है, अत: ऐसे में भारत में 6.5 प्रतिशत वैक्सीनों की बरबादी आपराधिक है। यदि जनता सरकार की बात माने तथा बड़ी संख्या में टीके लगवाने के साथ ही सतर्कता से कोरोना व्यवहारों का पालन करे तो कोरोना मामलों में इतनी वृद्धि नहीं होगी। जब पहली लहर के बाद रोगियों की संख्या घट गई थी तब यदि हमने वैक्सीन के प्रति हिचक छोड़ दी होती तो चीजें आज पूरी सटीकता के साथ बेहतर होतीं तथा जनसंख्या के बड़े हिस्से को अब तक टीके लग गए होते। हालांकि, अभी भी बहुत देर नहीं हुई है। केन्द्र नागरिकों को शांत रखने और सांत्वना देने के सारे प्रयास कर रहा है। ऐसे में सारी जनता की जिम्मेदारी है कि वह शांत रह कर जिम्मेदार नागरिकों की तरह व्यवहार करे तथा यथासंभव सरकार की अधिकाधिक सहायता करे। कुल मिला कर देखें तो आज जैसी स्थिति हमारे सामने आई है, उसकी कल्पना हम में से किसी ने नहीं की थी।

# डिजिटल जगत की प्रतिरोधक क्षमता

कोविड-19 महामारी से पता चलता है कि संकट के समय में सामाजिक लचीलापन और व्यावसायिक निरंतरता बनाए रखने के लिए डिजिटल कनेक्टिविटी महत्वपूर्ण है।



**अभिलाष पांडा**
लेखक तकनीकी क्षेत्र से जुड़े हैं)



तकनीक अब हमारे चारों ओर है। पिछले कुछ वर्षों में हमने जो डिजिटल परिवर्तन देखा है, उसने हमेशा ऑनलाइन रहने पर जोर दिया है। उदाहरण के लिए, 2015 में, भारतीय जनसंख्या का 7.5 प्रतिशत इंटरनेट से जुड़ा था, लेकिन 2019 तक, विश्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, यह प्रतिशत बढ़कर 34 प्रतिशत हो गया। भारतीय मोबाइल उपयोगकर्ता औसतन हर महीने 8.3 गीगाबाइट डेटा का उपभोग करते हैं और भारत किसी भी अन्य देश की तुलना में तेजी से डिजिटल हो रहा है। डिजिटल परिवर्तन ने गरीबी को कम करने, अवसरों को बनाने और निगरानी करने और आपातकालीन प्रतिक्रिया में सुधार करने के लिए दरवाजे खोल दिए हैं। लेकिन इसने भेद्यता की एक नई परत भी जोड़ दी है। प्राकृतिक खतरों के कारण एक भी आपदा गंभीर सूचना प्रणालियों को गंभीर नुकसान पहुंचा सकती है और पूरे नेटवर्क की विफलता को ट्रिगर कर सकती है। न केवल हमारे बैंक, एयरपोर्ट और ट्रांसपोर्ट अवसंरचना को संजाल से जेड़ा जाता है, बल्कि तेजी से ऊर्जा, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षात्मक परिसंपत्तियों को साइबर डोमेन के माध्यम से भी अंतरग्रंथित किया जाता है। दूरस्थ रूप से प्रबंधित फ्लडगेट्स, प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, अपशिष्ट प्रबंधन, क्राउडसोर्सिंग के लिए सोशल साइट्स, सुरक्षा सूचना और अन्य लोगों के बीच क्षति का आंकलन करने के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, अब एक परस्पर जुड़े सिस्टम का हिस्सा हैं।

कोविड-19 महामारी से पता चलता है कि डिजिटल कनेक्टिविटी, संकट के समय में सामाजिक लचीलापन और व्यावसायिक निरंतरता के लिए महत्वपूर्ण है। विकसित और उभरते बाजारों में डिजिटल अवसंरचना प्रदाताओं के लिए, लगातार नकारात्मक झटके से कनेक्टिविटी की उच्च मांग का असंतुलन हो सकता है। उदाहरण के लिए, तूफान हार्वे ले लो। 2017 में जब तूफान ने टेक्सास में भूस्खलन किया और 100 से अधिक मौतें हुईं और क्षति में .125 बिलियन का नुकसान हुआ, तो अस्पताल जल्दी से भर गए। उनके पास रोगियों के इलाज के लिए आवश्यक संसाधनों की कमी थी और कई को बाढ़ के कारण खाली करना पड़ा। मरीजों को स्थानांतरित करते समय, कर्मचारियों को पीछे से उन्हें एक्सेस करने के सीमित तरीकों के साथ रिकॉर्ड को छोड़ना पड़ा। विभिन्न अस्पतालों में स्थानांतरित होने से परिचालन क्षमता में गंभीर कमी आई क्योंकि डॉक्टरों ने महत्वपूर्ण डेटा को एक साथ टुकड़े करने के लिए तराशा। रोगी की देखभाल की दक्षता और प्रभावशीलता ने निस्संदेह एक परिणाम के रूप में हिट किया।

2019 के चक्रवात फनी ने ओडिशा के तटीय राज्य पर हमला किया, दूरसंचार बुनियादी ढांचे के अलावा 70 मिलियन डॉलर से अधिक की प्रत्यक्ष हानि हुई। 2011 के क्वींसलैंड में बाढ़ के बाद, 50 प्रतिशत से अधिक संगठनों ने बताया कि उन्होंने अपने व्यवसाय संचालन में विभिन्न डिग्री तक व्यवधान का अनुभव किया था क्योंकि सर्वर कमरे बाढ़ से प्रभावित थे।

साइबर सुरक्षा खतरे एक और बड़ा जोखिम है, जो पहले से ही कुछ उल्लेखनीय अवसरों पर चोट पहुंचा चुका है। यूक्रेन में 2015 साइबरबैट, जो बिजली की आपूर्ति को प्रभावित करता था, और 2017 वानाक्राइ और नॉटपिल्टारनसमवेयर, जिसने यूरोप भर में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे की सेवाओं को बाधित किया, केवल कुछ उदाहरण हैं।

> **कोविड-19 से उबरने की प्रक्रिया में इंजेक्शन के लिए तैयार किए गए खरबों डॉलर के साथ, अब सरकार और निजी क्षेत्र के लिए यह सही समय है कि वे विचार करें कि ये निवेश लचीले, हरित और न्यायसंगत कैसे हो सकते हैं। कोविड-19 से उबरने की हमारी दौड़ में, हमें जोखिम के मौजूदा स्तर को कम करने और नए बनाने से बचने के लिए एक सुनहरा अवसर नहीं चूकना चाहिए।**

दुर्भावनापूर्ण खतरों के जोखिम के साथ ऐसी जटिल घटनाओं का सहसंबंध, जैसे साइबरबैक्स, इन कैस्केडिंग घटनाओं के प्रभाव को कम करने के लिए अधिकारियों की क्षमता सहित सामाजिक कार्यों के सबसे महत्वपूर्ण को बढ़ा सकते हैं। वास्तव में, कैस्केडिंग घटनाओं से किसी एकल प्रेरित व्यवधान की सीमा का अनुमान लगाना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि कई हस्तक्षेप करने वाले चर परिणाम को प्रभावित कर सकते हैं।

इस तरह के जोखिमों को इस तथ्य से जटिल किया जाता है कि कई छोटी और मध्यम आकार की कंपनियां, जिन पर राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था बहुत निर्भर करती है, उनके अपने साइबर सुरक्षा संबंधी कमजोरियों के साथ आने की संभावना है। एकाधिक अध्ययनों से संकेत मिलता है कि लघु और मध्यम आकार के उद्यम (एसएमई) की पहचान साइबरबक्स के स्पष्ट लक्ष्य के रूप में की जाती है और वे उन्हें झेलने में कम सक्षम होते हैं। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय के लिए आपदा जोखिम न्यूनीकरण के एक 2019 के अध्ययन ने पहचान की है कि 43 प्रतिशत एसएमई साइबर हमले का लक्ष्य हैं। एसएमई रिकवरी और सीओवीआईडी -19 के जवाब के हिस्से के रूप में जल्द से जल्द डिजिटलीकरण की महत्वाकांक्षा ने साइबर हमले की घटना को बढ़ा दिया है। 2020 के मैकिंजी अध्ययन का अनुमान है कि महामारी की शुरुआत के बाद से भाला-फ़िशिंग हमलों में सात गुना वृद्धि हुई है। डिजिटल अवसंरचना निवेशों की लचीलापन बढ़ाने के लिए, उनकी भेद्यता, संवेदनशीलता, अन्योन्याश्रियता और जोखिम के जोखिम की निगरानी और माप करना आवश्यक है। इस बदलाव के लिए निवेशकों, ऑपरेटरों और निर्णय लेने वालों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि नियोजित बुनियादी ढांचे के निवेश के स्थान, डिजाइन, निर्माण और संचालन में आपदा और जलवायु जोखिमों पर विचार किया जाए।

डिजिटल अवसंरचना को टिकाऊ के रूप में वर्गीकृत करने के लिए, नियामकों को एक महत्वपूर्ण मानदंड के रूप में प्राकृतिक खतरों को शामिल करने की आवश्यकता है और साथ ही साथ लचीलापन की एक स्पष्ट परिभाषा भी है। उसके लिए, आपदा जोखिम में कमी, जलवायु परिवर्तन अनुकूलन और उनके निर्णयों में लचीलापन लाने के लिए संस्थागत निवेशकों और परिसंपत्ति प्रबंधकों, साथ ही बुनियादी ढांचा विकासकर्ताओं की स्पष्ट रूप से आवश्यकता है। कोविड-19 से पुनर्प्राप्ति में इंजेक्शन के लिए तैयार किए गए खरबों डॉलर के साथ, अब सरकार और निजी क्षेत्र के लिए यह सही समय है कि वे विचार करें कि ये निवेश लचीले, हरित और न्यायसंगत कैसे हो सकते हैं।

कोविड-19 वैश्विक महामारी से उबरने की हमारी दौड़ में, हमें जोखिम के मौजूदा स्तर को कम करने और नए स्तर पैदा करने से बचने के लिए एक सुनहरा अवसर नहीं चूकना चाहिए। स्थिरता और लचीलापन एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। निरंतर बुनियादी ढांचा उन लोगों के लचीलेपन को कम करता है जो इसके सुचारू कामकाज पर निर्भर हैं।

यह समय है जब हम इन महत्वपूर्ण मुद्दों को संबोधित करते हैं और खुद से पूछते हैं क्या हम लचीलापन या अप्रचलन में निवेश कर रहे हैं?

# म्यांमार संकट में भारत की भूमिका

**रवींद्र पाल सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



इस साल 1 फरवरी को म्यांमार की सेना (टाटमाडॉ) के राजनीतिक सत्ता संभालने और चुने हुए प्रतिनिधियों की गिरफ्तारी के परिणामस्वरूप, म्यांमार के लोग तख्तापलट के खिलाफ प्रदर्शन करने के लिए हजारों की संख्या में निकले। सेना का दावा है कि इसने कथित चुनावी धोखाधड़ी के कारण 2008 के संविधान (सेना द्वारा लिखित) के आपातकालीन खंड के तहत सत्ता संभाली। हालांकि, चुनाव आयोग ने नवंबर 2020 के चुनावों को स्वतंत्र और बड़े पैमाने पर निष्पक्ष घोषित किया था।

जनमत की अदालत ने अपना फैसला स्वैच्छिक प्रदर्शनों के माध्यम से सुनाया, जो फरवरी की शुरुआत में लगभग 500 जीवन का दावा करते थे। लोगों के गुस्से से पता चलता है कि आंग सान सू की की अगुवाई वाली नेशनल लीग ऑफ डेमोक्रेसी (एनएलडी) को चुनावों में भारी सफलता मिली, उनके परिवार के सदस्यों के नाजायज धंधों को बचाने के लिए सेना के आरोप सत्ता पर काबिज होने के बहाने मात्र हैं। हालांकि, आपातकाल और सेना के अधिग्रहण को सही ठहराने के लिए सार्वजनिक अशांति या कानून-व्यवस्था के टूटने के मामले नहीं थे, लेकिन सेना प्रमुख, सीनियर जनरल मिन आंग ह्लाइंग ने राष्ट्रपति को गिरफ्तार कर लिया और उनकी जगह उनके कठपुतली उपराष्ट्रपति को नियुक्त किया, जिन्होंने आपातकाल की घोषणा की सत्ता लेने के लिए सेना के लिए। चुने गए प्रतिनिधियों को 1 फरवरी को पद की शपथ लेने से रोका गया था। जाहिर है, वरिष्ठ जनरल मिन आंग ह्लाइंग और अन्य जनरलों द्वारा तख्तापलट सू की के खिलाफ नहीं बल्कि म्यांमार के लोगों के खिलाफ था।

तख्तापलट के परिणाम तब से सार्वजनिक विरोध प्रदर्शनों और सैनिकों द्वारा बेतरतीब गोलीबारी के माध्यम से खेले गए हैं, जिन्हें अपने मूल अधिकारों को आत्मसमर्पण करने के लिए आबादी को आतंकित करने और ज़बरदस्ती करने के लिए एक मुफ्त हाथ दिया गया है। 1962 में पहले सैन्य तख्तापलट से म्यांमार में राजनीतिक संघर्ष में तातामाव के बीज प्राप्त हुए। वर्षों में सामाजिक-राजनीतिक परिवर्तनों के बाद, जनरलों ने 2008 के संविधान के तहत चुनाव की अनुमति दी। इसमें लगभग 35 प्रावधान थे जो केंद्र और प्रांतीय सरकार के स्तर पर सेना को राजनीतिक निर्णय लेने में प्रधानता रखने की अनुमति देते थे।



लगभग 35 प्रतिशत आबादी के साथ, म्यांमार के क्षेत्र के बड़े क्षेत्रों में लगभग 18 प्रमुख जातीय समुदायों का निवास था, बहुसंख्यक बारमार आबादी में इरावदी और साल्वेन नदियों के केंद्रीय उपजाऊ घाटियों का निवास था। 1960 के दशक के बाद से अल्पसंख्यकों ने आत्म-सुरक्षा के लिए अपने स्वयं के जातीय सशस्त्र संगठनों (ईएओ) को खड़ा किया, जिसने तातमाडव को राष्ट्रीय अखंडता के केंद्र चरण को धारण करने का औचित्य दिया। 2008 के संविधान ने सेना प्रमुख, सीनियर जनरल मिन आंग हलिंग के उम्मीदवारों द्वारा राष्ट्रीय और क्षेत्रीय / राज्य दोनों संसदों में 25 प्रतिशत सीटों पर कब्जा करके इसे राजनीतिक अधिकार दिया। समय में, तातमाडॉ म्यांमार के लोगों के नहीं, जनरलों और कर्नलों के निजी व्यावसायिक हितों का प्रतिनिधित्व करने के लिए आया था।

तख्तापलट के बाद तेजी से सामने आई घटनाओं की ओर बढ़ते हुए, सैन्य लक्ष्य पर निर्वाचित विधायक देश छोड़कर भाग गए। विधायकों का एक समूह भूमिगत हो गया और खुद को सीआरपीएच, या (संसद) का प्रतिनिधित्व करने वाली समिति के रूप में संगठित किया। सैन्य, नागरिक विरोध को नियंत्रित करने के लिए, आम तौर पर मोबाइल फोन संचार और इंटरनेट को बंद करने की रणनीति का पालन किया गया है, बिना किसी परीक्षण के प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार करने के लिए आपातकाल और मार्शल कानून की घोषणा, और प्रदर्शनकारियों की यादृच्छिक हत्याओं से सदमे और खौफ। देर से, इसकी रणनीति में एक बदलाव देखा गया है। इसने मुख्य ईएओ से प्रतिक्रियाओं को भड़काने के लिए जातीय गांवों पर बमबारी शुरू कर दी है। इसका लक्ष्य बहुसंख्यक बामर्स के रक्षक के रूप में सेना के हस्तक्षेप को सही ठहराना होगा।

म्यांमार में नागरिक समाज के लिए विकल्प क्या हैं, इसके चुने हुए नेताओं और ईएओ के साथ टाटमाडॉ द्वारा हमला किया जा रहा है? सैन्य नियंत्रण बनाए रखने के लिए इसका मुख्य तर्क यह है कि ईएओ म्यांमार को जातीय-क्षेत्रीय पहचान में विभाजित करना चाहते हैं।

अल जज़ीरा द्वारा 27 मार्च को साक्षात्कार में, एनएलडी विधायक सरसा (अब छिपने में) ने म्यांमार को स्थायी लोकतांत्रिक शांति और स्थिरता के रास्ते पर वापस लाने के लिए वैकल्पिक रणनीति प्रदान करने में वैश्विक मदद मांगी। यूएन स्पेशल रैपर्टीरिटी टॉम एंड्रयूज, हालांकि, कोई वैकल्पिक समाधान देने में असमर्थ था। यूएन सचिव, अमेरिकी राष्ट्रपति, यूरोपीय संघ और आसियान देशों द्वारा असहायता और नाराजगी की एक समान अभिव्यक्ति की गई है।

अंतरराष्ट्रीय समुदाय को म्यांमार में चल रही हिंसा का इलाज करने की आवश्यकता है, न कि एक संघर्ष समाधान मुद्दे पर बातचीत के लिए उपयुक्त, बल्कि दोषपूर्ण संविधान की समस्या के रूप में। यह दोष म्यांमार जनरलों द्वारा अपने हथियारों के बिंदु पर अपने लोगों के संप्रभु अधिकारों को स्थायी रूप से छीनने के लिए एक जानबूझकर डिजाइन है। इसलिए, भारत को एक पड़ोसी के रूप में, एक लोकतंत्र के रूप में और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य के रूप में क्या करना चाहिए? भले ही सरकार ने एक राजनीतिक दृष्टिकोण अपनाया हो, भारत के लोगों और मुक्त प्रेस को म्यांमार से भागे अशांत शरणार्थियों को लोकतांत्रिक शांति और मानवीय राहत बहाल करने के लिए कदम उठाना होगा।

## आप की बात

### बच्चों को खतरा

**अभी** हम देख रहे हैं कि कोरोन की रफ्तार दिन प्रतिदिन बढ़ती ही जा रही है। नए केसों में लगातार बढ़ोतरी होने से अलग-अलग जगहों पर कर्फ्यू लगाया गया है और कई नए तरीके के प्रतिबंध देखने को मिल रहे हैं। यह स्थिति बहुत ही भयावह हो रही है। ऐसे में हमें लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए खासकर कि यह जो नई लहर कोरोना की हमारे सामने आई है उससे बच्चे बहुत अधिक हद तक प्रभावित हो रहे हैं। ऐसे में बच्चों को सतर्कता बरतना बहुत जरूरी हो गया है। हम देख रहे हैं कि बहुत सारे लोग बिना मास्क लगाए ही बाजारों में घूम रहे हैं और सोशल डिस्टेंसिंग वह अन्य मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं ऐसे में स्थिति और भी भयानक होती जाएगी और संक्रमण की रफ्तार बहुत ही तेजी से बढ़ेगी। उनको देखकर बच्चे भी इन मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं जिस कारण से वह बहुत जल्द ही इस लहर की चपेट में आ रहे हैं और उनमें उनके लक्षण दिखाई देने पड़ रहे हैं। अगर ऐसी ही स्थिति रही तो हमारी बहुत प्रतिशत तक आबादी कोरोना संक्रमित हो जाएगी और फिर हमें बहुत जटिल समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। ऐसे में हम जागरूक रहें और औरों को भी जागरूक करें और बच्चों के प्रति खासतौर से जागरूकता फैलाएं।

– **सुदर्शन सोराड़ी**, नैनीताल

### मतदाताओं का जवाब

**बंगाल** के साथ ही पांच राज्यों में चुनाव जारी है। राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का केंद्र बना बंगाल परंपरागत रूप से चुनावी हिंसा की चपेट में है। पहले चरण से लेकर चौथे चरण तक जो हिंसा हुई है वह लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है। फिर भी लोगों की हिम्मत की दाद देना होगी कि उन्होंने जान की परवाह किए बिना बैलेट से ही बुलेट को उसकी हैसियत दिखा दी है। बंगाल के चुनाव कभी भी हिंसा से मुक्त नहीं रहे हैं। हर बार चुनावों में वहां बड़ी संख्या में लोग हिंसा के शिकार होते हैं जिसमें कुछ निर्दोष भी रहते हैं जिन्हें किसी दल या राजनीति से कुछ लेना देना नहीं होता है। ऐसी बेकसूर मौतों पर दुख होता है। अभी जारी चुनावों में हिंसा भी साथ साथ हो रही है। पहले चरण से ही इसकी शुरुआत हो चुकी है जो चौथे चरण में ज्यादा जाकर बड़े पैमाने पर हुई है। रिजर्व बल की तैनाती के बावजूद हिंसा होना बताता है कि हिंसा को किसी षड्यंत्र के जरिए अंजाम दिया जा रहा है। झड़पों में गोले, बंदूकों का प्रयोग गंभीर चिंता पैदा करता है सुरक्षा बलों पर हमला इस बात का प्रतीक है कि बंगाल में राजनीति का कितना अपराधीकरण हुआ है? बावजूद इसके जनता ने बुलेट को बैलेट से दबाया है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र


### रिश्तों की बानगी

**भारतीय** जीवन पद्धति में रिश्तों का सबसे महत्वपूर्ण स्थान है। हमारे समाज का ताना-बाना ही इस पर आश्रित है। बेहतर रिश्तो के लिए आपसी संबंधों में पारदर्शिता एवं लचीलापन होना आवश्यक है। आपसी विश्वास, इमानदारी, सहज एवं संतुलित व्यवहार से रिश्ते निखरते हैं। रिश्तो को मेंटेन करने में सावधानी बरतने की आवश्यकता होती है। सामान्यतया मुह बोले रिश्ते टिकाऊ साबित नहीं होते हैं। वर्तमान दौर में रिश्ते स्वार्थ पर आधारित होते जा रहे हैं। जीवन में अनेक रिश्ते होते हैं जिनके हम करीब होते हैं। सामान्य तया मनुष्य जन्म से लेकर मृत्यु तक अनेक रिश्तो के संपर्क में आता है जिनसे इंसान के खट्टे मीठे या आत्मीय संबंध बन जाते हैं। हर इंसान के जीवन के सबसे करीब माता पिता भाई बहन का रिश्ता होता है। युवा अवस्था में एवं विवाह उपरांत पत्नी एवं बच्चों से भी करीबी रिश्ता होता है। फिर निकटतम रिश्तेदार एवं मित्रों का नंबर आता है। रिश्तो में उतार-चढ़ाव आता है। उठापटक होती है। प्रयास होना चाहिए कि आपसी संबंधों में मनभेद की स्थिति ना होने पावे।

– **ललित महलकारी**, इंदौर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**मैं** तालिबान से पुन: लड़ाई और दुश्मनी छोड़कर स्थायी रूप से युद्धविराम स्वीकार करने का आह्वान करता हूं जो अफगानिस्तान की जनता की मांग है।
– **अशरफ ग़नी**
अफगानिस्तान के रारष्ट्रपति

**मोदीनीत** राजग सरकार के सातवें वर्ष की समाप्ति किस अंदाज में हुई : बढ़ती महंगाई, गिरता औद्योगिक उत्पादन, गिरता रुपया और डूबता शेयर बाजार।
– **पी चिदंबरम**
कांग्रेस नेता





**अस्पतालों** में जांच नहीं और बिस्तर नहीं, वेंटीलेटर और आक्सीजन नहीं और वैक्सीन भी नहीं, मगर सरकार टीका उत्सव मना रही है।
– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता

# मरीजों को भर्ती करने में हीलाहवाली पर दर्ज होगा मुकदमा

## मुख्यमंत्री की सख्ती के बाद चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कमिश्नर, डीएम और सीएमओ को जारी किया आदेश



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने जिलों में कोरोना संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती करने में हीलाहवाली करने को गंभीरता से लिया है। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि डीएम और सीएमओ स्तर से भेजे जा रहे कोरोना संक्रमितों को अस्पताल में भर्ती करने में हीलाहवाली करने वालों के खिलाफ नियमानुसार महामारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाए। इस बाबत चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी कमिश्नर, डीएम और सीएमओ को आदेश जारी कर दिए हैं।

सीएम योगी ने हाल ही में मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा महाविद्यालयों में आक्सीजन की किल्लत न होने पाए, इसलिए आक्सीजन प्लांट की स्थापना को लेकर जोर दिया था। उनके निर्देश पर प्रदेश के कई मेडिकल कॉलेजों और चिकित्सा महाविद्यालयों में आक्सीजन जेनरेशन प्लांट की स्थापना की गई है। इसके अलावा राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर, अंबेडकरनगर, आजमगढ़, बांदा और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद, अयोध्या, बस्ती, बहराइच में भी आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। इसके लिए चार दिन पहले ही चिकित्सा शिक्षा विभाग ने प्रति मेडिकल कॉलेज और चिकित्सा महाविद्यालय को 14 लाख 37 हजार की धनराशि की दर से करीब एक करोड़ 15 लाख जारी कर दिए गए हैं। प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार ने बताया कि कोरोना संक्रमितों को तत्काल भर्ती कर उनकी जीवन रक्षा करना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसे लेकर हीलाहवाली किसी भी सूरत में सहन नहीं की जाएगी।

प्रदेश में आठ राजकीय मेडिकल कॉलेजों और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालयों में आक्सीजन प्लांट की स्थापना की जा रही है। इसमें राज्य सरकार राजकीय मेडिकल कॉलेज आजमगढ़, बांदा और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अयोध्या, बस्ती, बहराइच में आक्सीजन प्लांट की स्थापना खुद करा रही है। जबकि राजकीय मेडिकल कॉलेज सहारनपुर, अंबेडकरनगर और स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय फिरोजाबाद में प्लांट की स्थापना केंद्र सरकार की नामित एजेंसी की ओर से किया जाएगा। आक्सीजन जेनरेटर प्लांट की स्थापना के लिए कक्ष का निर्माण संबंधित प्रधानाचार्य कराएंगे।

कोरोना के खिलाफ लड़ाई में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की रणनीति का ही नतीजा है कि सरकार ने पहले ही गंभीर रोगियों के ईलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में वेंटिलेटर, एचएफएनसी और बाईपैप सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में खरीदे हैं। फिलहाल 5000 से अधिक वेंटिलेटर, 1600 हाई फ्लो नसल कैनूला और 1000 बाईलेवल पॉजिटिव एयरवे प्रेशर उपलब्ध हैं। इसके अलावा निजी अस्पतालों में अतिरिक्त रूप से हैं। हालांकि सरकार की ओर से और जरूरत पड़ने पर बढ़ाने की तैयारी है।

## हाईटेक व्यवस्था से कोरोना की जंग जीतने की रणनीति



**लखनऊ।** योगी सरकार के इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) का कॉन्सेप्ट आज प्रदेश में कोविड मैनेजमेंट में कारगार साबित हो रहा है। पूरे प्रदेश में यह कमांड एंड कंट्रोल सेंटर कोरोना की जंग जीतने में काफी मदद कर रहे हैं। लखनऊ के स्मार्ट सिटी स्थित कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में भी एक कॉल पर कोरोना से संबंधित सुविधाओं और रोकथाम की जानकारी मिल रही है।

लखनऊ में बने कोविड को लेकर बनाए गए आइसीसीसी में आप 0522-4523000 पर फोन कर अपनी समस्या का समाधान जान सकते हैं। आइसीसीसी ऐसा हाइटेक इंतजाम हैए जिसके जरिए जिले के सभी अस्पतालोंए मौजूदा वेटिंलेटर्स, मौजूदा ऑक्सीजन बेड्स से लेकर सारी जानकारी उपलब्ध है। कोविड के रोकथाम को लेकर लखनऊ की सभी गतिविधियों की यहां मॉनिटरिंग की जा रही है। यह कमांड सेंटर होम आइसोलेशन और नॉन कोविड अस्पताल में भर्ती मरीज के कोरोना संक्रमित हो जाने पर उन्हें कोविड.19 अस्पताल में भर्ती करवाने में और बेहतर ढंग से उनकी मदद कर रहा है। लखनऊ में बने इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर की बात करें, तो यहां 24 घंटे मॉनिटरिंग की जा रही है। यही नहींए कोविड अस्पतालों में खाली और भरे बेड की सूचनाएं इकट्ठा की जाती हैं। इसका मकसद कोरोना संक्रमित मरीजों की कॉल आइसीसीसी को प्राप्त होने पर उसे तुरंत भर्ती करवाने का इंतजाम करवाया जाना है। अगर मरीज होम आइसोलेशन में है, तो भी इस कंट्रोल सेंटर के माध्यम से उनका फीडबैक अनिवार्य रूप से लिया जा रहा है। यही नहीं सुबह शाम डॉक्टर उसको फोन करके उसका हालचाल लेते हैं।

लखनऊ स्थित कॉल सेंटर में करीब 200 से ज्यादा लोग काम कर रहे हैं। आसानी से समझा जाएए, तो सबसे पहले यहां कॉल सेंटर में बैठे लोगों के पास कॉल आती है। जिसके बाद यह लोग समस्या को देखते हुए उसकी कॉल को निर्धारित चैंबर में ट्रांसफर कर देते हैं। यही नहींए सेंटर में लगी स्क्रीन पर लगातार मौजूद बेडों की संख्या, खाली बेड, आइसोलेशन बेडों की मॉनिटरिंग होती है। एंबुलेंस की मॉनिटरिंग की जा सके इसके लिए बकायदा एक चैंबर इसकी मॉनिटरिंग के लिए अलग से स्थापित है। ताकि किसी भी मरीज को किसी प्रकार की कोई समस्या न आ सके।

मरीजों से प्राप्त फीडबैक का पूरा रिकार्ड इस इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में रखा जाएगा और फीडबैक के अनुसार अगर उसे अस्पताल में तुरंत भर्ती करने की जरूरत है, तो सेंटर की चिकित्सीय टीम तत्काल कॉल ट्रांसफर कर रही है। यही नहीं, अगर मरीज होम आइसोलेशन में है और उसकी हालत बिगड़ती है, तो कंट्रोल सेंटर तत्काल एंबुलेंस टीम और कोविड अस्पताल से समन्वय कर उसे भर्ती करवा रही है। लखनऊ में 40 के आसपास अस्पताल कोविड को लेकर तैयार किए गए हैं। जिनमें एसजीपीआई से लेकर केजीएमयू, इंट्रीगल तक शामिल हैं। पूरे लखनऊ में अगर बेडों की संख्या की बात करें, तो 13 अप्रैल तक आइसोलेशन बेड्स की संख्या 1671 जबकि एचडीयू-आईसीयू में बेडों की संख्या 2112 है। जिसे लगातार प्रदेश सरकार बढ़ा रही है।

## गांव-गांव, गली-गली हो रहा सैनिटाइजेशन



**लखनऊ।** कोविड संक्रमण के बढ़ते प्रसार के बीच प्रदेश में स्वच्छता और सैनिटाइजेशन की मुहिम भी तेजी से चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के सभी नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में साफसफाई और सैनिटाइजेशन का काम किया जा रहा है। अब तक लगभग 48611 राजस्व गांवों में गली गली ब्लीचिंग पाउडर, सोडियम हाइपोक्लोराइड का छिड़काव किया गया है साथ ही फॉगिंग भी कराई जा रही है। नालियों की सफाई, कूड़ा प्रबंधन के अलावा आवश्यकतानुसार कीटनाशकों का भी छिड़काव हो रहा है। ग्राम्य विकास विभाग की निगरानी में करीब 66409 कर्मचारी इस विशेष अभियान में लगाये गए हैं। इस दौरान आमजनता को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। बीते सप्ताह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कोविड प्रबन्धन की समीक्षा करते हुए स्वच्छता का विशेष अभियान शुरू करने के निर्देश दिए थे। ग्राम्य विकास और नगर विकास विभागों को इसे प्राथमिकता के साथ कराए जाने के लिए कहा गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि अप्रैल से अगस्त तक का महीना कई तरह की संक्रामक बीमारियों के प्रसार का समय होता है। डेंगू, चिकनगुनिया, जापानी इंसेफेलाइटिस तथा अन्य संक्रामक बीमारियों के मामले में अक्सर वृद्धि होती है। ऐसे में स्वच्छता और सैनिटाइजेशन जरूरी है। पिछले एक पखवाड़े में प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई अभियान का तुरंत सकारात्मक परिणाम भी देखने को मिलें हैं जबकि संचारी रोगों में काफी कमी दर्ज की गई। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट तौर पर निर्देश दिए हैं कि स्वच्छता अभियान कोविड् ही नहीं बल्कि अन्य रोगों से लड़ने में एक हथियार से कम नहीं है।

## अब तक किए गए कोविड के 3.75 करोड़ टेस्ट




पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**अपर** मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि हर जनपद के गांव तथा शहर में क्वारेंटाईन सेन्टर बनाये जा रहे हैं। जहां पर प्रवासियों को इन सेन्टरों में रखा जायेगा। हमारा प्रयास है कि अधिक से अधिक टेस्ट करके संक्रमित व्यक्ति को समुचित इलाज मिले।

उन्होंने बताया कि कोविड.19 के संक्रमण के दृष्टिगत टेस्ट अधिक से अधिक की जा रही है। प्रदेश में सर्विलांस का नया प्रयोग कर प्रत्येक परिवार तक पहुंच कर उनका हालचाल लेते हुए कोविड संक्रमण की जानकारी ली जा रही है। इस अभियान के तहत 15.63 करोड़ लोगों से संक्रमण की जानकारी ली गयी है तथा 3.75 करोड़ कोविड.19 के टेस्ट किये गये हैं। इतनी बड़ी संख्या में टेस्ट पूरे देश के किसी राज्य में नहीं हुए है। इस प्रकार सर्विलांस अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश की 24 करोड़ जनसंख्या में से लगभग 19.38 करोड़ लोगों तक सरकारी मशीनरी पहुंची है। सर्विलांस के माध्यम से संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ा जा सकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 2,03,413 क्षेत्रों में 5,34,246 टीम दिवस के माध्यम से 3,22,71,161 घरों के 15,63,94,254 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। प्रदेश में 45 वर्ष से अधिक आयु वालों का कोविड वैक्सीनेशन किया जा रहा है। अब तक 86,24,856 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गयी तथा पहली डोज लेने वालों में से 14,26,472 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गयी हैं।

इस प्रकार कुल 1,00,51,328 वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी है। प्रसाद ने कहा कि सभी लोग से अपील है कि कोविड.19 के प्रोटोकाल का पूर्णत: पालन करे। घर से निकलने पर मास्क लगाकर ही निकले। मास्क न लगाना एक दण्डनीय अपराध है। जिस पर आप पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा कोविड संक्रमण के नियंत्रण के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

## समाज कल्याण विभाग के प्रशिक्षण केन्द्रों से 63 प्रतिभागी सफल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाज** कल्याण विभाग द्वारा समाज के कमजोर वर्गों के अभ्यर्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता हेतु मार्गदर्शन एवं प्रशिक्षण केन्द्रों की स्थापना छत्रपति शाहू जी महाराज शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान भागीदरी भवन लखनऊ आदर्श परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊए प्रयागराज, अलीगढ़, आगरा, वाराणसी एवं हापुड़ में की गयी है। कोरोना संक्रमण के दृष्टिगत रखते प्रशिक्षण केन्द्रों में क्लास रूम प्रशिक्षण 2020-21 में प्रभावित रहा है। तथापि प्रशिक्षण केन्द्रों द्वारा आन लाइन मार्गदर्शन तथा प्रशिक्षण की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। यह जानकारी देते हुए निदेशक समाज कल्याण राकेश कुमार ने देते हुए बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र हापुड द्वारा एक अभिनव प्रयोग करते हुये सभी वर्गो के अभ्यर्थियों को मॉक साक्षात्कार हेतु आफ लाइन के साथसाथ आन लाइन प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, जिसके परिणामस्वरूप पीसीएस परीक्षा 2020 में 63 विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल रहे है। उनमें उप जिलाधिकारी के पद पर 4 अभ्यर्थी तथा एआरटीओ के पद पर 3 अभ्यर्थी चयनित हुए। निदेशक समाज कल्याण ने बताया कि प्रशिक्षण केन्द्र हापुड द्वारा अभ्यर्थियों के मार्गदर्शन हेतु मॉक साक्षात्कार का आयोजन यूपी भवन दिल्ली, आगरा प्रयागराज तथा लखनऊ में भी आयोजित किया गया। इस कार्य में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना से जुड़े वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों का भी अपेक्षित सहयोग प्राप्त हुआ।




बढ़ते कोरोना संक्रमण के चलते हजरत गंज मे बंद दुकानें व पसरा सन्नाटा

## भाजपा सरकार में न स्वास्थ्य की सुरक्षा और न ही जानमाल की

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की संवेदनहीनता से कोरोना महामारी का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। लोग बेमौत मर रहे हैं, श्मशान घाटों में शवों की कतारें लग रही हैं। कोरोना के अलावा अन्य गम्भीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भी इलाज नहीं मिल रहा है। अस्पतालों में भी बेड, दवाइयों का टोटा है। हर तरफ अव्यवस्था है और आपदा को अवसर बना जेब भरने में लगे सत्ता संरक्षितों के अलावा अपराधियों की भी पौ बारह हैं। अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार में न स्वास्थ्य की सुरक्षा है और नहीं जानमाल की। सरकार अपनी नाकामियों की वजह से दूसरों की जान जोखिम में अवश्य डाल रही है। अस्पतालों में आक्सीजन और वेंटिलेटर की भी कमी है। डाक्टर भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं। इस बार व्यवस्था और उपचार के नाम पर शासन प्रशासन के हाथपांव फूले हैं। जिन्हें महामारी से बचाव तथा प्रबंधन का काम सौंपा गया है वे खुद अपनी जिम्मेदारियों से भाग रहे हैं। न उनके फोन उठते हैं, न वे समय से मरीजों की देखभाल करते हैं। अजीब हाल है कि कानपुर में कोरोना संक्रमितों से भी चुनाव ड्यूटी कराई गई है। किसी ने दो दिन तो किसी ने चार दिन काम किया। इस लापरवाही से गांवों में संक्रमण फैल रहा है। एक ही दिन में इटावा में विधायक समेत 19 लोग संक्रमित मिले है। मेरठ में जिला उद्यान अधिकारी सहित चार लोगों की मौत हुई। गोरखपुर में 10 मरे जबकि एक दिन में 572 नए केस मिले।

### त्रासदी छिपाने में संसाधन लगाने के बजाए ठोस कदम उठाए सरकार: प्रियंका

**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने उत्तर प्रदेश में कोरोना वायरस संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए बृहस्पतिवार को प्रदेश की भाजपा सरकार पर निशाना साधा और कहा कि त्रासदी छिपाने में अपना समय, संसाधन और ऊर्जा लगाने की बजाय योगी सरकार को संक्रमण फैलने से रोकने के लिए ठोस कदम उठाना चाहिए। उन्होंने लखनऊ के एक श्मशान घाट का वीडियो साझा करते हुए ट्वीट किया किए उप्र की सरकार से एक निवेदन है कि अपना समय, संसाधन और ऊर्जा इस त्रासदी को छिपाने, दबाने में लगाना व्यर्थ है।

### राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए होंगे 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन

**लखनऊ।** राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए आवेदन पत्र 31 मई तक स्वीकार किये जायेगे। इस अवधि के मध्य राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु सभी जनपदों के अध्यापक अध्यापिका द्वारा अपना आवेदन पत्र आनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से निर्धारित प्रेरणा वेब पोर्टल-वेबासाइट पर सीधे भेजा जायेगा। इस बाबत बेसिक शिक्षा विभाग ने आवश्यक निर्देश जारी कर दिये है। जारी निर्देश के मुताबिक राज्य अध्यापक पुरस्कार हेतु महानिदेशक स्कूल शिक्षा द्वारा इससे सम्बन्धित महत्वपूर्ण बिन्दुओं, दिशा.निर्देश एवं समय सारणी इत्यादि के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश जारी किये जायेगे। आनलाइन पोर्टल के माध्यम से प्राप्त आवेदन पत्रों का अभिलेखीय आधार पर परीक्षण करते हुए सम्बन्धित जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा सत्यापन कराया जायेगा तथा इस बात का विशेष रूप से ध्यान रखा जायेगा कि कोई भी अध्यापक आपराधिक पृष्ठभूमि का कदापि न हो। सम्बन्धित जिलाधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाणपत्र कि सत्यापित किया गया कोई भी अध्यापक आपराधिक पृष्ठभूमि का नहीं है, भी उपलब्ध कराया जाये। आवेदन पत्रों पर विचार किये जाने हेतु जनपद अथवा मण्डल स्तर पर किसी समिति का गठन नहीं किया जायेगा, परन्तु इस सम्बन्ध में जनपदों से सत्यापनोपरान्त प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार करने हेतु सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग की अध्यक्षता में राज्य चयन समिति का गठन किया गया है। जिसमें सचिव, बेसिक शिक्षा विभाग अध्यक्ष, महानिदेशक, स्कूल शिक्षा सदस्य, शिक्षा निदेशक बेसिक, सदस्य सचिव, निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद सदस्य, संयुक्त शिक्षा निदेशक, शिविर कार्यालय, शिक्षा निदेशक बेसिक, उप्र लखनऊ गणेश कुमार, सदस्य, सम्बन्धित मण्डल के मण्डलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक, सदस्य, शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश स्तर पर एक विशेषज्ञ, सदस्य के रूप में नामित जायेगें।

# मुख्यमंत्री योगी ने दिया ध्यान तो मनरेगा से मिला सहारा

### 14 दिनों में मनरेगा में काम पाने वाले ग्रामीणों की संख्या 7,27,477 बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कोरोना** संक्रमण की दूसरी लहर से लोगों को बचाने के साथ ही सूबे की योगी सरकार महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (मनरेगा) योजना के तहत गांवों ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने पर भी ध्यान दे रही हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा है कि वर्तमान समय में सूबे के ग्रामीण इलाकों में रह रहे लोग कोरोना से बचने के लिए रोजगार की तलाश में शहर ना आएं। ग्रामीणों को उनके गांव में ही सरकार रोजगार मुहैया करायेगी। मुख्यमंत्री की इस मंशा को जानने के बाद अब गांव में जल संरक्षण संबंधी कार्य मनरेगा के तहत कराए जाने लगे हैं। दूसरे राज्यों से आए प्रवासियों को भी ग्राम पंचायतों में तालाब, सड़क, पटरी, नाली आदि की खुदाई के कार्य में रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। सरकार के प्रयास के चलते ही अब हर दिन मनरेगा के तहत कराए जा रहे कार्यों में काम पाने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है।

ग्राम विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार गत 14 अप्रैल को सूबे के 74 जिलों में 9,51,583 ग्रामीण मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में कार्य कर रहे थे। जबकि गत एक अप्रैल को मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में कार्य करने वाले ग्रामीणों की सं या 2,24,106 थी। मात्र 14 दिनों में मनरेगा में कार्य करने वाले ग्रामीणों की सं या में 7,27,477 का इजाफा हुआ। इसके लेकर यह कहा जा रहा है कि ग्रामीणों को उनके गांवों के समीप ही रोजगार मुहैया कराने संबंधी प्रदेश सरकार की सोच के चलते मनरेगा में काम पाने वाले ग्रामीणों की सं या में इजाफा हुआ है। बीते साल भी जब कोरोना का संक्रमण शुरु हुआ था तब भी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर मनरेगा ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने में सहारा बनी थी। बीते साल कोरोना वायरस के बढ़ते प्रकोप के बाद बड़ी संख्या में शहरों से गांव पहुंचे मजदूरों को रोजगार देने के लिए योगी सरकार एक योजना लेकर आई थी। इसके तहत तालाब, चेक डैम के निर्माण के साथ नदियों की सफाई का काम बड़े पैमाने पर शुरू कर मजदूरों के लिए रोजगार पैदा किया गया था। तब केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई गाइडलाइन के तहत प्रदेश सरकार ने यह फैसला किया था कि 20 अप्रैल के बाद राज्य में मनरेगा योजनान्तर्गत कन्टेनमेन्ट क्षेत्र के बाहर कई कार्य प्रार भ किए जाएंगे।

इस संबंध में ग्राम्य विकास विभाग द्वारा एक आदेश जारी किया गया। इस आदेश में यह कहा गया था कि कोविड-19 के कारण बडी संख्या में शहरों से ग्रामीण परिवारों की वापसी हुई है। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में अन्य दैनिक रोजगार परक गतिविधियों में संलग्न ग्रामीण परिवारों के समक्ष भी भरण पोषण की समस्या की संभावना उत्पन्न हुई है। ऐसे में शहरों से गांव वापस आये परिवार और गांव में रह रहे लोगों के परिवार यदि मनरेगा योजना के तहत कार्य करना चाहता है, तो उसे तत्कात जॉब कार्ड निर्गत कराया जाएगा। यदि शहर से लौटे किसी व्यक्ति का नाम परिवार के जॉबकार्ड मे नहीं है तो उसका नाम जॉब कार्ड में जोड़े जाने की तत्काल कार्यवाही की जायगी। इसी आदेश के तहत अब फिर से राज्य के हर जिले में ग्रामीणों को रोजगार मुहैया कराने के लिए जल संरक्षण से जुड़ी योजनाओं को शुरु किया गया है। बाहर से गांव में आये लोगों के तथा मनरेगा योजनाओं में कार्य करने के इच्छुक लोगों के जॉबकार्ड बनाए जा रहे हैं। और जॉबकार्ड धारक ग्रामीणों को मनरेगा की विभिन्न योजनाओं में कार्य दिया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, राज्य के अधिकांश जिलों में बड़ी सं या में गांव-गांव में तालाब बनाए जा रहे हैं। बुंदेलखंड और विन्ध्य क्षेत्र में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक सिंचाई कूपों का निर्माण के साथ चेकडैम एवं फार्म पांड का निर्माण कार्य किया जाने लगा है। कई जिलों में वर्षा जल संरक्षण हेतु भूगर्भ जल संचयन स्ट्रक्चरों का निर्माण कार्य हो रहा है। तालाबों की सिल्ट सफाई संबंधी कार्य में भी ग्रामीणों से कराया जा रहा है। इसके अलावा सिंचाई गुलों नहरों की सफाई से संबंधित कार्य के साथ वृक्षारोपण के लिए अग्रिम मृदा कार्य भी ग्राम रोजगार सेवकों की देख रेख में ग्रामीणों से करवाए जा रहें हैं। चारागाह विकास से स बन्धित कार्य भी करवाए जा रहे हैं। इसके अलावा कई छोटी नदियों के पुनरोद्धार संबंधी कार्य भी ग्रामीणों की मदद से जल्दी शुरु किए जाने की योजना है। इस कार्य में बड़ी सं या में ग्रामीणों को रोजगार मिलेगा। फिलहाल मनरेगा में रोजगार मुहैया कराने संबंधी सरकार के प्रयास से ग्रामीणों को उनके घर के नजदीक रोजगार मिल रहा हैए जिसके चलते कोरोना संकट के इस समय में ग्रामीण अब शहर की ओर पलायन नहीं कर रहे हैं और सरकार के प्रयास से घर के नजदीक ही रोजगार पा रहे हैं।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 16 अप्रैल 2021



# घनश्याम, कैलाश, अजित सहित 167 प्रत्याशियों ने किए नामांकन

- डीएम ने नामांकन स्थल का किया निरीक्षण
- सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल रहा तैनात

**संवाददाता।** उरई (जालौन)



नामांकन पत्र जमा करने जाते घनश्याम, कैलाश व अजित पायनियर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी, बसपा समर्थित प्रत्याशी कैलाश राजपूत एवं भाजपा प्रत्याशी अजित राजपूत सहित शेष बचे प्रत्याशियों ने अपना नामांकन मजिस्ट्रेट के समक्ष किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी ने नामांकन स्थल का निरीक्षण किया साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बाल तैनात रहा। गुरुवार को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव नामांकन के अंतिम दिन भाजपा समर्थित रेंढर सीट से पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी ने अपने प्रस्तावक के साथ नामांकन किया। वही ऐर सीट से बसपा समर्थित प्रत्याशी कैलाश राजपूत एवं भाजपा समर्थित अजित राजपूत ने अपने-अपने प्रस्तावक के साथ पर्चा जमा किया। नामांकन के क्रम में भाजपा समर्थित रामू निरंजन ने गढर सीट से, अभय गौर ने अकबरपुर ईटोरा सीट से, शंभूदयाल अहिरवार ने केलिया सीट से, रामेन्द्र त्रिपाठी ने शहजादपुरा सीट से अपने-अपने प्रस्तावको के साथ पहुचकर नामांकन कक्ष में पर्चा जमा किया। कोबिड-19 की सुरक्षा को द्रष्टिगत रखते हुए सोशल डिस्टेंस का पालन कराते हुए अन्दर आने पर मास्क लगाकर ही प्रवेश करने दिया गया। सुरक्षा की द्रष्टि से भारी पुलिस बाल तैनात रहा। चूंकि नामांकन के प्रथम दिन जिला पंचायत सदस्य पद के लिए 220 प्रत्याशी नामांकन कर चुके थे। इसलिए अंतिम दिन ज्यादा भीड़ देखने को नहीं मिली। फिर भी जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नामांकन के अंतिम दिन निर्धारित समय शाम 5 बजे तक 167 प्रत्याशियों के अपने पर्चे जमा हुए।

## राठ में प्रधान पद के लिये 511 लोग चुनाव मैदान में प्रत्याशियों में भारी उत्साह

**राठ( हमीरपुर )।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन के तीसरे चरण के लिये विकासखंड राठ में आखिरी दिन सदस्य ग्राम पंचायत, प्रधान ग्राम पंचायत व सदस्य क्षेत्र पंचायत के उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। हालांकि अंतिम दिन विकासखंड कार्यालय में नामांकन करने वाले उम्मीदवारों की संख्या में कमी दिखी दी। बतादें कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिये जनपद में तीसरे चरण में 26 अप्रैल को मतदान होना है। आज अंतिम दिन विकासखंड राठ में ग्राम प्रधान के लिये 127, सदस्य ग्राम पंचायत के लिये 411 और सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिये 73 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। जबकि 13 अप्रैल को पहले दिन विकासखंड राठ में प्रधान ग्राम पंचायत के लिये 384 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया था। जबकि सदस्य ग्राम पंचायत के लिये 49 और सदस्य क्षेत्र पंचायत के लिये 197 उम्मीदवारों ने नामांकन किया था। गुरूवार को अंतिम दिन नामांकन प्रक्रिया के बाद ग्राम प्रधान के लिये 511, सदस्य ग्राम पंचायत के लिये 460 और क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिये कुल 270 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है।

# नदीगांव पुलिस ने गांवों में किया रूट मार्च, कराया सुरक्षा का एहसास



ग्रामीणांचल में रूट मार्च निकालती पुलिस पायनियर

**संवाददाता।** कोंच( जालौन )

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के तहत आगामी 26 अप्रैल को प्रस्तावित मतदान शांति सुरक्षा व निर्बिघ्न रूप से सम्पन्न कराये जाने को लेकर उच्चाधिकारियों के निर्देशन में स्थानीय पुलिस लगातार क्षेत्र का भृमण कर एक ओर जहां सीधे साधे ग्रामीणोंध्मतदाताओं को सुरक्षा का भरोसा दिला रही है वहीं चुनाव में अपने बाहुबल का प्रदर्शन करने का मंसूबा पाले बैठे लोगों को कार्यवाही किये जाने का डर दिखा रही है।कोंच सर्किल के थाना नदीगांव के थानाध्यक्ष रूपकृष्ण त्रिपाठी, उप निरीक्षक सुरेन्द्र सिंह, दिनेश गिरि ने गुरुवार को पुलिस जवानों के साथ मिलकर क्षेत्र के ग्राम अर्जुनपुरा, सर्र, छतारेपुरा, भकरौल आदि गांव में फ्लैग मार्च किया।इस दौरान थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों/ मतदाताओं से कहा कि गांव में अगर कोई व्यक्ति शराब, नगदी, वस्त्र, उपहार आदि बांटता है तो उक्त मामले की सूचना तत्काल ही थाना पुलिस को दें। थानाध्यक्ष ने कहा कि डरा धमकाकर अथवा प्रलोभन देकर मतदाताओं का मत लेने का प्रयास करना आचार संहिता का उल्लंघन है और जो भी व्यक्ति ऐसा कृत्य करेगा उसके खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया जायेगा। थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों से कहा कि चुनाव के मद्देनजर गांव में अगर कोई बाहरी व्यक्ति, वांछित आरोपी, हिस्ट्रीशीटर नजर आता है तो गुपचुप रूप से पुलिस को इत्तिला करें।वहीं थानाध्यक्ष कैलिया महेश सिंह के निर्देशन में थाना पुलिस ने भी क्षेत्र के कई गांव में फ्लैग मार्च कर ग्रामीणों, मतदाताओं में सुरक्षा का भाव जगाया।

# कोरोना गाइडलाइन की धज्जियां उड़ा रहे चित्रकूट विकास भवन के कर्मचारी

- बिना मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग के मिले कर्मचारी दे रहे संक्रमण को दावत
- सीडीओ अमित आसेरी ने लगाई लापरवाह अधिकारियों को कड़ी फटकार,कार्रवाई की दी चेतावनी

**संवाददाता।** चित्रकूट



**देश** में कोरोना की दूसरी लहर चल रही है और संक्रमणलगातार बढ़ता जा रहा है। उत्तर प्रदेश का चित्रकूट जनपद भी इस महामारी के कहर से अछूता नहीं है। यहां भी सात सौ से अधिक लोग कोरोना की चपेट में है। अब तक एक व्यक्ति की महामारी की चपेट में आने से मौत भी हो चुकी है।संक्रमण के लगातार बढ़ते मामलों को लेकर शासन -प्रशासन पूरी तरह सख्त है। इसके बावजूद चित्रकूट जिले के विकास भवन के अधिकारियो और कर्मचारियों में कोरोना का कोई खौफ नजर नहीं आ रहा है। अधिकांश अधिकारी और कर्मचारी बिना मास्क के कार्यालयों में बैठे नजर आये। वही मीडिया के माध्यम से मामला संज्ञान में आने पर सीडीओ अमित आसेरी ने कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर बिना मास्क के मिले अधिकारियो को जमकर फ्टकार लगाने हुए दोबारा लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्यवाई की चेतावनी दी। पूरा देश और प्रदेश जहां कोरोना महामारी के प्रकोप से कराह रहा है। वही बुंदेलखंड का सबसे पिछड़ा जनपद चित्रकूट भी इस महामारी के प्रकोप से अछूता नहीं है। जिले में अब तक प्रशासनिक ,न्यायिक और स्वास्थ्य महकमे के अधिकारी -कर्मचारी समेत 750 से अधिक लोग कोरोना से संक्रमित हो चुके है। कोरोना के बढ़ते प्रकोप को देख रोकथाम के प्रति शासन -प्रशासन खासे गंभीर है। लगातार प्रसाशन द्वारा मीडिया समेत अन्य माध्यमों से आमजनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार द्वारा गाइड लाइन जारी कर अधिकारियो और कर्मचारियों से कड़ाई से अनुपालन करने और कराने का दिशा -निर्देश दिए गए है। इसके बावजूद जब गुरुवार को चित्रकूट जिले के विकास भवन का रियल्टी टेस्ट किया गया तो हैरान कर देने वाला नजारा सामने आया। जिला युवा कल्याण अधिकारी ,जिला कार्यक्रम अधिकारी ,जिला पंचायत राज अधिकारी समेत कई कार्यालयो में अधिकारी और कर्मचारी बिना मास्क पहने और शोसल डिस्टेंसिंग की धज्जियाँ उड़ाते नजर आये। पूरे विकास भवन में कही भी कोरोना महामारी का कहर नजर नहीं आया। वहीं जब विकास भवन में कोविड -19 की गाइड लाइन की धजिज्यां उड़ाने के संबंध में सीडीओ अमित आसेरी से बात की गई तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुए विकास भवन में संचालित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान बिना मास्क के मिले जिला युवा कल्याण अधिकारी हरीश कुमार को जमकर फ्टकार लगाई। साथ ही विकास भवन के सभी अधिकरियों और कर्मचारियों को कोरोना गाइड लाइन का कड़ाई के साथ अनुपालन करने की हिदायत दी। साथ हो दोबारा बिना मास्क के मिलने पर कड़ी कार्यवाई की चेतावनी दी। अब ऐसे में सवाल यह उठता है कि जब ऐसे अधिकारी और कर्मचारी जिन पर जनजागरण और कोरोना गाइड लाइन का अनुपालन कराने की जिम्मेदारी है। जब वो ही इतनी बड़ी लापरवाही करेंगे तो सरकार भयावह रूप ले रहे कोरोना से जंग कैसे जीत पायेगी। अब देखनक है कि चित्रकूट के जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल और सीडीओ अमित आसेरी ऐसे लापरवाह अधिकारी और कर्मचारियों पर लगाम कसेंगे।

## दबंगों ने महिला को पीटा,अधेड़ ने किया आत्म हत्या का प्रयास

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के टीकुर गांव में हैंडपंप पर पानी भर रही महिला को दबंगों ने मारापीटा। मां को बचाने गया पुत्र को भी मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता की बहू ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। टीकुर गांव निवासी विनीता पत्नी सुरेंद्र सिंह ने पुलिस को बताया कि आज उसकी सास घर के बाहर लगे हैंडपंप पर पानी भर रही थी। तभी गांव का बृजेंद्र पुत्र बृगभान, राधाचरन पुत्र जयपाल से पानी भरने को लेकर विवाद हो गया। मां की आवाज उस जब उसका पति बचाने गया तो उसे भी मारापीटा। जब वह सुबह खेत से वापस घर आ रही थी। तभी गांव का पवन उसके पति के साथ मारपीट कर रहा था। जब वह बचाने गई को सिर पर लाठी से प्रहार कर घायल कर दिया। मारपीट से उसके सिर व शरीर में चोटें आईं है। पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है।

जरिया थाना क्षेत्र के करौंदी गांव निवासी नारायण (50) पुत्र स्व.रामचरन ने पारिवारिक कलह के चलते जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया।

# दो भाइयों ने युवक को किया लहूलुहान

**संवाददाता।** रामपुरा (जालौन)

**थाना क्षेत्र** रामपुरा के अन्तर्गत ग्राम ऊमरी में बार्ड नंबर 9 में दो सगे भाइयों ने एक युवक मारपीट करकर मरणासन्न स्थिति में छोड़कर भाग गए। जानकारी के अनुसार नगर पंचायत ऊमरी के वार्ड न.9 के निवासी चंदन उर्फ ढेला पुत्र प्रदीप दोहरे, जानू पुत्र प्रदीप दोहरे दोनों सगे भाइयों ने बुधवार को उरई निवासी बंटी उम्र लगभग 24 वर्ष को अपने घर के पास मिलान केंद्र के पास अज्ञात कारणों के चलते मारपीट कर मरणासन्न अवस्था मे छोड़कर भाग गये। ग्रामीणों द्वारा घायल अवस्था मे पड़े युवक को देखकर ग्रामीणों ने तत्काल प्रभाव से पुलिस को दी सूचना पाकर प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल मय हमराही मौके पर पहुंचे घायल युवक की स्तिथि देख पुलिस ने ऐम्बुलेंस द्वारा घायल युवक को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामपुरा भेजा चिकित्सा अधिकारी ने घायल को देखा व प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रिफर कर दिया। डॉक्टर ने बताया सिर में गहरी चोट होने के कारण खून का बहाव अत्यधिक होने के कारण एवं युवक की स्थिति गंभीर होने के कारण उसे जिला अस्पताल रिफर किया गया। प्रभारी निरीक्षक जेपी पाल ने बताया उक्त प्रकरण पुलिस के संज्ञान में आया है दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द कार्यवाही की जाएगी। पुलिस द्वारा उक्त प्रकरण में चंदन, जानू पुत्रगण प्रदीप, ज्योति पुत्री प्रदीप, जितेंद्र व जितेंद्र की पत्नी को पुलिस अपनी कस्टड़ी में थाने ले गई।

### दीवार निर्माण में पड़ोसी बना बाधक

**जालौन ( उरई )।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सिहारी दाऊदपुर में पड़ोसी निर्माणाधीन दीवार बनाने में व्यवधान पैदा कर रहा था। मकान मालिक की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया है। सिहारी दाऊदपुर निवासी सूरज सिंह अपने पैतृक मकान की जगह में दीवार बना रहा था। दीवार बनाने में उनका पड़ोसी कुवंर सिंह अनावश्यक रूप से व्यवधान डाल रहा था। मना करने के बाद भी जब वह नहीं माना तो मकान मालिक सूरज सिंह ने इसकी शिकायत पुलिस से कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपित को पकड़ लिया तथा कोतवाली ले आयी है तथा उससे पूंछतांछ की जा रही है।

**डियूटी से मुक्त होने वाले कर्मियों का होगा स्वास्थ्य परीक्षण, टीम गठितः** हमीरपुर। अस्वस्थ होने का हवाला देकर चुनाव डियूटी न करने वाले कर्मियो के लिये जिलाधिकारी ने तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है संबंधित टीम 16व 17 अप्रैल को विकास भवन मे बैठकर संबंधित प्रार्थना पत्रों पर बिचार करेगी।जिला विकास अधिकारी विकास मिश्रा ने बताया कि निर्वाचन डियूटी से मुक्त होने के लिये कई कर्मियों व अधिकारियों ने प्रार्थना पत्र जिलाधिकारी के यहा प्रस्तुत किये है। इसके लिये सीएमओ दो चिकित्सक नामित करेगे इसके अलावा राजेश कुमार राय अपर सांख्यिकी अधिकारी टीम में शामिल किये गये है।टीम 16 व 17 को विकास भवन में साढ़े 11 बजे उपस्थित होकर सीडीओ को अपनी आख्या प्रस्तुत करेगे ताकि संबंधित अधिकारी कर्मी के बारे में जानकारी हो सके डियूटी के योग्य है अथवा नही।

# तहसीलदार ने बगैर मास्क लगाये मिलने पर पांच के काटे चालान

**संवाददाता।** जालौन (उरई)



बगैर मास्क लगाये लोगों के चालान काटते तहसीलदार पायनियर

**नगर में** लगातार बढ़ रहे कोरोना के संक्रमण को देखते हुए प्रशासन सख्त होने लगा है। नायब तहसीलदार ने बगैर मास्क के बाजार में घूम रहे 5 लोगों के चालान काटें तथा भविष्य में बगैर मास्क के न घूमने का अल्टीमेटम दिया। नायब तहसीलदार आलोक कटिहार ने गुरुवार को बाजार में बगैर मास्क घूम रहे 5 लोगों पर सख्ती दिखाई। पानी की टंकी के पास चेकिंग की तथा बगैर मास्क के मिले लोगों का चालान काट कर अर्थ दंड लगाया। प्रशासन की इस कार्रवाई से बगैर मास्क घूम रहे लोग रूमाल, साफी बांध कर निकले तो कुछ मुख्य मार्ग छोड़ कर गलियों से भागते नजर आये। चेकिंग के बाद नायब तहसीलदार आलोक कटिहार ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर चेकिंग की गई है। आगे दुकानदारों व ग्राहकों की भी चेकिंग की जाएगी जो मास्क का प्रयोग नहीं कर रहे।

## जिला पंचायत सदस्य के लिये 205 महिलाओं ने किया आवेदन

**हमीरपुर।** आज पंचायत चुनाव के आखिरी दिन जिला पंचायत सदस्यों की तस्वीर साफ हो गयी है। जिले में कुल 493 लोगो ने सदस्य पद के लिये नामांकन किया है। जिसमें महिला सदस्यों की संख्या 205 बतायी जाती है। जानकारी के मुताबिक जिले में जिला पंचायत सदस्य का चुनाव रोचक होता जा रहा है। दो दिन में महिला आवेदको की संख्या 205 व अनुसूचित जाति के सदस्यों की संख्या 67 व पिछड़ी जाति के 119, अनारक्षित 102 आवेदकों ने नामांनक कराया है। सदस्यो ने अपना चुनाव प्रचार भी शुरु कर दिया है। जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रचार में पूरी ताकत झोके हुये है। वही सपा व बसपा नेता भी इस चुनाव में दल का झंड़ा बुलंद किये हुये है।

# फूलों का मास्क धारण कर भगवान श्रीकामता नाथ ने दिया कोरोना महामारी से बचाव का संदेश

- प्रभु श्री राम की तपोभूमि चित्रकूट के आराध्य है भगवान कामतानाथ

**रतन पटेल।** चित्रकूट





भगवान कामतानाथ का पूजन करते भक्त पायनियर

**भगवान** श्रीराम की तपोभूमि चित्रकूट के आराध्य मनोकामनाओ के पूरक भगवान श्री कामतानाथ जी ने गुरुवार को फूलों का मास्क धारण कर सम्पूर्ण राष्ट्र को भयावह रूप धारण कर चुकी कोरोना महामारी से बचाव का संदेश दिया।कामतानाथ मंदिर के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज का कहना है सतर्कता ही कोरोना महामारी से बचाव का एकमात्र उपाय है।प्रभु कामतानाथ मास्क धारण कर भक्तों को सावधानी बरतने का संदेश दे रहे है।जल्द ही भगवान की कृपा से देश पर आए इस संकट से राष्ट्र को मुक्ति मिलेगी।

विश्व के प्रमुख पौराणिक तीर्थ स्थल में सुमार चित्रकूट वनवास काल के दौरान भगवान श्री राम की तपोस्थली रही है।प्रभु श्री राम ने ही चित्रकूट के इस पवित्र पर्वत ष्कामदगिरिष् को मनोकामनाओ का पूरक होने का वरदान दिया था। आदि काल से ही प्रतिमाह होने वाली अमावस्या मेले में देश भर से लाखों श्रद्धालुओं का चित्रकूट में जमावड़ा लगता रहा है। अत्रि आदि महान ऋषि-मुनियों की तपोभूमि रही चित्रकूट आदिकाल से ही करोड़ो हिंदुओ की श्रद्धा और आस्था की केंद्र रही है। पूरा देश एक बार फिर से कोरोना महामारी के प्रकोप से जूझ रहा है। गुरुवार को चित्रकूट के आराध्य मनोकामनाओ के पूरक भगवान श्री कामतानाथ जी ने फूलों का मास्क धारण कर देश वासियो को कोरोना से बचाव का संदेश दिया। मंदिर के प्रधान पुजारी भरत शरण दास महाराज ने बताया कि प्रभु की सद्प्रेरणा से आज मंगला आरती के बाद भगवान श्री कामतानाथ जी का भव्य श्रृंगार करने के साथ साथ फूलों का मास्क धारण करवा कर भक्तों को भयावह रूप ले चुके कोरोना महामारी से बचाव के लिए मास्क पहनने,सेनेटाइजर का प्रयोग करने और सोशल डिस्टनसिंग अपनाने की अपील की जा रही है।पुजारी ने कहा कि मनुष्य का स्वरूप बड़े सौभाग्य से मिलता है।ऐसे में इसकी सुरक्षा करना प्रत्येक व्यक्ति की नैतिक जिम्मेदारी है।पुजारी भरत शरण दास महाराज ने बताया कि बिना मास्क के मंदिर में प्रवेश और भगवान श्री कामतानाथ जी के दर्शन पर रोक लगा दी गई है।

वही प्रतिदिन कामदगिरि की परिक्रमा लगाने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण राज्य मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय ने कहा कि पूरा राष्ट्र कोरोना महामारी के प्रकोप से जूझ रहा है।आज प्रभु कामतानाथ जी स्वयं फूलों का मास्क धारण कर सम्पूर्ण राष्ट्र को कोरोना से बचाव का संदेश दे रहे है।उन्होंने कहा कि सभी लोग अनिवार्य रूप से मास्क पहनने,सेनेटाइजर और सोशल डिस्टनसिंग का पालन कर अपना और अपनों का कोरोना महामारी से बचाव करें।साथ ही 45 वर्ष के सभी लोगो को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करे।उन्होने कहा कि केंद्र की मोदी और सूबे की योगी सरकार कोरोना से बचाव के हर सम्भव प्रयास कर रही है।जल्द ही एक बार फिर कोरोना हारेगा और देश जीतेगा।इसके अलावा उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष ओम केशरवानी ने कहा कि चित्रकूट देश की धार्मिक और आध्यात्मिक राजधानी है। धर्म नगरी चित्रकूट के आराध्य भगवान श्रीकामता नाथ जी ने फूलों का मास्क धारण कर भक्तों को स्पष्ट संदेश दिया है। प्रभु का भी इशारा है कि सावधानी और सुरक्षा ही कोरोना से बचने का एकमात्र उपाय है।सभी को कोरोना गाइडलाइंस का पालन करना चाहिए।लापरवाही न बरतें ।जिससे स्वयं और अन्य लोगो की महामारी से सुरक्षा की जा सके। इस मौके पर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष सुनील द्विवेदी, समाजसेवी महेश प्रसाद जायसवाल,पुष्पेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे दर्जनों भक्तों ने मास्क पहनने का संकल्प लिया।

## क्विक न्यूज

### कोविड-19 के बढ़त संक्रमण को लेकर डीएम ने की बैठक

**बांदा।** कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत आनन्द कुमार सिंहए जिलाधिकारी बांदा द्वारा जनपद के समस्त होटल, रेस्टोरेन्ट, मैरिज लॉन एवं ढ़ाबों के संचालकों के साथ एक आवश्यक बैठक जिला पंचायत सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0ध्रा0) संतोष बहादुर सिंह, क्षेत्राधिकारी नगरए अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद बांदा श्री बुद्ध प्रकाशए प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहें। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा समस्त संचालकों से कहा गया कि वर्तमान में सम्पूर्ण जनपद बांदा में नाइट कर्फ्यू लागू है। होटलए रेस्टोरेन्टए मैरिज लॉन एवं ढ़ाबों में कार्यरत कर्मचारी प्रत्येक दशा में 9ण्00 बजे तक व्यावसायिक प्रतिष्ठान बन्द करके घर पहुंच जायेए जिससे नाइट कर्फ्यू का पालन हो सके। यदि नाइट कर्फ्यू प्रारम्भ होने के समय कोई भी प्रतिष्ठान खुला पाया जाता है अथवा कोई व्यक्ति सड़क में पाया जाता हैए तो नियमानुसार कार्यवाही करते हुये चालान किये जाने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि वैश्विक महामारी कोरोना के लगभग 100 मामले प्रतिदिन जनपद में आ रहे है। इसलिए बढ़ते संक्रमण को देखते हुये सभी लोग सावधानी बरतें तथा कोविड नियमों का पालन करें। जीवन अनमोल हैए जीवन है तो सबकुछ है। यह सुनिश्चित करें कि अपने जीवन को खतरें में न डालें। शासन द्वारा जारी किये कोविड.19 के दिशा.निर्देशों का अनुपालन करें तथा जिला प्रशासन का सहयोग भी करें ताकि जिला प्रशासन शासन द्वारा दिये गये निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करा सके।

### एमपीडीसी में प्रयोगात्मक परीक्षा 19 अप्रैल

**कोंच( जालौन )।** स्थानीय मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में बीएससी प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष भौतिक विज्ञान विषय की विश्विद्यालय स्तरीय प्रयोगात्मक परीक्षा आगामी 19 अप्रैल को महाविद्यालय में सम्पन्न होगी। उक्त आशय की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ टीआर निरंजन ने देते हुए संबंधित सभी छात्र छात्राओं को निर्धारित तिथि पर महाविद्यालय में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

### युवक की संदिग्ध हालात में मौत, पुलिस ने मेडिकल कराया

**मौदहा ( हमीरपुर )।** ग्राम पिपरौंदा में प्रधान के यहां मजदूरी कर रहे युवक की आज संदिग्ध हालत में सरकारी अस्पताल में मौत हो गयी। इस घटना के बाद मृतक के पिता ने अपने बेटे की मौत को स्वाभाविक न होने का संदेह जाहिर किया है। थाना क्षेत्र बिंवार के ग्राम रोहारी निवासी लाल मोहम्मद ने पुलिस को बताया कि उसका पुत्र शरीफ(35) निवासी गांव पिपरौंदा के ग्राम प्रधान के यहां मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। आज उसे फोन द्वारा सूचना दी गयी कि उसके पुत्र की तबीयत खराब है जिसके कारण उसे अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया है जब वह सरकारी अस्पताल पहुंचा तब तक उसके बेटे शरीफकी मौत हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचने के बाद अपने बेटे का शव देखने के बाद उसने कोतवाली पुलिस से लिखित शिकायत करने पर पुलिस ने शव को मेडिकल परीक्षण कराया है।

### बाइक से गिरकर घायल

**राठ ( हमीरपुर )।** कोतवाली क्षेत्र के उमरिया गांव निवासी अशोक (40) पुत्र पटटु बाइक से राठ आ रहा था। रास्ते में संतुलन बिगड़ जाने पर वह बाइक से गिरकर घायल हो गया। परिजन इलाज के लिये सीएचसी ले गये। वहीं कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी लज्जा देवी (40) मार्ग दुर्घटना में गिरकर घायल हो गई।

### चतेला सीट से जिला बदर अपराधी ने पत्नी को मैदान में उतारा

**कदौरा ( जालौन )।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चतेला जिला पंचायत सदस्य सामान्य सीट से ताल ठोक रहे जिला बदर अपराधी को आखिरकार खुद की दावेदारी से हाथ धोना पड़ा। अखबार में खबर छपते ही जिला बदर अपराधी ने अपनी दावेदारी छोड़ कर पत्नी को मैदान में उतारा है वही पुलिस भी जिला बदर अपराधी को पकड़ने के लिए दबिश दे रही है। गौरतलब है कि चतेला जिला पंचायत सदस्य पद के लिए जिला बदर अपराधी अरुण कुमार गौतम मरगांया डेरा रामदास भी अपनी किस्मत आजमाने के लिए मैदान में उतर कर ताल ठोक रहे थे जिसकी खबर 11 अप्रैल के अंक में दो जिला बदर भी चतेला सीट से मैदान में उतरे नामक खबर प्रमुखता से प्रकाशित की थी जिस पर खबर को संज्ञान में लेकर पुलिस ने भी उक्त अपराधियों पर अपना शिकंजा कसना शुरू कर दिया था जिस पर एक जिला बदर अपराधी अरुण कुमार गौतम ने अपनी दावेदारी वापस लेते हुए अपनी पत्नी पिंकी को मैदान में उतार दिया और समर्थकों को प्रचार की जिम्मेदारी सौंप दी है। अब उनके समर्थक पुलिस प्रशासन की नाक के नीचे ही दीवालों पर बैनर पोस्टर लगा रहे है। और प्रचार प्रसार करने में लगे हुए है जिससे मतदाताओं में भय व्याप्त है। जबकि अन्य जिला पंचायत चतेला सीट के उम्मीदवारों ने भी रोष व्यक्त किया है।

### चूड़ियां-प्रसाद बांटने पर प्रधान प्रत्याशी गिरफ्तार

**चित्रकूट।** पहाडी थानाध्यक्ष अवधेश कुमार मिश्रा ने आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन करने पर शिवचरन उर्फ राजू अवस्थी पुत्र स्व बछराज निवासी भानपुर को गिरफ्तार किया है। ज्ञात है कि बुधवार को भानपुर गांव के प्रधान पद के प्रत्याशी शिवचरन उर्फराजू अवस्थी लोधनपुरवा में बालिकाओं एवं महिलाओं को चूडियां व प्रसाद बांटकर अपने पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे थे। इस सूचना पर थाना पुलिस ने मामला दर्जकर प्रधान प्रत्याशी के कृत्यों की जांच की। जांच में लोगों ने शिकायत कर कहा कि प्रत्याशी अनाब-शनाप बोल रहा है। थाना प्रभारी ने प्रत्याशी को काफी समझाया। न मानने पर तेज आवाज में वार्तालाप कर शान्ति व्यवस्था भंग होने की आशंका पर शिवचरन उर्फराजू अवस्थी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# डीएम और एसपी ने नामांकन स्थलों पर प्रक्रिया का लिया गहन जायजा

**अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शिता ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज संयुक्त रूप से नामांकन स्थल विकास खंड बहादुरपुर व जामों में प्रत्याशियों द्वारा किये जा रहे नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया। इस दौरान डीएम ने निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्याशियों द्वारा किये जो रहे नामांकन की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न किया जाये और उत्तर प्रदेश निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार समस्त प्रक्रिया को पूर्ण किया जाये। जनपद अमेठी में आज दूसरे दिन जिला पंचायत सदस्य पद हेतु नामांकन कलेक्ट्रेट में किए जा रहे हैं तथा ग्राम पंचायत सदस्य, प्रधान ग्राम पंचायत, क्षेत्र पंचायत सदस्य के नामांकन ब्लॉक मुख्यालयों पर दाखिल किए जा रहे हैं जिसको लेकर डीएम व एसपी ने आज नामांकन स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रत्याशियों द्वारा किए जा रहे नामांकन प्रक्रिया का जायजा लिया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था में लगे कर्मियों को सुरक्षा व्यवस्था चाक.चौबंद रखने के निर्देश दिए। नामांकन स्थल पर अनावश्यक भीड़ भाड़ ना आने पाए। प्रधानए बीडीसीए ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए वाहन लाने की अनुमति नहीं है जिला पंचायत सदस्य पद के लिए प्रत्याशियों द्वारा एक वाहन लाने की अनुमति होगी। जिलाधिकारी ने आरओ एवं एआरओ को निर्देशित किया कि दिनांक 16 व 17 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जायेगी। नामांकन पत्रों की संवीक्षा पूरी गहनता के साथ सम्पन्न किया जाये और प्रत्येक बिन्दु पर नजर रखी जाये। डीएम ने कहा कि दिनांक 18 अप्रैल को उम्मीदवारी वापसी पूर्वान्ह 8 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक की जायेगी तथा उसी दिन अपरान्ह 3 बजे से कार्य की समाप्ति तक प्रतीक आवंटन का कार्य किया जायेगा इस कार्य में विशेष सतर्कता बरती जाये और त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन की समस्त प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ सम्पन्न कराया जाये। इस दौरान जिलाधिकारी ने प्रत्याशियों द्वारा किये जा रहे नामांकन प्रक्रिया के सम्बन्ध में आरओ एवं एआरओ से जानकारी भी प्राप्त की।



नामांकन स्थल का निरीक्षण करते हुए डीएम व एसपी

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला ने लगाई फांसी

## ● मायके वालों ने जताई हत्या की आशंका

**संवाददाता।** तिलोई, अमेठी

**शिवरतनगंज** थानाक्षेत्र के पूरे बैसन मजरे जैतपुर में सन्दिग्ध अवस्था मे एक विवाहिता का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है। थानाक्षेत्र के गांव पूरे बैशन मजरे जैतपुर निवासी कमल बहादुर की पत्नी अनीता;32वर्षद्ध की सन्दिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गयी। विवाहिता शव घर के कमरे में फंद्दे के सहारे लटका मिला।

घटना बुधवार की रात तीन बजे की है। मृतका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी काफी दिनों से मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। उसका इलाज भी लखनऊ के मेडिकल कालेज से चल रहा था। इसी कारण वश महिला द्वारा कठोर कदम उठाने की आशंका व्यक्त की जा रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को फंद्दे से नीचे उतारकर कब्जे में लिया। पुलिस ने घटना की सूचना मृतका के मायके वालों को दीएलेकिन पुलिस का कहना है कि मायके वालों ने मौके पर आने से इंकार कर दिया। काफी देर इंतजार के पश्चात पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीँ मृतका के पिता राम औतार निवासी इच्छा खेड़ा मजरे गूढ़ा थाना रायबरेली ने थाने पर दी तहरीर में मृतका के ससुराली जनों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए हत्या करने का आरोप लगाया है। इस सम्बंध में इंस्पेक्टर डीके सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# कड़ी सुरक्षा के बीच त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए मतदान हुआ सम्पन्न

**रायबरेली।** जिला निर्वाचन अधिकारी(पं0)/जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव व पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 का मतदान समस्त विकास खण्डों के विभिन्न मतदेय स्थलों पर निष्पक्ष, निर्भीक व शान्तिपूर्वक ढंग से मतदान सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारीध्जिलाधिकारी व एसपी ने प्रात: विकास हरचन्दपुर, बछरावा, शिवगढ़, महाराजगंज, सलोन, अमावां, ऊँचाहार, डीह आदि विकास खण्डों के कई मतदेय स्थलों का निरीक्षण किया जहाँ पर प्रशासन पूरी तरह से सतर्क व मुस्तैद पाया गया। निर्धारित समय प्रात: 7 बजे से विधिवत मतदान प्रारम्भ हो गया था। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय गोविन्दपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय ओसाह, विकास खण्ड महाराजगंज के प्राथमिक विद्यालय पाली, विकास खण्ड अमावां के प्राथमिक विद्यालय सोथी व प्राथमिक विद्यालय लोधवामऊ, वि0ख0 डीह के प्राथमिक विद्यालय सराय मानिक डीह आदि विकासखण्ड के कई मतदेय स्थलों का भ्रमण कर सघन निरीक्षण किया तथा पीठासीन अधिकारियों, मतदान अधिकारियों सहित सुरक्षा में लगे समस्त अधिकारियों को निर्देश दिए कि कोविड-19 कोरोना संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए मास्क व सोशल डिस्टेसिंग का पालन करते हुए पंक्तिबद्ध तरीके से समय के अनुसार मतदान सम्पन्न कराएं। वायरलेस से पल-पल सूचनाओं का आदान प्रदान होता रहा, सभी सेक्टर मजिस्टेट्र्ट व जोनल मजिस्टेट्र्टों को सन्देश दिए जाते रहे कि वह मतदान क्षेत्रों में अपनी भ्रमण की गतिशीलता बनाए रखें कहीं से भी यदि कोई सूचना मिलती है तो तत्काल उस मतदान स्थल पर स्वयं जाकर तहकीकात करें तथा मतदान में बाधा न उत्पन्न होने दें। मतदान स्थलों के 100 मीटर के दायरे में किसी भी प्रकार की भीड़ न इकट्ठा होने दें तथा जो लोग मतदान कर चुके हों उन्हें तुरन्त मतदान स्थल से बाहर कर घर जाने को कहें।

# मतदान दिवस को दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठानों में रहेगी बंदी

**अमेठी।** डीएम/जिला निर्वाचन अधिकारी अमेठी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन. 2021 के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश के क्रम में जनपद अमेठी में तृतीय चरण में मतदान 26 अप्रैल को संपन्न होगा। अमेठी में स्थित दुकानों एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों में उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान अधिनियम की धारा के उपबंधों के प्रवर्तन से इस शर्त के अध्यधीन रहते हुए लोकहित में यह छूट प्रदान की जाती है कि यह दिन मतदान के वास्तविक दिन उस क्षेत्र में जिसमें कोई दुकान या वाणिज्यिक अधिष्ठान स्थित है ऐसे दिनांक य वाणिज्यिक अधिष्ठान द्वारा मनाए जाने वाला सामान्य साप्ताहिक छुट्टी का दिन नहीं है तो मतदान का वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जाएगा, जनपद में स्थित कारखानों में कार्यरत कर्मकारों को मतदान का उपयुक्त अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश के रूप में घोषित किया जाएगा।

# तीसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया हुई संपन्न

**संवाददाता।** अमेठी

**जिले में** जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत प्रधान पद व ग्राम पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों का नामांकन संपन्न हुआ। भाजपा, सपा, बसपा, कांग्रेस सहित सभी पार्टी द्वारा घोषित सभी प्रत्याशियों ने अपने अपने नामांकन जिला कलेक्ट्रेट पहुंच कर दाखिल किया। साथ ही निर्दलियों ने भी पूरे दम ख़म के साथ पर्चा दाखिल करने पहुंचे। गौरीगंज स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष दुर्गेश त्रिपाठी व पंचायत चुनाव संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष, राष्ट्रीय परिषद सदस्य दयाशंकर यादव जी पंचायत चुनाव सहसंयोजक केशव सिंह ने सभी प्रत्याशियों को टीका लगाकर विजय श्री की कामना की व आशीर्वाद दिया तत्पश्चात सभी प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन पत्र भरा। आज नामांकन करने वालों में वार्ड नंबर 04 से संतोष कुमारी वार्ड नंबर 5 से सोनू यज्ञ सैनी वार्ड 06 से विशाल विक्रम सिंह वार्ड नंबर 7 से भवानी प्रसाद निषाद वार्ड 8 से अनीता शुक्ला वार्ड 10 से धर्मेंद्र तिवारी 20 से विमला 21 से अरुण सिंह 22 से डॉक्टर सुनीता सिंह 23 से बिंदु सिंह 24 से मनोज पासी 25 से रानी देवी 26 से अभिषेक चंद्र कौशिक 27 से उर्मिला 28 से शिवकुमारी 29 से ज्ञानेंद्र पटेल 31 से नीरज सिंह 32 से रामकरन मौर्यए 33 से जगन्नाथ पांडे 35 से धनकली 36 से कलावती ने नामांकन पत्र दाखिल किया प् बाकी सभी प्रत्याशियों ने 13 अप्रैल को अपना नामांकन किया था।

जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर पूर्व विधायक दादा तेजभान सिंह, पूर्व विधायक जंगबहादुर सिंह, अनन्त विक्रम सिंह, जिला कोषाध्यक्ष रामप्रसाद मिश्र, पूर्व विधायक चन्द्रप्रकाश मिश्र मटियारी, प्रभात शुक्ल जिलामंत्री, अशोक मौर्य जिलामंत्री, अजय अग्रवाल मण्डल अध्यक्ष, सूर्यनरायन तिवारी किसान मोर्चा, आशा बाजपेयी, राजेश सिंह, आई टी संयोजक विवेक माहेश्वरी, अंशु तिवारी, शनी दुबेएसहित सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं सपा प्रत्याशी के रूप में उमेश सिंह, मुकेश सिंह, शीलम सिंह ने भी पर्चा भरा। आज नामांकन का आखिरी दिन था।



पर्चा दाखिल करते हुए प्रत्याशी

## क्विक न्यूज

### अफसरों के फरमान के बाद भी नहीं जमा हुए असलहे

**सुलतानपुर।** पंचायत चुनाव में पुलिस के आला अफसर भले ही शस्त्र जमा कराने के लिए थानाध्यक्षों को दिशा निर्देश जारी किया है लेकिन जिले के दर्जनों गांव के ऐसे भी शस्त्रधारी हैं जिन्होंने अपने असलहे को पुलिस की सुपुर्दगी में नही दिया है। यहां इनमें शामिल कुछ प्रत्याशी भी हैं जो अपनी रौब व धौंस दिखाने से बाज नही आ रहे हैं। यही नही लाख फरमान के बाद भी वोट खरीदने और कुर्सी तक पहुंचने के लिए प्रत्याशियों द्वारा हर हठकंडा अपनाया जा रहा है। थाना प्रभारियों की ढिलाई कभी भी पंचायत चुनाव बाधा बन सकती है। असलहों को न जमा करने के पीछे किसी न किसी बहानेबाजी का सहारा भी लिया जा रहा है।

### अपराधियों की धरपकड़ का निर्देश

**सुलतानपुर।** पुलिस अधीक्षक ने जनता दर्शन में कार्यालय में फरियादियों की समस्याओं को सुना। एसपी डा. विपिन कुमार मिश्रा ने आए प्रार्थना पत्रों पर गंभीरता से विचार किया और संबंधित शिकायती पत्रों के निस्तारण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि शिकायतों का समय से गुणवत्तापूर्ण ढंग से निपटरा किया जाए। जिससे पीड़ित संतुष्ट हो सकें और एक ही मामले का लेकर दोबारा शिकायत न आए। उन्होंने थानाध्यक्षों को क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ अपराधियों की धरपकड़ और अपराध की रोकथाम का भी निर्देश दिया।

### युवक ने लगाई फांसी, मौत

**सुलतानपुर।** बुधवार की रात कूरेभार थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव में एक युवक ने घर के अन्दर ही संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। आनन-फानन में परिजन युवक को लेकर कूरेभार सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए शव को में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक युवक की पहचान राजकुमार सुत रामचरन के रूप में हुई। मौत के कारणों का सही पता नही चल सका। हालॉकि घटना के बावत पुलिस परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ में जुटी है।

### मास्क ने लगाने पर महिला कांस्टेबल से वसूला जुर्माना

**सुलतानपुर।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक डा. विपिन मिश्रा ने गोसाईगंज थाने का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर कार्यालय में चुनाव रजिस्टर, शस्त्र जमा रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, आईजीआरएस, महिला हेल्प डेस्क आदि रजिस्टर का निरीक्षण कर प्रभारी थानाध्यक्ष को जरूरी दिशा निर्देश दिए। एसपी ने कार्यालय में कार्यरत सिपाही ज्योति मौर्या, सुशील कुमारी द्वारा चेहरे पर मास्क न लगाने पर थाना प्रभारी को महिला आरक्षियों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 100-100 रुपये का जुर्माना वसूलने का आदेश दिया।

### अनुमति के बिना प्रचार में लगा वाहन सीज

**सुलतानपुर।** दोस्तपुर थाना की पुलिस ने एक व्यक्ति पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन में कार्रवाई की है। पुलिस ने चुनाव प्रचार में लगे वाहन को सीज कर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से दी गई। करनाईपुर रघुवंशी निवासी रणजीत पुत्र बाबूलाल को बिना अनुमति के वाहन पर झंडा, लाउडस्पीकर लगाकर चुनाव प्रचार करते पाया गया।

### दो प्रधान प्रत्याशियों में जमकर बवाल

**नसीराबाद रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में दो प्रधान पद प्रत्याशियों में जमकर बवाल हो गया।जिसमें कई लोग घायल हो गये।वहीं घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी है। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सभा डीघा में दो प्रत्याशियों के बीच जमकर मारपीट हो गई। मारपीट इस कदर बढ़ी कि मतदाताओं को जान बचाकर भागना पड़ा। इस दौरान महिला प्रधान प्रत्याशी के पति समेत देवर और अन्य परिवार के लोग गंभीर रूप से चोटहिल होने की बात कही जा रही है। घटनाक्रम के मुताबिक डीघा ग्राम सभा में दो प्रत्याशियों के बीच जिसमें अमरनाथ पासी पूर्व प्रधान व उर्मिला पत्नी राजेश सरोज प्रधानी चुनाव के मैदान में थे। बताया जाता है कि आज पूर्व प्रधान अमरनाथ पासी व उनके भाई एवं समर्थकों ने दूसरे महिला प्रत्याशी के पति राजेश सरोज देवर अखिलेश पंकज सरोज सहित आधा दर्जन लोगों को पीट-पीटकर लहूलुहान कर दिया। वहीं बवाल की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस छानबीन में जुटी है। बताया जाता है कि पूर्व प्रधान अमरनाथ पासी का पूर्व में ही अपराधिक इतिहास स्थानीय थाने में दर्ज है।

### प्रेमी युगल ने की फांसी लगाकर जान देने की कोशिश, प्रेमी की मौत

**महराजगंज रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मलूकपुर मजरे जमुरावां गांव में सुबह लगभग 6 बजे प्रेमी युगल ने फांसी लगाकर जान देने की कोशिश की। प्रेमी की तो मौके पर ही मौत हो गई, लेकिन ग्रामीणों ने प्रेमिका को बचा लिया। गांव निवासी बब्बू लोध का लड़का लवकुश 22 का हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के कौड़िया गांव की एक 20 वर्षीया युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। बताते हैं कि, दोनों एक दूसरे की रिश्तेदारी में थे। सुबह 6रू30 बजे ग्रामीण जब फसल कटाई के सिलसिले में बाहर जा रहे थे, तभी गांव से 500 मीटर दूर सुनसान जगह में एक छूल के पेड़ से लटकते प्रेमी युगल को देखा, तो दौड़कर ग्रामीणों ने दोनों को नीचे उतारा, तो पता चला कि, लवकुश की मृत्यु हो चुकी थी, जबकि लड़की की सांसे चल रही थी, और वह बेहोश थी। तत्काल परिजनों को सूचना देकर ग्रामीण लड़की को सीएचसी महराजगंज लाए। जहां डॉक्टरों ने उसका उपचार शुरू किया, और जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं लवकुश के शव को पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कब्जे में ले लिया, तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना की तहरीर मृतक के पिता बब्बू राम ने पुलिस को देते हुए बताया कि, लव कुश ने आत्महत्या क्यों की उसकी वजह सामने नहीं आ पाई है। कोतवाल शरद कुमार का कहना है कि, रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मामले की जांच कर पाए गए तथ्यों के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

# तीसरे चरण के लिए उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**जगदीशपुर, अमेठी।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के क्रम में तीसरे चरण हेतु समस्त पदों के उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया और नामांकन के दौरान सोशल डिस्टेंसिग की धज्जियां जमकर उड़ी। वहीं सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस कर्मी मोबाईल चलाने में मशगूल रहे। जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित समस्त ग्राम पंचायतों में आगामी 26 अप्रैल को तीसरे चरण हेतु गुरुवार को सुबह से ही संभावित प्रत्याशियों व प्रस्तावको का जमावड़ा लगा रहा किन्तु जैसे.जैसे समय बीतता गया वैसे वैसे नामांकन पत्र दाखिल करने वालों की भीड़ भी कम होने लगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर उपनिरीक्षक महेंद्र सरोज अमृत लाल यादव भानू सिंह राममूर्ति प्रजापति विनोद कुमार मौजूद रहे तो वहीं कुछ महिला व पुरूष कांस्टेबल मोबाईल चलाने में मशगूल नजर आए ।अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय सीओ मुसाफिर ख़ाना मनोज कुमार यादव व एसडीएम मुसाफ़िरखाना सुनील कुमार त्रिवेदी ने ब्लाक मुख्यालय पहुंच कर नामांकन स्थल का जायजा लिया और इससे सम्बंधित जानकारी प्राप्त की ।वहीं कोरोना महामारी के मद्देनजर भीड़ को देखते हुए लाईन में लगे लोगों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करवाया ।

# पहले चरण के लिए शांतिपूर्ण वोट पड़े



**बछरावां रायबरेली।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के कार्यक्रम के अनुसार गुरुवार सुबह 7.00 बजे मतदान प्रक्रिया शुरू हो गई। सेक्टर मजिस्ट्रेट ने बूथ बूथ पर जाकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पुलिस द्वारा कानून व्यवस्था को कायम रखने के लिए पर्याप्त व्यवस्था पहले से ही कर रखी थी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि मतदानकर्ता की गोपनीयता चुनाव आयोग द्वारा इस बार भी भंग की जा रही है मतदानकर्ता अंदर से डरा सहमा हुआ है कि कहीं ऐसा तो नहीं कि मतगणना के समय उम्मीदवारों के एजेंट द्वारा उनके द्वारा डाले गए मतपत्रों में उनके दस्तखत देखने को मिल जाए तो गांव में आपसी दुश्मनी बन जाए और वही कोविड.19 का भी पालन करते हुए पूरे बछरावां विकासखंड में किसी भी पोलिंग बूथ पर नहीं दिखा अधिकारी, कर्मचारी बिना मास्क, बिना सैनिटाइजर के ही मतदान कराते रहे जबकि कोविड.19 के मामले बढ़ते हुए लगातार सरकार व चुनाव आयोग के लिए चुनौती बने हुए है। परंतु सही ढंग से कर्मचारियों को प्रशिक्षण ना दे पाना जिला प्रशासन के ऊपर सवालिया निशान खड़ा करता है। अगर मतदान के वक्त मतदान कर्ता के हस्ताक्षर वाले वॉलपेपर मत पेटियों से निकले तो कहीं ना कहीं गुप्त मतदान की पोल व गोपनीयता की पोल खुलते जरूर नजर आएगी। कसरावां, विशुनपुर, मदाखेडा, नीमटीकर, राजामऊ, मैंनाहार कटरा, कुर्री सुदौली, नीवा व पूरे विकासखंड में शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न हुआ।

# दुर्घटना में मारुति वैन के परखच्चे उड़े, दो की मौत, तीन की हालत गंभीर

**महराजगंज रायबरेली।** पंचायती चुनाव में परिवार के लोगों को मारुति वैन से बैठाकर वोट डलवाने जा रहा वाहन स्टेरिंग फेल होने के कारण महराजगंज रायबरेली रोड पर सड़कहा गांव के पास एक पेड़ से टकरा गई। तेज रफ्तार होने के कारण वाहन के परखच्चे उड़ गए, और उस पर सवार पिता पुत्र की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें महराजगंज सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर किया गया है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों को बाहर निकाल कर शव कब्जे में ले लिया है। घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया है।

स्वयंबर सिंह का पुरवा मजरे ज्योना गांव के रहने वाले बसंत राम 70 पुत्र शिवनाथ अपने लड़के सुनील कुमार 45 निवासी स्वयंवर सिंह का पुरवा ओमनी वैन से वोट डालने ज्योना गांव जा रहे थे। गाड़ी में सुनील कुमार की पत्नी के अलावा अजय पुत्र राम अवध और प्रेम निवासी मुल्ही का पुरवा मजरे कुशमहुरा भी सवार थे।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि, रायबरेली महराजगंज रोड पर सड़कहा का पुरवा के पास अचानक दिन में 11:30 बजे वैन लहराई और सीधे एक पेड़ में जाकर टकरा गई। जिससे वाहन के परखच्चे उड़ गए। लोगों ने तत्काल इसकी सूचना डायल 112 पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों की मदद से पांचों लोगों को वैन से बाहर निकाला। इनमें वसंत राम और उनके बेटे सुनील कुमार की मौत हो चुकी थी। शेष घायल तीनों लोगों को जिसमें सुनील की पत्नी अजय और प्रेम शामिल है, को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उनकी हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। कोतवाल शरद कुमार का कहना है कि, दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

# रोजेदारों के हौसलों के आगे नही डिगा बड़ा दिन

**सुलतानपुर।** पवित्र माह रमजान का दूसरा रोजा भी रोजेदारों ने रखा। कड़ाके की धूप और बड़ा दिन भी रोजेदारों के हौसलों नही डिगा सका। शाम होते होते रोजा इफ्तार की तैयारियां शुरू हो गईं। रोजेदारों के घरों में दर्जनों किस्म के पकवान बने और तरह-तरह के फलों से रोजा खोला गया। रोजेदारों ने अजान के बाद सामूहिक रूप से रोजा इफ्तार किया और नमाज अदा कर अमन चैन और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी। बच्चों ने भी रोजा रखा और इफ्तार में शामिल हुए। रोजा इफ्तार और नमाज के समय भी प्रत्याशियों के वाहनों द्वारा लाउडस्पीकरों से किया जा रहा प्रचार नमाज में खलल पैदा कर रहा है। जहां एक तरफआला अफसर शांति व्यवस्थ बनाए रखने की अपील कर रहे हैं वहीं दूसरी तरफधर्म विशेष के लोगों द्वारा नियम कानूनों की अवहेलना कर आपसी भाईचारे को तार-तार करने का प्रयास किया जा रहा है। जिले के सम्भ्रान्त लोगों ने रोजा इफ्तार और नमाज के लिए लाउडस्पीकरों से किया जा रहा शोर शराबा बन्द कराने की मांग जिला प्रशासन से की है।

## मरीजों में फल वितरित कर मनाई बाबा साहेब की जयंती

**सुलतानपुर।** बोधिसत्व बाबा साहब डॉं भीमराव अंबेडकर की 130वीं जयंती पर शुभांगी हास्पिटल में भर्ती मरीजों को फल वितरण किया गया। साथ ही शुभांगी हास्पिटल के संस्थापक प्रसिद्ध सर्जन डॉं राजेश गौतम ने गंभीर बीमारियों से ग्रसित 50 मरीजों का नि:शुल्क आपरेशन करने के लिए चिन्हित करते हुए आपरेशन करने का समय निर्धारित किया। बाबा साहब की जयंती पर शुभांगी हास्पिटल में विपुल चौरिटी ट्रस्ट की श्रीमती अध्यक्षा विद्या गौतम ने मरीज व तीमारदारों को फल वितरित किया। उक्त अवसर पर संस्थापक शुभांगी हास्पिटल डॉं. राजेश गौतम ने बताया की प्रतिवर्ष बाबा साहब के जन्मोत्सव पर गंभीर बीमारियों से ग्रसित 50 मरीजों का रजिस्ट्रेशन करने के पश्चात उनका विपुल चौरिटी ट्रस्ट की श्रीमती विद्या गौतम और शुभांगी हास्पिटल के संयुक्त प्रयास से नि:शुल्क आपरेशन किया जाता है। साथ ही ट्रस्ट की अध्यक्षा के द्वारा साल में जनपद के तहसील व समस्त विकास खंडों पर नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाता है।

# पुलिस ने किया भाई की हत्याकाण्ड का राजफाश

**सुलतानपुर।** जमीनी रंजिश में चचेरे भाई को मौत के घाट उतारने वाले हत्यारों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्या में शामिल अवैध तमंचा, कारतूस और वाहन भी बरामद किया है। दो दिन पूर्व लम्भुआ थाना क्षेत्र के सातनपुर गांव निवासी दूध विक्रेता कोतवाली देहात थाना क्षेत्र में मार डाला गया था। हत्यारे घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गए थे। गुरूवार को घटना में शामिल महिला समेत चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा। हत्यारों के पास से पुलिस ने अवैध तमंचा, दो कारतूस और हत्या में शामिल बोलेरो वाहन भी बरामद किया है। जमीनी रंजिश में चचेरे भाई ने परिवार के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया था। हत्या में शामिल कप्तान पुत्र रसीद अहमद, सुलतान अहमद पुत्र रसीद अहमद, सफीना बानो सुल्तान आलम, मो0 साहिल पुत्र निसार अहमद ने घटना को अंजाम दिया था। हत्यारों को पुलिस ने मजिस्ट्रेट के न्यायालय में पेश किया। जहां से सभी को जेल भेज दिया गया।

# नहीं थम रहा अग्निकाण्ड का कहर

**संवाददाता।** सुलतानपुर

**गर्मी** का मौसम शुरू होते ही आग की घटनाओं में इजाफा हो गया है। कहीं ने कहीं होने वाली अग्निकाण्ड की घटनाओं से लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। धम्मौर क्षेत्र में पिछले एक हफ्ते से आग लगने की ताबड़तोड़ घटनाएं हो रही हैं। कई एकड़ गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो चुकी है। आग लगने की घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए कोई पुख्ता इंतजाम नहीं है। धम्मौर थाना क्षेत्र, बंधुआ कला थाना क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की कोई व्यवस्था नहीं है। पिछले सात दिनों के अंदर अलीगंज चौकी क्षेत्र के अजियाउरदेई, देवलपुर, मंझना में आग लगने के कारण कई बीघे गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई।

भीषण गर्मी में आज खेतों में इतनी तेजी से फैलती है कि जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते हैं तब तक आग भयंकर रूप ले लेती है और फसल जलकर नष्ट हो जाती है। ग्रामीण अपने ही संसाधनों द्वारा आग बुझाने का प्रयास करते हैं ।बुधवार को धम्मौर थाना क्षेत्र के बिकना गांव में भी आग ने गेहूं की फसल को अपनी चपेट में ले लिया था। फायर ब्रिगेड की सुविधा जिला मुख्यालय के अलावा ना तो धम्मौर थाना में है और ना ही बंधुआ कला थाना में है। हर वर्ष गर्मी शुरू होते ही आग लगने की घटनाओं में वृद्धि हो जाती है। और ग्रामीणों के गृहस्थी के सामान तथा खेतों की फसल जलकर नष्ट हो जाती है। सरकारी इमदाद मिलती जरूर है लेकिन नुकसान के सापेक्ष काफी कम। पिछले कई वर्षों से धम्मौर थाना तथा अलीगंज चौकी में फायर ब्रिगेड की एक एक गाड़ी गर्मी के सीजन में अस्थाई रूप से खड़ी करने की मांग की जाती रही है। जिससे आग लगने की घटनाओं पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी तुरंत पहुंच जाए और समय रहते आग पर काबू पाया जा सके। लेकिन इस मांग की तरफना तो जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और ना ही शासन में बैठे उच्चाधिकारी। ऐसे में अग्निकाण्ड की घटनाएं लोगों पर भारी पड़ रही हैं।

# 230 मतदान केन्द्रों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**सुलतानपुर।** शान्तिपूर्ण मतदान के लिए मतदान केन्द्रों की कई श्रेणी बनाई गई है। संवेदनशील, अतिसंवेदनशील व अतिसंवेदनशील प्लस की श्रेणी में 230 मतदान केन्द्र रखे गए हैं। इन पर विशेष सुरक्षा रहेगी। चुनाव के लिए पीएसी व अन्य सुरक्षाबल की मांग की गई है। इनके रुकने के लिए स्थान को सुरक्षित किया गया है। जिले में मतदान कराने के लिए 979 ग्राम पंचायतों में 1160 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसमें सामान्य श्रेणी में 930 मतदान केन्द्रों को रखा गया है। संवेदनशील की श्रेणी में 27 मतदान केन्द्र रखे गए हैं। अतिसंवेदनशील की श्रेणी में 85 मतदान केन्द्र, अतिसंवेदनशील प्लस की श्रेणी में 118 मतदान केन्द्र रखे गए हैं। विकास खण्ड दूबेपुर में सबसे अधिक मतदान केन्द्र अतिसंवेदनशील प्लस की श्रेणी में रखा गया है। अतिसंवेदनशील व प्लस श्रेणी के मतदान केन्द्रों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

# डीएम-एसपी ने नाइट कर्फ्यू का लिया जायजा



**सुलतानपुर।** कोविड-19 वैश्विक महामारी के बढ़ते हुए संक्रमण के दृष्टिगत डीएम व पुलिस अधीक्षक डॉ. विपिन कुमार मिश्रा ने कोरोना के खतरे से जनपद वासियों को सुरक्षित रखने के लिये लाउडहेलर से आने-जाने वाले व्यक्तियों को जागरूक किया। डीएम व एसपी ने संयुक्त रूप बुधवार की रात्रि में नगर स्थित बस स्टेशन पर भ्रमण कर नाइट कर्फ्यू का जायजा लिया और बिना मास्क के सड़को पर आने-जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ डीएम व एसपी ने जुर्माना वसूल कर चालान करने का निर्देश सम्बन्धित को दिया। जनपद में नाइट कर्फ्यू का पूर्णतय: अनुपालन करने की भी अपील जन सामान्य से की। पुलिस अधीक्षक ने कोविड-19 के बढ़ते हुए संक्रमण के दृष्टिगत नाइट कर्फ्यू का जायजा लेने के लिये बस स्टेशन से चौक क्षेत्र में पुलिस बलों के साथ रूटमार्च कर लाउडहेलर से आने-जाने वाले व्यक्तियों एवं व्यापारियों से अपील की है कि नाइट कर्फ्यू का पालन करते हुए मास्क, सोशल डिस्टेन्सिंग एवं सेनेटाइजर का प्रयोग अवश्य करें, जिससे कोविड-19 के बढ़ते हुए संक्रमण से बचा जा सके।

# कहासुनी के बीच जमकर पड़े वोट

**आईजी रेंज बस्ती अनिल कुमार राय डीएम दिव्या मित्तल एसपी डॉ. कौस्तुभ ने पूरे जनपद में बूथों पर भ्रमण करते रहे ड्रोन कैमरे से अतिसंवेदनशील बूथों की हुई निगरानी सुबह 7 बजे से बूथों पर वोट डालने के लिए मतदाताओं की लग गई थी लम्बी लाइन सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट मुस्तैदी के साथ ड्यूटी पर जमे रहे**



संवाददाता। संतकबीरनगर

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव जनपद संतकबीरनगर में प्रथम चरण में मतदान 15 अप्रैल को राज्य निर्वाचन आयोग ने निर्धारित किया था। जनपद में कहा सुनी के बीच मतदान शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। मतदान के हर गतिविधियों को राज्य निर्वाचन आयोग जिले के आला अधिकारियों से लेते रहे। आई0जी0 रेंज बस्ती अनिल कुमार राय ने जनपद के कई बूथो पर भ्रमण कर शान्ति व्यवस्था को जॉचा वही जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ प्रात: 7 बजे से ही जनपद के तीनो तहसीलो के संवेदनशील, अतिसंवेदनशील की निगरानी स्वंय करते रहे। सभी बूथो पर कोविड-19 का पालन कराया गया। कुछ बूथो पर कहा-सुनी की समस्याये प्रत्याशियों के बीच होती





रही। मौके पर फोर्स व सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के अधिकारियों ने मामले को शान्त कराया। पुलिस ने सख्ती बरतते हुए मतदान में व्यवधान डालने वालो को हिरासत में लिया है। जिनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने बताया कि जनपद में शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान कार्य सम्पन्न हुआ। ड्रोन कैमरे से निगरानी की गई है। सभी मतपेटियां जनपद के बनाये गये स्ट्रांग रूम में सुरक्षित रखवाये गये है। कही से कोई समस्या नही हुई है। सांय 5 बजे तक जनपद में मतदान प्रतिशत 60.56 हुआ है। मतदान का कार्य 6 बजे तक निर्धारित है लेकिन लाईन में लगे मतदाताओं का वोट पड़ेगा। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ग्रामीणों क्षेत्रों में अधिकांश महिलाएं व लड़कियों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए जागरूक दिखी है। कुछ बूथों पर लम्बी कतारे लगी रही। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह पुलिस बल के साथ बूथो का निरीक्षण करते रहे। वही मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र संवेदनशील बूथों पर डटे रहे। सांथा ब्लाक के हाकिम राई में दो प्रत्याशियों के बीच कहा सुनी की समस्या के साथ विवाद हुआ। डीएम-एसपी मौके पर पहुॅचकर मतदान में व्यवधान उत्पन्न करने वाले के विरूद्ध विधिक कार्यवाही किये जाने के साथ निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया बरगदवा पोलिंग बूथ पौली सेक्टर मजिस्ट्रेट व जोनल मजिस्ट्रेट के द्वारा तथ्यों की जॉच की गई एक व्यक्ति द्वारा गलत सूचना दिये जाने पर विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये गये। बरगदवा पोलिंग बूथ पर शान्तिपूर्ण ढंग से मतदान जारी रहा।

# देखते ही देखते चंद दिनों में करोड़पति बन गए ओएसडी

**-हमेशा सवालों के घेरे में रहे हैं डीएम के ओएसडी-पूर्व के ओएसडी पर भी लग चुके हैं गंभीर आरोप, एक ओएसडी को होना पड़ा है निलम्बित-रिटायर होने तक ही नहीं उसके बाद भी डीएम की कृपा से कई साल पद पर बने रहे एक ओएसडी**

संवाददाता। बस्ती

**डीएम** के ओएसडी पर भ्रष्टाचार का आरोप पहली बार नहीं लगा है। इससे पूर्व भी यहां ओएसडी रहे कई भ्रष्टाचार के मामले में कटघरे में रहे है। डीएम के एक ओएसडी पर पचास लाख रूपया रिश्वत लेने का मामला पूर्व में सुर्खियों में रहा है। इसके चलते उन्हे निलम्बित तक होना पड़ा। एक ओएसडी तो अपना पूरा कार्यकाल एक ही जगह बिता कर सेवानिवृत्त तक हो गए, लेकिन डीएम की ऐसी कृपा रही कि रिटायर होने के कई साल बाद तक वे ओएसडी के रूप में अपनी सेवाएं देते रहे। कहा जा सकता है कि डीएम आवास और कार्यालय कभी भ्रष्टाचार से मुक्त नहीं रहा। जिसके कंधे पर जिले को भ्रष्टाचार मुक्त करने की जिम्मेदारी है वहीं बेखौफ उनके ओएसडी भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में लगे हैं। डीएम का ओएसडी होने की धौस दिखाकर भ्रष्टाचार में कहीं से भी संलिप्त अधिकारियों तक का दोहन करने में नहीं चूके। कहा जा रहा है कि अब यह जरूरी हो गया है कि डीएम आवास और कार्यालय भ्रष्टाचार मुक्त हो। इसके लिए डीएम को स्वयं पहल कर कार्यवाही करने की जरूरत है।

डीएम के ओएसडी पर लगातार यह आरोप लगता रहा है कि जो भी ओएसडी आए उन्होंने भ्रष्ट अधिकारियों का खूब दोहन किया। उनके भ्रष्टाचार का भय दिखाकर सबसे अधिक दोहन किया। दबी जुबान में अधिकारियों ने इससे डीएम को अवगत भी कराया, लेकिन ओएसडी के खिलाफ कोई एक्षन किसी भी डीएम ने नहीं लिया। कहा जा सकता है कि ओएसडी ने ऐसे अधिकारियों के कृत्यों के अवसर का खूब लाभ उठाया जो कहीं न कहीं सिस्टम के भ्रष्टाचार के हिस्सा बने रहे। डीएम के अधिकतर ओएसडी पर सरकारी जमीनों, कोटा पर कब्जा करने तक के आरोप लग चुके हैं। पूर्व में भी इन पर अपने लोगों को हितलाभ पहुंचाने और अधिकारियों का दोहन करने का आरोप लगता रहा है। इस बार भी वर्तमान ओएसडी पर पद पर रहते हुए भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का आरोप लगा है। पद पर रहते हुए करोड़ो की सम्पत्ति अर्जित करने, अपने दोनो बेटो के नाम असलहा लाइसेंस निर्गत कराने, बहू की परामर्शदाता के पद पर नियुक्ति कराने, अधिकारियों, कर्मचारियों का धनादोहन करने, मांग पूरी न करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्रवाई कराने, निलम्बन, विभागीय कार्यवाही कराने और मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। पद पर रहते अकूत सम्पदा अर्जित करने तक का मामला उजागर हुआ है। पिछले पांच साल से बस्ती में ही डीएम के ओएसडी पद पर बजरंग बली पाण्डेय के बने रहने को लेकर भी सवाल खड़ा किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि आखिर वे कौन से कारण है कि जिले का मुखिया डीएम बदल जाता है लेकिन ओएसडी नहीं बदलते। लोगों का कहना है कि यदि डीएम के ओएसडी बदलते रहते तो शायद इन्हे भ्रष्टाचार का वह मौका नहीं मिल पाता। ब्ताया जाता है कि डीएम के ओएसडी इस लिए भी अपने को अधिक ताकतवर पाते हैं क्योंकि कार्यवाही के लिए जो भी पत्र आते है वे बिना उनके पास से गुजरे डीएम तक नहीं पहुंचते। इसी का फायदा उठाकर ओएसडी सम्बन्धित को सूचनाएं लीक कर देते है और इसके एवज में धनादोहन किया जाता है। कार्यवाही की पत्रावली तक अन्य विभागों की तरह यहां भी दबा दी जाती है। ओएसडी पर यह भी आरोप है कि भ्रष्ट अधिकारियों और ठेकेदारों के लिए उनसे सुरक्षित पनाहगार कोई नहीं है। आरोप तो यह भी है कि अधिकारियों पर दबाव बनाकर उनसे अनुचित लाभ लेने और अनुचित काम तक ओएसडी द्वारा कराए जाते है। लेकिन डीएम का ओएसडी होने के कारण कोई अधिकारी इनका न तो विरोध कर पाता है और न ही षिकायत। भाजपा विधायक संजय प्रताप जायसवाल द्वारा ओएसडी के भ्रष्टाचार का मामला उठाए जाने के लिए उनकी सराहना की जा रही है। मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर ओएसडी के भ्रष्टाचार की जांच कराकर इनके विरूद्ध विभागीय नियमों के तहत कार्यवाही किए जाने और उन्हे अन्यत्र जिले में स्थानांतरित किए जाने के आग्रह के लिए उनकी प्रषंसा की जा रही है। यदि उनकी मांग पर अमल हुआ और स्थानांतरण एवं जांच कार्यवाही हुई तो निष्चित रूप से अच्छा संदेष जाएगा। फिलहाल डीएम सौम्या अग्रवाल ने भी मामले की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की बात कही है।

# विद्युत तार से निकली चिंगारी ने ढाया कहर, कई बीघा गेहूं की फसल खाक



**बस्ती।** किसानों की खेती में खड़ी फसल पर आग कहर बरपा रहा है। किसानों की गाढ़ी मेहनत से उगाई फसलों पर आग का कहर बरसते देखने के अलावा किसान कुछ नहीं कर पा रहा है। कोतवाली क्षेत्र के सोनबरसा- भेलखा मार्ग पर बिजली के ढीले तारों के चलते निकली चिंगारी ने कई किसानों की गेहू की फसल को अपने आगोष में ले लिया। आग ने इतना विकराल रूप् धारण किया कि जब तक आग बुझती कई बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक हो चुकी थी। विद्युत तार से निकली चिंगारी ने किसानों की उम्मीदों और अरमानों दोनो को छीन लिया। भेलखा गांव के पास सड़क के बाई ओर स्थित सेवानिवृत्त एलडीएम जगदीष नाराया ने तीन बीघा 18 बिस्वा में गेहूं की फसल बोया था। उनके खेत के अगल बगल राम केवल, लालता, राम षब्द सहित अन्य किसानों के खेत में गेहूं की फसल बोई थी। फसल भी अच्छी हुई थी। फसल को लेकर किसानों ने काफी उम्मीदें संजो रखी थी। लेकिन खेत के निकट से गए विद्युत पोल उनके लिए संकट बन गया। बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने खेत को अपने आगोष में ले लिया। आग के विकराल रूप के चलते आस पास के लोगो की आग बुझाने की मषक्कत भी काम नहीं आई। सूचना बाद फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंची तब तक आग में सब कुछ खाक हो चुका था। जगदीष नारायण के अनुसार गेहूं की फसल जल जाने से अकेले उनका ही करीब पचास हजार रूपए की क्षति हुई है।

# कोरोना की दूसरी लहर ने पकड़ी रफ्तार, लगा नाइट कर्फ्यू

संवादाता। बस्ती

**मुण्डेरवा में फिर से सक्रिय होगा एल-1 हास्पिटल-सदर, हर्रैया भानपुर रूधौली तहसील में शुरू होंगे 6 नए एल-1 कोविड-19 हास्पिटल**

**कोरोना** की दूसरी लहर ने रफ्तार पकड़ ली है। कोरोना के मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए जिले में नाइट कर्फ्यू लगा दिया गया है। रात 10 बजे से प्रात: 6 बजे तक आवष्यक बस्तुओं को छोड़कर किसी दुकान, प्रतिष्ठान को खोलना प्रतिबन्धित कर दिया गया है। इस अवधि के बीच आवष्यक सेवाओं को छोड़कर सभी व्यक्तियों के आने जाने पर रोक रहेगी। डीएम सौम्या अग्रवाल ने बताया कि 14 अप्रैल की रात 12 बजे तक 106 केस जिले में आए हैं। सावधानी के तौर पर सुरक्षात्मक दृष्टि से नाइट कर्फ्यू लगाया गया है।

जिले में बढ़ते हुए संक्रमित केसेज को देखते हुए मुंडेरवा सीएचसी को एल-1 कोविड-19 अस्पताल के रूप में पुन: संचालन शुरू किया जा रहा है। सदर, हर्रैया तहसील में दो- दो, भानपुर, रुधौली तहसील में एक- एक एल-1 अस्पताल शुरू किया जाएगा। यह सभी एल-1 हॉस्पिटल सीएचसी, पीएचसी पर संचालित किए जाएंगे। इसकी तैयारी करने के लिए सीएमओ, एमओआईसी को निर्देशित कर दिया गया है। जिले के सभी सीएचसी पर 30 बेड का ऑक्सीजन युक्त वार्ड स्थापित है। यहां पर मरीजों को भर्ती करके उनका समुचित इलाज करने की पूरी सुविधाएं हैं। होम आइसोलेशन में रह रहे ऐसे मरीजों जिनके पास थर्मामीटर या पल्स ऑक्सीमीटर उपलब्ध नहीं है, उन्हें नजदीक के सीएचसी में भर्ती किया जाएगा।



डीएम ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 10 बेड का अलग वार्ड बनाकर डॉक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ की ड्यूटी लगाएं, मरीजों के निशुल्क भोजन एवं नाश्ते की व्यवस्था कराएं। संबंधित एसडीएम, बीडीओ एल-1 हॉस्पिटल की व्यवस्था का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराएं। बताया कि ओपेक कैली हॉस्पिटल में वर्तमान समय में 164 कोरोना वायरस से संक्रमित मरीज है। 20 मरीज स्वस्थ होकर गुरूवार को डिस्चार्ज हुए हैं। यहां पर 300 बेड हैं और प्रत्येक बेड पर पाइप लाइन द्वारा ऑक्सीजन पहुंचाने की व्यवस्था है। 60 अतिरिक्त बेड पर पाइप लाइन से ऑक्सीजन पहुंचाने की व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है। टेलीमेडिसिन व्यवस्था शुरू करने के लिए निर्देशित किया। कहा कि विकास भवन स्थित कोविड-19 कमांड एवं कंट्रोल सेंटर में 24 घंटे डॉक्टर उपस्थित रहेंगे। कंट्रोल रूम के नंबर- 05542-287774 पर फोन करके कोई भी करोना संक्रमित व्यक्ति डॉक्टर से परामर्श कर सकेगा। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया बुखार, खांसी, सर्दी, जुकाम, सांस फूलने की स्थिति में एंटीजन टेस्ट करा कर ही उस व्यक्ति का टीकाकरण किया जाए।

**जिले में आए प्रवासियों की सैंपलिंग न कराने पर असंतोष:** जिले में आए हुए प्रवासी लोगों की सैंपलिंग न कराने पर असंतोष व्यक्त किया। समीक्षा में पाया कि लगभग 1000 से अधिक प्रवासी जिले में आ चुके हैं, मगर अभी तक मात्र 250 प्रवासियों का सैंपल लेकर टेस्ट के लिए भेजा गया है। बस्ती सदर एवं कप्तानगंज में यह संख्या भी शून्य है। टीका की वेस्टेज रोकने का भी अधिकारियों को निर्देश दिया । प्राइवेट हॉस्पिटलों में कोविड-19 के टीकाकरण के रिपोर्ट प्राप्त कर प्रस्तुत करने का डॉ. सीएल कन्नौजिया को निर्देष दिया। बताया कि 110 में से 72 निजी चिकित्सालयों ने रिपोर्ट उपलब्ध कराया है। टीकाकरण की डाटा एंट्री सेम डे कराना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। कुदरहा, बहादुरपुर, बस्ती सदर, रामनगर में दैनिक टीकाकरण काफी कम होने पर कार्ययोजना के अनुसार कर्मचारियों का लक्ष्य निर्धारित करने, उसके अनुसार लोगों को टीकाकरण केंद्र तक लाने का निर्देश दिया। कहा कि प्रत्येक ब्लॉक प्रतिदिन 700 लोगों का टीकाकरण कराना सुनिश्चित करें। अनट्रेस्ड केसेस की समीक्षा करते हुए इनके मोबाइल नंबर सर्विलांस इंस्पेक्टर को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया । कहा कि रैपिड रिस्पांस टीम द्वारा विजिट किए गए होम आइसोलेटेड मरीजों की रिपोर्ट सेम डे एप पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

## नहीं दिख रहा कोरोना का खौफ

# पांव पकड़ कर मांग रहे हैं वोट

**-कंटेनमेंट जोन तक में चल रहा प्रचार, उड़ रही आचार संहिता की धज्जियां-बिना मास्क, सोशल डिस्टेंसिंग के निकल रहा प्रत्याषियों, समर्थकों का हुजुम- अन्य राज्यों से आने वाले प्रवासी भी बने खतरा, जांच में उदासीन जिम्मेदार**

**बस्ती।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर कोरोना के बढ़ते खतरे का खौफ नहीं दिखाई दे रहा है। चुनाव भले ही चौथे चरण में होना है लेकिन चुनाव की सरगरमियां गांवो में जोर पकड़ रही हैं। हालत यह है कि उम्मीदवार और उनके समर्थक कंटेंनमेंट जोन तक में प्रचार कर रहे है। यहां कोविड- 19 प्रोटोकाल का पालन होता नहीं दिख रहा है। जिम्मेदारों की भी भूमिका मात्र दिशा निर्देश देने तक ही सिमटी हुई है। बिना मास्क और सोषल डिस्टेंसिंग का पालन किए गांव- गांव प्रत्याशियों का प्रचार चल रहा है। गांवों में खुलकर आदर्श आचार संहिता की भी धज्जिया उड़ रही हैं। हालत यह है कि देर शाम से ही शराब लदी दो पहिया घूमने लगती है। माहौल को अपने पक्ष में करने के लिए उम्मीदवारों की ओर से शराब वितरित कराए जा रहे हैं। कोरोना के खतरे के बीच प्रत्याशी और उनके समर्थक घर - घर पहुंच रहे है। मतदाताओं के पांव तक पकड़ रहे है। बावजूद इसके इस पर रोक लगाने में जिम्मेदार उदासीन बने हुए है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को देखते हुए गांवो में चहल पहल बढ़ गई है। कटाई, मड़ाई के बीच देर रात तक गांवों में प्रत्याशी और उनके समर्थक दौड़ रहे है। ग्राम पंचायत से लेकर क्षेत्र और जिला पंचायत सदस्य पद के प्रत्याशियों की दौड़ शुरू हो गई है। समर्थकों के हुजुम के साथ मतदाताओं से जन सम्पर्क कर वोट मांगे जा रहे है। मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए कहीं गमछा, कहीं कुर्ता, कहीं भण्डारा, कहीं शराब का वितरण हो रहा है। हालत यह है कि प्रत्याशियों के समर्थक देर रात तक नषे में घूमते दिखाई दे रहे हैं। कोरोना के दूसरे लहर के बीच पंचायत चुनाव प्रचार जिस तरह से चल रहा है उससे कोरोना के खतरे के बढ़ने की आषंका जताई जा रही है। पंचायत चुनाव के दौरान घर आए प्रवासियों के जांच सेम्पल तक लेने में जिस तरह उदासीनता बरती जा रही है उससे भी कोरोना वायरस के फैलने की आषंका बढ़ गई है।

**डीएम ने दिया प्रवासियों की स्क्रीनिंग कराने का निर्देश:** कोविड-19 के बढते संक्रमण के बीच अन्य राज्यों से जिले में आने वाले प्रवासियों को डीएम सौम्या अग्रवाल ने गंभीरता से लिया है। प्रवासियों के द्वारा संक्रमण न फैले, इसके लिए प्रोटोकाल का निर्धारण किया है। कहा है कि प्रवासियों के आगमन के पश्चात उनकी स्क्रीनिंग कराई जाय, किसी भी प्रकार के लक्षण पाए जाने पर उन्हें क्वारंटाइन में रखा जाय। जांच के पश्चात संक्रमित पाए जाने पर यथावश्यक कोविड अस्पताल या घर पर आईसोलेट किया जाय। जो लक्षण वाले व्यक्ति संक्रमित नहीं पाए जाते है उन्हें 14 दिन के लिए होम क्वारंटाइन में रखा जाए। प्रत्येक प्रवासी की स्क्रीनिंग के साथ पता एवं मोबाइल नम्बर सहित लाइन लिस्टिंग भी तैयार किया जाय। प्रवासी व्यक्तियों के जनपद में स्थापित क्वारंटाइन सेंटर में आने पर प्रभारी द्वारा इन व्यक्तियों के नाम, पता व मोबाइल नम्बर आदि सम्पूर्ण विवरण अंकित करने के लिए अनिवार्य रूप से एक रजिस्टर बनाया जाय।

# सत्यापन का अभाव बना गेहूं किसानो की फसल बिक्री में बाधा

**बस्ती।** लाख कवायदों के बाद भी किसान अपनी गेहूं की फसल नहीं बेंच पा रहे है। आन लाइन आवेदन करने के बाद सत्यापन का अभाव किसानों के लिए बाधा बना हुआ है। किसानों के गेहूं की फसल न बेच पाने के मामले का संज्ञान लेते हुए रूधौली विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने डीएम को पत्र भेजकर गेहूं की खरीद शीघ्र सुनिश्चित कराए जाने की मांग किया है।विधायक के मीडिया प्रभारी अमर सोनी ने बताया कि विधायक की ओर से डीएम को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि रूधौली विधान सभा क्षेत्र के अनेक गेहूं किसानों ने अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार आन लाइन आवेदन के बाद भी सत्यापन के अभाव में वे अपनी गेहूं की फसल नहीं बेच पा रहे हैं। सत्यापन न होने के चलते क्रय केन्द्रों पर समय से टोकन भी नहीं मिल पाता है। सरकारी नियमों के अनुसार सौ क्विंटल तक के काष्तकारों का सत्यापन तहसील स्तर पर एवं उसके ऊपर की फसल बिक्री के लिए जिले स्तर पर एडीएम करते हैं। आन लाइन आवेदन करने के बाद भी पिछले 15 दिन से सत्यापन के लिए पत्रावलियां एडीएम के यहां विचाराधीन हैं। गेहूं की बिक्री के लिए किसानों को परेषान होना पड़ रहा है। डीएम से आग्रह किया है कि गेहूं किसानो से खरीद सुनिश्चित कराया जाय ताकि उन्हे परेशान न होना पड़े।

# प्राथमिक शिक्षकों ने लेखाधिकारी कार्यालय में लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

**बस्ती ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ प्रतिनिधि मण्डल ने डीएम के प्रशासनिक अधिकारी को चार सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। कोरोना महामारी को देखते हुए आवश्यकतानुसार शिक्षकों की उपस्थिति, पंचायत चुनाव में लगे सभी शिक्षकों, कर्मियों को कोरोना टीका लगाने, विद्यालय समय परिवर्तन, वित्त एवं लेखाधिकारी कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार एवं अनियमितता पर प्रभावी कदम उठाए जाने की मांग किया। संघ जिलाध्यक्ष चन्द्रिका सिंह ने कहा कि कोरोना महामारी का संकट बढता जा रहा है, विद्यालय बंद चल रहे हैं, फिर भी हजारों शिक्षकों, कर्मियों को विद्यालय पर बुलाया जा रहा है। आवागमन में संक्रमण का खतरा है। ऐसे में आवश्यकतानुसार ही अन्य विभागों की भांति शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित कराया जाय।

जनपदीय मंत्री बालकृष्ण ओझा ने कहा कि पंचायत चुनाव में लगे सभी कर्मियों को प्राथमिकता के आधार पर कोरोना से बचाव का टीका लगाया जाना चाहिए। जिला कोषाध्यक्ष दुर्गेश यादव ने कहा कि बेसिक शिक्षा के लेखा विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त हैं। हर माह वेतन में जानबूझकर देरी की जाती है। बकाया बिल, नया वेतन लगाने, जीपीएफ लोन पत्रावली रिसीव न



किए जाने, सेवा निवृत्त शिक्षकों का पेंशन एवं जीपीएफ भुगतान न कराए जाने से शिक्षक परेशान है। धन उगाही के विरोध में शिक्षकों ने धरना भी दिया किन्तु समस्याएं यथावत है।

संघ उपाध्यक्ष प्रवीन श्रीवास्तव ने गर्मी एवं कोराना महामारी को देखते हुए विद्यालय का समय परिवर्तन किए जाने, शिक्षा मित्र और अनुदेशकों का मानदेय भुगतान समय से किए जाने की मांग किया। ज्ञापन सौंपने वालों में सुधीर तिवारी, शिव प्रकाश सिंह, अविनाश दूबे, अनिल पाठक, अशोक यादव, डा. प्रमोद सिंह, राजेश गिरी, सन्तोष पाण्डेय, शिव रतन, नीरज सिंह, देवेन्द्र सिंह, राजकुमार तिवारी, गणेश सिंह, मो. मुस्तकीम, रूकुनुद्दीन, राकेश सिंह, सुरेश गौड़, सनद पटेल, दिनेश सिंह, राजेश दूबे, आशीष दूबे व अन्य शामिल रहे।

# मऊ में मिले रिकार्ड 151 केस

## अब तक कुल 524 कोरोना पाजिटिव मरीज

## एक्टिव कन्टेनमेंट जोन की संख्या 182 पहुंची

**संवाददाता**। मऊ

**कोरोना** की दूसरी लहर में जिले में कोरोना पाजिटिव मरीजों संख्या का रिकार्ड तोड़ दिया। बुधवार को जांच के बाद 151 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव आने के बाद जिले में हड़कम्प मच गया। जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल व मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश चंद्र सिंह ने कोरोना के बढ़ते मरीजों को देखते हुए सर्तकता व सुरक्षा को लेकर सख्त दिशा निर्देश जारी किया है।

बुधवार को जांच के बाद 151 लोगों की रिपोर्ट कोरोना पाजिटिव पाया गया। दिन-प्रतिदिन कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या बढ़ने से जिले में हड़कम्प मचा हुआ है। उधर जिले में कुल एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 524 है।

वहीं कुल एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 333 हैए जबकि कुल एक्टिव कन्टेनमेंट जोन की संख्या 182 है। जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल ने सख्ती के साथ चेताया है कि कोविड नियमों का उल्लंघन किए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई किया जाएगा। नियमों के पालन में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सतीश चंद्र सिंह ने बताया कि अब तक 162191 लोगों का नमूना लैब भेजा गया हैए इसमें लोगों 158152 लोगों की रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है। 156596 लोगों की रिपोर्ट निगेटिव है और 3139 की रिपोर्ट प्रतीक्षारत है।

जांच में अब तक 3672 संक्रमित मिले हैं और 3109 रिकवर हो चुके हैं। संक्रमण से कुल 39 की मौत हुई है, जबकि कुल एक्टिव कोरोना पाजिटिव केस 524 है। वहीं कुल एक्टिव होम आईसोलेशन मरीजों की संख्या 333 है है, जबकि कुल एक्टिव कन्टेनमेंट जोन की संख्या 182 है।

## जिले में रात्रिकालीन कर्फ्यू की घोषणा

### लगातार मरीजों की संख्या बढ़ते देख उठाया गया कदम

### सभी क्षेत्राधिकारियों व थानाध्यक्षों को सख्त कदम उठाने के निर्देश

**मऊ** । जनपद में लगातार दो दिनों से कोरोना पाजिटिव मरीजों की संख्या 100 से अधिक पाए जाने एवं कुल एक्टिव पॉजिटिव केस की संख्या 500 से अधिक होने पर जिलाधिकारी अमित सिंह बंसल ने तत्काल प्रभाव से जिले में अग्रिम आदेश तक रात्रिकालीन कर्फ्यू की घोषणा कर दिया है। रात्रिकालीन कर्फ्यू के तहत रात्रि नौ बजे से प्रात: छह बजे तक रहेगा। जिलाधिकारी ने सभी मजिस्ट्रेटों व पुलिस क्षेत्राधिकारियों तथा पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया है कि रात्रिकालीन कर्फ्यू का सख्ती के साथ पालन कराया जाए। आवश्यक सेवाओं से सम्बंधित व्यक्तियोए वाहनों के अतिरिक्त अन्य कोई घरों से बाहर नहीं निकलेगा। आवश्यक सेवाओ से संबंधित जिन व्यक्तियों को बाहर जाना आवश्यक को वो आपने फोटो पहचान पत्र के साथ ही बाहर निकले। साथ ही साथ राष्ट्रीयध्प्रांतीय राजमार्ग के किनारे के पेट्रोल पंप खुले रहेंगे। अपरिहार्य कारणों यथा मेडिकल इमरजेंसी आदि हेतु यदि कोई बाहर निकलता है तो अपना फोटो पहचान पत्र एवं सुसंगत कागजात अपने पास रखें।

## 2042 लाभार्थियों का किया गया वैक्सीनेशन

### 130 लोगों को लगाई गई कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज

### विशेष टीका महोत्सव के दौरान उत्साहित नजर आए लाभार्थी

**संवाददाता**। मऊ

**जिले** में तेजी के साथ पांव पसार रहे वैश्विक महामारी कोरोना संक्रमण को देखते हुए जिलाधिकारी अमित सिंह बसंल के सख्त रुख के बाद टीकाकरण करवाने वाले काफी उत्साहित नजर आए। कोरोना के खिलाफ जारी जंग में चैथे चरण के महाअभियान के तहत विशेष टीका उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

विशेष टीका उत्सव महाअभियान के तहत बुधवार को जिले के 51 केन्द्रों पर 2042 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया। इस दौरान 130 लोगों को कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज भी लगाया गया। टीकाकरण की प्रक्रिया के दौरान लोग काफी बढ-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। कोरोना के खिलाफछिड़े जंग में सीनियर सिटीजन के साथ-साथ अब 45 वर्ष से ऊपर के लोगों ने भी अब बढ़-चढ़कर अपना योगदान करना शुरू कर दिया है। सभी केन्द्रों पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सतीश चंद्र सिंह व डीआईओ डॉ. बृजेश यादव स्वास्थ्य विभाग की टीम के सदस्यों के साथ लोगों को अधिक से अधिक वैक्सीनेशन के लिए उत्साहित करते नजर आए।

कोरोना वैक्सीनेशन के महाअभियान के चैथे चरण के तहत इस बार 45 वर्ष पार कर चुके लोगों को भी शामिल किया गया है। चैथे चरण के विशेष महाअभियान विशेष टीका उत्सव के चैथे चरण के तहत इस बार 45 वर्ष पार कर चुके लोगों को भी शामिल किया गया है। चैथे चरण के विशेष अभियान का टीकाकरण जनपद के 51 स्वास्थ्य केंद्र, इसमें नगर के दो प्रमुख अस्पताल, सभी नौ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शामिल रहे। बुधवार को 51 केन्द्रों पर लाभार्थियों का टीकाकरण किया गया। सभी केन्द्रों पर लाभार्थी अपना-अपना आधार कार्ड लेकर आए और पंजीकरण के उपरांत टीकाकरण करवाया। बताते चलें कि जिले में 16 जनवरी से वैक्सीनेशन का प्रारंभ हुआ था। पहले चरण में स्वास्थ्यकर्मियों को वैक्सीन लगाई गई थी।

इसके बाद दूसरे चरण में फ्रंट लाइन वर्कर शामिल हुए जबकि तीसरे चरण में 45 वर्ष से लेकर 59 वर्ष के कोमारविड (जो किसी गंभीर बीमारी से ग्रसित हो) तथा 60 वर्ष से अधिक के उम्र के लोगों का टीकाकरण किया गया। बुधवार को चैथे चरण के अभियान के तहत जिले के सभी 51 केन्द्रों पर 45 वर्ष पार कर चुके लाभार्थियों ने अपना बढ़ चढ़कर योगदान प्रदान किया। अभियान के तहत बुधवार को 51 केन्द्रों पर 2042 लाभार्थियों को कोरोना की पहली डोज लगाया गया।

जबकि 130 लोगों को कोरोना की दूसरी डोज प्रदान किया गया। टीकाकरण की प्रक्रिया के दौरान लोग काफी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभा रहे हैं। सभी टीकाकरण केन्द्रों पर अधिक से अधिक टीकाकरण को लेकर चिकित्साधिकारी लोगों को प्रोत्साहित करते नजर आए।

## मां विन्ध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में कैमरा लगाने पर जताई आपत्ति

**संवाददाता**। मीरजापुर

**मां** विन्ध्यवासिनी देवी के गर्भगृह में कैमरा लगाने के निर्णय पर अखिल भारतीय ब्राहमण कल्याण संस्थान ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराते हुए इसे जनभावनाओं के आस्था एवं विश्वास पर कुठाराघात बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने की मांग किया तथा अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान इस मुद्दे पर पण्डा समाज के साथ कदम से कदम मिलाकर किसी भी आन्दोलन पर साथ खड़ा रहेगा । संस्थान के प्रधान कार्यालय विनायक सदन न्यू कालोनी महुवरिया मीरजापुर पर उक्त ऐलान करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण कल्याण संस्थान के राष्ट्रीय महामंत्री पं. सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि माता विन्ध्यवासिनी देवी करोड़ों श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र बिन्दु हैं। मां के गर्भगृह में कैमरा लगाने से करोड़ों हिन्दुओं व भक्तों की आस्था को ठेस पहुंचेगी ।

## अपने कार्य व आचरण से निष्पक्ष दिखें निर्वाचन अधिकारीः डीएम



**संवाददाता**। सोनभद्र

**निर्वाचन** अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के लिए महत्वपूर्ण व जिम्मेदार अधिकारी हैं। नामांकन से लेकर मतगणना यानी विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र मुहैया कराने तक की जिम्मेदारी निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी की होती है। निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी निष्पक्ष रहने के साथ ही अपने कार्य एवं आचरण से भी निष्पक्ष दिखें।

नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति नाम निर्देशन पत्रों की जॉच विधिमान नाम निर्देशित उम्मीदवारों की सूची प्रकाशन करना नाम वापसी निर्वाचन लड़ने वाले उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित करने साथ चुनाव चिन्ह एलाट करने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी होती है। उक्त बातें जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सिंह ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन 2021 के तैयारियों के सिलसिले में जिले के सभी दसों विकास खण्डों के निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों को दायित्वबोध कराते हुए कलेक्ट्रेट में आयोजित प्रशिक्षण में कहीं। अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी योगेन्द्र बहादुर ने विस्तार से जानकारी देते हुए कहा है कि जिले के दसों विकास खण्ड स्तरो पर नामांकन के लिए मानक के अनुरूप बैरेकेटिंग सेनिटाइजेशन आवश्यक कागजात प्रपत्रों के साथ राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी तैयारियां पूरा कर लें। नामांकन के समय कोशिश हो कि नामांकन करने वालों के पर्चों को भंलि भॉति देखकर जमा किया जाय और कोशिश किया जाय कि अधिक से अधिक पर्चे वैध हों और ज्यादा से ज्यादा उम्मीदवारों को चुनाव का मौका मिले।

उन्होंने कहा कि पर्चा जमा कराते समय तीन महत्वपूर्ण चीजों को अवश्यक देखा जाय जिसमें नामांकन पत्र के साथ जमा जमानत राशि की रसीद प्रस्तावक का उसी वार्ड में होना व अनुलग्नकों का सही होना जरूर देखा जाए।

## फ्लैग मार्च निकालकर आचार संहिता का पालन करने की दी हिदायत

**संवाददाता**। सकलडीहा (चन्दौली)



**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। गुरूवार को कोतवाली पुलिस कस्बा में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांतिपूर्ण चुनाव में प्रतिभाग करने व आचार संहिता का सख्ती से पालन करने का सख्त हिदायत दिया।

इस दौरान पूरे कस्बा सहित आसपास के क्षेत्र में पुलिस ने भ्रमण कर सोशल डिस्टेंस और मास्क लगाने का निर्देश दिया।

कोरोना की बढ़ते प्रभाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला प्रशासन पर दोहरा भार बढ़ गया है। जिसे लेकर जिला प्रशासन हर पहलू पर बैठक कर लोगों को सोशल डिस्टेंस और मास्क लगाने का सख्त हिदायत दे रही है। वही नाइट कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराने को लेकर पुलिस गांव से लेकर कस्बा में रूट मार्च कर लोगों को चुनाव आचार सहिता का पालन करने का निर्देश देने में जुट गयी है। इसी क्रम में कोतवाली पुलिस सकलडीहा, तेन्दुई, ईटवा, नागेपुर, सिरोहुपुर, चतुर्भुजपुर कस्बा में भ्रमण कर लोगों से भीड़भाड़ से बचने व नाइट कर्फ्यू का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कोतवाल अवनीश राय, अच्छेलाल, राजेश सिंह, भूपेश चन्द्र कुशवाहा सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

## पंचायत चुनाव की हर पल की जानकारी देंगें चौकीदार

सकलडीहा (**चन्दौली**)। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर पुलिस महकमा पैनी नजर रखे हुए है। इस क्रम में कोतवाली में गुरूवार को चौकीदारों को गांव गांव में होने वाली पंचायत चुनाव की पल पल की जानकारी देने का निर्देश दिया है। किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी प्रकार का प्रलोभन या अशांति होने की संभावना पर तत्काल अवगत कराने को बताया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर गांव गांव पूरी तरह से चुनावी मुड में हो गया है। सुबह से शाम दावतों का दौर शुरू है। इसके साथ ही जगह जगह बैठक भी हो रही है। जिसे लेकर पुलिस महकमा गंभीर है। सोशल डिस्टेंस और नाइट कर्फ्यू का सख्ती से पालन कराते हुए चुनाव आचार संहिता का कड़ाई से पालन में जुट गयी है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर चौकीदारों को गांवों में नजर बनाये रखने का निर्देश दिया गया है।

## थ्रेसिंग करते युवक करंट से झुलसा ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर हंगामा काटा

**संवाददाता**। चहनियां (चन्दौली)

**बलुआ** थाना क्षेत्र के मजिदहा में थ्रेसिंग करते समय टैक्टर चालक रबिन्द्र यादव (28 वर्ष) ट्रैक्टर सहित 11 हजार की करेंट में आने से झुलसा गया। साथ ही करीब चार बीघा गेंहू भी जलकर राख हो गया। बिजली विभाग की लापरवाही से हुए हादसा से गुस्साये ग्रामीणों ने मुख्य मार्ग पर लकड़ी का बोटा से घेरकर हंगामा कर दिया। बलुआ इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह व क्षेत्राधिकारी श्रुति गुप्ता ने समझा बुझाकर ग्रामीणों को शांत कराया । वही घटना स्थल पर पहुचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा ने घटना स्थल का मुआयना किया। बिजली बिभाग के एसडीओ को कड़ी फटकार लगायी ।

पलिया गांव के रहने वाले रबिन्द्र यादव पुत्र सुभाष यादव मजिदहा गांव में खेत मे ट्रैक्टर से थ्रेसिंग कर रहा था। खेत मे 11 हजार वोल्ट का करेंट काफी नीचे से लटक रहा था। अचानक तार छतरी में फंस गया। आग की चिंगारी से गेंहू जलने लगा । युवक भी कमर के नीचे झुलस गया। वही बच्चन विश्वकर्मा का दो बीघा एजमुना सिंह का एक बीघा व शैलेन्द्र सिंह का एक बीघा गेंहू जल गया । गुस्साये ग्रामीणों ने चहनियां वाया चन्दौली मुख्य मार्ग पर लकड़ी का बोटा रखकर हंगामा कर दिया। हंगामा की सूचना पर तत्काल पहुंचे क्षेत्राधिकारी श्रुति गुप्ता व बलुआ इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह ने ग्रामीणों को बिजली विभाग से वार्ता कर शांत कराया । वही मौके पर पहुचे ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रेम प्रकाश मीणा ने बिजली बिभाग के एक भी कर्मी व अधिकारी के न पहुचने पर एसडीयो सकलडीहा को कड़ी फटकार लगायी। वही तत्काल नया खम्भा लगाने व तार को दुरुस्त कराने का निर्देश दिया । अन्यथा कार्यवाही की जायेगी । वही प्रधानपति बब्बू सिंह ने कहा कि बिजली बिभाग के उच्चाधिकारियों को तार दुरुस्त कराने के लिए कई बार प्रार्थना पत्र दिया गया था, इसके बाबजूद इसको दुरुस्त नही किया गया।

**वरिष्ठ प्रवक्ता डायट बन जनपद का नाम किया रौशन**

चहनियां (चन्दौली)। कहते है कोशिश करने वालो की कभी हार नही होती है । यह कहावत चरितार्थ लक्ष्मणगढ़ निवासी लव प्रकाश यादव ने कर दिखाया । इन्होंने पीसीएस 2020 की परीक्षा में सीनियर प्रवक्ता डायट के पद पर 17 वीं रैंक से सफ्लता प्राप्त की ।

लक्ष्मणगढ़ के रहने वाले सेवा निवृत्त नलकूप विभाग सह ग्राम पंचायत अधिकारी रामनाथ यादव के पुत्र एक पुत्र लव प्रकाश व तीन बेटियां है ।

## चोरों ने दो घरों से हजारों के जेवरात और रुपयों पर किया हाथ साफ

**संवाददाता**। हलिया (**मीरजापुर**)

**हलिया** थाना क्षेत्र के गड़बड़ा गोकुल गांव में बुधवार रात हौसला बुलंद चोरों ने कच्चे मकान में सेंधमारी कर तथा दरवाजे में लगे ताला को तोड़कर बाक्स उठा ले गए। जिसमें रखे जेवरात और रूपए चोर उठा ले गए। गड़बड़ा गोकुल निवासी अशोक गुप्ता की पत्नी संगीता अपने बच्चों के साथ अपने पक्के मकान में सो रही थी कि देर रात कच्चे मकान के पीछे दरवाजे में सेंध लगाकर पीछे बंद दरवाजे की कुण्डी खोलकर बाक्स उठा ले गए और घर से सौ मीटर दूर पीछे ले जाकर बाक्स में रखा एक सोने की लाकेट, दो छागल, एक नथुनी और बाक्स में रखा पांच हजार रुपए उठा ले गए। सुबह घर का दरवाजा खुला देखकर संगीता गुप्ता के होश उड़ गए घटना की जानकारी पड़ोसियों को दिया और घर में रखे बाक्स की खोजबीन शुरू कर दी घर से कुछ दूर पर बाक्स मिला, लेकिन जेवरात और रुपए गायब थे संगीता गुप्ता के पति अशोक मध्य प्रदेश के छितैनी गांव अपने पाही पर गए हुए हैं पड़ोसी सूर्यबली गुप्ता के घर में भी चोरों ने सेंधमारी का प्रयास किया लेकिन परिजनों के जागने की आवाज सुनाई देने पर चोर भाग निकले। गांव की ही वृद्ध महिला कलावती के घर में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर चोर घर में रखा बाक्स उठा ले गए। विधवा महिला कलावती गर्मी का दिन होने के कारण दरवाजे के बाहर सो रही थी। कलावती ने बताया कि बाक्स में रखा चार लच्छा एक सिकड़ी चांदी की तथा आधार कार्डए बैंक पास बुक और पेंशन के मिले दो हजार रुपए तथा कपड़े रखे थे जिसे चोर उठा ले गए। गांव में हुई चोरी की घटना की जानकारी सूर्यबली गुप्ता ने डायल 112 पर दिया। सूचना पर पहुंची डायल 112 की टीम व पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया।

## चुनाव जीतने के लिए कड़ी मेहनत करें कार्यकर्ता

**मीरजापुर**। समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलावा क्षेत्र विधानसभा अध्यक्षों, ब्लाक अध्यक्षों, सेक्टर अध्यक्षों व बूथ अध्यक्षों से कहा है कि जिला पंचायत के चुनाव में समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशियों को जीतने के लिए जी जान से लग जाय। उन्होंने बताया कि जनपद में समाजवादी पार्टी की लहर चल रही है और ज्यादा से ज्यादा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी की जीत होगी और जिला पंचायत के अध्यक्ष के कुर्सी पर समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी का कब्जा होगा।

नामांकन करने वालों में सीटी वार्ड नम्बर दो से लक्ष्मी देवी, सीखड़ वार्ड नम्बर एक से श्याम बहादुर, कोन वार्ड नम्बर एक से अमरेश चन्द यादव, पटेहरा कलां वार्ड नम्बर दो से दीनानाथ यादव, पहाड़ी वार्ड नम्बर दो से राधा यादव, मझवां वार्ड नम्बर एक से अशोक कुमार यादव आदि शामिल है।

## डीडीयू जंक्शन का डीआरएम व कमांडेंट ने किया निरीक्षण

**संवाददाता**। चन्दौली

**कोविड**-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए पहले प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। गुरुवार को डीडीयू डीआरएम राजेश कुमार पांडेय व आरपीएफकमांडेंट आशीष मिश्रा ने डीडीयू जंक्शन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्य गेट सहित प्लेटफर्म का निरीक्षण किया। इस दौरान स्टेशन पर आने जाने वाले यात्रियों द्वारा कोविड-19 के मानकों का पालन किया जा रहा है या नहीं इस बात का भी जायजा लिया इसके साथ ही स्टेशन परिसर में कार्यरत कर्मचारी और सुरक्षाकर्मियों द्वारा कोविड-19 की रोकथाम के लिए जारी किए गए गाइडलाइन का शत-प्रतिशत पालन किया जा रहा है या नहीं इसका भी जायजा लिया।

बता दें कि भारतीय रेलवे ने कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए ट्रेनें बढ़ा दी है। वही बड़े महानगरों से भारी संख्या में यात्रियों का पलायन पूर्व मध्य रेलवे की तरफ हो रहा है। जिसके लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर आने जाने वाले सभी यात्रियों की कोविड.19 के मानकों के तहत जांच की जा रही है। दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु व अन्य महानगरों से आने वाले यात्रियों की कोविड की जांच कराई जा रही है। यात्रियों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ स्टेशन परिसर से बाहर निकालने का भी निर्देश दिया गया साथ ही आरपीएफ कर्मियों को निर्देश दिया गया कि किसी भी यात्री को असुविधा ना हो इसका विशेष ध्यान दिया जाए। आरपीएफ कमांडेंट आशीष मिश्रा ने बताया कि बढ़ रहे कोरोना संक्रमण को देखते हुए डीडीयू जंक्शन का निरीक्षण कर सभी को मास्क लगाने हाथ सेनेटाइज करने व सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने का निर्देश दिया।

## जिलाधिकारी की प्राइवेट चिकित्सकों से कोरोना की लड़ाई में सहयोग करने की अपील

### ई संजीवनी के तहत चिकित्सको से फोन पर उपचार के लिए लें निशुल्क सलाह

**संवाददाता**। मीरजापुर

**जिलाधिकारी** प्रवीण कुमार लक्षकार ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार मे जिले के प्राइवेटध्निजी नर्सिंग होम के चिकित्सकों की बैठक कर कोरोना महामारी की लड़ाई में सहयोग प्रदान करने की अपील की। जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना के केस जिस रफ्तार से बढ़ रहे हैं, उसके रोकथाम व बचाव व जीवन रक्षा के लिये हर कदम प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होने निजी चिकित्सकों से अपील करते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों के साथ.साथ निजी अस्पताल भी कोरोना मरीजो के मैनेजमेन्ट के लिये सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी का कहना है कि अगले कुछ दिनो मे एल-2 के मरीजो की संख्या बढ़ने की सम्भावना की जा रही है। इसलिए निजी नर्सिंग होम मे भी एल-2 अस्पताल की सुविधा के लिये बेड आरक्षित करे। उन्होने कहा कि सभी ऐसे अस्पतालो मे जहॉ एल-2 के लिये बेड आराक्षित की जा रही है वहां पर आक्सीजन, वेन्टीलेटर व अन्य आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होने कहा कि यह समय मानवता को बचाने का समय है अधिक से अधिक कोरोना टेस्ट जॉच की जाये। प्राइवेट अस्पतालों मे आरटीपीसीआर व अन्य जॉच के लिये शासन द्वारा निर्धारित कोविड प्रोटोकाल का पालन किया जाये तथा किसी मरीज से शासन द्वारा निर्धारित मूल्य दर से अधिक ना लिया जाय। उन्होने कहा कि टेस्ट के लिये निर्धारित मूल्य से अधिक पैसा लेने की शिकायत मिलने पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। यह भी कहा कि कतिपय लोगों द्वारा कोरोना जॉच के समय पुरानी गम्भीर बीमारियों को छिपा लिया जाता है जो जानलेवा साबित हो सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि टेस्ट के दौरान मरीजो के पुरानी बीमारियों के बारे मे जानकारी अवश्य ले। उन्होने कहा कि पैथालाजी व नर्सिंग होम मे कार्यरत कोई कर्मी वाराणसीए इलाहाबाद या आस पास अन्य जिलो से आ रहा हो तो उसे अपने पैथालाजी, अस्पताल के पास ही जनपद मे ही रहने के लिये कहा जाये। जिलाधिकारी ने डॉक्टरो से कहा कि वे स्वयं मास्क लगाये सेनिटाइजर रखे ऐसी बन्द रखे ताकि स्वयं चिकित्सक सुरक्षित रहते हुये लोगो को सुरक्षा प्रदान करें। जिलाधिकारी ने प्राइवेट पैथालाजी व नर्सिंग होम से अपील की कि वे अपने यहॉ से लैब टेक्नीशियन सरकारी अस्पताल के लिए उपलब्ध करा दे सरकारी अस्पताल के टेक्नीशियन के कोरोना पाजिटिव हो जाने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है।

**यहॉ कराएं कोरोना की जांच**

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पीडी गुप्ता ने बताया कि कोरोना टेस्ट जिला अस्पताल मे आरटीपीआर की जॉच के अलावा एमसीएच विंग महिला अस्पताल मे भी कोरोना का टेस्ट किया जा रहा है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन नगर क्षेत्र एवं जेलए रेलवे स्टेशन चुनार एवं विन्ध्याचल रेलवे स्टेशन पर भी कोविड-19 जांच करा सकते है, ताकि भीड़-भाड़ से बचा जा सके।

**चिकित्सकों से ले सकते हैं निशुल्क सलाह**

जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने बताया कि कोविड-19 के दौरान भीड़-भाड़ बचने के लिये किसी भी बीमारी के उपचार के लिये चिकित्सको से उनके फोन नम्बर पर फोन कर कोई भी व्यक्ति सलाह एवं दवा की जानकारी ले सकता है

## वाटर कूलर खराब होने पर सौंपा पत्रक

मुगलसराय (**चन्दौली**)। राष्ट्रीय लोकदल के नगर अध्यक्ष भागवत नारायण चौरसिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल नगर पालिका परिषद अध्यक्ष संतोष खरवार व अधिशासी अधिकारी कृष चंद्र को पत्रक देकर मांग किया कि प्रचंड गर्मी चल रहा है नगरवासी व राहगीर प्यास बुझाने के लिए दर.दर भटक रहे हैं नगर के सभी वाटर कूलर खराब हो गए एक भी काम नहीं कर रहा है कुआं का पानी गंदा हो गया है जो पीने लायक नहीं है बताया कि 2007 में सपा अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल ने कुंओं की सफाई करवाई थी उसके बाद आज तक सफाई नहीं हुई, जबकि प्रधानमंत्री का नारा है कि हर लोगों को अमृत योजना के तहत पानी दिया जाए स्वच्छ और सुंदर सफाई कराए एक नया सवेरा लाएं सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास लेकर कार्य करें लेकिन आप लोग एक दम उनके विपरीत काम कर रहे हैं जो बड़े ही शर्मिंदगी की बात है। वही मांग किया कि तत्काल कार्य चालू करवाया जाए।

## बेवजह नहीं उजड़ने देंगे गरीबों का आशियानाः फरीदा बेगम

### रेलवे के नोटिस के बाद नपं अध्यक्ष ने डीएम को लिखा पत्र

**संवाददाता**। सोनभद्र



**चोपन** में रेलवे विभाग द्वारा अतिक्रमण हटाने की नोटिस दिए जाने को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्थानीय लोगों की मांग को गंभीरता से लेते हुए चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष फरीदा बेगम ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर राजस्व विभाग रेल विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम बनाकर मौके का संयुक्त सीमांकन कराने की मांग किया है।

गुरुवार को चोपन नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अनीश अहमद ने जनहित की मांग को जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर जिलाधिकारी के नाम का ज्ञापन उप जिलाधिकारी ओसी को ज्ञापन दिया। चेयरमैन प्रतिनिधि अनीश अहमद ने अवगत कराया कि वार्ड नंबर तीन प्रीतनगर नगर पंचायत चोपन के रहवासियों ने प्रार्थना पत्र देकर अगवत कराया है कि 1372 फ्सली के खतौनी संख्या 435 का आधार बनाकर कई लोगों को 15 दिन में खाली करने की विभागीय नोटिस दी गई है साथ में वार्ड नंबर तीन के रहवासियों द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि 1372 फसली वर्ष में खतौनी संख्या 435 के कई खंड थे। जिसमें 435 के सभी खंड का कुल रकबा 45 बीघा तीन बिस्वा था। जिसमें रेलवे के नाम लगभग चार बीघा 16 बिस्वा दर्ज मालिकान था।

नगर पंचायत अध्यक्ष फरीदा बेगम ने जिलाधिकारी से मांग किया कि जनहित के इस मामले को स्वत: संज्ञान में लेकर राजस्व विभाग रेल विभाग और नगर पंचायत की संयुक्त टीम बनाकर मौके का संयुक्त सीमांकन कराने के उपरांत ही अतिक्रमण हटाया जाए।

पायनियर
लखनऊ, शुक्रवार, 16 अप्रैल, 2021



त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन

# भ्रमणशील अधिकारियों ने लिया कानून व्यवस्था का जायजा

## ● निर्भीक होकर मतदान करने की करते रहें अपील

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** सामान्य निर्वाचन के प्रथम चरण में गुरूवार को जनपद में मतदान हुआ। सुबह सात बजे से शुरू हुआ मतदान शाम को अपने निर्धारित समय तक चला। मतदाता मास्क लगाकर मतदान के लिए लाइन में खड़े रहें और अपनी बारी आने पर उन्होंने मतदान तो किया लेकिन सामाजिक दूरी को वह भूल गये। अधिकारियों ने भी मतदाताओं के सामाजिक दूरी पर ध्यान नहीं दिया। ऐसा बूथों पर देखने को मिला। मतदान को लेकर सुबह से ही जिले की पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भ्रमणशील रहें। अधिकारी जहां पर मतदेय स्थलों के साथ बूथों की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा ले रहे थें वहीं पर मतदाताओं से निर्भीक होकर मतदान करने की अपील भी कर रहें थे।

आज सुबह 7 बजे से मतदान प्रारंभ हो गया। डीआईजी डॉ. प्रीतिंदर सिंह, मंडलायुक्त जयंत नार्लिकर, जिलाधिकारी क. विजयेंद्र पांडियन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार पी अपने-अपने टीमों के साथ कानून व्यवस्था का जायजा क्षेत्रों में लेते रहें। डीएम एसएसपी खजनी क्षेत्र में अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए सुबह से ही भ्रमणशील रहें। डीआईजी व मंडलायुक्त कैंपियरगंज, जंगल कौड़िया, पीपीगंज सहित अन्य क्षेत्रों में भ्रमणशील रहें।

निरीक्षण के दौरान कैंपियरगंज तहसील, जंगल कौड़िया, भरोहिया, पीपीगंज एवं कैंपियरगंज विकास खण्ड के अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केन्द्रों पर हो रहे मतदान की स्थिति देखी गयी। जंगल कौड़िया के बूथ सं या 10 व 11 प्राथमिक



पाठशाला डाढाडीह, प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय भीटी बूथ सं या 12 व 13, प्राथमिक विद्यालय रामू घाट बूथ सं या 8 व 9, भरोहिया विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय अकटहवा बूथ सं या 145 व 146, कैंपियरगंज विकास खण्ड के प्राथमिक विद्यालय सरपतहा बूथ सं या 39, 40, 41, 42, 43, 44, प्राथमिक विद्यालय ठाकुर नगर बूथ सं या 91 से 96 एवं तहसील सदर के बूथ सं या 70, 71, 72 व 73 प्राथमिक विद्यालय चिउटहा पर सुचारू रूप से मतदान प्रक्रिया स पन्न होती पायी गयी। निरीक्षण के दौरान पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान कार्मिकों को निर्देश दिया गया कि वे बिना किसी दबाव के अपना काम सुचारू रूप से स पन्न करें। जिन मतदान केन्द्रों पर मतदाताओं की ल बी लाइन लगी होनी पायी गयी, वहां उनके पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों को प्रोत्साहित करते हुये मतदान प्रक्रिया सकुशल स पन्न कराने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, उप जिला मजिस्ट्रेट एवं तहसीलदार कैंपियरगंज को निर्देशित किया गया कि वे मतदान अवधि के दौरान निरन्तर क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए सकुशल मतदान प्रक्रिया स पन्न कराये तथा मतदान कार्मिकों की छोटी.मोटी समस्याओं का त्वरित निराकरण करायें। सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देशित किया गया कि सायं 06.00 बजे के बाद मतपेटिकाओं को सुरक्षित स्ट्रांग रूम तक पहुँचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करायें।

पुलिस अधीक्षक नगर सोनम कुमार व एडीएम सिटी राकेश कुमार श्रीवास्तव नगर क्षेत्र के खोराबार एवं चरगांवा ब्लाक के अंतर्गत पड़ने वाले मतदान स्थलों का निरीक्षण कर मतदाताओं एवं प्रत्याशियों को कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मतदान करने को कहा। इस दौरान उप नगर मजिस्ट्रेट अर्पित गुप्ता भी मौजूद रहें। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी के नेतृत्व में ब्रह्मपुर विकासखंड के विभिन्न मतदान स्थलों एवं मोतीराम अड्डा खोराबार सहित विभिन्न मतदान स्थलों पर पहुंचकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया गया। क्षेत्राधिकारी गोरखनाथ रत्नेश सिंह अपने सहयोगियों के साथ गुलरिया थाना अंतर्गत विभिन्न मतदान केन्द्र पर पहुंचकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया।

# 70 साल बाद मिला अधिकार खुशी से झूमे वन टांगियां

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**त्रिस्तरीय** पंचायत सामान्य निर्वाचन चुनाव में वन टांगिया गांव के लोगों को पहली बार अपने गांव की सरकार चुनने का मौका मिला। विदित है कि मार्च 2017 में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने के बाद 100 साल से अधिक समय से बसे इस गांव के लोगों को राजस्व गांव का दर्जा मिला। राजस्व गांव का दर्जा मिलने के बाद न सिर्फ इन्हें सभी सरकारी योजनाओं का लाभ मिला बल्कि आजादी के 70 साल बाद इस गांव के लोग अपने गांव की सरकार चुनने जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश के मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लोकप्रिय और चहेता गांव जंगल तिनकोनिया नंबर 3 राजस्व गांव बन चुका है। साल 2017 में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनने के साथ ही वह मौका भी आ गया जब इस गांव के लोग पहली बार गांव की सरकार चुनने जा रहे हैं। गोरखपुर के जंगल तिनकोनिया नंबर-3 के रहने वाले इस गांव के लोगों को मकान, सड़क, बिजली, पानी, स्कूल, विधवा और वृद्धा पेंशन की सुविधा मिल रही है। आपको बता दें इसी गांव में बना हुआ जूनियर हाई स्कूल जो अभी बनकर तैयार हुआ है इसे वोटिंग बूथ बना दिया गया है। यहां पर पहली बार वोट भी पड़ रहें हैं।

यहां के लोगों के अनुसार पहली बार वोट डाल रहे हैं। उनके लिए यह किसी त्योहार से कम नहीं है। लाल चंद इसी गांव के रहने वाले हैं। वह बताते हैं कि उनके पूर्वजों ने भी कभी प्रधान का चुनाव नहीं देखा। वह लोग मुखिया चुनते रहे हैं। पुरखे-पुरनिया के समय में भी वोट नहीं पड़ा। प्रधान का कोई शक्ल नहीं कोई देखा था। उन्हें खुशी है कि वे अपने गांव की सरकार बना रहे हैं। सरोज भी बताती हैं कि उन्हें वोट देकर काफी अच्छा लग रहा है। ओमप्रकाश भी जंगल तिनकोनिया नंबर 3 के रहने वाले हैं। वे कहते हैं कि किसी ने सोचा नहीं था कि कभी यहां पर मतदान होगा। रामलवट इसी गांव के रहने वाले हैं। वे यहां पहली बार अपने गांव की सरकार चुनने जा रहे हैं। वे मतदान अभिकर्ता भी हैं। जंगल तिनकोनिया नंबर तीन के पीओ (पीठासीन अधिकारी) सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि यहां पर कोविड प्रोटोकाल का पालन कर चुनाव स पन्न कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ये बूथ सं या 88 है। यहां पर मास्क और सेनेटाइजर का इस्तेमाल किया जा रहा है।

## बाबा के दिखाये मार्ग पर चलना सच्ची श्रद्धांजलिः विनय

**गोरखपुर।** पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक विनय कुमार त्रिपाठी की अध्यक्षता में बाबा साहब डा. भीमराव अ बेडकर का 130वाँ जन्म दिवस समारोह महाप्रबन्धक सभा कक्ष में बाबा साहब डा. भीमराव अ बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प अर्पित कर मनाया गया। महाप्रबन्धक, प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं वरिष्ठ रेल अधिकारी, रेलवे मजदूर यूनियन के महामंत्री के. एल.गुप्ता तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति एसोसियेशन के महासचिव चन्द्रशेखर सहित काफी सं या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि दी। महाप्रबन्धक ने कहा कि बाबा साहब डा. भीमराव अ बेडकर समाज सुधारक, शिक्षाविद्, विधिवेत्ता, तथा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पी थे। बाबा साहब ने महिलाओं के लिये व्यापक आर्थिक और सामाजिक अधिकारों की वकालत किया। बाबा साहब ने समाज को तीन नारा दिया था शिक्षित बनो, संगठित हो तथा संघर्ष करो। शिक्षित समाज से उनका तात्पर्य एक समझदार, जागरूक और विचारशील समाज का निर्माण करना हैं।

# गोरखपुर में 57 प्रतिशत मतदान



पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

**त्रिस्तरीय पंचायत** सामान्य निर्वाचन के तहत आज जनपद के 20 विकास खंडों में मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे शुरू हुई। जिला प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार उक्त विकास खंडों में मतदान का औसत प्रतिशत शाम पांच बजे तक 57.22 प्रतिशत रहा। खबर लिखे जाने तक पांच बजे शाम तक विकास खंड कैंपियरगंज में सर्वाधिक 64 प्रतिशत मतदाता अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। दूसरे नंबर पर खजनी व पाली विकास खंड रहा जहां पर 61-61 प्रतिशत लोगों ने मतदान किया था। सबसे कम बड़हलगंज में मतदान करने की जानकारी मिली है। यहां पर 51 प्रतिशत लोग मतदान किये थे।

मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे जब शुरू हुई तो लोग कतार में लग गये। बगैर कोविड-19 के प्रोटोकाल का पालन करते हुए लोगों को मतदान करते हुए देखा गया। मास्क लगाए तो दिखे लेकिन सामाजिक दूरी का पालन करना भूल गए। कोरोना संक्रमण तेजी के साथ फैल रहा है। दो घंटे में यानि 9 बजे तक उक्त विकास खंडों में औसतन 9.8 प्रतिशत मतदाता मतदान कर चुके थे। जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया वैसे-वैसे मतदान का प्रतिशत भी बढ़ता गया। 11 बजे तक यह आकड़ा 20.84 प्रतिशत पर पहुंच गया। एक बजे तक 34.25 प्रतिशत लोग मतदान कर चुके थे। तीन बजे तक जनपद के उक्त विकास खंडों में 46.85 प्रतिशत मतदाता त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के महापर्व में भाग ले चुके थे।

## निर्वाचन के दौरान मृत्यु या दिव्यांगता होने पर मिलेगी अनुग्रह राशि

**गोंडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि शासनादेश के प्रावधानानुसार पंचायतों के निर्वाचन के दौरान मृत्यु अथवा दिव्यांगता की दशा में अनुग्रह राशि दिए जाने के व्यवस्था है। प्रशिक्षण अथवा मतदान/मतगणना ड्यूटी के दौरान किसी असामयिक दुर्घटना में मृत्यु की दशा में 15 लाख रूपए, ड्यूटी के दौरान दुर्घटना जैसे असामाजिक तत्वों द्वारा हत्या, रोड माइन्स, बॉम्ब ब्लास्ट, हथियारों से आक्रमण आदि में मृत्यु की दशा में 30 लाख, असामाजिक तत्वों द्वारा हत्या, रोड माइन्स, बॉम्ब ब्लास्ट, हथियारों से आक्रमण आदि के दौरान दुर्घटना में किसी अंग की स्थाई दिव्यांगता जैसे पूरी आंख, हाथ, पैर आदि की पूरी दिव्यांगता की दशा में 15 लाख रूपए तथा किसी अन्य कारण से घटित दुर्घटना में किसी अंग की अस्थाई दिव्यांगता जैसे पूरी आंख, हाथ, पैर आदि की पूरी दिव्यांगता) की दशा में साढ़े सात लाख रूपए की अनुग्रह राशि का भुगतान मृत्यु की दशा में उत्तराधिकारी को तथा दिव्यांगता की दशा में संबंधित निर्वाचन कार्मिक को भुगतान की जाएगी।

# मतदान के पहले प्रधान प्रत्याशी को मारी गोली

**गोरखपुर।** जनपद के खजनी थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव में बुधवार की देर रात तकरीबन 11 बजे चुनावी रंजिश में प्रचार पर निकले पूर्व प्रधान व प्रधान प्रत्याशी राघवेन्द्र दुबे उर्फ गिलगिल को बदमाशों ने गोली मार दी। गोली उनके पेट में लगी है। परिजन उनको उपचार के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देख मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर, घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। ग्रामीणों के अनुसार सुबह भी विपक्षी प्रत्याशी से उनका विवाद हुआ था। विवाद की सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची थी। लेकिन माहौल को पुलिस ठीक से भाप नहीं पाई और बदमाशों ने रात में वारदात को अंजाम दे दिया। मिश्रौलिया गांव निवासी 50 वर्षीय राघवेंद्र पूर्व प्रधान रहने के साथ ही वर्तमान में सामान्य सीट होने पर चुनाव मैदान में थे। विपक्षी से प्रचार के दौरान कई बार नोकझोंक भी हुई थी। लेकिन इसे उन्होंने गंभीरता से नहीं लिया था। बुधवार की रात वह गांव के दूसरे टोला से अपने घर की ओर जा रहे थे कि बाहरी बदमाशों ने घेर कर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही वह जमीन पर गिर के तड़पने लगे। उधर, गोली चलने की आवाज सुनकर गांव के लोग भी दौड़ पड़े। साथ में मौजूद एक समर्थक ने दूसरे प्रत्याशी पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पुलिस को जानकारी दी। आरोप है कि हल्का दरोगा मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ भी लिए थे। मगर फिर उसे छोड़ दिए। पीड़ित के भाई ने घटना की जानकारी जब थानेदार और आला अफसरों को दी तो मौके पर पहुंच कर आनन-फानन में घायल राघवेंद्र को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। गोली लगने से गंभीर राघवेंद्र का प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने मेडिकल कालेज रेफर कर दिया है। पुलिस संदेह के आधार पर प्रधान पद के दूसरे प्रत्याशी शंभू यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। ग्रामीणों ने तीन राउंड गोली चलने की बात कही है।

# श्रावस्ती में शांतिपूर्ण माहौल में मतदान सम्पन्न

## ● सोसल डिस्टेंसिंग की उड़ीं धज्जियां

**श्रवस्ती।** जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के प्रथम चरण में बृहस्पतिवार को 475 मतदान केंद्रों पर 828388 (आठ लाख अट्ठाइस हजार तीन सौ अट्ठासी) मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था ।जिसके लिए प्रसाशन ने सुरक्षा के पुख्ताइंतजाम किये थे। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक रवि कुमार एन0जी0ए देवीपाटन मण्डल के आयुक्त एस0वी0एस0 रंगाराव एवं पुलिस महानिरीक्षक डॉ राकेश कुमार सिंह जिले के कयी मतदान केंद्रों का दौरा कर जायजा लिया तथा निर्वाचन कार्य मे लगे अधिकारियोंध्कर्मचारियो व सुरक्षा में लगे पुलिस के अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों को निष्पक्षए शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में मतदान सम्पन्न कराने का निर्देश दिये।

प्रेक्षक ने विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत मतदान केंद्रध्मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय अकबरपुरए नथ्थापुरवाए लोहनिया, रघुवीर पुरवा, जय चन्दपुर कटघराए भगवानपुर बनकटए बैदेवरा विकास खण्ड गिलौला में औरैया निधानए विकास खण्ड सिरसिया में कोयलहवाए चैलाहीए पटखौली सहित जिले अन्य मतदान केंद्रोंध्मतदेय स्थलों का दौरा कर निरीक्षण किया। वही आयुक्त एवं पुलिस महानिरीक्षक ने विकास खण्ड इकौना के अन्तर्गत मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय भिट्ठी सहित अन्य तमाम मतदान केंद्रों का भ्रमण कर ब्यवस्थाओ का जायजा लिया। जनपद में कुछ छुटपुट मामलों को छोड़कर सभी स्थानों पर मतदान शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। मतदाताओं में गजब का उत्साह दिखाई दिया चिलचिलाती धूप में भी मतदाता लाइन में लग कर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे।

### नही दिखाई दी शोसल डिस्टेंसिंग

कोरोना महामारी को देखते हुए चुनाव आयोग ने मतदान के दौरान गाईड लाइन जारी की थी जिसमें मतदान के समय मतदाता को मास्क व शोसल डिस्टेंसिंग का पालन करना जरूरी था इसके बावजूद भी कई मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की भारी भीड़ में लोग एक दूसरे से सटकर खड़े दिखे। यह तस्बीरें शोसल डिस्टेंसिंग की ब्यवस्था को आइना दिखाने के लिए काफी था। कई मतदान केंद्रों पर पर मतदान करने पहुंचे मतदाता बिना मास्क के ही लाइनों में नजर आये।

### मतदान केंद्र के बाउंड्री पर प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह वाले पोस्टर लगे मिले

मतदान के दौरान चुनाव आचार संहिता का पालन न करते हुये मतदान के दिन भी विकास खण्ड हरिहरपुररानी के ग्राम पटना के मतदान केंद्र की बाउंड्री पर प्रत्याशी के चुनाव चिन्ह वाले पोस्टर लगे नजर आयेए इस दौरान बूथ पर पहुँचने वाले वरिष्ठ अधिकारी भी इन पोस्टरों को वहाँ से हटाना मुनासिब नहीं समझे।

# पोलिंग पार्टियों की रवानगी व मतगणना को लेकर अधिग्रहीत किए गए विद्यालय

**गोंडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी मार्कंडेय शाही ने त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2021 के अंतर्गत मतदान की तारीख 19 अप्रैल तथा मतगणना की तारीख 02 मई को सकुशल संपन्न कराने के लिए जनपद में मतदान पार्टियों की रवानगी एवं वापसी स्ट्रॉन्ग रूम तथा मतगणना केंद्र के संबंध में स्थल का निर्धारण कर अधिग्रहण आदेश जारी कर दिया है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विकासखंड पंडरी कृपाल की पोलिंग पार्टी गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी, झंझरी की पोलिंग पार्टी अलहई महाविद्यालय उम्मेदजोत, मुजेहना की पोलिंग पार्टी चंद्रशेखर रामराजी स्नातकोत्तर महाविद्यालय माधवगंज धानेपुर, इटियाथोक की पोलिंग पार्टी रामदेव प्रसाद शुक्ला स्मारिका इंटर कॉलेज रामदेव नगर इटियाथोक, रुपईडीह पोलिंग पार्टी पार्वती इंटर कॉलेज आर्य नगर छतौनी, हलधरमऊ की पोलिंग पार्टी रघुराज शरण सिंह महाविद्यालय नकहा बसंत गोंडा, परसपुर की पोलिंग पार्टी तुलसी स्मारक इंटर कॉलेज परसपुर, कटरा बाजार की पार्टी भारतीय इंटर कॉलेज वीरपुर कटरा, कर्नलगंज की पार्टी मंडी समिति, नवाबगंज की पोलिंग पार्टी महात्मा गांधी इंटर कॉलेज नवाबगंज, बेलसर की महाराजा देवी बक्श सिंह इंटर कॉलेज बेलसर, तरबगंज की पोलिंग पार्टी किसान बालिका इंटर कॉलेज तरबगंज, वजीरगंज की पोलिंग पार्टी श्री दयानंद आयुर्वेदिक इंटर कॉलेज वजीरगंज, मनकापुर की डीपी इंटर कॉलेज मनकापुर, छपिया की पार्टी मां गायत्री रामसुख पांडेय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मसकनवा तथा ब्लॉक बभनजोत की पोलिंग पार्टी इंटर कॉलेज गाजीपुर गौरा चौकी से रवाना होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि अधिग्रहित विद्यालयों में ही पंचायत चुनाव की मतगणना का कार्य भी आगामी 02 मई को संपन्न कराया जाएगा।

## नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा के लगे जयकारे

**प्रतापगढ़।** वासंतिक नवरात्र के तीसरे दिन श्रद्धालुओं ने मां दुर्गा के चंद्रघंटा स्वरुप की पूजा अर्चना की और जयकारे लगाये। मां चंद्रघंटा का यह स्वरुप परम शान्तिदायक और कल्याणकारी है। बेल्हा देवी धाम सहित सभी प्रमुख देवी मंदिरों में मां के इसी स्वरूप का श्रृंगार किया गया। नवरात्र के तीसरे दिन देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने कोविड नियमों का पालन करते हुए मां के दरबार में हाजिरी लगाई और पूजन अर्चन किया। बेल्हा देवी धाम सहित सभी देवी मंदिरों पर श्रद्धालुओं को दूर से दर्शन पूजन की छूट दी गई है। संक्रमण के कारण प्रतिमा के करीब जाने व उसे छूने पर रोक है। इसके अलावा फेस मास्क लगाना व हाथ सेनिटाइज करना अनिवार्य किया गया है। बेल्हा देवी धाम के पुजारी राजा पंडा ने बताया कि संक्रमण की दहशत से अपेक्षित श्रद्धालु नहीं जुट रहे, फिर भी जो लोग मंदिर आ रहे हैं उन्हें नियम का पालन करते हुए दर्शन कराया जा रहा है।

# प्रशासन व पुलिस की निगाहों से नहीं बच सकेगा कोई अपराधीः डीएम

**गोंडा।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगर निकाय) मार्कण्डेय शाही ने कहा कि प्रत्येक मतदान कार्मिक कोविड-19 की गाईडलाईन का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करेगा। उन्होंने कहा कि सभी मतदान कार्मिक मास्क और गलब्स पहने रखेंगे साथ ही हैण्ड सेनेटाइजर का प्रयोग करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए सभी मतदान कर्मी निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी को संक्रमण से बचते हुए चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराना है। उन्होंने कहा अपराधिक प्रवृति वाले उम्मीदवारों पर प्रशासन और पुलिस की निगाह है। किसी ने भी कोई हरकत की तो उसे बख्शा नहीं जायेगा।

जिला मजिस्ट्रेट मार्कण्डेय शाही और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि महिला मतदान कार्मिकों को किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कोविड-19 के प्रोटोकॉल का पालन करते हुए निर्भीक होकर चुनाव सम्पन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पीठासीन अधिकारी यह सुनिश्चित कर लेंगे कि उन्हें मेडिकल किट उपलब्ध करायी गयी है अथवा नहीं। साथ ही रवानगी से पहले यह भी देख लें कि उन्होंने चुनाव से संबंधित सभी आवश्यक सामग्री प्राप्त कर ली है अथवा नहीं। जिला मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी पीठासीन अधिकारी रिटर्निंग ऑफिसर से लगातार सम्पर्क में रहेंगे। उन्होने कहा कि मतदान कार्मिकों की वजह से कंही पर भी कोई भी समस्या न आने पाए। उन्होंने कहा कि कोई भी मतदान कार्मिक किसी का कोई आतिथ्य स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दिन कार्मिकों को उनके गन्तव्य तक जाने के लिए पेमेन्ट बेसिस पर रोडवेज की बसें विभिन्न रूटों पर उपलब्ध रहेगीं। इसके अलावा मतदान समाप्त होने पर मत पेटिका जमा होने के उपरांत महिला कर्मियों को बसों के माध्यम से सुरक्षित उनके गंतव्य पर पहुंचाया जायेगा।

# जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

संवाददाता। गोंडा

**जिला** जज मयंक कुमार जैन के निर्देश के अनुपालन में गुरूवार को जिला कारागार में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन एवं निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री सुषमा द्वारा कोविड-19 प्रोटोकाल का पालन करते हुए किया गया।




विधिक साक्षरता शिविर में उपस्थित समस्त बन्दियों को कोविड-19 प्रोटोकाल का कड़ाई से अनुपालन करने एवं अनिवार्य रूप से साफ-सफाई व आवश्यक दूरी बनाये रखने हेतु बताया गया। सचिव द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता के सन्दर्भ में संवैधानिक उपबन्ध, दण्ड प्रक्रिया संहिता में वर्णित उपबन्ध व माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये अद्यतन निर्णयों पर भी विस्तृत रूप से जानकारी दिया गया। इस दौरान सचिव द्वारा कारागार अस्पताल का निरीक्षण करते समय इलाज हेतु भर्ती बंदीगण के स्वास्थ्य आदि के बारे में पूछताछ किया गया। साथ ही बन्दीगण के समुचित इलाज हेतु जेल अधीक्षक व फार्मासिस्ट को निर्देशित किया गया।

भोजनालय का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु आवश्यक निर्देश देते हुए कोविड-19 प्रोटोकाल का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु बताया गया। सचिव द्वारा महिला बैरक का निरीक्षण करते समय महिला बन्दियों तथा उनमें से गर्भवती एवं धात्री को उनके खान-पान, रहन-सहन एवं शुद्ध पेयजल सम्बन्धित सुविधाओं एवं उनकी उचित सुरक्षा के सम्बन्ध में जेल अधीक्षक को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर जेल अधीक्षक शशिकान्त, जेलर दीपांकर भारती तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के लिपिक मुकेश कुमार वर्मा व पी0एल0वी0 श्रीमती कंचन सिंह आदि उपस्थित रहे।

## क्विक न्यूज

### नाम कटने के विरोध में प्रदर्शन

**गोरखपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कई बार मतदाता सूची का पुनरीक्षण कराया। बावजूद इसके जनपद के कई ऐसे विकाख खंड के कई ऐसे गांव रहें जहां पर मतदाताओं का नाम सूची से गायब रहा। इसकी जानकारी उन्हें तब हुई जब आज वह सुबह मतदान करने के लिए मतदेय स्थल एवं बूथों पर पहुंचे। इसे लेकर उन्होंने विरोध प्रदर्शन भी किया। अधिकारियों की सूझ-बूझ से वह शांत हुए। बताया जाता है कि गगहा के कुछ बूथों पर मतदाताओं का नाम काटे जाने को लेकर ग्रामीणों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया। ग्राम प्रधान पद का एक प्रत्याशी धरने पर भी बैठ गया। गगहा ब्लॉक की ग्राम सभा सकरी के भटौरा गांव के लोगों का आरोप है कि कम से कम 135 लोगों के नाम साजिशन काटे गए हैं। लोगों ने पूरे गांव द्वारा चुनाव का बहिष्कार किए जाने का ऐलान कर दिया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि गांव के लोग आने वाले समय में भी किसी भी चुनाव में वोट नहीं डालेंगे। उन्होंने मतदाता सूची से नाम काटे जाने की जांच कराने की मांग की। बताया तो यह भी जाता है कि सरदारनगर के टेलहनापार ग्राम पंचायत में वार्ड नंबर एक से 13 तक के ग्राम पंचायत सदस्य चुनाव के लिए बैलेट पेपर नहीं पहुंचा। सदस्य चुनाव नहीं हो पा रहा है। लोगों ने इसकी सूचना अधिकारियों दी।

### बुजुर्ग मतदाताओं ने किया मतदान



**गोरखपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के महापर्व में हर कोई भाग लेने के लिए आतुर दिखा। पहली बार मतदाता बने युवाओं में जहां मतदान को लेकर उत्साह देखा गया तो वहीं पर चलने फिरने में अस्मर्थ बुजुर्गों ने भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चरगांवा ब्लाक के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय देवीपुर व जंगल कौड़िया ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मीरपुर पर कुछ ऐसे भी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने आए जो पूरी तरीके से बुजुर्ग व अस्वस्थ थे। उनके बच्चों ने उन्हें गोद में उठाकर मतदेय स्थल एवं बूथ तक लाया और मतदान कराया।

### नफर गिरफ्तार, कच्ची शराब, यूरिया व नौसादर बरामद

**गोरखपुर।** रामगढ़ताल थाने की पुलिस टीम ने एक नफर अभियुक्त को गिर तार कर उसके पास से 100 लीटर कच्ची शराब, 5 सौ ग्राम यूरिया व 5 सौ ग्राम नौसादर बरामद किया है। क्षेत्र में मामूर प्रभारी निरीक्षक जगत नारायण सिंह, उ.नि. विशाल कुमार उपाध्याय ने मुखबिर खास की सूचना पर सन्तोष निषाद पुत्र लालचन्द निषाद नि. अजवनिया थाना रामगढताल को कठऊर मोड से गिर तार किया।

### आईजी ने छात्र को प्रदान की साइकिल



**गोंडा।** पुलिस महानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र डॉ0 राकेश सिंह ने जिले के एक छात्र को टूर्शन आने-जाने हेतु साइकिल प्रदान कर छात्र का मनोबल बढ़ाया है। ज्ञात हो कि जनपद के एक छात्र शिवेश शुक्ला (काल्पनिक नाम) की कुछ दिन पहले साइकिल कहीं गुम हो गयी थी। जिससे छात्र को ट्यूशन आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिसकी जानकारी पुलिस महानिरीक्षक कार्यालय के मीडिया सेल द्वारा आई0जी0 डॉ0 राकेश सिंह को दी गयी। जिस पर आई0जी0 डा0 सिंह ने स्वयं के खर्चे से छात्र को उपहार स्वरुप नयी साइकिल प्रदान की गयी है। साथ ही आई0जी0 द्वारा छात्र को मेहनत व लगन के साथ पढ़ाई करने की नशीहत भी गयी। वहीं नई साइकिल पाकर छात्र ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पुलिस महानिरीक्षक डा0 सिंह को धन्यवाद दिया है।

### प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह बदला

**करनैलगंज ( गोंडा )।** चार दिन चुनाव प्रचार करने के बाद एक प्रत्याशी का चुनाव चिन्ह बदल दिया गया। पहले वह प्रत्याशी खड़ाऊ का चुनाव चिन्ह पाकर उसका पूर्णा प्रचार कर रहा था उसके बाद बुधवार को उसे चुनाव चिन्ह कैमरा दिया गया। करनैलगंज ब्लॉक के ग्राम करूवा के प्रधान पद प्रत्याशी रघुनाथ प्रसाद ने बताया कि चुनाव चिन्ह को लेकर उसे पहले से ही अंदेशा था कि चुनाव चिन्ह अल्फाबेट के प्रसाद ने बताया कि वह 4 दिनों से खड़ाऊ चुनाव चिन्ह का प्रचार कर रहा था और बुधवार को दूसरा चुनाव चिन्ह दिया गया। जिससे उसके सामने समस्या खड़ी हो गई।

### मतदान तक बन्द रहेंगी मादक वस्तुओं की दुकानें: डीएम

**गोंडा।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट मार्कण्डेय शाही ने जनपद में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत 19 अप्रैल को होने वाले मतदान कार्य के दृष्टिगत लोक शांति बनाए रखने हेतु मतदान की समाप्ति से 48 घन्टे पूर्व (17 अप्रैल की शाम 06 बजे से मतदान की तारीख 19 अप्रैल की शाम 06 बजे तक) निर्वाचन क्षेत्र तथा उसके चारों ओर 08 किलोमीटर क्षेत्र में मादक वस्तुओं की बिक्री के लिए आबकारी दुकानें जैसे देशी मदिरा, विदेशी मदिरा, बीयर शॉप, भांग एवं ताड़ी की फुटकर बिक्री की दुकानें पुर्णतः बन्द रखे जाने के आदेश दिए है। जिला मजिस्ट्रेट ने यह भी बताया कि मतगणना के दिन भी जनपद में मादक वस्तुओं की समस्त दुकानें बन्द रहेंगी।

## गंगजी की जापान में निराशाजनक शुरूआत

नागोया ( **जापान** )। भारतीय गोल्फर राहिल गंगजी ने गुरूवार को जापान गोल्फ टूर के सत्र के शुरूआती टोकन होममेट कप के पहले दौर में पांच ओवर 77 का कार्ड खेलकर निराशाजनक शुरूआत की। यह टूर्नामेंट कोविड-19 के कड़े प्रोटोकॉल के कारण दर्शकों के बिना खेला जा रहा है। पिछले महीने तक भारत में घरेलू टूर में खेल रहे गंगजी दो हफ्ते पृथकवास के बाद टूर से जुड़े। रयोसुके किनोशिता छह अंडर 65 के बोगी फ्री कार्ड से एकल बढ़त बनाए हैं। उन्होंने मिकिया अकुत्सु, तोमोहिरो इशिजाका और शिंतारो कोबायिशि पर एक शॉट की बढ़त बनाई हुई है जिन्होंने 66 के कार्ड खेले। गंगजी शुरू में ही मुश्किल में फंस गए, उन्होंने 11वें होल में बोगी के बाद 12वें होल में ट्रिपल बोगी कर दी। वह तीन होल तक चार ओवर पर थे। इसके बाद उन्होंने 15वें होल में बर्डी की और 18वें में बोगी कर दी। तीसरे होल में वह बर्डी करने में सफल रहे लेकिन सातवें होल में फिर एक शॉट ड्राप कर बैठे।

## विश्वनाथन आनंद के पिता का निधन

**चेन्नई**। पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद के पिता के विश्वनाथन का बीमारी के बाद यहां गुरूवार को निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उन्होंने शहर के एक अस्पताल में आखिरी सांस ली। दक्षिण रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक विश्वनाथन के दो बेटे और एक बेटी हे। आनंद की पत्नी अरूणा ने कहा कि आनंद का उन्होंने काफी साथ दिया। उन्होंने आनंद की विश्व चैम्पियनशिप में सारी जीत देखी। उन्होंने अपने बेटे को अच्छे संस्कार दिए और आनंद की उपलब्धियों पर उन्हें गर्व था।

## अदिति ने सत्र की सर्वश्रेष्ठ शुरुआत की

कापोलेई ( **अमेरिका** )। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने लोटे चैंपियनशिप के पहले दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ 2021 एलपीजीए सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। साल के अपनी पांचवीं प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही अदिति ने इस साल पहली बार अंडर 70 का स्कोर बनाया। दसवें होल से शुरुआत करने वाली अदिति ने चार बर्डी की लेकिन वह एक बोगी भी कर गई जिससे उनका स्कोर तीन अंडर रहा। अदिति ने 2021 में इससे पहले सभी चार टूर्नामेंट में कट हासिल किया है। ब्रिटेनी अल्टोमेयर और फिलिपिना युका सासो दोनों 64 के स्कोर के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रही हैं।

## मैनचेस्टर सिटी चैम्पियंस लीग सेमीफाइनल में

**डॉर्टमंड**। पेप गार्डियोला की मैनचेस्टर सिटी ने चैम्पियंस लीग क्वार्टर फाइनल में हार का क्रम तोड़ते हुए बोरूशिया डॉर्टमंड को औसत के आधार पर 4-2 से हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया।। मैनचेस्टर सिटी ने बुधवार को खेले गए मैच में 2-1 से जीत दर्ज की। गार्डियोला के कोच रहते सिटी पांचवें प्रयास में अंतिम चार में पहुंची है। अब उसका सामना पेरिस सेंट जर्मेन से होगा जिसने बायर्न म्युनिख को हराया।

## रीयल मैड्रिड भी अंतिम चार में


**लिवरपूल**। जिनेदीन जिदान के मार्गदर्शन में रीयल मैड्रिड ने शानदार वापसी करते हुए लिवरपूल को हराकर चैम्पियंस लीग फुटबॉल के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। लिवरपूल के कोच जर्गेन क्लॉप के नाम सत्र में कोई खिताब नहीं रहा। रिकॉर्ड 13 बार की यूरोपीय चैम्पियन मैड्रिड का सामना सेमीफाइनल में चेलसी से होगा। लिवरपूल को 2018 फाइनल में हराकर लगातार तीसरी बार यूरोपीय कप जीतने के बाद मैड्रिड पहली बार अंतिम चार में पहुंची है। जिदान ने कहा कि हम मिलकर आगे बढ रहे हैं और यह टीम हमेशा ऐसा करती है। बतौर कोच 2018 फाइनल में मिली जीत जिदान के पहले कार्यकाल का आखिरी मैच था लेकिन टीम का प्रदर्शन खराब होने पर उन्हें 2019 में फिर कोच बनाया गया। इस सत्र में हालांकि कुछ समय पहले तक नतीजे अनुकूल नहीं थे। ला लिगा में जनवरी में एटलेटिको मैड्रिड से दस अंक से पिछड़ी उनकी टीम अब सिर्फ एक अंक पीछे है।

## दक्षिण अफीकी महिला टीम को मिला इनाम

**जोहानिसबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम को पिछले महीने भारत के खिलाफ उसकी सरजमीं पर दो द्विपक्षीय श्रृंखला जीतने के लिए पांच लाख रैंड की इनामी राशि दी जाएगी। देश के खेल मंत्री नाथी एमथेत्वा ने यह घोषणा की। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने पांच मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भारत को 4-1 से हराने के बाद टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला भी 2-1 से जीती। खेल उत्कृष्टता पुरस्कारों के दौरान एमथेत्वा ने घोषणा की कि टीम की सदस्यों के बीच पांच लाख रैंड (26 लाख 28 हजार रुपए) की राशि बराबर बांटी जाएगी। एमथेत्वा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका की महिला क्रिकेट टीम ने एक बार फिर एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टी20 श्रृंखला जीतकर (भारत में) इतिहास रचा। उन्होंने कहा कि भारतीय दौरे से पहले टीम ने आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई जिसका आयोजन पिछले साल आस्ट्रेलिया में किया गया। दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने फरवरी में स्वदेश में पाकिस्तान को टी-20 और एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय दोनों श्रृंखलाओं में 3-0 से हराया जिसके एमथेत्वा ने शानदार प्रदर्शन करार दिया। कई अन्य खिलाड़ियों को भी 20-20 हजार रैंड की इनामी राशि दी गई।

## पायस विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर

**नई दिल्ली**। भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी पायस जैन नई शुरू की गई आईटीटीएफ अंडर-17 विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज हैं। मंगलवार को जारी ताजा आईटीटीएफ रैंकिंग में पायस तालिका में शीर्ष पर चल रहे चीन के युआनयु चेन (2612) से 268 रैंकिंग अंक पीछे हैं जबकि तीसरे स्थान पर काबिज पुअर्तो रिको के एंजेल नारंजो (2229) से आगे हैं। दिल्ली के 17 साल के पायस ने सितंबर 2019 में एशियाई कैडेट एवं जूनियर चैम्पियनशिप में रजत पदक जीता था। पायस से पहले मानव ठक्कर 2018 में अंडर-18 वर्ग में दूसरे नंबर के खिलाड़ी रहे थे। अंतरराष्ट्रीय महासंघ ने कैडेट्स (अंडर-15) और युवा (अंडर-19) के बीच चार साल के अंतर को भरने के लिए नई रैंकिंग शुरू की है जिससे इन दोनों वर्गों के बीच की उम्र के खिलाड़ियों की प्रगति पर नजर रखने में मदद मिले। आईटीटीएफ ने इस तरह जूनियर टेबल टेनिस खिलाड़ियों की रैंकिंग बढ़ाकर अंडर-19 कर दी है।




ओसाका (जापान) में चल रही विश्व टीम ट्राफी फीगर स्केटिंग चैंपियनशिप में प्रदर्शन करती फ्रांसीसी जोड़ी एडलीना गेलविया और लुईस थरून

# विराट कोहली बीते दशक के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर बने

### सचिन तेंदुलकर और कपिल को भी विजडन ने किया सम्मानित

भाषा। लंदन



**भारतीय** कप्तान विराट कोहली को विजडन अलमैनाक ने 2010 वाले दशक का सर्वश्रेष्ठ एक दिवसीय क्रिकेट चुना है जबकि इंग्लैंड के हरफनमौला बेन स्टोक्स को लगातार दूसरे साल वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। 32 वर्ष के कोहली ने अगस्त 2008 में श्रीलंका के खिलाफ एक दिवसीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में शुमार कोहली ने 254 वनडे में 12169 रन बनाए हैं। विजडन ने कहा कि पहले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच की 50वीं सालगिरह पर हर दशक से पांच वनडे क्रिकेटरों को चुना गया है।

इसने अपनी वेबसाइट पर कहा , 1971 से 2021 के बीच हर दशक के लिए एक सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया है।कोहली को 2010 वाले दशक के लिए चुना गया। विश्व कप 2011 विजेता भारतीय टीम के सदस्य रहे कोहली ने 10 साल में 11000 से ज्यादा रन बनाए हैं जिसमें 42 शतक शामिल हैं। सचिन तेंदुलकर को नब्बे के दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। तेंदुलकर ने 1998 में नौ वनडे शतक जमाए थे। भारत के विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव को अस्सी के दशक का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। कपिल की कप्तानी में भारत ने 1983 विश्व कप जीता था। उन्होंने उस दशक में सर्वाधिक विकेट लिए और सबसे अधिक स्ट्राइक रेट से एक हजार से अधिक रन बनाए। स्टोक्स को लगातार दूसरे साल वर्ष का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने बीते साल 58 मैचों में 641 टेस्ट रन बनाए जबकि 19 विकेट लिए। आस्ट्रेलिया की बेथ मूनी को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर और वेस्टइंडीज के कीरोन पोलार्ड को सर्वश्रेष्ठ टी20 क्रिकेटर चुना गया।

**आउट होने पर नाराजगी जताने पर कोहली को फटकार**

**चेन्नई**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल के मैच में आउट होने पर गुस्से में कुर्सी को लात मारने के कारण आईपीएल की आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर फटकार लगाई गई। कोहली ने 29 गेंद में 33 रन बनाए हालांकि वह अपने चिर परिचित फॉर्म में नहीं दिखे। उनकी टीम ने छह रन से मैच जीता। आईपीएल ने एक बयान में कहा कि कोहली ने आईपीएल की आचार संहिता की धारा 2.2 के तहत लेवल एक का अपराध स्वीकार किया है। इसके लिए मैच रैफरी का फैसला अंतिम और सर्वमान्य होता है।

# जीत की राह पर लौटने के इरादे से उतरेगी सुपरकिंग्स

### पंजाब किंग्स के साथ मुकाबला आज

भाषा। मुंबई

**महेंद्र** सिंह धोनी की चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल में जीत की राह पर लौटने के लिए शुक्रवार को पंजाब किंग्स के मजबूत बल्लेबाजी क्रम के सामने गेंदबाजी में सुधार करके उतरना होगा। चेन्नई को पहले मैच में दिल्ली कैपिटल्स ने सात विकेट से हराया जबकि पंजाब किंग्स ने राजस्थान रॉयल्स को चार रन से मात दी। वानखेड़े स्टेडियम पर ओस की भूमिका को ध्यान में रखते हुए टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी करना चाहेगी।

चेन्नई ने यहां पहले मैच में सात विकेट पर 188 रन बनाए थे जिसमें सुरेश रैना ने 54, मोईन अली ने 36 और सैम कुरेन ने 34 रन का योगदान दिया था। सलामी बल्लेबाज रितुराज गायकवाड़, फाफ डु प्लेसी और धोनी उस मैच में नहीं चल सके थे। उसके बाद चेन्नई के गेंदबाज बड़ा स्कोर भी नहीं बचा सके। शिखर धवन और पृथ्वी साव ने दिल्ली के लिए 138 रन की साझेदारी करके मैच आसानी से जीता। दीपक चाहर, सैम कुरेन, शारदुल ठाकुर, रविंद्र जडेजा और मोईन अली सभी ने रन लुटाए। अब कुशल रणनीतिकार धोनी पर दारोमदार होगा कि इस हार के सदमे से निकालकर टीम को अच्छे प्रदर्शन के लिए प्रेरित करें।

उन्हें इसके लिए मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। दूसरी ओर पंजाब किंग्स पहले मैच में छह विकेट पर 221 रन बनाने के बावजूद रॉयल्स के हाथों हार से बाल बाल बची। सलामी बल्लेबाज के तौर पर उतरे केएल राहुल ने 50 गेंद में 91 रन बनाए जबकि क्रिस गेल ने 28 गेंद में 40 और दीपक हुड्डा ने 28 गेंद में 64 रन का योगदान दिया।

पंजाब के लिए चिंता का सबब उनकी बल्लेबाजी नहीं बल्कि गेंदबाजी है। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने पहले मैच में 63 गेंद में 119 रन बनाकर अकेले दम पर ही जीत दिला दी थी लेकिन चार रन से चूक गए। **टीमें**- चेन्नई सुपर किंग्स : महेंद्र सिंह धोनी (कप्तान), सुरेश रैना, अंबाती रायुडू, केएम आसिफ, दीपक चाहर, ड्वेन ब्रावो, फाफ डु प्लेसी, इमरान ताहिर, एन जगदीशन, कर्ण शर्मा, लुंगी एनगिडि, मिशेल सेंटनेर, रविंद्र जडेजा, रूतुराज गायकवाड़, शारदुल ठाकुर, सैम कुरेन, आर साइ किशोर, मोईन अली, के गौतम, चेतेश्वर पुजारा, हरिशंकर रेड्डी, भागनाथ वर्मा, सी हरि निशांत। पंजाब किंग्स: लोकेश राहुल (कप्तान), मयंक अग्रवाल, क्रिस गेल, मनदीप सिंह, प्रभसिमरन सिंह, निकोलस पूरण, सरफराज खान, दीपक हुड्डा, मुरुगन अश्विन, रवि बिश्नोई, हरप्रीत बरार, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह, इशान पोरेल, दर्शन नालकंडे, क्रिस जोर्डन, डेविड मलान, झाय रिचर्डसन, शाहरुख खान, रिले मेरेडिथ, मोइजेस हेनरिक्स, जलज सक्सेना, उत्कर्ष सिंह, फैबियन एलेन और सौरभ कुमार।

**शाहबाज ने अपने प्रदर्शन से खुद को साबित किया: सिराज**

**चेन्नई**। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का मानना है कि स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला शाहबाज अहमद ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ मैच जिताने वाला प्रदर्शन करके अपनी उपयोगिता साबित कर दी है। अहमद ने एक ही ओवर में तीन विकेट लेकर मैच की तस्वीर पलट दी।

आरसीबी ने आठ विकेट पर 149 रन का स्कोर बनाने के बावजूद छह रन से मैच जीत लिया। सिराज ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि शाहबाज अहमद और रजत पाटीदार दोनों ने अभ्यास मैचों में शानदार प्रदर्शन किया था। बतौर हरफनमौला शाहबाज के आने से हमें एक अतिरिक्त विकल्प मिला। विकेट धीमा था और टर्न ले रहा था जिस पर शाहबाज असरदार साबित हुआ।

# सरिता फाइनल में कांसे के लिए सीमा और पूजा भिड़ेंगी



### एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप

भाषा। अलमाटी

**मौजूदा** खिताबधारी सरिता मोर ने गुरूवार को एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप ने शुरूआती दौर के मुकाबले में करीबी हार के बाद शानदार वापसी करते हुए 59 किग्रा फाइनल में प्रवेश किया जबकि सीमा बिस्ला (50 किग्रा) और पूजा (76 किग्रा) अपने सेमीफाइनल हारने के बाद कांस्य पदक के लिए भिड़ेंगी। नई दिल्ली में 2020 चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली सरिता शुरूआती मुकाबले में मंगोलिया की शूवदोर बातरजाव से 4-5 के अंतर से हार गई थीं लेकिन उन्होंने अगले दौर में कजाखस्तान की डायना कायुमोवा के खिलाफ शानदार वापसी की और पहले पीरियड में तकनीकी श्रेष्ठता से जीत हासिल की। सरिता कजाखस्तान की पहलवान के खिलाफ काफी आक्रामक रहीं और उन्होंने प्रतिद्वंद्वी को गिराने के बाद उसका गला जकड़ लिया।

इसके बाद उन्होंने किर्गिस्तान की नूरेडा अनारकुलोवा के खिलाफ सेमीफाइनल में भी शुरू से ही आक्रामकता जारी रखी और फाइनल में जगह बनाई। अब उनके पास शूवदोर से बदला चुकता करने का मौका होगा क्योंकि वह भी फाइनल में पहुंच गई हैं। वहीं 50 किग्रा की स्पर्धा में सीमा की शुरूआत काफी खराब रही जिसमें वह कजाखस्तान की वेलेंटिना इवानोवना के खिलाफ शुरूआती मुकाबला गंवा बैठीं लेकिन उन्होंने भी अगले दौर में मंगोलिया की एनुदारी नंदिंतसेतसेग के खिलाफ शानदार वापसी की और 7-3 से जीत दर्ज की। उन्हें सेमीफाइनल में उज्बेकिस्तान की जैस्मिना इमाएवा से कड़ी चुनौती मिली जिसे वह 2-3 से हार गईं। अब उन्हें कांस्य पदक जीतने के लिए ताइपे की यंग सुन लिन को हराना होगा।

वहीं 76 किग्रा वजन वर्ग में पूजा ने कोरिया की सियोयिओन जियोंग के खिलाफ 2-0 की जीत से शुरूआत की और इसके बाद उन्होंने उज्बेकिस्तान की ओजोडा जारीपबोएवा को भी हरा दिया। हालांकि सेमीफाइनल में वह कजाखस्तान की एलमिरा सिजडिकोवा की बराबरी नहीं कर सकीं और हार गई। निशा को 68 किग्रा वर्ग के दोनों शुरूआती मुकाबलों में हार से बाहर होना पड़ा। वह कोरिया की युन सुन जियोंग से हारने के बाद मंगोलिया की डेलगेरमा एंखसाईखान से पराजित हो गईं।

# चानू व जेरेमी की निगाहें अच्छे प्रदर्शन पर

### एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप

भाषा। ताशकंद

**पूर्व** विश्व चैम्पियन मीराबाई चानू शुक्रवार से यहां शुरू होने वाली एशियाई भारोत्तोलन चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुआई करते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहेंगी जिन्होंने पिछले एक साल से भी ज्यादा समय से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है।

भारतीय खिलाड़ियों ने पिछला टूर्नामेंट फरवरी 2020 में राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में खेला था लेकिन इसके बाद कोविड-19 महामारी के चलते भारोत्तोलन कार्यक्रम उथल पुथल हो गया और उनका अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट दिसंबर 2019 में कतर अंतरराष्ट्रीय कप था। महामारी के कारण पिछले साल स्थगित हुए गोल्ड स्तर के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में 26 साल की चानू भारत के लिए पदक की सबसे बड़ी उम्मीद हैं। 49 किग्रा वजन वर्ग में खेलने वाली चानू भी अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ (203 किग्रा) प्रदर्शन में सुधार करने और पोडियम स्थान हासिल करने के लिए उत्साहित होंगी। वह 2019 के चरण में मामूली अंतर से कांस्य पदक जीतने से चूक गई थीं। चीन की झांग रोंग ने चानू की तरह 199 अंक का समान स्कोर बनाया था लेकिन स्नैच में अधिक अंक हासिल करने से भारतीय भारोत्तोलक पदक से चूक गई। पीठ की चोट से उबरने के बाद चानू के प्रदर्शन में लगातार सुधार हुआ है। 2019 विश्व चैम्पियनशिप में मणिपुरी खिलाड़ी ने 201 (87 किग्रा , 114 किग्रा) किग्रा का वजन उठाकर 200 किग्रा का आंकड़ा पार कर दिया था। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पिछले साल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में था जिसमें उन्होंने स्नैच में 88 किग्रा और क्लीन एवं जर्क में 115 किग्रा से कुल 203 किग्रा का वजन उठाया था। लेकिन इसके बाद कोविड-19 के कारण खेल गतिविधियां बंद हो गईं।

वह पीठ के निचले हिस्से में दर्द के उपचार के लिए पिछले साल अमेरिका भी गई थीं जिसका उन्हें फायदा मिलना चाहिए। इस टूर्नामेंट में भाग लेकर चानू का ओलंपिक स्थान भी पक्का हो जाएगा क्योंकि वह छह में से पांच अनिवार्य क्वालीफाइंग टूर्नामेंट में हिस्सा ले लेंगी। नए नियमों के अंतर्गत तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने के लिए एक भारोत्तोलक को छह छह महीने (नवंबर 2018 से अप्रैल 2020) के तीन पीरियड में से प्रत्एक में एक टूर्नामेंट में हिस्सा लेना चाहिए और कम से कम ओवरऑल छह प्रतियोगिताओं में जिसमें से एक कम से कम गोल्ड और सिल्वर स्तर की प्रतियोगिता हो।

पुरुष भारोत्तोलकों में सभी की निगाहें 2018 युवा ओलंपिक खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जेरेमी लालरिनुंगा पर लगी होंगी। 18 साल का यह खिलाड़ी शीर्ष आठ से बाहर सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग पर काबिज एशियाई है और 67 किग्रा में 22वें स्थान पर काबिज है। वह अपने रेटिंग अंक बढ़ाने और ओलंपिक स्थान पक्का करने के लिए प्रतिबद्ध होगा।

मिजोरम के इस भारोत्तोलक ने स्नैच, क्लीन और जर्क तथा कुल भार में 306 किग्रा (140 किग्रा व 166 किग्रा) के प्रयास से अपने अंतिम अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपना ही युवा विश्व और एशियाई रिकार्ड तोड़ा था।

## अंतिम लक्ष्य ओलंपिक पदक जीतना: मनप्रीत

**ब्यूनस आयर्स**। भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि ओलंपिक चैम्पियन अर्जेंटीना के खिलाफ मिली सफलता से टीम का मनोबल बढ़ा है लेकिन टोक्यो ओलंपिक में पदक जीतने के लिए अभी कई कमजोरियों से पार पाना होगा। आठ बार की चैम्पियन भारतीय हॉकी टीम के इरादे ओलंपिक में चार दशक से चला आ रहा पदक का सूखा खत्म करने के है। भारतीय हॉकी टीम ने आखिरी बार 1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। मनप्रीत ने कहा कि इसमें कोई शक नहीं कि अर्जेंटीना जैसी मजबूत टीम को उसके मैदान पर हराने से आत्मविश्वास बढ़ा है लेकिन हमें इसे बहुत ज्यादा तूल नहीं देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपनी कमजोरियों पर मेहनत करते रहना होगी।

जब तक हम टोक्यो में पदक नहीं जीत लेते, हमारा काम पूरा नहीं होगा। बुधवार को खत्म हुए अर्जेंटीना दौरे पर भारत ने दो चरण के प्रो लीग मुकाबले में मेजबान को हराया। इसके अलावा चार अभ्यास मैचों में से दो जीते, एक ड्रा खेला और एक गंवाया।

## हर्षल की फुलटॉस को नोबॉल करार देना सही था: बेलिस

**चेन्नई**। सनराइजर्स हैदराबाद के कोच ट्रेवर बेलिस ने कहा कि आखिरी ओवर में हर्षल पटेल की कमर तक आती फुलटॉस को नोबॉल करार देने का अंपायरों का फैसला सही था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने इस मैच में सनराइजर्स को छह रन से हराया। सनराइजर्स के कप्तान डेविड वॉर्नर उस फैसले से खुश नहीं दिखे। बेलिस ने कहा कि वॉर्नर निराश था क्योंकि हम अच्छा नहीं खेल रहे थे और हार गए थे। उन्होंने कहा कि अंपायर का फैसला सही था। पहली गेंद बल्लेबाज के शरीर को निशाना करके नहीं डाली गई थी तो चेतावनी नहीं दी गई। दूसरी गेंद निश्चित तौर पर नोबॉल थी लिहाजा अंपायर सही थे। हर्षल ने 18वें ओवर की चौथी गेंद नोबॉल डाली थी लेकिन वह लेग साइड की तरफ थी तो चेतावनी नहीं दी गई। इसके बाद आखिरी ओवर में फुलटॉस डालने पर उसे चेतावनी मिली। बेलिस ने कहा कि उनकी टीम ने 40 में से 35 ओवर तक अच्छी क्रिकेट खेली। उन्होंने कहा कि हमने आखिरी कुछ ओवरों में रन दे दिए। इसके बाद बल्लेबाजी में भी एक ओवर में तीन विकेट गिर गए जो खराब क्रिकेट और बल्लेबाजों के खराब शॉट थे। उन्होंने कहा कि हमने 35 ओवर अच्छा खेला लेकिन ऐसी शानदार टीमों के खिलाफ पूरे 40 ओवर अच्छा खेलना होता है। आरसीबी के खिलाफ मोहम्मद नबी की जगह जैसन होल्डर को उतारने के फैसले पर उन्होंने कहा कि नबी को पहले मैच में चोट लगी थी।

## मैक्सवेल काफी परिपक्वता दिखा रहे हैं: साइमन कैटिच

भाषा। चेन्नई

**मुख्य** कोच साइमन कैटिच को लगता है कि ग्लेन मैक्सवेल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के लिए बहु उपयोगी खिलाड़ी साबित होंगे जिन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग के शुरूआत से ही बल्ले से शानदार फार्म दिखाना शुरू कर दिया है। आरसीबी ने खिलाड़ियों की नीलामी के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ बोली लगाने की होड़ के बाद 14.25 करोड़ रुपए में 32 साल के आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी को खरीदा था और उन्होंने इस सत्र में टीम की लगातार दो जीत में दो मैच विजेता पारियां खेलकर खुद पर भरोसे को भी सही साबित किया है। कैटिच ने कहा कि उसने काफी परिपक्वता दिखाई है, विशेषकर (बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ), जब दूसरे छोर पर विकेट गिर रहे थे। उसने परिस्थितियों को अच्छी तरह समझा और अच्छी पारी खेली और अंत में जब हमें कुछ तेजी से रन जुटाने की जरूरत थी तो उसने ऐसा किया, इसका श्रेय उसके अनुभव को दिया जाना चाहिए। संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए 2020 आईपीएल में मैक्सवेल किंग्स इलेवन पंजाब के साथ थे लेकिन उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा था, उन्होंने 13 मैचों में 108 रन जुटाए थे।

# बैसाखी के महत्व और आंबेडकर के सम्मान में अमेरिकी संसद में प्रस्ताव पेश

भाषा। वाशिंगटन

**अमेरिका** के एक सांसद ने बैसाखी के त्योहार के महत्व को मान्यता देने और इसको मनाने वालों के लिए प्रतिनिधि सभा में एक प्रस्ताव पेश किया। सांसद जॉन गारामेंडी ने सदन में बैसाखी प्रस्ताव को फिर से पेश करने के दौरान कहा कि यह प्रस्ताव बैसाखी के त्योहार की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक महत्ता को स्वीकार करता है।

बैसाखी या वैशाखी सिखों, हिंदुओं और बौद्ध धर्म के लोगों के लिए वसंत ऋतु की फसल कटाई का त्योहार है। यह सिखों का नववर्ष भी होता है और 1699 में गुरु गोविंद सिंह द्वारा खालसा पंथ की स्थापना किए जाने का भी स्मरण कराता है। कैलिफोर्निया से कांग्रेस सदस्य गारामेंडी सदन के सिख कॉकस के सह-प्रमुख भी हैं।

वहीं भारतीय-मूल के अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने भारतीय संविधान के निर्माता भीमराव आंबेडकर की 130वीं जयंती के अवसर पर उनके सम्मान में लगातार दूसरे वर्ष एक प्रस्ताव पेश किया। इसका लक्ष्य दुनिया भर के युवा नेताओं को आंबेडकर के, समानता के दृष्टिकोण से प्रेरित करना था। भारत इस वर्ष डॉ आंबेडकर की 130वीं जयंती मना रहा है।

प्रतिनिधि सभा में बुधवार को प्रस्ताव पेश करने के बाद खन्ना ने एक ट्वीट में कहा कि आंबेडकर ऐसा भारत और अमेरिका चाहते थे जहां हम सभी की गरिमा का सम्मान करें। उन्होंने कहा कि आज मैं बीआर आंबेडकर को सम्मानित करने के लिए एक बार फिर अपना प्रस्ताव पेश कर रहा हूं, इस उम्मीद में, कि दुनिया भर के युवा नेता उनके काम के बारे में पढ़ेंगे और समानता के उनके नजरिए से प्रेरित होंगे।

# हांगकांग में चीन के शीर्ष अधिकारी ने विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ आगाह किया

**हांगकांग**। हांगकांग में चीन के शीर्ष अधिकारी ने विदेशी बलों को बृहस्पतिवार को आगाह किया कि वे शहर की राष्ट्रीय सुरक्षा के सबसे महत्त्वपूर्ण पहलू में हस्तक्षेप न करें और उन्होंने जवाबी कार्वाई की चेतावनी भी दी। चीन और पश्चिमी ताकतों में जारी तनाव के बीच उनकी यह चेतावनी आई है। अमेरिका, ब्रिटेन और उनके सहयोगियों ने हांगकांग की स्वतंत्रता पर चीन के सख्त नियंत्रण की निंदा की है जिनमें व्यापक राष्ट्रीय सुरक्षा कानून और चुनावी सुधार शामिल हैं जिसने अर्ध स्वायत्तशासी क्षेत्र में कभी आक्रामक रहे विपक्ष को छोड़कर सभी को शांत करा दिया है। हांगकांग में केंद्र सरकार के संपर्क कार्यालय के निदेशक लुओ हुयनिंग ने कहा, जब भी वक्त आए, तब हांगकांग के मामलों में दखल देने वाले किसी भी विदेशी या बाहरी बल को या हांगकांग को प्यादे के तौर पर इस्तेमाल की कोशिश करने वालों के खिलाफ कार्वाई की जाए। उन्होंने हांगकांग के राष्ट्रीय सुरक्षा शिक्षा दिवस के उद्घाटन समारोह में कहा, हम कड़ी आपत्तियों का प्रस्ताव देंगे और उन्हें सबक सिखाएंगे।

## भारतीय मूल के अमेरिकी को बनाया कार्यकारी निदेशक

**न्यूयॉर्क**। भारत में वंचित बच्चों तक उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा मुहैया कराने के क्षेत्र में काम करने वाले एक अमेरिकी गैर लाभकारी संगठन ने भारतीय मूल के व्यक्ति को कार्यकारी निदेशक नियुक्त किया है। स्थानीय आकांक्षा एजुकेशन फंड (एईएफ) ने बताया कि सेजल देसाई संगठन की नई कार्यकारी निदेशक होंगी।

संगठन के निदेशक मंडल ने बयान जारी कर बताया, देसाई का 30 साल का करियर है और वह हाल ही में आकांक्षा परिवार में शामिल हुई थी जहां उन्होंने एक रणनीतिक पहल का नेतृत्व किया। देसाई करीब 20 साल तक मुंबई में रही हैं।

# अपनी प्राथमिकता पर दें ध्यान

पांच में से एक छात्र इस बात में दुविधा का सामना करता है कि क्या उन्हें भारत या विदेश में अध्ययन करना चाहिए। **आशीष फर्नान्डो** छह ऐसे कारकों के बारे में बताते हैं जो आपको इसका फैसला करने में मदद कर सकते हैं-




**प्रत्येक पाँच** छात्रों में से एक को इस बात की दुविधा होती है कि उन्हें भारत में या विदेश में अध्ययन करना चाहिए या नहीं। यहां ऐसे छह कारक हैं जो आपको बेहतर भविष्य प्रदान करने में मदद कर सकते हैं।

अपनी उच्च शिक्षा की योजना बनाने वाला प्रत्येक छात्र अनेक विकल्पों का सामना करता है। इन विकल्पों के दायरे में सही पाठ्यक्रम, एक अच्छा विश्वविद्यालय और यहां तक कि सही देश चुनने से संबंधित कुछ सबसे महत्वपूर्ण निर्णय आते हैं। आप जहां अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए चुनते हैं, वो आपके भविष्य को जबरदस्त ढंग से बदल सकता है। अधिकांश छात्र जो अपने देश के भीतर मौजूद विकल्पों में से निर्णय लेते हैं, खूबियों व खामियों की तुलना इन्हीं ज्वलंत प्रश्नों से करते हैं :

**■ शिक्षा की लागत कैसे असमान होती है?**

आपके द्वारा चुने गए पाठ्यक्रम के आधार पर, भारत में अध्ययन करना, विदेश में किसी विश्वविद्यालय में अध्ययन करने से सस्ता हो सकता है। भारत में दुनिया के कुछ सबसे सस्ते उच्च शिक्षा-विकल्प हैं। इस प्रकार, भारतीय विश्वविद्यालय बहुत सारे वैश्विक छात्रों को आकर्षित करते हैं, विशेष रूप से यूरोपीय और अफ्रीकी देशों से आने वाले छात्रों को।

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि विदेश में पढ़ाई सस्ती नहीं हो सकती है। समस्त वित्तीय व शैक्षणिक पृष्ठभूमि के छात्र विदेशों में अध्ययन करते हैं। यदि आप पर्याप्त मेहनत से तलाश करें तो आप एक ऐसी संस्था को खोजने में सक्षम होंगे, जिसकी शिक्षा लागत भारत के समान हो। आपकी शिक्षा की लागत में निश्चित रूप से आपके रहने की लागत भी शामिल होती है। यह विचार करना महत्वपूर्ण है कि हालांकि विदेश में रहना चीजों पर एक वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है, मगर अपने परिवारों के साथ रहना अधिक लागत प्रभावी या सस्ता हो सकता है। इसलिए, यदि आप अभी भी भ्रमित हैं, तो बेहतर है कि हम अगले कारक पर विचार करें।

**■ हम शिक्षा की गुणवत्ता को कैसे आंकते हैं?**

पाठ्यक्रम, शिक्षक और शोध के क्षेत्र या पढ़ाए जाने वाले विषय तीन चीजें हैं जिन्हें प्रत्येक छात्र को किसी संस्थान की शिक्षा गुणवत्ता को जांचते समय देखना चाहिए। भारत में, अधिकांश संस्थान मानक सरकार द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम या निजी शिक्षा प्रणाली के अंतर्गत आते हैं। हालांकि, आईआईटी और आईआईएम जैसे शीर्ष विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाना अत्यधिक प्रतिस्पर्धी हो सकता है, जहां की प्रवेश दर महज सात फीसदी है। हालांकि, विदेशों में संस्थानों में कोर्स-वर्क होता है जो प्रत्येक विश्वविद्यालय के लिए अलग-अलग होता है। इसका मतलब यह है कि जो छात्र एमबीए के लिए आवेदन करने की योजना बना रहा है, वह पारंपरिक मॉड्यूल के बजाय एसटीईएम विशेषज्ञता में ऐसा करना चुन सकता है। भारत में इस प्रकार की उत्तम विशेषज्ञता और कार्यक्रम अक्सर अनुपलब्ध हैं। चुनींदा संकाय सदस्य, उन्नत शिक्षण विधियाँ और विदेशों में विश्वविद्यालयों में उच्च प्रवेश दर, अक्सर इसे छात्रों के लिए बेहतर विकल्प बनाते हैं।

**■ नौकरी के अवसर कैसे हैं?**

लगभग समूची उच्च शिक्षा यात्रा के पीछे का इरादा एक गंतव्य की ओर ले जाता है : एक अच्छे वेतन वाली संतोषजनक नौकरी। चूंकि भारतीय विश्वविद्यालयों की डिग्रियां कभी-कभी ज्यादा सस्ती होती हैं, इसलिए निवेश पर वापसी अक्सर उल्लेखनीय होती है। हालांकि, विदेशी विश्वविद्यालय की डिग्रियों की लगभग प्रतिष्ठित भारतीय विश्वविद्यालय से प्राप्त डिग्री के समान ही प्रतिष्ठा होती है मगर यह छात्रों को भारत में समान नौकरियों के लिए आवेदन करने वाले अन्य लोगों पर वरीयता दिला देती है। विदेशों में किसी नौकरी में आवेदन करना आपको आपको विविध कैरियर विकल्प और निवेश पर बेहतर लाभ भी प्रदान करता है।

**■ कहां यह ज्यादा सुरक्षित है?**

भौतिक सुरक्षा संबंधी चिंताएं दुनिया भर में हर संस्था द्वारा सामना की जाने वाली एक अपरिहार्य समस्या है। बहुत से छात्रों को अपने ही देश में पढ़ाई करने में बहुत सुविधा होती है। हालांकि, कई अन्य लोग हैं जो विदेशी विश्वविद्यालयों में सुरक्षा प्रोटोकॉल को ध्यान में रखते हैं और वहां शिक्षा प्राप्त करते हैं। छात्र चिंताओं को बहुत गंभीरता से लिया जाता है और मदद तत्काल होती है। वैश्विक महामारी जैसे समय में जब शिक्षा काफी हद तक डिजिटल हो गई है, सुरक्षा एक गंभीर चिंता है। भारतीय विश्वविद्यालयों ने कैंपस शिक्षण पर सख्त प्रतिबंध लगा दिए हैं। जबकि विदेशों में अनेक विश्वविद्यालयों ने भी यही किया है, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा जैसे देशों में अधिकांश संस्थानों ने परिसर में एक आंशिक व्याख्यान अनुसूची पेश की है।

**■ करियर प्रोफाइल के लिए कौन सा विकल्प बेहतर है?**

चाहे आप विदेश में रहने की योजना बनाते हैं या भारत वापस आने की, मगर विदेश में शिक्षा प्राप्त करना आपको जीवन का वैश्विक दृष्टिकोण प्रदान करता है। यह आपके दृष्टिकोण और निर्णय लेने की योग्यता को विकसित करता है, इस प्रकार, आपको एक सुव्यवस्थित कैरियर लक्ष्य बनाने में मदद मिलती है। हालाँकि, यदि आप एक ऐसे करियर को चुनने की योजना बनाते हैं जिसमें भारतीय उद्योगों में अधिक गुंजाइश और आजीविका के विकल्प हों, तो भारत में रहना आपके लिए सही विकल्प होना चाहिए। जैसा कि आपने देखा होगा, ये सभी कारक एक प्रमुख विकल्प पर निर्भर करते हैं - वो है कोर्स या पाठ्यक्रम। चाहे वो पाठ्यक्रम हो, या लागत, कैरियर या यहां तक कि नौकरी हो, आपका निर्णय आपकी अपनी पसंद के कोर्स पर टिका है। केवल यह ध्यान में रखना है कि देश के विकल्प कभी सीमित नहीं होते हैं, सबसे ज्यादा जो महत्व रखता है, वो है छात्र की प्राथमिकता।

**-( लेखक आईस्कूल कनेक्ट के संस्थापक और सीईओ हैं।)**



## कोवड-19 से स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौटीं अभिनेत्री तबस्सुम

**भाषा।** मुंबई

**जानी-मानी अभिनेत्री** और टॉक शो कार्यक्रम की मेजबान तबस्सुम कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद स्वस्थ होकर अस्पताल से घर लौट आई हैं। उनके बेटे होशांग गोविल ने इस बारे में बताया। अभिनेत्री 10 दिन पहले कोविड-19 से संक्रमित हुई थीं और उन्हें इलाज के लिए शहर के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अभिनेता-फिल्मकार ने कहा कि जांच में कोविड-19 की पुष्टि नहीं होने पर उनकी मां घर वापस आ गई हैं। होशांग ने अभिनेत्री की अस्पताल से बाहर आते समय विजई मुद्रा में उनकी एक तस्वीर भी पोस्ट की। होशांग ने कहा, अपने प्रशंसकों के प्यार और आशीर्वाद से तबस्सुम गोविल की जांच में संक्रमण की पुष्टि नहीं हुई और वह घर लौट आई हैं। उन्होंने कोरोना वायरस को हरा दिया और योद्धा की तरह घर लौट आई हैं। ईश्वर महान है। तबस्सुम दूरदर्शन पर फूल खिले हैं गुलशन गुलशन की मेजबानी कर लोकप्रिय हुईं। उन्होंने अभी तो मैं जवान हूं कार्यक्रम की मेजबानी भी की। हाल में तबस्सुम के अल्झाइमर से ग्रसित होने की खबर का होशांग ने खंडन किया था और कहा था कि अभिनेत्री की सेहत बिल्कुल ठीक है। तबस्सुम ने बाल कलाकार के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत फिल्म दीदार से की थी जिसमें उन्होंने नरगिस के बचपन की भूमिका निभाई थी। 1952 में आई बैजू बावरा में उन्होंने मीना कुमारी के बचपन की भूमिका निभाई थी।

## फास्ट एंड यूरियस 9 पर विन डीजल ने कहा : हम लोग क्रेजी हैं


**नई दिल्ली।** स्टंट और एक्शन से भरपूर फास्ट एंड यूरियस श्रृंखला की एक और कड़ी आने वाली है। फिल्म के मुख्य कलाकार विन डीजल का कहना है कि इस बार सब कुछ अंतरिक्ष में होगा और निर्देशक जस्टिन लिन का यह विचार काफी रोमांचक होने जा रहा है।

डीजल के चरित्र का नाम डोमिनिक टोरेटो है। डीजल फिल्म में र तार से कार चलाने और जबरदस्त एक्शन दृश्य देने के लिए मशहूर हैं। उन्होंने कहा कि लिन ने जब उनके सामने यह विचार रखा तो वह अवाक रह गए। डीजल ने जूम के जरिए वीडियो कांफ्रेंस से हुए वैश्विक साक्षात्कार में कहा, यह बहुत शानदार है। हम लोग क्रेजी हैं। इस वीडियो कांफ्रेंस में पीटीआई ने भी हिस्सा लिया। यूनिवर्सल पिक्चर्स ने बुधवार को इस बहुप्रतीक्षित फिल्म का ताजा ट्रेलर जारी किया। फिल्म के एक दृश्य में टायरेस गिब्सन, रोमन पीयर्स और लुडेक्रिस तेज पार्कर को स्पेस सूट में देखा गया जिन्होंने अपनी कार को रॉकेट शिप में तब्दील कर लिया और अंतरिक्ष में निकल पड़े।

## सीरियलों की शूटिंग रोकने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले पर ज़ी टीवी के कलाकारों ने दी प्रतिक्रिया







**'कुर्बान हुआ'** में चाहत का रोल निभा रहीं प्रतिभा रांटा कहती हैं, 'हम पिछले साल जैसी स्थिति में वापस पहुंच गए हैं और यह वाकई गंभीर है। जैसा कि सीएम ने कहा कि हमें चेन को ब्रेक करना होगा और मैं उम्मीद करती हूं कि यह चेन टूटे और चीजें जल्द से जल्द बेहतर हों। हालांकि यह प्रतिबंध सिर्फ15 दिनों के लिए है, लेकिन मुझे याद है पिछली बार जब शूटिंग रोकी गई थी, तब इसका बड़ा असर पड़ा था। इसलिए सारी टेलीविजन इंडस्ट्री अस्थायी तौर पर शूट लोकेशन महाराष्ट्र के बाहर ले जाने पर विचार कर रही है, ताकि हम लगातार दर्शकों का मनोरंजन करते रहें और उनमें सकारात्मकता और उम्मीद जगाए रखने में मदद कर सकें। हम सभी को सुरक्षा के पर्याप्त उपाय करने चाहिए और जब भी बाहर निकलें, मास्क पहनना चाहिए और समय-समय पर खुद को और अपने आसपास के माहौल को सैनिटाइज़ करना चाहिए और जितना हो सके, घर पर रहना चाहिए। आखिर इलाज से बेहतर है बचाव। सुरक्षित रहें!''

हमारीवाली गुड न्यूज़ में आदित्य का रोल निभा रहे राघव तिवारी कहते हैं, 'यह बड़ा दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमें फिल्मों और सीरियलों की शूटिंग रोकनी पड़ी, लेकिन हम सभी जानते हैं कि किस तरह हाल ही में बहुत-से कलाकार, क्रू मेंबर्स और सितारों के फैमिली मेंबर्स पॉजिटिव आए हैं। कोविड-19 की दूसरी लहर खतरनाक है और हमने अचानक भारी संख्या में केसेज़ में बढ़ोतरी देखी है। कोई भी सुरक्षित नहीं है। इसलिए मुझे लगता है कि यह एक जरूरी कदम है और हमारे स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हमें सरकार के इस फैसले का समर्थन करना चाहिए और सभी नियमों का पालन करना चाहिए। हमें इस महामारी पर नियंत्रण पाना ही होगा। यदि हम लगातार लापरवाह बने रहे, तो यह नियंत्रण से बाहर हो जाएगी। इसलिए इस समय हमें होने वाले छोटे नुकसानों के बारे में सोचने के बजाय अपने भविष्य को लेकर सोचना चाहिए। आइए हम सब मिलकर नियमों का पालन करें और इस महामारी का खात्मा करें। मैं हमारीवाली गुड न्यूज़ की शूटिंग मिस करूंगा, लेकिन मुझे लगता है कि स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है और हमें इन कदमों का स्वागत करना चाहिए।''

क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में कुलदीप का रोल निभा रहे सिद्धांत वीर सूर्यवंशी कहते हैं, ''जहां मैं सरकार के फैसले का स्वागत करता हूं और समझता हूं कि कोविड-19 की चेन को तोड़ने के लिए इन उपायों की जरूरत थी, वहीं शो भी जारी रहना चाहिए। इस चैनल और हमारे प्रोड्यूसर्स ने फैसला किया है कि हम 'क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी' की शूटिंग महाराष्ट्र के बाहर एक सील्ड और सुरक्षित (बायो बबल) लोकेशन में जारी रखेंगे। यह तीन-चार ह ते का शेड्यूल होगा और इसकी कहानी में भी थोड़ा बदलाव किया जा रहा है। मैं एक साल से ज्यादा समय से मुंबई से बाहर नहीं निकला हूं, तो ऐसे में यह हम सभी के लिए एक अच्छा बदलाव रहेगा और काम के माहौल के बीच सारी टीम भी आपस में घुल-मिल सकेगी। मुझे उन सभी के साथ मजेदार शामें गुजारने का इंतजार है। हालांकि महाराष्ट्र में स्थिति बड़ी गंभीर है और मैं उ मीद करता हूं कि सभी जल्द ठीक हो जाएं। मैं सभी से रिक्वेस्ट करूंगा कि वो सभी जरूरी सावधानियां बरतें और जब तक कि उन्हें बाहर निकलना बहुत जरूरी ना हो, तब तक घर से बाहर में ही रहें। अपना याल रखें और सुरक्षित रहें।

ज़ी टीवी के कुंडली भाग्य में पृथ्वी का रोल निभा रहे संजय गगनानी कहते हैं, ''हम पिछले एक साल से बहुत ही चुनौतीपूर्ण वक्त से गुजरे हैं। हम सबने देखा है कि पिछले लॉकडाउन के दौरान कैसे देश और दुनिया भर के लोगों ने मुश्किलें झेलीं और कई महीनों बाद जब वैक्सीन आई, तो हमें उम्मीद की एक किरण नजर आई। हमें लगा कि सबकुछ अच्छा हो जाएगा और हमें फिर कभी लॉकडाउन नहीं देखना पड़ेगा। लेकिन कोविड की दूसरी लहर ने न सिर्फ लोगों की उ मीदें तोड़ दीं बल्कि कई जानें भी ले लीं। हालात अब बेलगाम हो गए हैं और इसलिए प्रशासन के पास इस चेन को तोड़ने के लिए पूरे महाराष्ट्र में पाबंदियां लगाने के अलावा और कोई उपाय नहीं था। मैं इस फैसले का स्वागत करता हूं। एक बार फिर कभी ना सोने वाला यह शहर आंशिक रूप से सो जाएगा। शूटिंग अपनी स्थिति में ही रुक जाएंगी और हम सभी के लिए एक बार फिर जिंदगी थम जाएगी। यह बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण वक्त है। मैं ना सिर्फ अपने लिए बल्कि अपने आसपास तकलीफ झेल रहे सभी लोगों के लिए फिक्रमंद हूं। मैं मानता हूं कि हमारे राज्य शासन ने विशेषज्ञों से सलाह करके ही यह निर्णय लिया है और मैं इसका पूरी तरह पालन करूंगा। जहां मैं 'कुंडली भाग्य' की शूटिंग मिस करूंगा और यह चाहूंगा कि हमें एक और लॉकडाउन से ना गुजरना पड़े, इसलिए मैं सरकार के इस फैसले का समर्थन करता हूं जो राज्य के नागरिकों के हित में लिया गया है। मेरा मानना है कि यदि यह चेन टूटेगी तभी कोविड केसेज कम होंगे। यह स त पाबंदियों से ही संभव हो पाएगा। हम सभी जानते हैं कि सुरक्षित रहने के लिए हमें कौन-सी सावधानियां बरतनी चाहिए, इसलिए मैं सभी से गुजारिश करना चाहूंगा कि वो तमाम जरूरी सावधानियां बरतें, दिशानिर्देशों का पालन करें और उ मीद ना हारें। जिंदगी एक जंग है और बदलाव अटल है। एक वक्त आएगा, जब कोविड और लॉकडाउन बीते दौर की बातें हो जाएंगी। इस समय तो हम सभी को मिलकर एक दूसरे की मदद करना चाहिए और इस मुश्किल घड़ी से निपटने के लिए एक दूसरे का साथ देना चाहिए।'

'अपना टाइम भी आएगा' में महारानी राजेश्वरी का रोल निभा रहीं तनाज़ ईरानी कहती हैं, 'मैं यह कहना चाहूंगी कि मुझे चैनलों, प्रोडक्शन हाउस और हमारे उन क्रू मेंबर्स के लिए बहुत खराब लग रहा है, जो दैनिक भत्तों पर गुजारा करते हैं। अपना टाइम भी आएगा की शूटिंग रुकने के बाद मेरी पहली प्रतिक्रिया यही थी। ऐसा लगता है जैसे कल की ही बात है, जब चीजें बेहतर होना शुरू हुई थीं और अब अचानक उनके पैरों के नीचे से जमीन खिसक गई है। लोगों में अफ़रा-तफ़री मची हुई है और शूटिंग के लिए वैकल्पिक लोकेशन्स ढूंढने की कोशिशें की जा रही हैं। हर शो गोवा और जयपुर जैसे शहर के बाहर के लोकेशन्स पर शूटिंग करना चाहता है। मुझे यकीन है कि यह प्रोड्यूसर्स के लिए भी बहुत महंगा सौदा होगा।

## खुलेपन सुनिश्चित करने, नुकसानदेह कंटेंट को रोकने को सरकार के साथ काम कर रहे हैं: यूट्यूब

**नई दिल्ली।** यूट्यूब के मुख्य उत्पाद अधिकारी नील मोहन ने कहा कि उनकी कंपनी वीडियो स्ट्रीमिंग मंच के खुलेपन को बनाए रखने के साथ ही उपयोगकर्ताओं को नुकसानदेह कंटेंट से बचाने के लिए सरकार के साथ मिलकर काम कर रही है। शीर्ष कार्यकारी ने कहा कि यूट्यूब के पास उपयोगकर्ताओं, रचनाकारों और भागीदारों के पूरे तंत्र को नफरत भरे भाषणों, गलत सूचनाओं और हानिकारक सामग्री जैसे पहलुओं से बचाने के लिए हमेशा से मजबूत




सामुदायिक दिशानिर्देश रहे हैं। उन्होंने रायसीना संवाद के एक सत्र में कहा, हम सरकारी एजेंसियों, नियामकों के साथ काम करना चाहते हैं... पूरी दुनिया में इस बात पर चर्चा हो रही है कि यूट्यूब किस तरह ऐसी भूमिका निभा सकता है, जो सरकारों द्वारा तय ढांचे को संतुष्ट करती है... हम वर्षों से ऐसा कर रहे हैं। उदाहरण के लिए, भारत में पिछले 13 वर्षों से, और हम आगे भी ऐसा करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि कंपनी ने जब अपने सामुदायिक दिशानिर्देशों और नियमों को बनाया, तब यह खुले रूप में किया गया और साथ ही इस संबंध में दुनिया के सभी हिस्सों के राजनीतिक क्षेत्र के साथ परामर्श किया गया। मोहन ने कहा, हम इन दिशानिर्देशों को अपनी साइट पर स्पष्ट रूप से प्रकाशित करते हैं, और हम उन्हें समान रूप से लागू करने की कोशिश करते हैं, चाहें वह एक आम नागरिक हो या राज्य के प्रमुख। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि यूट्यूब एक खुले मंच के रूप में अपनी जि मेदारी को समझता है।

## सभी जरूरी सावधानियों के साथ तनाज़ ईरानी ने सादगीपूर्वक मनाया अपना जन्मदिन



**ज़ी टीवी** ने हाल ही में एक नया फिक्शन शो 'अपना टाइम भी आएगा' प्रस्तुत किया है, जो जयपुर के एक अमीर परिवार के हेड स्टाफ की बेटी रानी की प्रेरणादायक कहानी है। रानी अपनी गरीबी से बंधे रहने से इंकार कर देती है और अपनी हैसियत की बेड़ियां तोड़कर खुद अपनी तकदीर बनाना चाहती है। जहां रानी के किरदार को सभी दर्शक बहुत पसंद कर रहे हैं, वहीं तनाज़ ईरानी के किरदार राजेश्वरी को भी दर्शकों से उतना ही प्यार मिल रहा है। तनाज़ टीवी पर अपने किरदार को सबसे बढ़िया ढंग से प्रस्तुत करने के लिए कड़ी मेहनत कर रही हैं और जहां यह एक्टर इस शो की शुरुआत से ही दिन रात मेहनत कर रही हैं, वहीं हाल ही में उन्होंने अपने शूटिंग शेड्यूल से छोटा-सा ब्रेक लेकर मुंबई की भीड़भाड़ से दूर अपना जन्मदिन मनाने का फैसला किया। जहां कोविड-19 की दूसरी लहर मजबूत हो रही है, वहीं तनाज़ ने अपने पति और बच्चों के साथ लोनावला में बड़े सादगीपूर्ण ढंग से अपना जन्मदिन प्लान किया। तनाज़ बताती हैं, ''आमतौर पर मैं हर साल अपने जन्मदिन पर पार्टी आयोजित करती हूं और इसे अपने दोस्तों और परिवार के साथ मनाती हूं,



लेकिन इस बार मैंने एक दिलचस्प और सीमित सेलिब्रेशन प्लान किया। मैं अपने परिवार के साथ लोनावला के एक आलीशान बंगले में जन्मदिन मनाने आई हूं, जिसमें एक पूल और गार्डन भी है। मैंने 'अपना टाइम भी आएगा' की शूटिंग से ब्रेक लिया और सारी प्लानिंग की। मेरे पति (ब तियार ईरानी) ने एक खास केक डिजाइन करवाया और मेरे प्यारे बच्चों ने मेरे लिए एक स्वीट सरप्राइज़ भी प्लान किया था। उन लोगों ने वाकई मेरा जन्मदिन बड़ा यादगार बना दिया।''सुरक्षा उपायों के बारे में बात करते हुए तनाज़ ने कहा, ''हालांकि कोविड-19 की दूसरी लहर जोर पकड़ रही है, लेकिन हमने अपनी ट्रिप के दौरान मास्क पहनने से लेकर सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करने और महाराष्ट्र सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने तक, हर बात का याल रखा। वर्तमान परिस्थितियों के बावजूद हमने बहुत मस्ती की। सच कहूं तो एक जैसे रूटीन से बाहर आकर बहुत अच्छा लगा। वैसे, अपने दोस्तों और बाकी परिवार के साथ थोड़ा बड़ा सेलिब्रेशन और अच्छा रहता, लेकिन वर्तमान में कोविड-19 के हालातों ने हमें सिखाया है कि हम छोटी चीजों की तरफ देखें, जो कि असल में जिंदगी की बड़ी चीजें होती हैं।''तनाज़ ने आगे कहा, ''इस साल मेरा जन्मदिन खास था, इसलिए मैंने अपने सभी फैमिली मेंबर्स को खास तौर पर तैयार किए गए पर्सनलाइज़्ड गि ट्स भेजे हैं। अब मुझे उनकी प्रतिक्रिया जानने का बेसब्री से इंतजार है।'' हमारी तरफसे भी खूबसूरत और रॉयल रानी सा को जन्मदिन की बहुत-बहुत शुभकामनाएं। जहां तनाज़ अपने बर्थडे वैकेशन पर हैं, वहीं आप भी 'अपना टाइम भी आएगा' में आने वाला ड्रामा देखना ना भूलें, जहां रानी का अपहरण हो जाता है और विक्रम (पुलकित भागिया) और कियारा (प्रियल शाह) दुर्घटनावश एक दूसरे से शादी करने जा रहे हैं।